**सच, सिर्फ सच** **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 16 जनवरी, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 16, पेज 16, 3.50 रुपये www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 224 अंकों की उछाल

स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला दूसरे दिन जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 224 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। } 14

## भारत को तोड़ने की दिशा में काम कर रहे राहुल

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने कहा कि राहुल गांधी की इस टिप्पणी से कांग्रेस का घिनौना सच सामने आ गया है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि हम अब भाजपा, आरएसएस और इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं। } 16



संक्षेप

### जुकरबर्ग की टिप्पणी के लिए मेटा ने मांगी माफी

नयी दिल्ली। मेटा इंडिया ने बुधवार को अपने मुख्य कार्यकारी अधिकारी मार्क जुकरबर्ग की उस टिप्पणी के लिए माफी मांगी जिसमें उन्होंने कहा था कि भारत की मौजूदा सरकार 2024 के चुनावों में हार गई थी। मेटा इंडिया ने इसे अनजाने में हुई भूल बताया है। मेटा इंडिया के उपाध्यक्ष शिवनाथ ठुकराल ने एक्स पर लिखा मंत्री अश्विनी वैष्णव, मार्क जुकरबर्ग का यह बयान कि 2024 के चुनावों में कई सत्तारूढ़ पार्टियां फिर से निर्वाचित नहीं हुईं, कई देशों के लिए सही है, लेकिन भारत के लिए नहीं। उन्होंने कहा हम अनजाने में हुई इस भूल के लिए माफी मांगते हैं। भारत मेटा के लिए महत्वपूर्ण देश बना हुआ है।

### बरेली में यात्री रेलगाड़ी पलटाने की साजिश

बरेली। जिले में बरेली-पीलीभीत रेल खंड पर यात्री रेलगाड़ी का इंजन किसी अज्ञात द्वारा पटरी पर रखे गए बड़े पत्थर से टकरा गया, हालांकि किसी बड़ी हानि की सूचना नहीं है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि घटना सोमवार शाम पांच बजकर 45 मिनट की है जब टनकपुर से बरेली सिटी जाने वाली रेलगाड़ी संख्या 75302 शाही रेलवे स्टेशन से रवाना होकर बिजौरिया रेलवे स्टेशन की ओर जा रही थी। उन्होंने बताया कि यात्री रेलगाड़ी का इंजन बिजौरिया रेलवे स्टेशन के पास किसी अज्ञात द्वारा पटरी पर रखे गए पत्थर से टकरा गया। हालांकि कोई बड़ी हानि नहीं हुई और लोको पायलट ने ट्रेन को समय पर रोक दिया। अधिकारियों ने बताया कि ट्रेन के बिजौरिया रेलवे स्टेशन पहुंचने पर लोको पायलट ने रेलवे अधिकारियों के साथ-साथ राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) को इसकी सूचना दी गई। मौके पर पहुंचे रेलवे अधिकारियों ने ट्रेन का निरीक्षण करने के बाद उसे आगे की यात्रा के लिए रवाना करने की अनुमति दी।

### हिरासत में लिये गये द. कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल

सियोल। महाभियोग का सामना कर रहे दक्षिण कोरिया के राष्ट्रपति यून सुक येओल को बुधवार को देश की राजधानी सियोल के निकट एक हिरासत केंद्र में ले जाया गया। इससे पहले, उनसे पिछले महीने मार्शल लॉ लगाने के संबंध में कानून प्रवर्तन एजेंसियों के अधिकारियों ने पूछताछ की। यून को उनके राष्ट्रपति निवास पर हिरासत में लेने के बाद देश की भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी ने लगभग 10 घंटे तक पूछताछ की। यून ने भ्रष्टाचार निरोधक एजेंसी के मुख्यालय में ले जाए जाने से पहले रिकॉर्ड किए गए एक वीडियो संदेश में कहा, इस देश में कानून का शासन पूरी तरह से ध्वस्त हो चुका है। वह राजधानी सियोल में हन्नाम-डोंग आवास में कई सप्ताह तक छिपे रहे थे।

## उप्र के दो आईएएस अधिकारियों को प्रधानमंत्री का उत्कृष्टता पुरस्कार

विशेष संवाददाता

लखनऊ। वर्ष 1992 बैच के भारतीय प्रशासनिक सेवा (आईएएस) अधिकारी और नमामि गंगे तथा ग्रामीण जलापूर्ति विभाग के अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव को लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए 2023 के प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चुना गया है।

एक आधिकारिक बयान के अनुसार उत्तर प्रदेश में जल जीवन मिशन परियोजनाओं में सौर ऊर्जा के अभूतपूर्व उपयोग के लिए उन्हें नवाचार-राज्य श्रेणी में सम्मानित किया जा रहा है। केंद्रीय कार्मिक मंत्रालय के सचिव वी श्रीनिवास ने उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह को यह सम्मान दिया। श्रीनिवास ने अपने आधिकारिक बयान में श्रीवास्तव के अनुकरणीय प्रयासों पर प्रकाश डालते हुए कहा मुझे राष्ट्रीय जल जीवन मिशन के तहत सौर ऊर्जा संचालित जल योजनाओं की पहल के सफल कार्यान्वयन के लिए अपर मुख्य सचिव अनुराग श्रीवास्तव को सम्मानित करते हुए बहुत गर्व हो रहा है, जिन्हें नवाचार-राज्य श्रेणी के तहत लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार, 2023 से सम्मानित किया गया है।

उन्होंने श्रीवास्तव के योगदान को स्वीकार करते हुए कहा इस श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन हासिल करने के लिए श्रीवास्तव द्वारा की गई मूल्यवान प्रतिबद्धता और समर्पित प्रयास सराहनीय हैं। श्रीवास्तव 10 अप्रैल को नयी दिल्ली में ...शेष पृष्ठ 14 पर

## महाकुंभ में और बेहतर व्यवस्था बनायें अधिकारी : योगी

### मौनी अमावस्या पर 8-10 करोड़ श्रद्धालु कर सकते हैं स्नान, मोबाइल नेटवर्क को और चौकस बनाने की जरूरत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर महाकुंभ में 8-10 करोड़ श्रद्धालुओं के संगम स्नान की संभावना के मद्देनजर अधिकारियों को व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए हैं। सरकार द्वारा जारी एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, बुधवार को शासन स्तर के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बीते तीन दिनों की स्थिति की समीक्षा करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि पौष पूर्णिमा और मकर संक्रांति के दो प्रमुख स्नान पर्वों पर छह करोड़ से अधिक लोगों ने त्रिवेणी स्नान का पुण्य लाभ प्राप्त किया। बयान के मुताबिक, आगामी 29 जनवरी को मौनी अमावस्या के अवसर पर 8-10 करोड़ लोगों के आगमन की संभावना है। ऐसे में व्यवस्थाओं को और बेहतर करने की आवश्यकता है। उन्होंने निर्देश दिए कि रेलवे ...शेष पृष्ठ 14 पर



लखनऊ स्थित रैन बसेरे में कंबल बांटते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

### सीएम योगी ने रैन बसेरों का किया निरीक्षण, बांटे कंबल

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बुधवार रात लखनऊ के लक्ष्मण मेला मैदान पहुंचे। यहां उन्होंने रैन बसेरे का निरीक्षण किया और यहां ठहरे लोगों से बातचीत की। सीएम योगी ने कंबल भी बांटे। अधिकारियों को बेहतर इंतजाम करने के निर्देश दिए।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कड़ाके की ठंड में हर जरूरतमंद को आश्रय उपलब्ध कराने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा है कि यह सुनिश्चित किया जाए कि सभी रैन बसेरों में पर्याप्त संख्या में बिस्तर व कंबल का इंतजाम हो। साफ-सफाई का भी पूरा ध्यान रखा जाए। साथ ही यदि किसी के पास भोजन की व्यवस्था ...शेष पृष्ठ 14 पर

# आत्मनिर्भर भारत पहल ने देश को बनाया मजबूत

### प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी व आईएनएस वाघशीर राष्ट्र को किया समर्पित

एजेंसी

मुंबई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कहा कि 21वीं सदी के भारत का सैन्य सामर्थ्य अधिक सक्षम और आधुनिक होना उसकी प्राथमिकताओं में से एक है लेकिन इसका मकसद विस्तारवाद नहीं बल्कि विकासवाद की भावना है। मुंबई स्थित नौसेना डॉकयार्ड में नौसेना के तीन अग्रणी युद्धपोतों आईएनएस सूरत, आईएनएस नीलगिरी और आईएनएस वाघशीर को राष्ट्र को समर्पित करने के बाद प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में कहा कि आज भारत पूरे विश्व और खासकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है।

प्रधानमंत्री ने यह भी कहा कि भारत एक प्रमुख समुद्री शक्ति बन रहा है और दुनिया में एक विश्वसनीय और जिम्मेदार साझेदार के रूप में पहचाना जा रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने हमेशा एक खुले, सुरक्षित, समावेशी और समृद्ध हिंद-प्रशांत क्षेत्र का समर्थन किया है। मोदी ने आज के दिन को भारत की समुद्री विरासत, नौसेना के गौरवशाली इतिहास और आत्मनिर्भर भारत अभियान के लिए बहुत बड़ा दिन करार देते हुए कहा यह पहली बार हो रहा है, जब एक डिस्ट्रॉयर (विध्वंसक), एक फ्रिगेट और एक पनडुब्बी को एक साथ नौसेना के बेड़े में शामिल किया जा रहा है। गर्व की बात है कि ये तीनों मेड इन इंडिया हैं। फ्रिगेट, युद्ध के लिए इस्तेमाल होने वाले जहाज होते हैं। प्रधानमंत्री ने कहा कि छत्रपति शिवाजी महाराज ने नौसेना को नया सामर्थ्य और दृष्टिकोण दिया था और आज उनकी इस पावन धरती पर 21वीं सदी की नौसेना को सशक्त करने की तरफ एक बड़ा कदम उठाया गया है। उन्होंने कहा 21वीं सदी के भारत का सैन्य सामर्थ्य भी अधिक सक्षम और आधुनिक हो, यह देश की प्राथमिकताओं में से एक है। जल हो, थल हो, नभ हो, गहरे समुद्र हों या फिर असीम अंतरिक्ष हो, हर जगह भारत अपने हितों को सुरक्षित कर रहा है। इसके लिए निरंतर सुधार किए जा रहे हैं।




उन्होंने कहा आज भारत पूरे विश्व और खासकर ग्लोबल साउथ में एक भरोसेमंद और जिम्मेदार साथी के रूप में पहचाना जा रहा है। भारत विस्तारवाद नहीं, बल्कि विकासवाद की भावना से काम करता है। ग्लोबल साउथ शब्द का इस्तेमाल आम तौर पर आर्थिक रूप से कम विकसित देशों को संदर्भित करने के लिए किया जाता है। प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत पूरे हिंद महासागर क्षेत्र में पहले उत्तरदाता के रूप में उभरा है और पिछले कुछ महीनों में भारतीय नौसेना ने हजारों लोगों की जान बचाई है और लाखों के राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय कार्गो को सुरक्षित किया है। उन्होंने कहा इससे दुनिया भर में भारत के प्रति भरोसा बढ़ा है। मोदी ने कहा कि जब समुद्र से सटे देशों के विकास की बात आई तो भारत ने क्षेत्र में सभी के लिये सुरक्षा और विकास यानी सागर का मंत्र दिया, भारत को जी20 की अध्यक्षता संभालने का दायित्व मिला तो दुनिया को वन अर्थ, वन फैमिली, वन फ्यूचर का मंत्र दिया और जब दुनिया कोरोना से लड़ते हुए पस्त पड़ रही थी तब भारत ने वन अर्थ, वन हेल्थ का दृष्टिकोण दिया।

उन्होंने कहा हम पूरे विश्व को अपना परिवार मानकर चलते हैं, हम सबका साथ, सबका विकास के सिद्धांत पर विश्वास करने वाले लोग हैं। और इसलिए, इस पूरे क्षेत्र की रक्षा-सुरक्षा भी भारत अपना दायित्व समझता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आत्मनिर्भर भारत पहल ने देश को मजबूत और आत्मनिर्भर बनाया है। उन्होंने कहा पिछले 10 साल में जिस तरह भारत की तीनों सेनाओं ने आत्मनिर्भरता के मंत्र को अपनाया है, वह बहुत ही सराहनीय है। हमारी सेनाओं ने पांच हजार से ज्यादा ऐसे साजो-सामान और उपकरणों की लिस्ट तैयार की है, जो अब वह विदेशों से नहीं मंगाएगी। जब भारत का सैनिक, भारत में बने साजो-सामान के साथ आगे बढ़ता है, तो उसका आत्मविश्वास भी ...शेष पृष्ठ 14 पर

### मथुरा ईदगाह मामले की सुनवाई मार्च तक टाली

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने बुधवार को उत्तर प्रदेश के मथुरा में कृष्ण जन्मभूमि-शाही ईदगाह विवाद में मस्जिद प्रबंधन समिति की अपील की सुनवाई मार्च तक टाल दी। प्रधान न्यायाधीश संजीव खन्ना व न्यायमूर्ति संजय कुमार की पीठ ने कहा कि उसे आज एक और मामले की सुनवाई करनी है और वह मस्जिद समिति की याचिका पर विचार नहीं कर सकती।

शीर्ष अदालत बुधवार को कलकत्ता उच्च न्यायालय के उस फैसले के खिलाफ विभिन्न याचिकाओं की संयुक्त सुनवाई कर रही थी, जिनमें पश्चिम बंगाल के सरकारी और सहायता प्राप्त स्कूलों में 25,753 शिक्षकों और गैर-शिक्षण कर्मचारियों की नियुक्ति को अमान्य करार दिया गया था। न्यायमूर्ति खन्ना ने कहा आज हम एक अन्य मामले में सुनवाई कर रहे हैं। याचिका को मार्च, 2025 में सूचीबद्ध करें। इलाहाबाद उच्च न्यायालय की एकल पीठ ने पिछले साल एक अगस्त को मथुरा में मंदिर-मस्जिद विवाद से संबंधित 15 मामलों की सुनवाई को चुनौती देने वाली शाही मस्जिद ईदगाह समिति की याचिका खारिज कर दी थी और फैसला सुनाया था कि ...शेष पृष्ठ 14 पर

## गलवान की घटना से ली नसीहत

### सेना दिवस परेड समारोह को छोटे शहरों तक ले जाने की योजना : जनरल द्विवेदी

एजेंसी

पुणे (महाराष्ट्र)। सेना प्रमुख जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को कहा कि उत्तरी सीमा पर स्थिति स्थिर लेकिन संवेदनशील बनी हुई है। उन्होंने कहा कि गलवान में जो कुछ भी हुआ, उसे दोहराया नहीं जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि उनकी सेना किसी भी स्थिति से निपटने के लिए पूरी तरह तैयार और सक्षम है। यहां 77वें सेना दिवस समारोह में अपने संबोधन में सेना प्रमुख ने रेखांकित किया कि उत्तरी सीमा पर आधुनिक उपकरण और महत्वपूर्ण बुनियादी ढांचे के विकास पर विशेष ध्यान दिया गया है।



थल सेनाध्यक्ष जनरल उपेंद्र द्विवेदी ने बुधवार को कहा कि वे सेना दिवस परेड कार्यक्रम को छोटे शहरों में ले जाने की योजना बना रहे हैं और संभावित आयोजन स्थलों के रूप में गुवाहाटी, जबलपुर, जयपुर और भोपाल को चुना गया है। उन्होंने यह भी कहा कि भारतीय सेना में नारी शक्ति महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। उन्होंने कहा हमें यह सुनिश्चित करना होगा कि गलवान में जो कुछ हुआ, ...शेष पृष्ठ 14 पर

### दिल्ली चुनाव : भाजपा ने जारी की स्टार प्रचारकों की सूची

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने दिल्ली विधानसभा चुनाव के लिए बुधवार को अपने 40 स्टार प्रचारकों में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, केंद्रीय मंत्री अमित शाह और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के अलावा योगी आदित्यनाथ सहित अपने सात मुख्यमंत्रियों के नामों की घोषणा की।

इस सूची में पूर्वांचली से ताल्लुक रखने वाले पार्टी के कई प्रमुख चेहरे भी शामिल हैं। इनमें भोजपुरी स्टार और सांसद मनोज तिवारी, रवि किशन और दिनेश लाल यादव निरहुआ का नाम शामिल है। पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार से ताल्लुक रखने वाले पूर्वांचल के लोग बड़ी संख्या में राष्ट्रीय राजधानी में मतदाता हैं। दिल्ली में पांच फरवरी को मतदान होगा और नतीजे आठ फरवरी को घोषित किए जाएंगे। विधानसभा चुनाव के लिए ...शेष पृष्ठ 14 पर

## धामी ने जारी किया निकाय चुनाव का संकल्प पत्र

### शहरी विकास के लिए ट्रिपल इंजन सरकार की प्रतिबद्धता

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड में आगामी नगर निकाय चुनाव के मद्देनजर भाजपा ने आज अपना संकल्प पत्र जारी किया। भाजपा ने इस घोषणा पत्र को लेकर अपनी योजनाओं और वादों को जनता के सामने रखा।

इस घोषणा पत्र के अंतर्गत 11 नगर निगमों के लिए अलग-अलग संकल्प पत्र तैयार किए गए हैं जबकि सभी नगर निकायों के लिए एक संयुक्त संकल्प पत्र तैयार किया गया है। मुख्यमंत्री धामी ने इस संकल्प पत्र को शहरी विकास के प्रति 'ट्रिपल इंजन' सरकार की प्रतिबद्धता का प्रतीक बताया। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि यह संकल्प पत्र आने वाले पांच साल तक भाजपा की गारंटी का संकल्प है।



उन्होंने कहा कि यह घोषणा पत्र भाजपा की योजनाओं का दस्तावेज है, जो शहरी विकास, सामाजिक सुरक्षा, मातृशक्ति सशक्तिकरण और युवाओं को कौशल विकास जैसी पहल से जुड़ा है। भाजपा की यह घोषणा पत्र उन सभी समस्याओं को हल करने का वादा करती है, ...शेष पृष्ठ 14 पर



आज का मौसम

| | | |
|---|---|---|
| अधिकतम | : | 20.06 डिसे. |
| न्यूनतम | : | 09.04 डिसे. |

भीतर पढ़ें


- महाकुंभ बिछड़ों को मिला रहे बिजली के खंभे (पृष्ठ-02)
- 10 देशों का दल आज संगम में लगायेगा डुबकी (पृष्ठ-02)
- भारत 2027 तक तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा (पृष्ठ-14)
- देश का निर्यात घटकर 38.01 अरब डॉलर पर (पृष्ठ-14)
- भारत की राजकोषीय स्थिति होगी प्रभावित : मूडीज (पृष्ठ-14)


विशेष खबर

डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन ने राजधानी में जगह-जगह जलवाये अलाव

## डॉ.अखिलेश दास गुप्ता के सपनों को साकार कर रहे हैं विराज सागर दास

अनिल कुमार सिंह

लखनऊ। पूर्व केंद्रीय मंत्री डॉ. अखिलेश दास गुप्ता के सपनों को साकार करने के लिए डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन एवं बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास द्वारा लगातार लखनऊ राजधानी में सामाजिक कार्य तथा गरीबों, असहायों की मदद करने व भीषण सर्दी में अलाव की व्यवस्था कर बढ़-चढ़ कर अपनी सामाजिक जिम्मेदारियों का निर्वहन करने में सक्रिय रूप से लगातार अपनी भूमिका अदा की जा रही है। पूस की ठिठुरती रातों में हाड़ कंपा देने वाली सर्दी से राहत दिलाने के लिए अलाव जलाने की जहां तक बात है राजधानी लखनऊ में ...शेष पृष्ठ 14 पर










राजधानी लखनऊ में डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउण्डेशन की ओर से जगह-जगह जलवाये गये अलाव

## पृथ्वी व अंतरिक्ष की वस्तुओं की निगरानी करेगा उपग्रह

एजेंसी

- दो भारतीय स्टार्टअप पिक्सल और दिगंतारा ने किया प्रक्षेपण

बेंगलुरु/नयी दिल्ली। अंतरिक्ष क्षेत्र में काम करने वाले दो भारतीय स्टार्टअप पिक्सल और दिगंतारा ने बुधवार को पृथ्वी और उसका चक्कर लगाने वाली वस्तुओं की बारीकी से निगरानी करने के लिए स्पेसएक्स रॉकेट से अपने उपग्रहों को प्रक्षेपित किया जो अंतरिक्ष क्षेत्र में निजी कंपनियों के लिए एक नए युग की शुरुआत है।

पिक्सल भारत की पहली निजी कंपनी बन गई है जिसके पास अत्याधुनिक हाइपरस्पेक्ट्रल आवृत्ति का उपयोग करने वाले उपग्रहों का अपना समूह है। इस आवृत्ति से 150 से अधिक बैंड्स में पृथ्वी का अवलोकन किया जा सकता है। यह कृषि और रक्षा जैसे विविध क्षेत्रों में उपयोगी तकनीक है। दिगंतारा एयरोस्पेस ने दुनिया के पहले वाणिज्यिक उपग्रह स्पेस कैमरा फॉर ऑब्जेक्ट ट्रैकिंग (एससीओटी) का प्रक्षेपण किया जो सुरक्षित अंतरिक्ष संचालन सुनिश्चित करने के लिए पृथ्वी का चक्कर लगाने वाली पांच सेंटीमीटर जितनी छोटी चीजों की निगरानी करेगा। अंतरिक्ष यान की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अंतरिक्ष की बाहरी निगरानी महत्वपूर्ण है क्योंकि पृथ्वी के चारों ओर की ...शेष पृष्ठ 14 पर

# महाकुंभ 2025: बिछड़ों को अपनों से मिला रहे बिजली के खंभे

## डिजिटल महाकुंभ के तहत पूरे मेला क्षेत्र में 50,000 बिजली के खंभों में क्यूआर कोड लगाये गये हैं जिन्हें कोई भी व्यक्ति मोबाइल से स्कैन करके अपनी भौगोलिक स्थिति जान सकता है

जिला संवाददाता

प्रयागराज। महाकुंभ मेले में भूले भटकों को मिलाने के लिए भूले-भटके शिविर लगाए जाते रहे हैं और इस बार तो महाकुंभ मेले में डिजिटल भूले-भटके शिविर भी लगे हैं। लेकिन, बिछड़े लोगों को मिलाने और भटके हुए लोगों को रास्ता दिखाने में बिजली के खंभे भी अहम भूमिका निभा रहे हैं।

बिजली विभाग के एक अधिकारी ने बताया कि डिजिटल महाकुंभ के तहत पूरे मेला क्षेत्र में 50,000 बिजली के खंभों में क्यूआर कोड लगाए गए हैं जिन्हें कोई भी व्यक्ति मोबाइल से स्कैन करके अपनी भौगोलिक स्थिति जान सकता है।

जब इस क्यूआर कोड का भौतिक परीक्षण करने के लिए एक खंभे पर लगे क्यूआर कोड को स्कैन किया गया तो एक फॉर्म सामने आ गया जिसमें नाम, मोबाइल नंबर और खंभे पर लिखी संख्या 28126 भरकर उसे सबमिट (जमा) कर दिया। इसके एक ही मिनट के भीतर बिजली विभाग से फोन आ गया। फोन पर बिजली विभाग के कंट्रोल रूम से चंद्रप्रकाश नाम के व्यक्ति ने पूछा कि मैं आपकी क्या मदद कर सकता हूं। इधर से जवाब दिया गया, मैं रास्ता भटक गया हूं और मुझे मेला प्रशासन कार्यालय जाना है, कैसे



जाऊं। विभाग के व्यक्ति ने बताया कि आप इस समय संगम लोअर मार्ग पर सेक्टर-16 में हैं। मेला कार्यालय जाने के लिए आपको त्रिवेणी मार्ग पर आना होगा जहां से पांटून का पुल पार करके आप त्रिवेणी ढाल पर आ जाएं और वहां से सीधे मेला कार्यालय पहुंच जाएं।

बिजली विभाग के कंट्रोल रूम में बतौर सुपरवाइजर कार्यरत विकास चौहान ने बताया कि पोल नंबर, क्यूआर कोड और जी कोड के माध्यम से लोग अन्य समस्याओं जैसे कहीं पानी नहीं आने की समस्या, सड़क पर बिछी शीट उखड़ने की समस्या का भी निराकरण कर रहे हैं। चौहान ने बताया कि मंगलवार को मकर संक्रांति स्नान पर्व पर चंडीगढ़ से आए मोहित के पिता उनसे बिछड़ गए। बेटे ने पिता से किसी व्यक्ति के माध्यम से पोल संख्या पूछ ली और विभाग से पोल संख्या साझा कर भौगोलिक स्थिति पता करके अपने पिता को ढूंढ लिया। उन्होंने बताया कि विभाग ने ये डेटा डायल 112 और डायल 1920 के साथ भी साझा किए हैं और अन्य समस्याओं के बारे में आई शिकायत संबंधित विभाग के पास भेज दी जाती है और विभाग पोल संख्या की मदद से मौके पर पहुंचकर समस्या का निराकरण कर रहे हैं। बिजली विभाग के अधीक्षण अभियंता (कुंभ) मनोज गुप्ता ने बताया कि जीआईएस (भौगोलिक सूचना प्रणाली) की मदद से इस क्यूआर कोड को स्कैन कर कोई भी व्यक्ति अपनी या दूसरों की भौगोलिक स्थिति का पता लगा सकता है। उन्होंने बताया कि मंगलवार को प्रथम अमृत स्नान पर्व पर 3.50 करोड़ श्रद्धालुओं ने गंगा और संगम में आस्था की डुबकी लगाई। इसमें हजारों लोग बिछड़े और फिर मिले होंगे। कितने लोग अपनों से बिछड़े और मिले, इसकी संख्या हमारे पास नहीं है क्योंकि कई लोगों ने क्यूआर कोड के नीचे लिखे जी-कोड को गूगल पर सर्च कर भौगोलिक स्थिति का पता लगा लिया होगा।

# महाकुंभ में मोबाइल प्रयोगशाला कर रही खाने-पीने की चीजों की गुणवत्ता सुनिश्चित

महाकुम्भ नगर। प्रयागराज में जारी महाकुम्भ में ढाबों व होटलों में उपलब्ध खाद्य एवं पेय पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए उनका मोबाइल प्रयोगशाला से मौके पर ही परीक्षण किया जा रहा है। अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि पूरे मेला क्षेत्र को पांच जोन और 25 सेक्टरों में बांटकर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है तथा प्रत्येक सेक्टर में खाद्य सुरक्षा अधिकारी तैनात हैं, जो खाद्य पदार्थों की नियमित जांच कर रहे हैं। एक बयान के मुताबिक, सेक्टर 24 में संकट मोचन मार्ग पर स्थित कार्यालय से खाद्य सुरक्षा संबंधी सभी व्यवस्थाओं का संचालन किया जा रहा है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में महाकुम्भ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए सरकार ने विशेष इंतजाम किए हैं। सहायक खाद्य आयुक्त सुशील कुमार सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं को खराब या मिलावटी भोजन से बचाने के लिए फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स का उपयोग किया जा रहा है। यह एक मोबाइल प्रयोगशाला है जो मेला क्षेत्र में भोजन और पेय पदार्थों की मौके पर ही जांच कर रही है।

उन्होंने बताया कि होटलों, ढाबों और छोटे खाद्य स्टॉल पर बन रहे भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित जांच की जा रही है तथा शिकायत मिलने पर तुरंत कार्वाई के निर्देश दिए गए हैं।

# 10 देशों का 21 सदस्यीय दल आज संगम में लगायेगा डुबकी

विशेष संवाददाता (vol)



महाकुम्भ नगर। संयुक्त अरब अमीरात (यूएई), फिजी व फिनलैंड समेत 10 देशों का 21 सदस्यीय एक अंतरराष्ट्रीय प्रतिनिधिमंडल महाकुम्भ मेले के तहत बृहस्पतिवार को यहां संगम में पवित्र डुबकी लगाएगा। उत्तर प्रदेश सरकार ने बुधवार को यह जानकारी दी।

आधिकारिक बयान के मुताबिक, इस दल में गयाना, मलेशिया, मॉरीशस, सिंगापुर, दक्षिण अफ्रीका, श्रीलंका व त्रिनिदाद एवं टोबैगो के सदस्य भी शामिल हैं। इसमें कहा गया है कि विदेश मंत्रालय के एक्सटर्नल पब्लिसिटी एंड पब्लिक डिप्लोमेसी डिवीजन द्वारा आमंत्रित 10 देशों का 21 सदस्यीय दल बुधवार को यहां पहुंच रहा है और उनके ठहरने की व्यवस्था अरैल क्षेत्र स्थित टेंट सिटी में की गई है।

बयान के मुताबिक, बुधवार को दल के महाकुम्भ मेला क्षेत्र में भ्रमण का कार्यक्रम है और उनके के लिए शाम पांच से साढ़े छह बजे तक हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जाएगा, जिसमें दल के सदस्य प्रयागराज की सांस्कृतिक और ऐतिहासिक धरोहर से रू-ब-रू होंगे। बयान में कहा गया है कि अंतरराष्ट्रीय दल के सदस्य बृहस्पतिवार सुबह आठ बजे त्रिवेणी संगम में पवित्र डुबकी लगाएंगे और इसके बाद दल के सदस्यों को हेलीकॉप्टर से महाकुम्भ क्षेत्र का हवाई अनुभव कराया जाएगा। इसमें कहा गया है कि भ्रमण कार्यक्रम दोपहर डेढ़ बजे समाप्त होगा और दल हवाई अड्डे के लिए रवाना हो जाएगा।

# दो दिन में 5 करोड़ लोगों ने किया अमृत स्नान

## घाटों की सफाई पर विशेष ध्यान, पूरे मेला क्षेत्र को किया जा रहा क्लीन

विशेष संवाददाता (vol)

महाकुम्भ नगर। पौष पूर्णिमा स्नान पर्व और मकर संक्रांति के अमृत स्नान के बाद महाकुम्भ क्षेत्र को स्वच्छ करने के लिए बड़े पैमाने पर स्वच्छता अभियान शुरू कर दिया गया है। घाटों पर गंदगी को तेजी से साफ किया जा रहा है। सफाई कर्मी लगातार घाटों पर तैनात हैं और हर प्रकार की गंदगी को हटाने का कार्य जारी है। वहीं, शौचालयों में भी स्वच्छता अभियान चलाया जा रहा है। उल्लेखनीय है कि योगी सरकार ने इस बार महाकुम्भ को स्वच्छ महाकुम्भ के रूप में स्थापित करने का संकल्प लिया है। इसी क्रम में इस बार स्वच्छता पर विशेष जोर दिया गया है। विगत 2 दिनों में महाकुम्भ में 5 लाख से ज्यादा श्रद्धालुओं ने स्नान किया है, जिसके बाद मेला प्रशासन ने स्वच्छता अभियान चलाने का निर्णय लिया है।

मेला क्षेत्र में बचे कचरे को हटाने के लिए विशेष टीमों का गठन किया गया है। श्रद्धालुओं द्वारा छोड़ी गई सामग्रियों को एकत्र कर उचित



स्थान पर निस्तारित किया जा रहा है। एकत्रित कचरे को काले लाइनर बैग में जमा कर निस्तारित किए जाने की योजना पर तेजी से कार्य चल रहा है। मेले के दौरान उपयोग किए गए शौचालयों की सफाई बड़े स्तर पर हो रहीहै। स्वच्छता कर्मचारियों की अतिरिक्त टीमों को इस कार्य में लगाया गया है। पार्किंग से लेकर घाटों तक स्थापित किए गए शौचालयों की स्वच्छता पर विशेष ध्यान दिया जा रहा है।

विगत दो दिनों में बड़ी संख्या में इन शौचालयों का उपयोग किया गया है, जिसके बाद इन्हें फिर से उपयोग में लाए जाने के लिए की आवश्यकता को देखते हुए मेला प्रशासन ने उचित कार्यवाही के निर्देश दिए हैं। प्रशासन ने श्रद्धालुओं से अपील की है कि वे मेला क्षेत्र में गंदगी न फैलाएं। उचित स्थानों पर कचरा डालें और स्वच्छता बनाए रखने में सहयोग करें। घाटों पर स्थापित पब्लिक एड्रेस सिस्टम से लगातार श्रद्धालुओं से यह अपील की जा रही है। बड़ी संख्या में श्रद्धालु भी प्रशासन की अपील पर सहयोग करते हुए कचरे को घरों पर स्थापित डस्टबिन में ले जाकर डाल रहे हैं।

# 16 से शुरू होगा 'संस्कृति का महाकुम्भ'

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महाकुम्भ में 16 जनवरी से 24 फरवरी तक 'संस्कृति का महाकुम्भ' होगा। मुख्य मंच गंगा पंडाल का होगा, जिसमें देश के नामचीन कलाकार भारतीय संस्कृति का प्रवाह करेंगे। इसके अतिरिक्त यमुना पंडाल, सरस्वती पंडाल में भी 16 जनवरी से सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रारंभ होंगे। त्रिवेणी

- **24 फरवरी तक चलेगा आयोजन, गंगा पंडाल को बनाया गया है मुख्य मंच**
- **काशी के ऋत्विक सान्याल के शास्त्रीय गायन से होगा आगाज**

पंडाल में 21 जनवरी से अनवरत सांस्कृतिक सुरों का संगम होगा। 16 जनवरी को गंगा पंडाल में बॉलीवुड सिंगर शंकर महादेवन के सुरों की गंगा में श्रोता आनंद की डुबकी लगाएंगे तो यमुना पंडाल में काशी के संस्कृत विद्यालय के विद्यार्थी मंगला चरण से ईश्वर के चरणों में श्रद्धा निवेदित करेंगे।

पहले दिन सरस्वती पंडाल पर नौटंकी विधा से भी श्रद्धालु परिचित होंगे। पद्मश्री रामदयाल शर्मा 30 सदस्यीय टीम के साथ कृष्ण सुदामा की मित्रता को दर्शकों के सामने प्रस्तुत करेंगे। भक्ति व विरासत के इस उत्सव में गंगा पंडाल का मंच मुख्य




होगा। 10, 000 दर्शकों की क्षमता के लिए सेक्टर-1 के परेड ग्राउंड में गंगा पंडाल बनाया गया है। यह भारत के प्रसिद्ध कलाकारों की भव्य प्रस्तुतियों का केंद्र है। इसके अलावा दो हजार दर्शकों की क्षमता वाला त्रिवेणी, यमुना व सरस्वती पंडाल बनाया गया है। हां भी मेजबान उत्तर प्रदेश समेत देश के नामचीन कलाकार अनेक विधाओं में अपनी प्रस्तुति देंगे।

# श्रद्धालुओं को मिल रहा स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन

## होटल-ढाबों पर बन रहे भोजन की हो रही नियमित निगरानी

विशेष संवाददाता (vol)

प्रयागराज। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशों के क्रम में महाकुम्भ में आने वाले करोड़ों श्रद्धालुओं को स्वच्छ और गुणवत्तापूर्ण भोजन उपलब्ध कराने के लिए विशेष इंतजाम किए गए हैं। पूरे मेला क्षेत्र को 5 जोन और 25 सेक्टरों में बांटकर खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित की जा रही है। प्रत्येक सेक्टर में फूड सेफ्टी ऑफिसर तैनात हैं, जो परोसे जाने वाले खाद्य पदार्थों की नियमित जांच कर रहे हैं। सेक्टर 24 में संकट मोचन मार्ग पर स्थित ऑफिस से फूड सेफ्टी की सभी व्यवस्थाओं का संचालन किया जा रहा है। वहीं से खाद्य पदार्थों की निगरानी और टीमों की मॉनिटरिंग की जा रही है।

सहायक खाद्य आयुक्त ग्रेट 2 सुशील कुमार सिंह ने बताया कि श्रद्धालुओं को खराब या मिलावटी भोजन से बचाने के लिए फूड सेफ्टी ऑन व्हील्स का उपयोग किया जा



रहा है। ये मोबाइल लैब्स मेला क्षेत्र में भोजन और पेय पदार्थों की ऑन-द-स्पॉट जांच कर रही हैं। होटलों, ढाबों और छोटे खाद्य स्टॉल्स पर बन रहे भोजन की गुणवत्ता सुनिश्चित करने के लिए नियमित जांच हो रही है। शिकायत मिलने पर तुरंत कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं। मेला क्षेत्र को 5 जोन में बांटकर खाद्य निगरानी की जा रही है। हर सेक्टर में फूड सेफ्टी ऑफिसर की तैनाती की गई है। हर 5 सेक्टर पर एक चीफ ऑफिसर को निगरानी के निर्देश दिए गए हैं। झूंसी क्षेत्र में सबसे अधिक 14 सेक्टर बनाए गए हैं।

# महाकुम्भ में ब्रह्मचर्य दीक्षा समारोह हुआ शुरू

## श्री शंभू पंच अग्नि अखाड़ा में शुरू हुआ दीक्षा देने का समारोह

विशेष संवाददाता (vol)

प्रयागराज। प्रयागराज में लगे मेला परिसर में स्थित ब्रह्मचारियों के अखाड़े श्री शंभू पंच अग्नि अखाड़ा में बुधवार को दीक्षा समारोह शुरू हो गया। मकर संक्रांति के अगले दिन अखाड़े में

- **मकर संक्रांति के अगले दिन शुरू हुआ ब्रह्मचारी बनाने का समारोह**
- **अखाड़े में अध्ययन के बाद समाज में जाकर धर्म का प्रचार करेंगे ब्रह्मचारी**

ब्रह्मचारियों के दीक्षा की प्रक्रिया शुरू की गई है। आदि गुरु शंकराचार्य की परंपरा से चतुर्नाम के ब्रह्मचारी इस अखाड़े में रहते हैं। प्रकाश, स्वरूप, चैतन्य और आनंद, जो एक-एक शंकराचार्य का प्रतिनिधित्व इस अखाड़े में करते हैं। चारों वेदों का अखाड़े में अध्ययन किया जाता है, जिससे वे समाज में जाएं और धर्म का प्रचार प्रसार करें।

श्री शंभू पंच अग्नि अखाड़ा के महामंडलेश्वर संपूर्णानंद महाराज ने बताया कि



इस अखाड़े में लाखों ब्रह्मचारी हैं। जो यहां ब्रह्मचारी की दीक्षा लेने के लिए आयेगा, वह पहले अखाड़े की और सनातन धर्म की परंपराओं को समझेगा। जब अखाड़े के पंचों को लगता है कि वह ब्रह्मचारी बनने के लिए परिपक्व है तो उसे ब्रह्मचारी के रूप में दीक्षित किया जाता है। संपूर्णानंद महाराज के अनुसार ब्रह्मचारी वह है जो धर्म का पालन करता है। जो सनातन धर्म की व्याख्या और प्रचार करेगा, उसे ब्रह्मचारी बनाएंगे। जो गृहस्थ से दूर हैं, वे यहां आते हैं। यहां बहुत सारे ब्रह्मचारी दीक्षित हुए और उन्होंने सामाजिक उपाधियां प्राप्त की। ब्रह्मचारियों को सभापति, महामंत्री, सचिव, श्रीमहंत, महंत, थानापति, कोतवाल, पुजारी पदों पर योग्यता के अनुसार नियुक्त किया जाता है।

# मिशन वात्सल्य से साइकोसोशल काउंसलिंग से बच्चों को मिल रहा बेहतर मार्गदर्शन

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रदेश में महिला एवं बाल विकास विभाग ने बच्चों के संरक्षण, पुनर्वास और आत्मनिर्भरता की दिशा में अभूतपूर्व कदम उठाए गए हैं। मिशन वात्सल्य के तहत राज्य में 132 राजकीय संस्थाओं और विशेषीकृत सेवाओं के माध्यम से बच्चों को एक सुरक्षित और सशक्त भविष्य प्रदान करने का कार्य किया जा रहा है। साथ ही साइकोसोशल काउंसलिंग से बच्चों को बेहतर मार्गदर्शन दिया जा रहा है। महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से संचालित मिशन वात्सल्य के तहत वित्तीय वर्ष 2024-25 में 128 बच्चों को दत्तक ग्रहण के माध्यम से पुनर्वासित किया गया। इन बच्चों को नए परिवार और बेहतर जीवन का अवसर प्रदान कर, उनके भविष्य को एक नई दिशा दी गई है।

- **दत्तक ग्रहण और पुनर्वास में नई उपलब्धियां, 128 बच्चों को मिला नया जीवन**

इस पहल से न केवल बच्चों को स्थायी घर मिला है, बल्कि समाज में दत्तक ग्रहण की संस्कृति को भी बढ़ावा मिला है। बच्चों के जीवन में बदलाव लाने के लिए स्पॉन्सरशिप और फॉस्टर केयर कार्यक्रमों को प्रभावी रूप से लागू किया गया है। अब तक 10,659 बच्चों को स्पॉन्सरशिप योजना से लाभान्वित किया गया है। इसके अलावा, 11 बच्चों को फॉस्टर केयर के तहत देखभाल और संरक्षण दिया गया है। ये प्रयास बच्चों को आत्मनिर्भर बनने और समाज में अपनी पहचान स्थापित करने का अवसर प्रदान कर रहे हैं। वहीं बाल विवाह के खिलाफ राज्य सरकार ने कड़ा रुख अपनाया है। राज्य स्तरीय निगरानी समिति और जनपद स्तरीय टास्क फोर्स के प्रयासों से इस वर्ष 200 से अधिक संभावित बाल विवाहों को रोका गया है। बाल विवाह अधिनियम के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए नए नियम भी तैयार किए जा रहे हैं। यह कदम न केवल बेटियों के भविष्य को सुरक्षित कर रहा है, बल्कि समाज में जागरूकता भी फैला रहा है। राजकीय गृहों में निवासरत बच्चों की मानसिक और भावनात्मक स्थिति सुधारने के लिए स्वास्थ्य विभाग के सहयोग से साइकोसोशल काउंसलर नियुक्त किए गए हैं। यह पहल बच्चों को मानसिक तनाव से उबरने, अपने जीवन के लक्ष्यों को पहचानने और आत्मनिर्भर बनने में मदद कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चों के संरक्षण और आत्मनिर्भरता को सरकार की प्राथमिकता में शामिल किया है। मिशन वात्सल्य के तहत आधुनिक तकनीक, कौशल विकास और रोजगार से जुड़ी सुविधाओं के माध्यम से बच्चों को न केवल सुरक्षा दी जा रही है।

# नये कलेवर में नजर आयेगा हजरतगंज बाजार, एक नजर में होंगे बिल्डिंग व साइनेज

## व्यापारियों ने फसाड कंट्रोल गाइडलाइन को लेकर दी सहमति, मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने हजरतगंज व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ की बैठक

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ का दिल कहा जाने वाला हजरतगंज जल्द ही नये क्लेवर में नजर आएगा। यहां की इमारतें अपने नये रंग-रूप से अवध का अंदाज बयां करेंगी। इसके लिए सभी बिल्डिंगों के फसाड व साइनेज बोर्ड के रंग व आकार में एकरूपता लायी जाएगी।

लखनऊ विकास प्राधिकरण की अध्यक्ष व मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने बुधवार को प्राधिकरण भवन स्थित पारिजात सभागार में हजरतगंज व्यापार मण्डल के पदाधिकारियों के साथ बैठक की। इस दौरान व्यापारियों ने हजरतगंज के लिए डिजाइन की गयी फसाड कंट्रोल गाइडलाइन को लेकर सहमति प्रदान की। बैठक में प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार, सचिव विवेक श्रीवास्तव, संयुक्त सचिव सुशील प्रताप सिंह व अपर जिलाधिकारी राकेश सिंह समेत अन्य अधिकारी व अभियंता गण उपस्थित रहे। बैठक में सर्वप्रथम व्यापारियों के समक्ष फसाड कंट्रोल गाइडलाइन का प्रेजेन्टेशन दिया गया। जिसमें भवनों व साइनेज बोर्ड के कलर पैलेट आदि को लेकर चर्चा की गयी। मण्डलायुक्त ने बताया कि वर्तमान में इमारतों का जो रंग है, उसमें मामूली बदलाव किया गया है। फसाड कंट्रोल गाइडलाइन के तहत व्यवस्था लागू होने से हजरतगंज मार्केट हेरिटेज लुक में उभर कर आएगा, जोकि पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित करेगा। उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बैठक में कहा कि वर्तमान में कुछ प्रतिष्ठानों में एक से अधिक और अलग-अलग रंग व आकार के साइनेज बोर्ड लगे हैं, जिससे हजरतगंज मार्केट का फसाड प्रभावित होता है। उन्होंने व्यापारियों से अपील करते हुए कहा कि वह अपने स्तर से फसाड कंट्रोल गाइडलाइन का पालन सुनिश्चित करते हुए साइनेज बोर्ड को व्यवस्थित करने का कार्य करें। साथ ही बेतरतीब ढंग से लगी होर्डिंग्स को हटवाने में प्राधिकरण का सहयोग करें। इस पर व्यापारियों ने सहमति जताते हुए अपने स्तर से कार्य कराने की हामी भरी। एलडीए उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार ने बताया कि प्राधिकरण की ओर से हजरतगंज में सौंदर्यीकरण के कार्य कराये जाएंगे। इसमें रेलिंग, बेंच व बोलार्ड आदि की नये सिरे से पेन्टिंग करवायी जाएगी। साथ ही नये आकर्षक डस्टबिन लगवाए जाएंगे। बैठक में व्यापारियों ने बताया कि मेट्रो के निर्माण के समय सीवेज व ड्रेनेज की कुछ समस्या रह गयी थी। इसके अलावा तारों को अंडरग्राउंड करने व साफ-सफाई की समस्या है, जिसे जनहित में ठीक कराने की जरूरत है। इस पर मण्डलायुक्त ने जलकल व लेसा के अधिकारियों को स्थल निरीक्षण करके समस्या दूर कराने के निर्देश दिये। उन्होंने व्यापारियों को बताया कि इसी महीने से रमकी कंपनी द्वारा नयी मशीनरी व स्टॉफ के माध्यम से साफ-सफाई की व्यवस्था शुरू करा दी जाएगी, जिससे समस्या दूर हो जाएगी।



### आवासीय योजनाओं में तेजी लाने के निर्देश

मण्डलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने प्राधिकरण की प्रस्तावित आवासीय योजनाओं की समीक्षा की। इसमें अवगत कराया गया कि ग्राम-कलियाखेड़ा की अधिकांश भूमि का कब्जा प्राप्त करते हुए स्थल पर विकास कार्य शुरू करा दिया गया है। इसके अलावा ग्राम-प्यारेपुर के किसानों को ग्राम-कलियाखेड़ा के बराबर प्रतिफल दिये जाने के निर्णय के तहत अपर जिलाधिकारी को 225 करोड़ रुपये की धनराशि प्रेषित की जा चुकी है। जिसका किसानों को लगातार भुगतान किया जा रहा है। साथ ही ग्राम-प्यारेपुर में परिसम्पत्तियों के सर्वे की कार्यवाही चल रही है। इस पर मण्डलायुक्त ने निर्देश दिये कि अवशेष प्रकरणों में किसानों को बकाया धनराशि देने के उपरांत शीध्र कब्जा प्राप्त करते हुए विकास कार्य शुरू कराया जाए। इसके अलावा आईटी सिटी व वेलनेस सिटी के कार्य में भी तेजी लायी जाए।

# उपमुख्यमंत्री से मिले व्यापारी, बताईं समस्याएं

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। व्यापारियों के सामने आ रही प्रमुख समस्याओं को लेकर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष संदीप बंसल के नेतृत्व में व्यापारियों ने उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक से भेंट की एवं उनको प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री के नाम संबोधित ज्ञापन दिए। संदीप बंसल ने बताया की ज्ञापन में भारतीय नव वर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा विक्रम संवत 2082 को भव्यता से आयोजित किया जाए, ऐसा सुझाव दिया गया। इसके अलावा 40 लाख पंजीकृत व्यापारियों से 6 विधान परिषद सदस्य चुने जाने, व्यापारी कल्याण दिवस 29 जून को आयोजित किए जाने तथा राष्ट्रीय स्तर पर घोषित किए जाने व्यापारी सुरक्षा प्रकोष्ठ की प्रदेश के समस्त जनपदों में नियमित बैठक किए जाने, जीएसटी में व्यापारियों को अनावश्यक नोटिस न दिए जाने, बाजारों में सैंपलिंग के नाम पर व्यापारी को अपमानित न किए जाने तथा यदि कहीं कोई शिकायत है तो व्यापार मंडल को साथ लिए जाने व्यापार एवं उद्योग बन्धु की नियमित बैठक आयोजित किए जाने, प्रभावी निर्णय लिए जाने उद्योग लगाने के लिए, धारा 80 के नाम पर जिला प्रशासन की ओर से उत्पीड़न रोके जाने गृह जल एवं संपत्ति वैभव कर का शोषण रोके जाने तथा जिन टोल बैरियर की अवधि समाप्त हो चुकी हो उनसे वसूली बंद किए जाने, वर्तमान समय में यूपीआई की ओर से व्यापारी यदि भुगतान लेता है तो उसके बैंक खाते को इडी की ओर से सीज किए जाने, व्यापारी की दुकान के क्षतिग्रस्त अथवा जल जाने पर उसको मुख्यमंत्री राहत कोष से सहायता दिए जाने की मांग प्रमुखता के साथ की गई। उपमुख्यमंत्री से मिलने वाले प्रमुख पदाधिकारियो में प्रदेश महामंत्री संगठन अनुपम अग्रवाल, अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल लखनऊ महानगर अध्यक्ष सुरेश छाबलानी, युवा महानगर अध्यक्ष अश्वन वर्मा, सोशल मीडिया प्रभारी संजय निधि अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

- गृह, जल व संपत्ति कर के नोटिस तथा खाते सीज करने पर रोष

# सरोजनीनगर व बाजारखाला समेत कई इलाकों में सात अवैध निर्माण सील

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** लखनऊ विकास प्राधिकरण के प्रवर्तन टीम ने सरोजनीनगर, आशियाना, नीलमथा, सुशांत गोल्फ सिटी व बाजारखाला क्षेत्र में कार्यवाही की। इस दौरान अवैध रूप से किये जा रहे 07 व्यावसायिक निमार्णों को सील किया गया।

प्रवर्तन जोन-2 के जोनल अधिकारी अतुल कृष्ण सिंह ने बताया कि अमित अग्रवाल व अन्य की ओर से आशियाना में सेक्टर-एच के पास पकरीखेड़ा में भूखण्ड संख्या-570/09 पर लगभग 2000 वर्गफिट क्षेत्रफल में व्यावसायिक कॉम्पलेक्स का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह ज्ञान चन्द्र यादव व अन्य की ओर से नीलमथा के विजय नगर में विंध्यवासिनी मंदिर के पीछे लगभग 600 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण करवाया जा रहा था। वहीं, अंशुमान व अन्य द्वारा सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र में कैलाश इन्क्लेव के सामने मुख्य फुलवारी रोड पर लगभग 3000 वर्गफिट क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे इन तीनों अवैध निर्माण कार्यों को प्रवर्तन टीम ने पुलिस बल के सहयोग से सील कर दिया। प्रवर्तन जोन-3 की जोनल अधिकारी वन्दना पाण्डेय ने बताया कि बजरंग यादव व अन्य द्वारा सरोजनीनगर के अनौरा में टीएस मिश्रा रोड पर लगभग 140 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। इसी स्थान पर कान्ती यादव, अजीत यादव व अन्य द्वारा लगभग 225 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर भवन का निर्माण कराया जा रहा था। इसी तरह नीरज यादव व अन्य द्वारा लगभग 140 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर व्यावसायिक निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना किये जा रहे उक्त तीनों निर्माण कार्यों को प्रवर्तन टीम द्वारा सील कर दिया गया। प्रवर्तन जोन-7 के जोनल अधिकारी राजीव कुमार ने बताया कि दीपक लकवानी व अन्य द्वारा बाजारखाला में प्रकाश इंटरप्राइजेज के बगल में लगभग 60 वर्गमीटर क्षेत्रफल के भूखण्ड पर दुकान का निर्माण कराया जा रहा था। प्राधिकरण से मानचित्र स्वीकृत कराये बिना अवैध रूप से किये जा रहे उक्त निर्माण कार्य को प्रवर्तन टीम द्वारा सील कर दिया गया।




## महाकुंभ के वयम कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे छात्र

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के संबद्ध संस्थानों के करीब पांच सौ छात्र महाकुंभ में कुटुम्ब की ओर से आयोजित होने वाले वयम कार्यक्रम में प्रतिभाग करेंगे। छात्रों के नैतिक, सांस्कृतिक, राष्ट्रवादी एवं समग्र व्यक्तित्व विकास के लिए यह कार्य आयोजित किया जा रहा है। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन में कुलसचिव रीना सिंह ने सभी संबद्ध संस्थानों को पत्र जारी कर छात्रों को वयम कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के लिए पंजीकृत करने को कहा है।

## आग की सूचना निकली झूठी, क्वीनमेरी पहुंची दमकल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। केजीएमयू के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग (क्वीनमेरी) में आग की झूठी खबर से हड़कंप मच गया। फायर विभाग की गाड़ी क्वीनमेरी पहुंची। यहां फायर विभाग के कर्मचारियों ने घटनास्थल की तलाश शुरू की, लेकिन कहीं पता नहीं चला। इसके बाद कर्मचारियों ने केजीएमयू के अन्य हिस्सों की भी पड़ताल की। सूचना फर्जी निकली। फायर विभाग के फोन पर बुधवार को क्वीनमेरी में आग लगने की सूचना पहुंची थी। आनन-फानन में चौक फायर स्टेशन से गाड़ी क्वीनमेरी के मुख्य गेट पर पहुंची। बाहर का नजारा एकदम सामान्य था। कर्मचारियों ने क्वीनमेरी में जाकर लोगों से पूछताछ की। सभी ने आग न लगने की बात बताई। इसके बाद फयर विभाग की टीम ने केजीएमयू के दूसरे विभागों का जायजा लिया पर कहीं भी आग की घटना की पुष्टि नहीं हुई।

## मीटर रीडिंग गलत तो 1912 पर करे शिकायत

लखनऊ। मीटर से बिलिंग समय पर न हो रही हो या बार-बार बिल कराने का लेकर फोन करना पड़ता हो इन सभी समस्याओं से छुटकारा दिलाने के लिए एमडी मध्यांचल ने सभी बिजली उपकेन्द्रों पर संविदा कर्मी और बिजली मीटर रीडर की फोटो लगाने का निर्देश दिया है। बिलिंग कर्मी के फोटो के साथ-साथ उनका मोबाईल नम्बर भी बोर्ड पर अंकित होगा। जिससे उपभोक्ता बिलिंग रीडर को पहचान कर उनसे रीडिंग करा सके। बिजली रिडिंग सही हो, और उपभोक्ता को समय पर बिजली बिल मिले तो बिजली विभाग का राजस्व भी बढ़ेगा साथ में उपभोक्ता को भी प्रति माह बिजली बिल जमा करने में आसानी होगी। इसको देखते हुये मध्यांचल एमडी ने 134 उपकेन्द्रों पर बोर्ड लगाने के लिए कहा है। अतिरिक्त चार्ज देख रहे अधीक्षण अभियंता ने कहा है कि इससे जनता को दो फोयदे होगें पहला उपभोक्ता अपने मीटर रीडर को पहचान कर सकेगा।

# सेना दिवस-2025 पर स्मृतिका युद्ध स्मारक पर की गयी पुष्पांजलि अर्पित

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। आज 77वां सेना दिवस पर लखनऊ छावनी स्थित सूर्या कमान के युद्ध स्मारक स्मृतिका पर एक भव्य पुष्पांजलि समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर सूर्या कमान के आर्मी कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल अनिंद्य सेनगुप्ता ने राष्ट्र की सेवा में अपने प्राणों की आहुति देने वाले बहादुरों के सम्मान में युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। इस अवसर पर लखनऊ स्टेशन के वरिष्ठ सैन्य कर्मी उपस्थित थे। इसी तरह के समारोह सूर्या कमान के अंतर्गत आनेवाले विभिन्न स्थानों पर आयोजित किए गए।

1949 में 15 जनवरी को, जनरल केएम करियप्पा (बाद में फील्ड मार्शल) ने स्वतंत्र भारत की भारतीय सेना के प्रथम कमांडर-इन-चीफ के रूप में अंतिम ब्रिटिश कमांडर-इन-चीफ जनरल सर एफआरआर बुचर से भारतीय सेना की कमान संभाली। तभी से 15 जनवरी को सेना दिवस के रूप में मनाया जाता है। पिछले साल सेना दिवस परेड लखनऊ में आयोजित की गई थी। सेना दिवस परेड को देश भर के स्थानों पर ले जाने की परंपरा को जारी रखते हुए, इस वर्ष परेड का आयोजन महाराष्ट्र के पुणे में किया जा रहा है।



# टोल से घर 20 किलोमीटर तो गाड़ी का टैक्स प्रतिमाह 275 रुपये

समरेश पति त्रिपाठी (vol)

लखनऊ। अगर आप टोल पर गाड़ी लेकर बार-बार आते जाते है। और आपका घर टोल टैक्स के 20 किलोमीटर के दायरे में आता है तो आपको माह मे 275 रुपये माह में एक बार देना होगा। हाइवे के किनारे रहने वालो के लिए टोल पर छुट देने के लिए यह योजना तैयार किया गया है।

चार पहिया, कामर्शियल गाड़ी, और अन्य गाड़ियों को गांव वालो के लिए टोल टैक्स माफ करने के लिए रियायत वाला फास्टैग लगाया जा रहा है जिससे उनको बार-बार आने जाने में किसी भी प्रकार की कोई असुविधा न हो। दखिना टोला टोल प्लाजा के परियोजना प्रमुख अनुरूद्ध सिंह ने बताया कि अब बिना फास्टैग के कोई भी गाड़ी टोल से नही गुजर सकती है। उन्होंने बताया कि सबसे ज्यादा परेशानी टोल के आप-पास के गांव वालो के गाड़ियों से होती थी। गांव वालो की शिकायत थी कि टोल पर बार-बार आने-जाने से पैसा ज्यादा लिया जाता है। गांव वालो की यह भी शिकायत थी कि गांव में ही टोल बना है तो गाड़ियों से टैक्स नही लेना चाहिए। जिसको देखते हुए ऐसी गांव की गाड़िया जो टोल पर बार-बार आती जाती है उनको रियायत वाला फास्टैग दिया जाना चाहिए।




### इन गाड़ियों पर पूरी तरह छुट

घोड़ा गाड़ी, बैलगाड़ी, दो पहिया वाहन, तीन पहिया वाहन, टैक्टर,

**इनको मिलेगी छूट**

टोल से दूरी 20 किलोमीटर के वाहन, गांव का पता होना चाहिए, गाड़ी के आरसी पर जो पता होगा उसी पते से वाहन स्वामी के नाम का मिलान होगा, कलेक्डर के हिसाब से एक माह का 275 रुपये लगेगा, आरसी और गाड़ी टोल पर ले जाना होगा।

**टोल पर लगवा सकते है फास्टैग**

जिन गाड़ियों पर अभी तक फास्टैग नही लगा है वे टोल से पहले गाड़ी खड़ा कर पांच मिनट में फास्टैग लगवा सकते है। और अपने आवश्यकता के हिसाब से पैसा का रिचार्ज कर सकते है। रिचार्ज फोन पे या किसी भी मोबाईल बैंकिंग से भी कर सकते है।

# शिक्षामित्रों का भविष्य अधर में लटका : कौशल कुमार सिंह

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ के प्रदेश मंत्री कौशल कुमार सिंह ने बुधवार को बयान जारी कर कहा कि उत्तर प्रदेश के परिषदीय विद्यालयों में 24 वर्षों से कार्यरत लगभग 1.45 लाख शिक्षामित्र उम्र के तीसरे पड़ाव में हैं। अधिकांश की उम्र 45 से 55 वर्ष हो चुकी है लेकिन आज भी उनको मात्र 10 हजार रुपये ही मानदेय मिल रहा है। विद्यालयों में जिस कार्य के सहायक शिक्षक को 50हजार रुपये वेतन मिल रहा है। उसी कार्य के लिए शिक्षामित्रों को 10हजार रुपये मानदेय मिल रहा है, जिस कारण वह न तो अपना परिवार का भरण पोषण कर पा रहा है, उसके बच्चों की शिक्षा व्यवस्था चौपट हो गई है। किसी भी गंभीर बीमारी होने पर शिक्षामित्र के पास इलाज के लिए पैसे नहीं है, जिस कारण अधिकांश बीमार शिक्षामित्र आर्थिक स्थिति कमजोर होने के कारण इलाज कराने में सक्षम नहीं थे, उनकी मृत्यु हो चुकी है क्योंकि शिक्षामित्र भारत सरकार द्वारा चलायी गयी आयुष्मान योजना के अंतर्गत भी नहीं आते हैं। बढ़ती महंगाई एवं मानदेय में वृद्धि नहीं होने के कारण दैनिक आवश्यकतओं की पूर्ति कर पाना संभव नहीं है, जिससे शिक्षामित्रों के परिवार का जीवन चौपट हो चुका है। अवकाश होने पर या अवकाश लेकर शिक्षामित्र मजदूरी करने को भी विवश हैं। उत्तर प्रदेश प्राथमिक शिक्षामित्र संघ प्रदेश के मुख्यमंत्री से अनुरोध करता है कि शीघ्र ही मानदेय वृद्धि कर शिक्षामित्रों की आर्थिक समस्या का निराकरण करें, जिससे वह भी अपने परिवार को अच्छा जीवन दे सकें।

# अग्निवीर जनरल ड्यूटी के लिए औरैया और बांदा जिले के अभ्यर्थियों ने लिया भाग

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। 15 जनवरी 2025 को, अग्निवीर जनरल ड्यूटी (जीडी) श्रेणी के लिए भर्ती रैली में औरैया जिले के अंतर्गत बिधूना, औरैया, अजीतमल तहसीलों और बांदा जिले के अंतर्गत बांदा, बबेरू, अतर्रा, नरैनी और पैलानी तहसीलों के अभ्यर्थियों ने अग्निवीर सामान्य ड्यूटी (जीडी) श्रेणी की भर्ती में भाग लिया। इस दौरान कुल 923 अभ्यर्थियों को बुलाया गया था, जिनमें से 706 (76.48%) अभ्यर्थियों ने रैली में भाग लिया। 16 जनवरी 2025 को बाराबंकी जिले के अंतर्गत आनेवाले तहसील फतेहपुर, रामनगर, नवाबगंज, सिरसौली, गौसपुर, रामसनेहीघाट और हैदरगढ़ के लिए और चित्रकूट जिले के अंतर्गत कर्वी, मऊ, मानिकपुर और राजापुर तहसीलों के अभ्यर्थी अग्निवीर सामान्य ड्यूटी (जीडी) श्रेणी की भर्ती में भाग लेंगे। सेना भर्ती कार्यालय (एआरओ) लखनऊ के अंतर्गत उत्तर प्रदेश के औरैया, चित्रकूट, कन्नौज, बांदा, महोबा, हमीरपुर, बाराबंकी, गोंडा, कानपुर देहात, उन्नाव, कानपुर नगर, फतेहपुर और लखनऊ सहित 13 जिलों के लिए 10 जनवरी 2025 से 22 जनवरी 2025 तक भर्ती रैली लखनऊ कैंट स्थित एएमसी स्टेडियम में आयोजित की जा रही है।



## दो चरण की काउंसलिंग में 3020 छात्रों को सीट आवंटित

लखनऊ। डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय (एकेटीयू) से संबद्ध संस्थानों के बीफार्मा पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए काउंसलिंग प्रक्रिया जारी है। तीसरे चरण की काउंसलिंग के लिए च्वॉइस फिलिंग चल रही है। इसका सीट आवंटन 17 जनवरी को किया जाएगा। जबकि दो चरणों की काउंसलिंग में 3020 छात्रों को सीट आवंटित हो चुकी है। चार चरणों में होने वाली यह काउंसलिंग 24 जनवरी तक चलेगी। पहले चरण की काउंसलिंग तीन जनवरी से शुरू होगी। चौथे और अंतिम चरण की काउंसलिंग 20 जनवरी को सीट अलॉटमेंट से होगी। अभ्यर्थियों को आवंटित संस्थान में 22 से 24 जनवरी तक फिजिकल रिपोर्टिंग करनी होगी। कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय के निर्देशन और काउंसलिंग समन्वयक प्रो. ओपी सिंह के नेतृत्व में काउंसलिंग प्रक्रिया पूरी जा रही है।

# पीडब्ल्यूडी: मिनिस्टीरियल एसोसिएशन कार्यालय प्रमुख अभियंता का चुनाव 20 को

## अध्यक्ष पद पर राम लखन व पुनीत और महामंत्री पर मनीष शुक्ला व पंकज यादव ने ठोकी दावेदारी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। लोक निर्माण विभाग की मिनिस्टीरियल एसोसिएशन, प्रमुख अभियंता/क्षेत्रीय मुख्य अभियंता का बुधवार को नाम वापसी प्रकिया के तहत तीन पदों पर प्रत्याशियों ने नामांकन वापस ले लिया। इससे पूर्व नामांकन में भी तीन पदों पर निर्विरोध घोषित हो गये थे। अब तक कुल छह पदों पर निर्विरोध प्रत्याशी घोषित हो चुके है। अब एसोसिएशन के 11 पदों में से सिर्फ पांच पदों पर ही मतदान 20 जनवरी को होना है। इसके लिए मुख्यालय 2 के मुख्य अभियंता योगेन्द्र सिंह ने कर्मचारियों को विशेष अवकाश स्वीकृत कर दिया है।

फिलहाल अब एसोसिएशन में अध्यक्ष पद के लिए राम लखन सिंह और पुनीत कुमार सिंह ने नामांकन किया है। वहीं प्रदेश महामंत्री पद पर मनीष कुमार शुक्ला और पंकज यादव ने दावेदारी की। प्रदेश संयुक्त मंत्री द्वितीय पद पर धीरेन्द्र कुमार और चंद्र प्रकाश चौधरी ने नामांकन किया है।

इसके अलावा प्रदेश संगठन मंत्री पद पर मनीष यादव और आशीष कुमार यादव और प्रदेश कोषाध्यक्ष पद पर राम नरेश और अनिल कुमार मिश्र ने नामांकन किया है। बता दें कि नामांकन प्रक्रिया 13 जनवरी को हुई थी और मतदान 20 जनवरी को होगा। मतदान होने के बाद ही मतगणना कर पदाधिकारियों की घोषणा की जायेगी। ये हुए निर्विरोध घोषित : कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष मो. अली मक्की ने प्रदेश उपाध्यक्ष पद पर नामांकन किया है, उनके विरोध में कमलेश कुमार ने नामांकन किया था, जिन्होंने नामांकन वापस ले लिया। ऐसे में मो. अली मक्की निर्विरोध निर्वाचित हो गये। इसी तरह प्रदेश संयुक्त मंत्री प्रथम रामहेत यादव और प्रदेश सम्प्रेक्षक पद पर जितेन्द्र कुमार के विरोध में किये गये नामांकन वापस होने से ये प्रत्याशी भी निर्विरोध घोषित हो गये है। इससे पूर्व प्रदेश संयुक्त मंत्री (महिला) रानी खान, प्रदेश संगठन मंत्री (महिला) प्रियंका सिंह और प्रदेश सांस्कृतिक मंत्री पद पर नीतेश सिंह पर कोई नामांकन न होने से ये प्रत्याशी निर्विरोध चुने लिये गये थे।

संक्षेप

## देशी बम के साथ आरोपी गिरफ्तार

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने आरोपी को देशी बम के साथ हिरासत में लिये जाने मे सफलता ली है। लालगंज कोतवाली के दरोगा दीपक यादव बुधवार को फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। राजातारा जंगल के समीप एक संदिग्ध युवक पुलिस को देख भागने लगा। पुलिस ने उसे घर दबोचा। तलाशी लेने पर आरोपी लालगंज के असैनापुर निवासी बृजपाल वर्मा के पुत्र शैलेष वर्मा के पास से पुलिस ने तीन देशी बम बरामद किया। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ विस्फोटक पदार्थ अधिनियम का केस दर्ज किया। दोपहर बाद पुलिस ने आरोपी को जेल भेज दिया।

## दर्शन करने जम्मू गये युवक की हुई मौत

गगहा, गोरखपुर। गगहा क्षेत्र के बासुडीहा गांव निवासी संतोष यादव की जम्मू में माता वैष्णो देवी के दर्शन यात्रा के दौरान आकस्मिक निधन हो गया।पत्नी और पुत्र का रो- रो कर बुरा हाल है। घर पर संतोष यादव की एक लड़की और परिवार के अन्य सदस्यों के आँसू रूकने का नाम नहीं ले रहे है। जानकारी के मुताबिक, बासुडीहा गांव के संतोष यादव पुत्र पूर्णवासी यादव (उम्र 50 वर्ष) परिवार के साथ जम्मू के कटरा में माता वैष्णो देवी के दर्शन करने गए थे। परिवार के साथ दर्शन के लिये 14 जनवरी को सुबह उन्होंने यात्रा प्रारंभ की। मंदिर से लगभग 2 किमी की दूरी पर उन्हें कुछ समस्या महसूस हुई जब तक उनके परिवार के लोग समझते पाते तब तक उसकी मौत हो गई। वहां पर तैनात ट्रस्ट के चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया उनके साथ उनकी पत्नी प्रेमशीला यादव, एकलौता पुत्र अंकित यादव और उनके रिश्तेदार सुनील यादव एवं नीलम यादव भी गए है पत्नी और पुत्र का रो- रो कर बुरा हाल है। घर पर संतोष यादव की एक लड़की और परिवार के अन्य सदस्यों के आँसू रूकने का नाम नहीं ले रहे है। संतोष यादव के भाई श्रवण यादव के अनुसार कल तक जम्मू से शव गाँव पहुँचेगा।

# न हो किसी के साथ अन्याय : सीएम

## मुख्यमंत्री ने जनता दर्शन में 150 लोगों की सुनी समस्याएं



गोरखपुर। गोरखपुर प्रवास के दौरान मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बेहद सर्द मौसम में भी बुधवार सुबह गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन का आयोजन किया। उन्होंने जनता दर्शन में पहुंचे लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं और त्वरित व संतुष्टिपरक समाधान का भरोसा दिया। इस दौरान मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर व्यक्ति की समस्या का समाधान सुनिश्चित किया जाए, किसी के साथ भी नाइंसाफी नहीं होनी चाहिए। गोरखनाथ मंदिर में बुधवार सुबह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जनता दर्शन में करीब 150 लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनीं। सबके प्रार्थना पत्रों को संबंधित अधिकारियों को संदर्भित करते हुए त्वरित और संतुष्टिपरक निस्तारण का निर्देश देने के साथ लोगों को भरोसा दिलाया कि सरकार हर पीड़ित की समस्या का समाधान कराने के लिए दृढ़ संकल्पित है। जनता दर्शन का आयोजन मंदिर के महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सभागार में किया गया था। यहां कुर्सियों पर बैठाए गए लोगों तक मुख्यमंत्री खुद पहुंचे और एक-एक व्यक्ति से मिले।

मुख्यमंत्री के समक्ष जनता दर्शन में कई लोग इलाज के लिए आर्थिक सहायता की गुहार लेकर पहुंचे थे। सीएम योगी ने उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार इलाज के लिए भरपूर मदद करेगी। उनके प्रार्थना पत्रों को अधिकारियों को हस्तगत करते हुए मुख्यमंत्री ने निर्देश दिया कि इलाज से जुड़ी इस्टीमेट की प्रक्रिया को जल्द से जल्द पूर्ण करा कर शासन में उपलब्ध कराया जाए। राजस्व व पुलिस से जुड़े मामलों को उन्होंने पूरी पारदर्शिता व निष्पक्षता के साथ निस्तारित करने का निर्देश देते हुए कहा कि किसी के साथ भी अन्याय नहीं होना चाहिए। यदि कोई किसी की भूमि पर जबरन कब्जा कर रहा हो तो उसे कानून सम्मत सबक सिखाया जाए।

गोरखनाथ मंदिर में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की बुधवार सुबह की दिनचर्या परंपरागत रही। उन्होंने प्रातःकाल गोरखनाथ मंदिर में गुरु गोरखनाथ का दर्शन-पूजन किया और अपने गुरु ब्रह्मलीन महंत अवेद्यनाथ की समाधि स्थल पर जाकर मत्था टेका। इसके बाद वह मंदिर की गोशाला में पहुंचे और वहां कुछ समय व्यतीत किया। गोशाला में सीएम योगी ने चारों तरफ भ्रमण करते हुए गोवंश के रखरखाव की जानकारी ली। उन्होंने कई गोवंश खूब दुलारा और अपने हाथों से उन्हें गुड़ खिलाया।

# समर सता सम्मान से नवाजे गये वरिष्ठ अधिवक्ता

- अधिवक्ताओं ने समरसता की मजबूती पर दिया जोर



प्रतापगढ़। स्थानीय तहसील सभागार में बुधवार को समाजसेविका स्वगीर्या रामपती त्रिपाठी की पुण्यतिथि पर समरसता सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों ने स्वर्गीय रामपति त्रिपाठी के चित्र पर माल्यार्पण व दीप प्रज्ज्वलन कर किया। संयुक्त अधिवक्ता संघ द्वारा आयोजित कार्यक्रम में विधि के क्षेत्र में योगदान के लिए वरिष्ठ अधिवक्ताओं को सम्मानित किया गया। संघ के पूर्व अध्यक्ष एवं संयोजक अनिल त्रिपाठी महेश व रूरल बार एसोशिएसन के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने वरिष्ठ अधिवक्ता बेनी लाल शुक्ल, टीपी यादव, देवी प्रसाद मिश्र, मो. ईसा, केबी सिंह को अंगवस्त्रम तथा माल्यार्पण कर सम्मानित किया। कार्यक्रम की अध्यक्षता टीपी यादव व संचालन पूर्व अध्यक्ष विकास मिश्र ने किया। समारोह में महामंत्री सूर्यकांत निराला, अजय शुक्ल गुडडू, दिनेश सिंह, विपिन शुक्ल ने समरसता दिवस के महत्व पर प्रकाश डाला। अतिथियों का स्वागत वरिष्ठ उपाध्यक्ष विभाकर नाथ शुक्ल व आभार प्रदर्शन सत्येन्द्र श्रीवास्तव ने किया। इस मौके पर शैलेन्द्र मिश्र, दीपेन्द्र तिवारी, शिव प्रसाद यादव, घनश्याम मिश्र, शैलेन्द्र सिंह, प्रमोद सिंह, लाल विनोद प्रताप सिंह, लाल अंकित सिंह, धीरेन्द्र मिश्र, शहजाद अंसारी, विनोद शुक्ला, संजय सिंह, रामकिंकर शुक्ल, सुमित त्रिपाठी, अनूप पाण्डेय, सिंटू मिश्र, निरंजन पाण्डेय, आशीष तिवारी, आदित्य मिश्र, अनिल यादव, शेष त्रिपाठी, कुलदीप तिवारी, अनिल पाण्डेय, बीडी पटेल, मस्तराम पाल, शैलेन्द्र शुक्ल, घनश्याम सरोज आदि अधिवक्ता रहे।

## महिला की तहरीर पर चौरीचौरा पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के डुमरी खुर्द निवासिनी सुभागी देवी की तहरीर पर स्थानीय पुलिस चौरीचौरा ने धारा 191 दो, 115दो, 351दो, 351 तीन, 352 व 333 तथा 110 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है। सुभागी देवी ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि मंगलवार की रात 8:30 बजे मेरा पुत्र अखिलेश खाना खाकर घर के सामने रोड पर टहल रहा था तभी मेरे गांव के शैलेंद्र आया और पुराने विवाद को लेकर मेरे पुत्र से कहा कि तुम मुझे गाली दे रहे थे तो मेरे पुत्र ने पूछा कि कौन कहा है इतना सुनते ही उक्त व्यक्ति मेरे पुत्र को भद्दी भद्दी गालियां देने लगा। और जब मेरे पुत्र ने भी उक्त व्यक्ति को गाली दिया तो शोर सुनकर मैं वहां गई। और उसको अपने घर लेकर चली आई। इसी बात को लेकर कुछ समय बाद शैलेंद्र, जितेंद्र, चंदा ,प्रियंका, जितेंद्र का साला, जितेंद्र की सास, जितेंद्र के ससुर अन्य दो रिश्तेदार जो उनके घर पर पहले से मौजूद थे, सभी लोग गोल बंद होकर हाथ में लाठी डंडा रॉड लेकर मेरे घर में घुसकर ललकारते हुए मुझे मेरे पुत्र और मेरे परिवार के अन्य लोगों को मारपीट कर गंभीर रूप से घायल कर दिए। मेरे पति व दोनों पुत्र पुत्री को गंभीर रूप से घायल कर दिए। जिससे इनका सर फट गया। और खून से लथपथ होकर बेहोश हो गए हैं। मेरे बहू के हाथ व कमर में भी गंभीर चोटे आई हैं। हम लोग किसी तरह भाग कर अपना जान बचाई। सूचना पर पहुंची 112 नंबर पुलिस द्वारा मुझे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाएगा। जहां पर डॉक्टर ने हालत गंभीर देखते हुए प्राथमिक इलाज के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया है। वहां से मेरे पति व दोनों पुत्रों को बीआरडी मेडिकल कॉलेज गोरखपुर रेफर कर दिया गया है। जहां पर उनकी हालत नाजुक बनी हुई है। पुलिस तहरीर के आधार पर उपरोक्त सभी के खिलाफ 191 ( 2 ), 115 ( 2 ) 351 ( 2 ), 351( 3 ),352 ,333,110 के तहत मुकदमा दर्ज कर जांच पड़ताल कर रही है।

## धूमधाम से निकली कलश शोभा यात्रा, लगे जयकारे



प्रतापगढ़। श्रीमदभागवत कथा को लेकर बुधवार को पूरे बंशी में भव्य कलश यात्रा निकाली गयी। जिसमें सैकड़ो की संख्या में महिला पुरूष श्रद्धालु शामिल हुए। गाजे बाजे के साथ निकली कलश शोभा यात्रा कथा स्थल से ग्रामीण इलाके के विभिन्न मंदिरों से होते हुए पुनः कथास्थल पर समाप्त हुई। कथाव्यास आचार्य अतुल जी महराज के निर्देशन में कलश यात्रा में मौजूद श्रद्धालु राधे कृष्ण के जयघोष में भी रमे दिखे। कलश यात्रा में निकाली गयी झांकी आकर्षण का विशेष केन्द्र रही। मुख्य यजमान कुन्ती देवी पत्नी स्वर्गीय त्रिभुवन नाथ दुबे ने श्रद्धालुओं का स्वागत किया। संयोजक ज्योति प्रसाद दुबे ने सभी के प्रति आभार जताया। सह संयोजन कुलदीप दुबे व रामेन्द्र दुबे ने किया। कलश यात्रा कार्यक्रम का संचालन सुधीर मिश्र ने किया। इस मौके पर आशीष दुबे, धर्मेन्द्र दुबे, विकास तिवारी, महेन्द्र तिवारी, राकेश कुमार शुक्ल, रामेन्द्र प्रसाद तिवारी, आदर्श दुबे, आदित्य दुबे, गन्गेन्द्र प्रसाद तिवारी आदि मौजूद रहे।

## शिक्षक विधायक ने नगर पंचायत को सौंपी ट्रॉली ट्रांसफार्मर की सौगात, खुशी



प्रतापगढ़। नगर पंचायत को शासन द्वारा ट्राली ट्रांसफार्मर की सौगात मिली है। शिक्षक विधायक उमेश द्विवेदी ने बुधवार को स्थानीय विद्युत उपकेन्द्र पर आयोजित कार्यक्रम में नगर के लोगों को अठारह लाख रुपए की लागत से निर्मित चार सौ केवीए क्षमता का ट्राली ट्रांसफार्मर की सौगात सौंपी। उन्होनें कहा कि नगर पंचायत के वार्डो में अब अचानक ट्रांसफार्मर के जल उठने पर यह सुविधा तत्काल विद्युत आपूर्ति बहाल रखने में महत्वपूर्ण होगी। ट्राली ट्रांसफार्मर की सौगात को लेकर लोगों के चेहरे पर खुशी देखी गयी। कार्यक्रम की अध्यक्षता चेयरपर्सन प्रतिनिधि संतोष द्विवेदी व संचालन अवर अभियंता बसन्तलाल ने किया। इस मौके पर एमएलसी प्रतिनिधि अभिमन्यु सिंह, शिक्षक नेता बृजेश द्विवेदी, पूर्व सभासद छोटे मिश्र, शास्त्री सौरभ त्रिपाठी, सभासद सुरेश गुप्ता, मनीष मिश्र, ऋषि द्विवेदी, नागेश्वर द्विवेदी, लव तिवारी आदि रहे।

## सोनिया समेत दिग्गजों के साथ प्रमोद और मोना की मौजूदगी पर कार्यकर्ता हुए मगन



प्रतापगढ़। कांग्रेस पार्टी के नये राष्ट्रीय कार्यालय के उदघाटन समारोह में राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा क्षेत्रीय विधायक एवं कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की सहभागिता को लेकर बुधवार को यहां कांग्रेसियों के चेहरे खिले दिखे। कैम्प कार्यालय पर जुटे कार्यकताओं में नई दिल्ली में पार्टी के नये राष्ट्रीय कार्यालय के शुभारंभ को लेकर प्रसन्नता देखी गयी। वहीं कार्यकर्ता सोनिया गांधी तथा पार्टी अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के द्वारा उदघाटन के मौके पर विधायक आराधना मिश्रा मोना तथा राज्यसभा सांसद प्रमोद तिवारी की प्रभावी मौजूदगी को लेकर गदगद दिखे। ब्लाक कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष केडी मिश्र, प्रमुख अमित सिंह पंकज, सांगीपुर प्रमुख अशोक सिंह बबलू, ज्ञानप्रकाश शुक्ल, संतोष द्विवेदी, छोटे लाल सरोज, महमूद आलम, दयाराम वर्मा, दारा सिंह, शेरू खां, रामकृपाल पासी, दृगपाल यादव, लालजी यादव आदि ने सांसद प्रमोद तिवारी तथा विधायक मोना की सोनिया गांधी तथा राहुल गांधी व प्रियंका गांधी के साथ उदघाटन समारोह में मौजूदगी को कार्यकताओं की हौंसला आफजाई कहा है।

# महायोगी गोरखनाथ विवि में बनेगा एक हजार की क्षमता का गर्ल्स हॉस्टल



गोरखपुर। महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय में अध्ययनरत छात्राओं की सुविधा के लिए एक हजार की क्षमता का गर्ल्स हॉस्टल बनेगा। इसके निर्माण कार्य का भूमि पूजन बुधवार को विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. सुरिंदर सिंह और कुलसचिव डॉ. प्रदीप कुमार राव ने किया। वैदिक मंत्रोच्चार बीच भूमि पूजन करने के बाद कुलपति ने कहा कि महायोगी गोरखनाथ विश्वविद्यालय ने अपने कुलाधिपति एवं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के मार्गदर्शन में अकादमिक प्रगति के पथ पर तेजी से अग्रसर है। यहां का इंफ्रास्ट्रक्चर भी विश्व स्तरीय स्वरूप में विकसित हो रहा है। इसी क्रम में यहां एक हजार छात्राओं की आवासीय क्षमता वाले हॉस्टल का निर्माण किया जा रहा है। इस हॉस्टल के बन जाने से अधिकाधिक छात्राएं सुविधाजनक तरीके से आवासित होकर अपने अध्ययन कार्य को सुचारू ढंग से आगे बढ़ा पाएंगी। उन्होंने कहा कि इस विश्वविद्यालय में अकादमिक इंफ्रास्ट्रक्चर के अलावा 1475 सीट का आडिटोरिम बन कर तैयार है, इसका फिनिशिंग कार्य चल रहा है। इसके साथ ही 9500 की क्षमता का स्टेडियम भी बन रहा है। भूमि पूजन के अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सलाहकार एवं भारत सरकार के पूर्व औषधि महानियंत्रक डॉ. जीएन सिंह, आयुष विश्वविद्यालय गोरखपुर के कुलपति प्रो. एके सिंह, इंटरनेशनल राइस रिसर्च इंस्टीट्यूट के साउथ एशिया निदेशक डॉ. सुधांशु सिंह, बिरला ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के निदेशक डॉ. संजय माहेश्वरी, श्री गोरक्षनाथ मेडिकल कॉलेज हॉस्पिटल एंड रिसर्च सेंटर के प्राचार्य डॉ. अरविंद कुशवाहा, आशीष सिंह, योगेन्द्र कुमार आदि प्रमुख रूप से उपस्थित रहे।

# किसान दिवस में डीएम ने कृषकों की सुनीं समस्याएं

## जैविक खेती के लिए किसानों को किया जागरूक



बलरामपुर। कृषकों की शिकायतों समस्याओं का प्रमुखता के साथ निस्तारण एवं कृषि क्षेत्र में कृषकों के महत्वपूर्ण सुझाव प्राप्त किए जाने आदि के संबंध ने आयोजित किसान दिवस डीएम पवन अग्रवाल की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में संपन्न हुआ। इस दौरान डीएम ने उपस्थित कृषक बंधुओ के सुझाव तथा शिकायत एवं समस्याओं को ध्यानपूर्वक सुना तथा शिकायतों के समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण का निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिया। उन्होंने कृषक बंधुओ द्वारा कृषि क्षेत्र में दिए गए सुझाव को क्रियान्वित किए जाने हेतु कार्ययोजना बनाए जाने का निर्देश दिया। किसान दिवस में कृषक बंधुओ को जैविक खेती के विषय में संपूर्ण जानकारी प्रदान किए जाने हेतु विशेष रूप से कार्यशाला आयोजित किए जाने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि कृषि विभाग एवं कृषि से जुड़े विभाग योजनाओं का व्यापक प्रचार प्रसार करते हुए कृषकों को योजनाओं से जोड़े , जिससे उत्पादकता बढ़ाने के साथ-साथ कृषक की आय में वृद्धि आएं। इस दौरान उन्होंने किसान दिवस से अनुपस्थित मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी एवं भूमि संरक्षण अधिकारी को स्पष्टीकरण दिए जाने का निर्देश दिया। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु गुप्ता , परियोजना निदेशक डीआरडीए, जिला कृषि अधिकारी,उपनिदेशक कृषि, लीड बैंक मैनेजर,जिला कृषि अधिकारी,सहायक निदेशक मत्स्य व अन्य संबंधित अधिकारी / कर्मचारीगण उपस्थित रहें।

## वृन्दावन के जंगल में युवती का शव मिला

मथुरा। जनपद में पुलिस को वृन्दावन के धौरेरा गांव के जंगलक्षेत्र में एक युवती का शव मिला है। पुलिस ने आशंका जताई है कि यह लूटपाट एवं हत्या की वारदात हो सकती है। नगर पुलिस अधीक्षक अरविंद कुमार ने बताया कि कुछ बच्चों ने मंगलवार को पुलिस को धौरेरा गांव के जंगल में एक युवती के शव की जानकारी दी थी। मौके पर पहुंची पुलिस ने पाया कि युवती के गले में चोट के निशान हैं तथा उसके कान में ईयरबॅड्स लगे होने के बावजूद उसके पास पैसे और मोबाइल फोन नहीं मिला है। कुमार ने कहा कि इससे ऐसा लगता है कि युवती को लूटने के बाद उसकी हत्या कर दी गई है, लेकिन सही जानकारी उसकी पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट आने के बाद ही पता चल सकेगी। पुलिस अधीक्षक के मुताबकि, इस कोण से भी जांच की जाएगी कि कहीं युवती के साथ दुष्कर्म तो नहीं हुआ है। उन्होंने बताया कि मृतका की आयु 30 वर्ष के करीब प्रतीत हो रही है। शव के पास बड़ा थैला मिला है, जिसमें नई चूड़ियां रखीं थीं। इससे प्रतीत हो रहा है कि महिला वृन्दावन में चूड़ी बेचने का कार्य करती थी। इसमें कंबल एवं कपड़े भी रखे थे। फिलहाल मृतका की शिनाख्त नहीं हो पाई है। शव को पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है और उसकी शिनाख्त के प्रयास किए जा रहे हैं।

## चंदा देवी की तहरीर पर पुलिस ने दर्ज किया मुकदमा

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरी चौरा थाना क्षेत्र के फुलवरिया निवासिनी चंदा देवी की तहरीर पर स्थानीय पुलिस चौरीचौरा ने धारा 115दो, 351दो, 351तीन तथा 352 के तहत मुकदमा दर्ज कर मामले की छानबीन में जुटी है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मूसेपुर विकास खण्ड धौरहरा जिला-खीरी**

**पत्रांक मेमो/निविदा सूचना प्रकाशन/वर्ष 2024-25** **दिनांक-15/01/2025**

**अल्पकालीन निविदा**

मनरेगा योजना के अन्तर्गत ग्राम पंचायत मूसेपुर के कार्यालय में वित्तीय वर्ष 2024-25 में निम्न निर्माण हेतु पी.डब्लू.डी. की दरों पर केवल सामग्री आपूर्ति हेतु पंजीकृत स्थानीय फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग में पंजीकृत हो से मोहर बन्द निविदा दिनांक 22.01.2025 अपरान्ह 02:00 बजे तक आमंत्रित की जाती है।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सामग्री का नाम मात्रा | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | बालू | प्रथम श्रेणी ईटा | रोड़ा 40 एम.एम. | इण्टरलाकिंग टायल्स | सीमेन्ट बैग | मौरंग |
| 1 | हरेराम के घर से मोहन के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 14.72 घन मी. | 7713 नग | 29.44 घन मी. | 10902 नग | 110 बैग | 5.3 घन मी. |
| 2 | सहाबू के घर से सरोज पाड़े के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 11.72 घन मी. | 5713 नग | 23.44 घन मी. | 8837 नग | 85 बैग | 3.93 घन मी. |
| 3 | काशीराम के घर से अशोक के घर तक इण्टरलाकिंग निर्माण कार्य। | 14.76 घन मी. | 6856 नग | 29.51 घन मी. | 11252 नग | 105 बैग | 4.71 घन मी. |

**नियम शर्तें:-**

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत मूसेपुर के कार्यालय में 16.01.2025 से 22.01.2025 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02:00 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत मूसेपुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 16.01.2025 से दिनांक 22.01.2025 को समय 02:00 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत मूसेपुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 22.01.2025 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनरूप सामगी उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

**मुन्ना लाल**
**ग्राम प्रधान**
**ग्राम पंचायत मूसेपुर**
**विकास खण्ड धौरहरा**

**राममिलन**
**ग्रा.पं.वि. अधिकारी**
**ग्राम पंचायत मूसेपुर**
**विकास खण्ड धौरहरा**

# साइबर अपराध का खुलासा, चार आरोपी गिरफ्तार



बलरामपुर। पुलिस द्वारा चार शातिर साइबर अपराधियों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त किया है। प्राप्त सूचना के अनुसार शिवदत्त द्विवेदी पुत्र कृष्ण बिहारी द्विवेदी नि0 सिविल लाइन को0 नगर बलरामपुर द्वारा थाना को0 देहात पर इस बावत सूचना दिया कि दिनांक 30दिसम्बर को रात्रि 01 बजकर 36 मिनट पर एक स्वीफ्ट कार 824248 के वाहन चालक व अन्य 02 व्यक्तियों द्वारा 3189 रु0 का पेट्रोल भराकर फर्जी पेमेंट का कूटरचित मैसेज भेजकर धोखा दिया गया, इस तहरीरी सूचना के आधार पर थाना को0 देहात पर मुअसं 14/25 धारा बनाम 03 अज्ञात व्यक्ति पंजीकृत किया गया था। इसी प्रकार की घटना विकास गुप्ता पुत्र शिव कुमार गुप्ता नि0 सुभाषनगर उतरौला बलरामपुर के साथ भी घटित हुई जिसमें एक कार 324218 में सवार 04 लोगों में से एक व्यक्ति जैकेट खरीदने आए और उसने 03 तीन जैकेट लिया जिसकी कुल कीमत 2000 रुपये थी जिसका भुगतान क्यूआर कोड के माध्यम से फोन पे ऐप से देने को बोला और 2000 रुपये का फर्जी पेमेंट का स्क्रीनशॉट दिखाया परन्तु पैसा नहीं आया, जिसके संबंध में थाना को0 उतरौला पर 04 अज्ञात व्यक्ति पंजीकृत किया गया था। इसी प्रकार की घटना महेश पासवान पुत्र मोतीलाल पासवान निवासी नई बस्ती थाना ललिया बलरामपुर के साथ भी घटित हुई थी जिसमें 03 अज्ञात व्यक्ति स्विफ्ट कार 82ए4248 से दुकान पर आये और ल्यूमिनस बैटरी 14000 रुपये का खरीदकर गाड़ी में रख लिये और उन्होने अपने मोबाइल में फर्जी पेमेंट का मैसेज दिखाया और चले गये परन्तु पैसा नही आया जिसके संबंध में थाना ललिया पर 03 अज्ञात व्यक्ति पंजीकृत किया गया था। पुलिस अधीक्षक विकास कुमार द्वारा जनपद बलरामपुर में हुई इस प्रकार की साइबर ठगी की घटनाओं का सफल अनावरण कर अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही किये जाने हेतु दिये गये सख्त निर्देश के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी श्रीमती नम्रिता श्रीवास्तव व क्षेत्राधिकारी नगर बृजनन्दन राय के पर्यवेक्षण में प्रभारी निरीक्षक को0 देहात दुर्गेश कुमार सिंह मय एसओजी व सर्विलांस टीम द्वारा थाना को0 देहात पर पंजीकृत आई0टी0 एक्ट से संबंधित अभियुक्तगण चन्द्र प्रकाश यादव उर्फ राजन यादव पुत्र श्याम मनोहर यादव नि0 ग्राम सोनपुर धुतकहवा थाना तुलसीपुर पंकज यादव पुत्र रमाशंकर यादव नि0 ग्राम रमनगरा थाना गौरा चौराह .प्रियांशु गुप्ता पुत्र महेश चन्द्र गुप्ता नि0 देवीपाटन थाना तुलसीपुर . राजेश श्रीवास्तव पुत्र स्व0 अमरेश बहादुर श्रीवास्तव नि0 ग्राम अगरहवा थाना को0देहात को फुलवरिया बाइपास रोड के नरकटिया मोड़ के पास से गिरफ्तार किया गया। अभि0 चन्द्र प्रकाश यादव के पास से एक अदद पिस्टल मय 02 अदद जिंदा कारतूस 32 बोर तथा अभि0 पंकज यादव के पास से एक अदद कट्टा मय एक अदद जिंदा कारतूस 312 बोर बरामद किया गया जिसके सम्बन्ध थाना को0देहात मे क्रमशः पंजिकृत कर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुये अभियुक्त को न्यायालय रवाना कि किया जा रहा है। अभि0गण से पूछताछ की गयी तो राजन यादव ने बताया कि मैं, प्रियांशु गुप्ता, राजेश श्रीवास्तव व इरशाद नि0 तुलसीपुर बलरामपुर के साथ मिलकर प्रियांशु गुप्ता व इरशाद के मोबाइल से फेक फोन पे ऐप के माध्यम से दुकान व पेट्रोल पंप से खरीददारी करते हैं और उसी मोबाइल के फेक फोन पे ऐप के माध्यम से भुगतान का फर्जी संदेश दिखाकर हम लोग भाग जाते हैं, जबकि वास्तविकता में भुगतान नही होता है तथा कार के नंबर पर काले रंग वाले टेप को चिपका कर असली नंबर छिपाकर फर्जी नंबर बना देते है, इसी प्रकार से हम लोगो ने उपरोक्त समस्त घटनाओं को कारित किया गया है।

## कबीर मठ की झोपड़ी जली, सारा सामान जलकर हुआ राख

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के पोखरभिंडा गांव के पास मझने नाला के किनारे स्थित कबीर मठ की झोपड़ी में बुधवार की सुबह धुंई की आग से अचानक आग लग गई। जिससे झोपड़ी में रखा कबीर पंथी महात्माओं के खाने पीने के सामान व कपड़े सब जल कर राख हो गए। घटना की जानकारी देते हुए कबीर मठ के महात्मा सुर्यनारायण यादव ने बताया कि सुबह पांच बजे के लगभग हम दो तीन महात्मा झोपड़ी में धुनी के पास बैठकर आग ताप रहे थे।

**उ0प्र0 राज्य विद्युत उत्पादन निगम लि0**
**अनपरा तापीय परियोजना**

**ई–निविदा आमंत्रण सूचना**

1. **ई–निविदा संख्याः N-ANP/D/BMD2/6000007146,** 2x500 मे0वा0, 'द' तापीय परियोजना की इकाई संख्या–07 की एक्स आर पी 1003 बाउल मिल 7D के डैमेज गियर बाक्स (के.एम.पी. 300) के dismantling/removal, एवं नये गियर बाक्स का installation एवं commissioning के कार्य हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है, जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **13.01.2025** को प्रकाशित किया गया। **अनुमानित लागतः रू0 4,20,000.00, अवधिः 15 दिन। धरोहर राशिः रू0 8400.00, ऑनलाइन निविदा भरने की अन्तिम तिथि दिनांकः 18.01.2025 (16:00 बजे)।**
2. **अल्पकालीन ई–निविदा संख्याः 149/PD-II/ABTPS/CF-568/2024-25,** Supply of poly aluminum chloride." हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है, जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **10.01.2025** को प्रकाशित किया गया। **अनुमानित लागतः रू0 9,85,500.00, धरोहर राशिः रू0 10,000.00, ऑनलाइन निविदा भरने की अन्तिम तिथि दिनांकः 25.01.2025 (16:00 बजे)।**
3. **ई–निविदा संख्याः 126 / क्र0खं0–1 / दताप / 2024–25,** अनपरा 'द' तापीय परियोजना के लिए Hydrastep spares की आपूर्ति हेतु ई–निविदा आमंत्रित की गयी है, जिसे **http://etender.up.nic.in** पर दिनांकः **11.01.2025 को प्रकाशित किया गया। अनुमानित लागतः रू0 12,42,200.00, धरोहर राशिः रू0 15,000.00, ऑनलाइन निविदा भरने की अन्तिम तिथि दिनांकः 03.02.2025 (16:00 बजे)।**

कार्य / आपूर्ति की कुल मात्रा, निविदा विशिष्टिकरण व अन्य नियम एंव शर्तें ई–निविदा पोर्टल पर उपलब्ध है। सम्बन्धित अधिकारी को बिना कारण बताये निविदा निरस्त करने का अधिकार होगा।

निर्धारित तिथि के विस्तार तथा शुद्धि पत्र से सम्बन्धित सूचना यदि कोई होगी तो केवल वेबसाईट पर डाली जायेगी अतः स्वयं को अपडेट रखने के लिए उपरोक्त वेबसाइट को नियमित देखते रहना चाहिए।

पत्रांक : 2613 / मु0अभि0(स्तर–1) / अ0ता0प0 / कला अनु0 दिनांकः 15 / 01 / 2025

"राष्ट्रहित में बिजली बचायें"

संक्षेप

## दुधवा टाइगर रिजर्व के मुख्य वन संरक्षक बने डॉ एच राजा मोहन




पलियाकलां-खीरी। डॉ. एच राजा मोहन, भावसे. द्वारा मुख्य वन संरक्षक एवं फील्ड डायरेक्टर दुधवा टाइगर रिजर्व लखीमपुर खीरी के पद का कार्यभार ग्रहण किया गया। नए मुख्य वन संरक्षक के कार्यभार ग्रहणकरने से क्षेत्र के लोगों ने आशा व्यक्त की है कि दुधवा टाइगर रिजर्व जल्दी ही प्रगति की ओर बढ़ेगा।

## नगर कीर्तन यात्रा की ग्राम वासियों ने की सेवा

धौरहरा खीरी। गुरु गोविन्द सिंह साहिब के प्रकाश पर्व पर टॉपर पुरवा पहुँची नगर कीर्तन का ग्रामवासियो ने की सेवा। बुधवार को गुरु गोविन्द सिंह साहिब जी के प्रकाश पर्व पर नगर कीर्तन यात्रा निघासन से चल कर टॉपरपुरवा पहुँची जहाँ पर ग्रामवासियो ने मिल कर सेवा की। इस दौरान समस्त ग्राम वासी मौजूद रहे।

## चुनावी रंजिश में मारपीट में एक जख्मी

मोहम्मदी खीरी। कोतवाली के रेहरिया चौकी क्षेत्र मे गांव लखा के एक व्यक्ति ने पंचायत चुनाव की रंजिश को लेकर दबंगों पर घर में घुसकर गाली गलौज कर मारपीट करते हुए फायर करने का आरोप लगाया है। पुलिस ने मामले में सभी नामित आरोपियों के खिलाफ केस दर्ज कर लिया है। गांव लखा निवासी सतनाम सिंह ने पुलिस को सूचना देकर बताया मंगलवार की रात करीब9 बजे गांव के गुरमीत सिंह, हरमन सिंह, सुरेंद्र सिंह और मुझहा निवासी सोनू सिंह बिना नंबर की थार गाड़ी से आकर दरवाजे पर पहुंच कर गाली गलौज करने लगे पीड़ित के विरोध करने पर सभी ने एक राय होकर घर में घुसकर लाठी डंडों से हमला बोल दिया जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल होने लगा पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने सभी नामित आरोपियों के खिलाफ संगीन धाराओं में केस दर्ज कर लिया है। मामले की विवेचना चौकी चार्ज हिमांशु आनंद सिंह को सौंपी है।

## खोखे में लगी आग हजारों का नुकसान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) लखीमपुर रोड पर ब्लॉक गेट के पास एक खोखे में आग लग गई। जिससे अफरातफरी मच गई। जब तक दमकल विभाग की टीम पहुंची तब तक सब राख हो चुका था।

बुधवार को दोपहर लखीमपुर रोड पर ब्लाक कार्यालय गेट के पास मामा मैजिक रिपेयरिंग वालों की दुकान में एकाएक आग लग गई। देखते ही देखते अपने विकराल रूप ले लिया लोगों ने इसकी सूचना दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग की टीम जब तक मौके पर पहुंची तब तक सब कुछ राख हो चुका था। गनीमत रही कि आग से आसपास की दुकानों को नुकसान नहीं पहुंचा। आग लगने का कारण ज्ञात नहीं हो सका। समेत हजारों का नुकसान हुआ है। शहर में साप्ताहिक बंदी बुधवार के कारण दुकान बंद थी।

## एफआरसीटी के रिजवान अध्यक्ष व धर्मेन्द्र बने मंत्री

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) फास्ट रिलीफ चैरिटेबल टीम द्वारा लखीमपुर इकाई का मनोनयन किया गया। जिसमें रिजवान अली जिलाध्यक्ष, धर्मेन्द्र कुमार महामंत्री, रावेन्द्र कुमार वर्मा कोषाध्यक्ष, रमाकांत चैधरी प्रवक्ता, मो० सुहेल उपाध्यक्ष, अनीत वर्मा को जिला संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई। फास्ट रिलीफ चैरिटेबल टीम प्रदेश स्तर सरकारी व संविदा कर्मचारी, प्राइवेट नौकरी करने वाले समस्त कर्मचारी, शिक्षक, क्लर्क चपरासी, नर्स, डॉक्टर इंजीनियर, मीडियाकर्मी, एडवोकेट, व्यवसाई, किसान, गृहिणी, छात्र को वेबसाइट पर रजिस्ट्रेशन कराकर सदस्य बनाया जा रहा है। किसी वैधानिक सदस्य के निधन होने पर एफ०आर०सी०टी० से जुड़े हुए शेष अन्य सभी सदस्य निर्धारित न्यूनतम धनराशि 20 रुपए या 50 रुपए सीधे दिवंगत सदस्य के नॉमिनी के बैंक खाते में आर्थिक सहयोग भेजी जाती है। आर्थिक सहयोग भेजकर वेबसाइट पर ट्रांजेक्शन नंबर भरते हुए ट्रांजेक्शन स्क्रीन शॉट अपलोड करना अनिवार्य है। टीम ने दिवंगत सदस्य के परिवार को 50 लाख रुपए तक का आर्थिक मदद करने का लक्ष्य बनाया है।

# गन्ना वाहनों में न होने पाए ओवरहाइट : डीएम

## ओवर लोडिंग रोकने को डीएम ने गठित की 9 टीमें



लखीमपुर खीरी। जिले में ओवरहाइट, ओवरवेट गन्ना परिवहन पर शिकंजा कसने को प्रशासन ने कमर कस ली। गन्ना परिवहन में ओवर हाइट, ओवरवेट पर पूर्णतया अंकुश लगाने के उद्देश्य से डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल और एसपी संकल्प शर्मा ने कलेक्ट्रेट में संबंधित जिम्मेदार अफसरो संग जरूरी बैठक कर रणनीति तय की और कई महत्वपूर्ण निर्णय भी लिए।

बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम-एसपी ने चीनी मिलवार कुल 09 टीमें गठित की, जो चीनी मिलों के गेट पर तैनात रहकर ओवरहाइट और ओवरवेट ट्रकों की जांच करेगी, दोषी पाए जाने पर संबंधित वाहनों को सीज करने और जुमार्ना लगाने की कार्यवाही करेगी। इन टीमों में परिवहन, पुलिस और गन्ना महकमें के जिम्मेदार अफसर शामिल रहेंगे। बैठक में तय हुआ कि प्रत्येक चीनी मिल को अपने और ट्रांसपोर्टर की ओर से यह अंडरटेकिंग देनी होगी कि ओवरहाइट और ओवरलोड गन्ना पकड़े जाने पर चीनी मिल के अध्याशी जिम्मेदार होंगे, जिस पर विधिक कार्यवाही की जाए।

### जिले में कैंपकर गठित टीमों संग कड़ी कार्यवाही करें सहायक चीनी आयुक्त : डीएम

डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने डीसीओ वेद प्रकाश सिंह को किसी भी सूरत में गन्ना वाहनों में ओवरलोडिग न होने और सभी गन्ना क्रय केंद्रों पर गन्ना ढोने वाले वाहनों पर पीछे रिफ्लेक्टर लगाने के निर्देश दिए। डीएम ने निर्देश दिए कि सहायक चीनी आयुक्त जिले में कैंप करेंगे और भ्रमणशील रहकर जिले में सभी गठित टीमों संग दोषियों के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही सुनिश्चित करते हुए ओवरहाइट, ओवरलोडिंग करने वालों पर लगाम व रिफ्लेक्टर लगाएंगे। बैठक में मुख्य रूप से एआरटीओ (प्रवर्तन और प्रशासन) अखिलेश कुमार द्विवेदी, जिला गन्ना अधिकारी वेद प्रकाश सिंह, पुलिस क्षेत्राधिकार ट्रैफिक रमेश कुमार तिवारी मौजूद रहे।

### नो हेलमेट, नो पेट्रोल की व्यवस्था 26 से पूरे जिले में होगी लागू

सड़क सुरक्षा को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से खीरी जिले में 26 जनवरी से नो हेलमेट, नो पेट्रोल की व्यवस्था लागू हो जाएगी। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने व्यवस्था को धरातल पर लागू करने के लिए संबंधित अधिकारियों को जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए हैं। वही बिना रिफ्लेक्टर लगे चार पहिया वाहनो को भी डीजल-पेट्रोल नहीं मिलेगा। पंप स्वामी अपने पंप पर रिफ्लेक्टर की व्यवस्था और उपलब्धता सुनिश्चित करते हुए निदेर्शों का शत प्रतिशत अनुपालन सुनिश्चित कराए।

## ऋषि मंगल महाजन के निधन पर हुई शोक सभा

पलिया कलां खीरी। नगर के बलदेव वैदिक विद्यालय इंटर कॉलेज में पलिया नगर के निवासी ऋषि मंगल महाजन के निधन पर एक शोक सभा हुई। शोक सभा में विद्यालय का स्टाफ छात्र-छात्राएं भी शामिल हुए। प्रबंध समिति ने उनके निधन पर बहुत गहरा दुख व्यक्त किया है प्रबंधक राजेश भारतीय अस्वस्थ होने के कारण बाहर है इसलिए वह शोक सभा में शामिल नहीं हो सके। शोक सभा में उनके निधन पर दुख व्यक्त करने वालों में प्रधानाचार्य डोरी लाल भार्गव, प्रशांत मिश्रा, मनीष सहगल, तेज सिंह यादव, नफीस अहमद अंसारी, अमित शुक्ला, मनीष कुमार सिंह, बाबू चंद्रशेखर सहित अन्य लोग भी शामिल हुए। प्रबंध समिति ने कहा की ऋषि मंगल महाजन विद्यालय के कार्यों के लिए हमेशा हितैषी रहे उनके सहयोग से स्कूल के छात्र-छात्राएं शाइंन सिटी, घाघरा बैराज आदि देख सके थे। उनके निधन पर हम और हमारा विद्यालय परिवार बहुत अधिक शोक ग्रस्त है।

## महिला आयोग की सदस्य ने किया जिला कारागार का निरीक्षण

शाहजहांपुर/ जेल में राज्य महिला आयोग की सदस्या सुजीता कुमारी ने बुधवार को जिला कारागार शाहजहांपुर में महिला बैरक का निरीक्षण किया गया। सर्वप्रथम उनके द्वारा यह जानने की अपेक्षा की गई कि महिला बैरक में निरुद्ध महिला बंदियों को कैसे रखा जाता है एवं उन्हें क्या-क्या सुविधा उपलब्ध कराई जाती हैं तथा उनके कौशल विकास और भविष्य निर्माण के लिए उन्हें क्या-क्या सिखाया जाता है निरीक्षण के दौरान जिला कारागार अधीक्षक ने अवगत कराया गया की महिला बैंरग में सभी महिला बंदियों को पौष्टिक एवं उच्च गुणवत्ता का भोजन उपलब्ध कराया जाता है उनके स्वास्थ्य को लेकर के बहुत सतर्कता बरती जाती है और नियमित रूप से डॉक्टर का और विशेष रूप से महिला डॉक्टर का विजिट कराया जाता है। उनके पहनने आदि के लिए सभी सामान उपलब्ध कराए जाते हैं जो महिला बंदी गरीबी के कारण या अन्य कारणों से अपने घर से सामान नहीं मांगा पाती हैं उन्हें स्वयं सेवी संगठनों एवं व्यापारिक संगठनों के सहयोग से सभी सामग्री उपलब्ध कराई जाती है जिसमें साड़ी, सूट, जूते चप्पल अंडर गारमेंट्स, स्वेटर, जैकेट, शाल, हाइजीन किट एवं कॉस्मेटिक किट तथा सैनिटेशन नैपकिन आदि शामिल है।

## डॉ.पुनीत मनीषी को लखनऊ में मिला यूपी अचीवर अवार्ड



शाहजहांपुर /15 जनवरी। डी. डॉल्फिन संस्था लखनऊ ने प्रतिष्ठित समाजसेवी सेवानिवृत्ति डीजीपी के. के. बंसल, बॉलीवुड एक्टर अजहर मिर्जा, सीनियर प्रोफेसर इंडियन रेलवे इंस्टिट्यूट इंस्टिट्यूट ऑफ ट्रैफिक मैनेजमेंट गौरव बंसल, अध्यक्ष वैश्य महासभा डॉ. बीना बंसल वैश्य, माफता एनजीओ के निदेशक रजनी गुप्ता व डी. डॉल्फिन संस्था के निदेशक नितेश श्री हरे ने मनीषी ताइक्वांडो वेलफेयर एसोसिएशन उ.प्र. के महासचिव अंतरराष्ट्रीय ग्रैंडमास्टर डॉ पुनीत मनीषी को यू.पी. अचीवर अवार्ड 2025 से होटल एक्स लखनऊ के सभागार में सम्मानित किया। इस अवसर पर डॉ पुनीत मनीषी ने आयोजकों के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हुए कहा कि इस अवार्ड के मिलने से उनके संगठन में एक नवीन स्फूर्ति और आशा का संचार हुआ है और अधिक ऊर्जा के साथ समाज की सेवा करने में गति आएगी। इसके साथ ही अन्य लोगों को अच्छा कार्य करने की प्रेरणा भी मिलेगी ताकि वह भी अवार्ड हासिल कर सकें। अवार्ड के मिलने पर संगठन के सचिव डॉक्टर गौरव कौशल, संरक्षक ओंकार मनीषी, मोहम्मद इरफान, अविका, नेहा मनीषी, उर्वशी श्रीवास्तव, कोच युवराज रस्तोगी, जितेंद्र वर्मा, अजय सिंह भंडारी, सहयोग संस्था के संरक्षक एड.शाहनवाज खान, प्रधान अनिल गुप्ता, शिवम वर्मा व ताइक्वांडो के समस्त छात्र-छात्राओं ने शुभकामनाएं देते हुए हर्ष व्यक्त किया।

## मिल्कीपुर विधानसभा में नामांकन सभा को सम्बोधित करेंगे भाजपा प्रदेश अध्यक्ष

### मिल्कीपुर पेट्रोल पम्प के बगल आज होगी नामांकन सभा

अयोध्या। मिल्कीपुर उपचुनाव को लेकर भाजपा नामांकन सभा का आयोजन करेगी। गुरुवार को प्रातः दस बजे विधानसभा क्षेत्र के मिल्कीपुर पेट्रोल पम्प के बगल मैदान में सभा को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चैधरी सम्बोधित करेंगे। प्रदेश सरकार के सात मंत्रियों की नामांकन सभा में मौजूदगी रहेगी। मिल्कीपुर के भाजपा प्रत्याशी चन्द्रभानु पासवान के गुरुवार को होने वाले नामांकन को लेकर भाजपा ने तैयारियां पूरी कर ली है। नामांकन सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए कार्यकताओं को जिम्मेदारी सौंपी गई है। विधानसभा के हर क्षेत्र व बाजारो से लोगों को सभा के लिए आमंत्रित किया गया है। चुनाव संचालन समिति ने अपनी सक्रियता बढ़ा दी है। लगातार पार्टी के पदाधिकारी बैठकें करके चुनाव को लेकर रणनीति बना रहे है। जिले के पदाधिकारियों को चुनाव को लेकर विशेष जिम्मेदारियां सौपी गई है। जिलाध्यक्ष संजीव सिंह ने बताया कि नामांकन सभा को ऐतिहासिक बनाने के लिए पदाधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है। चुनाव को लेकर जनता इस बार भाजपा के प्रति उत्साहित नजर आ रही है। बूथ स्तर पर पदाधिकारियों सम्पर्क व संवाद शुरू कर दिया है। छोटे-छोटे ग्रुपों में पदाधिकारी बैठकें करके चुनाव की समीक्षा कर रहे है।

## खीरी में मनाया गया पूर्व सैनिक दिवस



लखीमपुर खीरी। जिला प्रशासन के तत्वावधान में उत्साह, उल्लास, उमंग से जिले में ₹सशस्त्र बल पूर्व सैनिक दिवस₹ मनाया गया। जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास दफ्तर में आयोजित कार्यक्रम में डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद संग वीरनारी शांति रावत और शहीद आश्रित नवाब अली को स्मृति चिन्ह एवं शाल भेंट कर सम्मानित किया। इससे पूर्व शहीद स्मारक पर डीएम ने देश की सुरक्षा की खातिर शहीद हुए कारगिल शहीदों को पुष्प चढ़ाकर नमन किया। डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल ने भारतीय सशस्त्र बल वेटरन दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप सभी पूर्व सैनिक देश के लिए प्रेरणा हैं। पूरे देश को आप पर गर्व है।₹ उन्होंने भारतीय सशस्त्र बल सैनिकों के राष्ट्र निर्माण व इसकी रक्षा में उनके अमूल्य योगदान को विस्तार से रेखांकित किया। देश के लिए अपना सब कुछ न्योछावर करने वाले वीर योद्धाओं की वीरांगनाओं को देखकर मन में वीरता और गर्व की अनुभूति हो रही है। वीरांगनाओं का राष्ट्र निर्माण के लिए जो समर्पण है, उसे कभी भुलाया नहीं जा सकता। डीएम ने कहा कि पूर्व सैनिक दिवस 14 जनवरी, 2017 से मनाया जा रहा है। यह दिन सेवानिवृत्त, सेवारतजनों, देश के बीच सौहार्द सुनिश्चित करने के उद्देश्य से उन नायकों को प्रतिबिंबित करने, स्मरण करने तथा उनका सम्मान करने के लिए समर्पित है, जिन्होंने अपना सर्वोच्च बलिदान दिया है और निस्वार्थ भाव से देश की सेवा की है। जिला सैनिक कल्याण पुनर्वास अधिकारी विंग कमांडर धनंजय प्रसाद ने बताया कि भारतीय सेना के पहले कमांडर-इन-चीफ फील्ड मार्शल केएम करियप्पा ओबीई वर्ष 1953 में इसी दिन सेवानिवृत्त हुए थे। उनके द्वारा प्रदान की सेवाओं का स्मरण करने, उन्हें सम्मान देने के उद्देश्य से पूर्व सैनिक दिवस मनाया जाता है।

## 19 से 22 जनवरी तक मनाया जायेगा अमर बलिदानी ठाकुर रोशन सिंह का जन्मोत्सव

शाहजहांपुर/ जिलाधिकारी धर्मेंद्र प्रताप सिंह की अध्यक्षता में अमर बलिदानी ठा0 रोशन सिंह का जन्मोत्सव मनाये जाने के संबंध में कलेक्ट्रेट कक्ष में बैठक आयोजित की गई। अमर बलिदानी ठा0 रोशन सिंह जन्मोत्सव उनके पैतृक गांव नवादा दरोबस्त में 19 से 22 जनवरी तक मनाया जाएगा जिसमें विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जाएगी। जिलाधिकारी ने संबंधित सभी अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी विभाग बढ़ चढ़ कर जन्मोत्सव में भागीदारी करें।

## सीनियर सिटीजन क्लब का हुआ शपथ ग्रहण समारोह



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) सीनियर सिटीजन क्लब का शपथ ग्रहण समारोह पूर्व सांसद रविप्रकाश वर्मा की अध्यक्षता में किया गया। जिसमें सभी पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। कृषक समाज इंटर कॉलेज के गोवर्धन हाल में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि डिप्टी सीएमओ डॉ0 प्रमोद कुमार वर्मा, विशिष्ट अतिथि केन ग्रोवर्स नेहरू डिग्री कॉलेज के पूर्व प्रो0 रामावतार विश्वकर्मा ने दीप प्रज्ज्वलित कर किया। इसके उपरान्त मुख्य अतिथि ने सिटीजन क्लब के अध्यक्ष डॉ0 एल.आर वर्मा, सचिव डॉ0 रविंद्रनाथ वर्मा, प्रधान सचिव डॉ0 सूर्य प्रकाश सिंह, सदस्य कृष्ण गोपाल त्रिवेदी, वेद प्रकाश गुप्ता, नवीन चंद्र वर्मा, रणवीर सिंह, रामजी गुप्ता, मथुरा प्रसाद आदि को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई गई। उन्होंने कहा सिटीजन क्लब को चिकित्सा के क्षेत्र में जब भी आवश्यकता पडेगी तो वह हर सम्भव सहायता उपलब्ध कराने के लिए प्रयासरत रहेगें। विशिष्ट पूर्व प्रो0 रामावतार विश्वकर्मा ने कहा सदैव ऊजार्वान बने रहने के लिए समय का विशेष ध्यान रखने की जरूरत है, हम सभी को मॉर्निंग वॉक के साथ खान-पान का भी ध्यान रखना होगा। जिससे हमेशा एक नई ताकत और नई ऊर्जा मिलती रहेगी। सचिव डॉ0 रविंद्र नाथ वर्मा ने कहा मन को साफ रखें तथा सत्य के मार्ग पर चलें सदैव खुश रहे और दूसरों का सहयोग करते रहे। किसी प्रकार की कोई ईर्ष्या दोष मन में ना लाए। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 सूर्य प्रकाश वर्मा ने और आभार डॉ0 आर.एल वर्मा ने व्यक्त किया।

# चिल्लूपार में अनूठा मित्र महाकुम्भ आयोजित

## पुष्प वर्षा कर केंद्रीय मंत्री व विधायक ने किया मित्रों का स्वागत-अभिनंदन




गोरखपुर। चिल्लूपार के विधायक व पूर्व मंत्री राजेश त्रिपाठी द्वारा अपने शुभेच्छु मित्रों के सम्मान में प्रति वर्ष मनाया जाने वाला मित्र मिलन समारोह व खिचड़ी सहभोज को इस बार प्रयागराज में चल रहे महाकुम्भ 2025 को समर्पित करते हुये मित्र महाकुम्भ के रूप में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। जहां केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान व विधायक राजेश त्रिपाठी ने मित्रों पर पुष्प वर्षा कर उनका भव्य स्वागत-अभिनंदन किया। तो वहीं मित्र माकुण्भ में जुटे मित्रों ने भी एक खुशनुमा माहौल में एक-दूसरे से मिले और गुड़ तिल के साथ खिचड़ी सहभोज का जमकर आनन्द उठाया। बुधवार को राजकीय होम्योपैथी मेडिकल कालेज के आडिटोरियम में चिल्लूपार मित्र महाकुम्भ एवं खिचड़ी सहभोज का आयोजन किया गया। जिसे भव्यता प्रदान करते हुए केन्द्रीय ग्रामीण विकास राज्यमंत्री कमलेश पासवान ने मुख्य अतिथि के रूप में अपनी सहभागिता निभाई।

कार्यक्रम की शुरूआत केन्द्रीयमन्त्री को बुके और स्मृतिचिन्ह देने के बाद उपस्थित मित्रों और शुभेच्छुओं पर पुष्पवर्षा कर की गई। केंद्रीय मंत्री कमलेश पासवान ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि सच्चे मित्रों की मौजूदगी से ही जीवन सँवरता है। उन्होंने अपने स्व. पिता की हत्या के बाद उपजी स्थितियों की गम्भीरता और आपदा काल में मित्रों का सहयोग याद करते हुये कहा कि अगर सच्चे मित्रों का साथ न होता तो आज हमारा परिवार बिखर गया होता। उन्होंने इस आयोजन की सराहना करते हुये विधायक राजेश त्रिपाठी को धन्यवाद दिया। इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष मार्कण्डेय राय, टी एन चन्द

चेयरमैन प्रतिनिधि महेश उमर, ब्लाक प्रमुख रामआशीष राय व शिवाजी चन्द, विधायक प्रतिनिधि आचार्य वेद प्रकाश तिवारी, पूर्व प्रमुख रामबेलास यादव, भाजपा जिला कोषाध्यक्ष शत्रुध्न कसौधन,

किसान मोर्चा जिला कोषाध्यक्ष नवनीत राय, सरयू रत्न विभूषित युवा समाजसेवी उमेश कुमार यादव, वरिष्ठ पत्रकार रजनीकांत मिश्र, घनश्याम कसौधन, अखिलेश गुप्ता, संतोष जायसवाल, मनोज राय, राकेश कुमार यादव, विनय तिवारी, अखिलेश तिवारी, बसंत यादव, राजकुमार हिंदुस्तानी, ओम प्रकाश, यादव, दुर्गेश मिश्र, बृजेश वर्मा, बिजेंद्र तिवारी, अभिमन्यु सिंह, डॉ ए के गुप्ता, अष्टभुजा सिंह, प्रशांत शाही, अरविन्द सिंह, विद्याधर पाण्डेय आदि मौजूद थे।

## रोटरी क्लब ने जरूरतमंदों को बांटे कंबल और खिचड़ी




गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) रोटरी क्लब गोला सेंट्रल ने शहर में भ्रमण कर रेलवे स्टेशन, रोडवेज, नीलकंठ मैदान, मंदिर, सीएचसी, पीएचसी, बाईपास रोड, बृद्धाश्रम आदि स्थानों पर जाकर जरूरतमंदों को कंबल और खिचड़ी का वितरण किया। क्लब के सदस्यों ने ठंड के मौसम में असहाय और गरीब परिवारों की मदद के लिए यह विशेष पहल की। कार्यक्रम की शुरूआत क्लब अध्यक्ष अभिषेक राजपूत के नेतृत्व में की गई। उन्होंने ने कहा कि समाज के कमजोर वर्ग की सहायता करना ही रोटरी क्लब का उद्देश्य है। ठंड के कारण कष्ट झेल रहे लोगों को कंबल वितरित कर उन्हें राहत पहुंचाई गई। साथ ही, खिचड़ी भोग के माध्यम से भोजन की व्यवस्था भी की गई। क्लब के सचिव प्रमोद वर्मा ने कहा कि इस प्रकार के सेवा कार्य भविष्य में भी जारी रहेंगे। इस मौके पर रोटरी क्लब के डॉ.योगेश कनौजिया, रविन्द्र सिंह, आदर्श सोनी, राजीव राजपूत, सचिन, गौरव गुप्ता, कलीम अंसारी, अखिलेश वर्मा, अनिल जायसवाल आदि मौजूद थे।

## आईजीएल का उत्पाद बंटी-बबली बना भारत में सर्वाधिक बिकने वाला ब्रांड

### -बंटी-बबली को मिला इंडिया बुक आफ रिकार्ड्स



गीडा, गोरखपुर। गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) क्षेत्र में स्थापित प्रमुख कंपनी

इण्डिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड ने बिजनेस हेड एसके शुक्ल के नेतृत्व में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि हासिल कर गोरखपुर का गौरव बढाने का कार्य किया है। आईजीएल के उत्पाद बंटी बबली को भारत में सर्वाधिक बिकने वाले ब्रांड के तौर पर इंडिया बुक आफ रिकॉर्ड द्वारा लगातार दूसरी बार चयनित किया गया है। जिसको लेकर कंपनी में उत्साह एवं हर्ष का माहौल है।

इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड के आईबीआर द्वारा मिली उपलब्धि पर बुधवार को प्लांट परिसर में आयोजित कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि सांसद रवि किशन शुक्ल एवं विशिष्ट अतिथि सहजनवां विधायक प्रदीप शुक्ल तथा आईबीआर की तरफ से उपस्थित जूरी मेंबर पुष्कर कुमरा ने आईजीएल के बिजनेस हेड एसके शुक्ल को आईबीआर बुक्स व खिताब के साथ ही गोल्ड मैडल भेंट कर सम्मानित किया तथा आईजीएल कंपनी को शुभकामनाएं भी ज्ञापित की। आईबीआर जूरी मेंबर पुष्कर कुमरा

ने आईबीआर के रिजल्ट्स को भी सबके सामने पढ़ा। इसके साथ प्लांट हेड शैलेन्द्र पाण्डेय के साथ सेल्स हेड अतुल पांडेय, बॉटलिंग हेड धर्मेन्द्र मलिक, लेखा प्रबन्धक जीतेन्द्र कोंटे को भी उत्कृष्ट कार्यों हेतु सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि सांसद रविकिशन शुक्ल ने कहा कि आईजीएल के उत्पाद को आईबीआर में दर्ज किया जाना गोरखपुर के लिए बड़ी उपलब्धि है और इससे यह सिद्ध होता है की पूर्वांचल में अपार सम्भावनाये है और आईजीएल के लोगो की कार्यकुशलता विश्व भर में सबसे उत्तम है। विशिष्ट अथिति प्रदीप शुक्ल ने आईजीएल ने बेहतरीन प्रदर्शन कर यह आईबीआर खिताब लेकर सहजनवा और गोरखपुर का नाम पुरे भारत में रोशन करने के लिए बधाई दिया और सभी कर्मयोगियों को धन्यवाद एवं आभार दिया। बिजनेस हेड एस के शुक्ल ने कंपनी को मिले इस उपलब्धि को कंपनी चेयरमैन की नीतिया और दूरदर्शिता का परिणाम बताया। तथा इसका श्रेय गोरखपुर यूनिट के सभी कमर्चारियों को दिया और कहा की निसंदेह हम कुछ ही दिनों में नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे। उन्होने कहा कि सहायक महा प्रबंधक मानव संशाधन एवं प्रशाशन दशरथ मिश्र द्वारा आईबीआर द्वारा इस प्रशस्ति पत्र को प्राप्त करने हेतु निरंतर सामंजस्य स्थापित कर इस योजना को पूर्ण किया गया। प्लांट हेड शैलेन्द्र पांडेय ने कहा की हम सब बिजनेस हेड के नेतृत्व में आईजीएल को सर्वोत्तम शिखर पर ले जाने हेतु दृढ़ संकल्पित है। बता दें, इंडिया ग्लाईकॉल्स लिमिटेड ने पिछले वर्ष अपने सबसे लोकप्रिय ब्रांड बंटी बबली की एक करोड़ एकहत्तर लाख लाख से अधिक पेटियों का विक्रय किया था। जो की अब तक का भारतवर्ष में उत्पादन एवं विक्रय का सर्वाधिक रिकॉर्ड है। और आईबीआर द्वारा सभी दस्तावेजों को सत्यापित करने के बाद अपने रिकार्ड में चयन किया गया।

## विद्या मंदिर में हुआ तहरी भोज



गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) सरस्वती विद्या मन्दिर इण्टर कॉलेज में तहरी भोज का आयोजन किय गया। जिसमें शिक्षक, चिकित्सकों व अन्य लोगों को तहरी खिलाई गई। बुधवार को आयोजित तहरी भोज में नगर के तमाम लोगों ने विद्यालय परिसर में आकर तहरी भोजश में सहभागिता की। जिसमें प्रबन्ध समिति के सह प्रबन्धक बृजेश राठी, पब्लिक इण्टर कॉलेज के प्रबन्धक विजय माहेश्वरी, सह प्रबन्धक मनोज माहेश्वरी, डॉ राम नरेश वर्मा, डॉ आशुतोष गुप्ता, डॉ आलोक वर्मा, डा0 योगराज वर्मा, भेखराम वर्मा, राज किशोर, खन्ना बाबू कन्नौजिया और सहकारी गन्ना समिति के सचिव बलवंत चैधरी, प्रबन्ध समिति के कोषाध्यक्ष ईश्वरदीन वर्मा, प्रधानाचार्य राजकुमार कनौजिया, लिपिक अवधेश वर्मा, कौशल वर्मा आदि मौजूद रहे।

संक्षेप

## विद्यालय 18 जनवरी तक बंद

**जौनपुर** । बढ़ती ठंड को देखते हुए जिले के कक्षा 1 से लेकर 8 तक के सभी विद्यालय 18 जनवरी तक बंद रहेंगे 19 को रविवार का दिन पड ने की वजह से विद्यालय अब अगले हप्ते सोमवार को ही खुलेंगे , स्कूल के बच्चो की छुट्टी को लेकर इस विषय की जानकारी जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी कार्यालय द्वारा जारी आदेश पत्र के अनुसार जिलाधिकारी के आदेश पर भीषण ठंड एवं शीतलहर घना कोहरा को देखते हुए जनपद के बेसिक शिक्षा विभाग के अन्तर्गत संचालित समस्त परिषदीय प्राथमिक उच्च प्राथमिक विद्यालय, मान्यता प्राप्त विद्यालय एवं सहायता प्राप्त विद्यालय इण्टरमीडिएट कक्षा 01 से 08 के समस्त छात्रध्छात्राओं का विद्यालय 16 जनवरी से 18 जनवरी तक अवकाश घोषित किया जाता है। प्रधानाध्यापक सहायक अध्यापक शिक्षामित्रअनुदेशक शिक्षणेत्तर कर्मचारी विद्यालय पर उपस्थित होकर ससमय डी०वी०टी० सहित अन्य विभागीय कार्य सम्पादित करते रहेंगे। समस्त सम्बन्धित को निर्देशित किया जाता है कि उक्त आदेश ह्यका अनुपालन कड़ाई से करना सुनिश्चित

## मारपीट में घायल वृद्ध की मौत

**जौनपुर**। सिकरारा थाना क्षेत्र के निजामुद्दीनपुर बीती 6 जनवरी को दबंग पड़ोसियों ने जमीनी विवाद को लेकर एक वृद्ध को लाठी डंडा कुल्हाड़ी हंसिया से मार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। मौके पर आई सिकरारा पुलिस ने सभी घायलों को जिला अस्पताल एडमिट कराया लोलारक नाथ गौतम 60 वर्ष को , बीएचयू के लिए रेफर कर दिया जहां पर उनकी हालत नाजुक देखते हुए उन्हें, बीएचयू से उन्हें , जिला अस्पताल को रेफर किया । बुधवार पूर्वान्ह उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई ।परिजनों को जब पता चला कि जिला अस्पताल में हंगामा खड़ा कर दिया काफी समझाने बुझाने के बाद मौके पे आई प्पुलिस ने अपने आगे की करवायी में जुट गई

## आईटीआई में रोजगार मेला 17 को

जौनपुर । जिला सेवायोजन कार्यालय द्वारा राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान सिद्दीकपुर कैम्पस में 17 जनवरी को रोजगार मेला का आयोजन किया गया है। जिसमें विभिन्न निजी क्षेत्र की कम्पनियों के द्वारा प्रतिभाग किया जाना है, रोजगार मेलें में प्रतिभागी अभ्यर्थियों की शैक्षिक योग्यताः- हाईस्कूल, इण्टर, आईटीआई एवं स्नातक उत्तीर्ण एवं आयुसीमा 18 से 35 वर्ष के अभ्यर्थियों को भर्ती करेंगी। रोजगार मेलें में अभ्यर्थी अपने योग्यतानुसार प्रतिभाग करते हुए विभिन्न पदों पर साक्षात्कार के माध्यम से रोजगार प्राप्त कर सकते हैं। जिला सेवायोजन अधिकारी ने बताया कि रोजगार मेला में सम्मिलित होने के लिए अभ्यर्थियों को अपने साथ समस्त शैक्षिक प्रमाण पत्रों की छायाप्रति आईडी प्रुफ सहित जॉबसीकर के रूप में पंजीकरण उपरांत आवेदन करते हुए, रोजगार मेले में अधिक से अधिक संख्या में प्रतिभाग करें।उक्त पोर्टल के माध्यम से नर्सिंग में डिप्लोमाधारी एवं वैध पासपोर्ट धारक पुरुष एवं महिलाएँ इजरायल, जर्मनी व जापान के लिए पंजीकरण कर नर्सिंग कैरियर गिवर के क्षेत्र में रोजगार के अवसर प्राप्त कर सकते हैं, जिसकी अंतिम तिथि 31 जनवरी है।

# मंडलायुक्त ने विकास भवन का किया औचक निरीक्षण



● अनुपस्थित अफसरों व कर्मियों से स्पष्टीकरण तलब

**आजमगढ़**। मण्डलायुक्त विवेक ने शासकीय कार्यालयों में अधिकारियों एवं कर्मचारियों की समय से उपस्थिति सुनिश्चित कराने हेतु बुधवार को विकास भवन में स्थापित समस्त कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के समय विभिन्न कार्यालयों में बड़ी संख्या में अधिकारी एवं कर्मचारी अनुपस्थित पाये गये। मण्डलायुक्त ने अनुपस्थित अधिकारियों और कर्मचारियों को अपना पक्ष प्रस्तुत करने का अवसर प्रदान किया तथा सीडीओ के साथ अपरान्ह में अपने कार्यालय में उपस्थित होने का निर्देश दिया। उक्त के क्रम में निरीक्षण के समय अनुपस्थित रहे अधिकांश अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने मण्डलायुक्त के समक्ष उपस्थित होकर अपना पक्ष रखा, जिस पर उन्होंने उन अधिकारियों एवं को इस आशय की चेतावनी निर्गत किए जाने का निर्देश दिया कि यदि भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति पाई जाती है तो सम्बन्धित के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जायेगी। स्पष्ट निर्देश के बावजूद भी कतिपय अधिकारी एवं कर्मचारी अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु उपस्थित नहीं हुए, जिसमें डूडा कार्यालय के सीएमएम गोपाल राम, सीओ अमरीश यादव व सीएलटीएल अंकित कुमार पटेल, डीआरडीए कार्यालय के लेखाकार शिवमोहन सिंह, वरिष्ठ सहायक मनीष कुमार राय एवं कनिष्ठ सहायक अखिलेश कुमार, ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग के वरिष्ठ सहायक रमेश चन्द, कनिष्ठ सहायक आशीष रंजन व पूजा राव सम्मिलित हैं। इसके अतिरिक्त सहकारिता विभाग के ग्रा.से.(कृषि) विनय यादव, जिला युवा कल्याण एवं प्रान्तीय विकास दल अधिकारी सुल्तान सिंह व उनके कार्यालय के कनिष्ठ सहायक रणधीर सिंह, ग्राम्य विकास विभाग (स्वतः रोजगार) के डीईओ विजय प्रकाश, लघु सिंचाई विभाग वरिष्ठ सहायक राजेश कुमार व अशोक कुमार राय तथा पंचायतीराज विभाग के डीसी (आईईसी) पीति सिंह व लेखाकार मनोज कुमार यादव भी अपना पक्ष प्रस्तुत करने हेतु उपस्थित नहीं हुए। मण्डलायुक्त ने इन अधिकारियों एवं कर्मचारियों का निरीक्षण तिथि का वेतन रोकने तथा स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने हेतु निर्देशित किया। इसके अतिरिक्त कतिपय कार्यालयों में अनुपस्थित पाये गये वाहन चालक तथा चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों से भी उन्होंने स्पष्टीकरण तलब किया है।

मण्डलायुक्त विवेक ने अपने निरीक्षण से पूर्व विकास भवन के मुख्य द्वार को बन्द कराया तथा क्रमवार समस्त कार्यालयों में उपस्थिति का जायजा लिया। बाल विकास एवं पुष्टाहार कार्यालय के निरीक्षण में प्रधान सहायक उपेन्द्र राय द्वारा कर्मचारियों के सम्बद्धीकरण के सम्बन्ध में बार-बार गलत जानकारी दिये जाने उन्होंने सख्त नाराजगी व्यक्त किया तथा अपनी ओर से उक्त कर्मचारी को प्रतिकूल प्रविष्टि दिये जाने हेतु निर्देशित किया।

# सीएम डैशबोर्ड की डीएम ने की समीक्षा, दिये निर्देश

**आजमगढ़**। डीएम नवनीत सिंह चहल की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 50 लाख से ऊपर के समस्त निर्माण कार्यों तथा सीएम डैशबोर्ड की बैठक आहूत की गई। जिलाधिकारी ने सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया कि नोडल अधिकारी द्वारा जो भी रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाती है, उस रिपोर्ट के आधार पर सत्यापन कराकर निर्माण कार्यों को समय से पूर्ण कराया जाए। यदि किसी भी परियोजना में कोई समस्या होती है तो उससे तत्काल अवगत कराया जाए। कस्तूरबा गांधी विद्यालय तहबरपुर तथा बिलरियागंज में भूमि की उपलब्धता न होने के कारण कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्त्रण विभाग द्वारा कार्य नहीं कराया जा रहा है, जिस पर जिलाधिकारी ने बेसिक शिक्षा अधिकारी को निर्देशित किया कि तत्काल संबंधित उप जिलाधिकारी से समन्वय स्थापित कर भूमि की उपलब्धता सुनिश्चित करें। पर्यटन विभाग के परियोजना प्रबंधक का स्पष्टीकरण मांगा गया, क्योंकि उनके द्वारा नहीं अपने विभाग की योजना में अपेक्षित प्रगति नही की जा रही है और न हीं बैठक में उनके द्वारा प्रतिभाग किया गया।

जिलाधिकारी द्वारा सभी कार्यदायी संस्थाओं को निर्देशित किया गया कि सीएम डैशबोर्ड पर 1 करोड़ या उससे ऊपर की जो भी परियोजना हैं, उसका समय से पोर्टल पर फिडींग कराना सुनिश्चित करें, जिसके अंतर्गत भौतिक तथा वित्तीय प्रगति भी फिड कराई जाए। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्ध नहीं है या विवादित हैं, उनके संबंध में स्वयं उपस्थित होकर सूचना उपलब्ध करायें, जिससे उन पर आवश्यक कार्रवाई की जा सके।

इसके साथ ही जिलाधिकारी द्वारा सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने अधिशासी अभियंता ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, जिला पंचायत राज अधिकारी तथा अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण को निर्देशित किया कि आप सभी लोग अपने परियोजनाओं में प्रगति बढ़ाएं। यदि अगले महीने में आपका ग्रेड ई आता है तो आपके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्रवाई भी प्रस्तावित की जाएगी। जिलाधिकारी द्वारा समस्त अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि सभी अधिकारी अपने विभाग से संबंधित योजनाओं को जो सीएम डैशबोर्ड पर प्रदर्शित हो रही हैं, की फीडिंग समय से कराएं तथा अपने-अपने विभाग की योजनाओं की प्रगति गुणवत्ता परक कराते हुए सभी में ग्रेड ए प्लस करना सुनिश्चित करें।

# निलंबन वापसी के लिए जूनियर इंजीनियरों ने दिया धरना



**जौनपुर**। राज्य विद्युत परिषद जूनियर इंजीनियर्स संगठन की जनपद शाखा के अवर अभियंता अभिषेक केसरवानी के अन्यायपूर्ण निलम्बन को वापस कराये जाने हेतु सगठन के समस्त सदस्यों ने अधीक्षण अभियंता विन विद्युत मण्डल-द्वितीय के समक्ष धरना प्रदर्षन बुधवार को किया ।इस मौके पर वक्ताओं ने कहा पूर्व ही उपरोक्त अवर अभियंता को लगभग एक माह नव-तैनाती स्थल मुंगरा बादशाहपुर एवं तरहटी का कार्यभार दिया गया था। अवर अभियंता द्वारा मानक से अधिक उपभोक्ता संख्या का कार्यभार होने एवं समुचित संसाधन उपलब्ध न होने के बावजूद भी उ.प्र. शासन के महत्वपूर्ण एकमुश्त समाधान योजना को सफल बनाने हेतु निष्ठापूर्वक एवं इमानदारी से प्रयास किया गया एवं वि० वि० खण्ड मछलीशहर में केन्द्र की प्रगति को न्यूनत्म नहीं होने दिया गया, इसके बावजूद संबंधित अधिशासी अभियंता द्वारा द्वेया भावना एवं पूर्वाग्रह से ग्रसित होकर अवर अभियंता फी शिकायत उच्चाधिकारीयो कर से अन्यायपूर्ण तरीके से निलम्बन की कार्यवाही कराई गई।उपरोक्त निलम्बन को समाप्त किये जाने हेतु शाखा 12 जनवरी 2025 को अधीक्षण अभियंता को नोटिस दिया गया। और आज समस्त अवर अभियंता व प्रोन्नत अभियंता कार्यालय ने शत-प्रतिशत उपस्थिति दर्ज कराई गई। कार्यक्रम में जनपद अध्यक्ष विपिन गुप्ता, उपाध्यक्ष शंकर पोल, प्रचार सचिव आशीष पटेल, ई आशील आदया जानीश यादव हरिकेश, ईसंजय लाल प्रजापति, इंअरविन्द कुमार पटेल आदि उपस्थित रहे।

## राह चलते लोगों को भोजन वितरण

**जौनपुर**। जेसीआई युवा द्वारा मकर संक्रांति के पावन पर्व पर रामजानकी मंदिर, अहियापुर में खिचड़ी वितरण का आयोजन किया गया। अध्यक्षता अध्यक्ष अवनीश केशरवानी ने की। मंडल अधिकारी गौरव सेठ और संस्थापक अध्यक्ष आकाश केशरवानी ने राह चलते सभी लोगों को खिचड़ी वितरित किया। श्रांकी प्रधान, हर्षित केशरी, श्रेयश जायसवाल, शुभम साहू, सूर्यांक साहू, अमन साहू, अमन अस्थाना, विशाल साहू, आर्यन सेठ, शिखर माहेश्वरी, मोहित साहू, अबिश इमाम, सौम्या केशरी, रश्मि केशरी, रोशनी केशरी, राजनीश केशरवानी और अमन केशरी आदि मौजूद रहे।



## एक ही जगह घुमा-फिरा कर भिसूर गाँव में सीसी रोड बनाना बना चर्चा का विषय

**दुद्धी, सोनभद्र**। दुद्धी तहसील एवं बभनी ब्लॉक क्षेत्र के अमवार डूब गाँव भिसूर में एक ही जगह पर घुमा -फिरा कर सीसी रोड निर्माण के नाम पर सरकारी धन के दुरूपयोग का मामला प्रकाश में आया हैं। गाँव से विस्थापित हो चुके ग्रामीणों का कहना हैं कि कनहर बांध निर्माण से यहां के अधिकांश लोग विस्थापित हो गए हैं और गाँव में अब कुछ लोग ही निवास कर रहें हैं। गाँव में ग्राम पंचायत द्वारा कुछ घरों के लिए भिसूर गाँव में लोकल समाग्री के साथ सीसी रोड का निर्माण किया जा रहा हैं। सीसी रोड निर्माण में आसपास के जंगलो पहाड़ो से तोड़कर घटिया किस्म की सोलिंग डाली जा रही हैं। सबसे बड़ी हैरानी लोगों को तब हुई जब देखा गया कि सीसी रोड मेन सड़क से शुरू होकर एक घर को घुमाते हुए उसे पुनः उसी मेन रोड पर निकालने की कवायद चल रही हैं, जो लोगों के समझ से परे हैं। चचाओं की मानें तों भिसूर गाँव में सीसी रोड निर्माण सहित अन्य कार्यों के नाम पर सरकारी धन का दुरूपयोग किया जा रहा हैं क्योंकि जब गाँव डूब क्षेत्र में हैं और लोग पुनर्वास पैकेज पा चुके हैं ऐसे में एक ही जगह पर काम कराकर सरकारी धन का दुरुपयोग किए जाने की जाँच की जानी चाहिए। इस संबंध में ग्राम प्रधान दीनानाथ का कहना हैं कि गाँव के कुछ हिस्से डूब से बाहर हैं और लोग वर्तमान में वहां निवासरत हैं इसलिए जरूरत के मुताबिक कुछ कार्य कराए जाते है।

**गांव में जब आवास शौचालय नहीं तो सीसी रोड निर्माण क्यों**

**दुद्धी, सोनभद्र**। कनहर डूब क्षेत्र के गावों में विकास कार्य का अलग-अलग पैमाना तय किया जाना ग्रामीणों के गले नही उतर रही हैं, ब्लॉक द्वारा एक तरफ डूब गाँव का हवाला देकर शौचालय और आवास का निर्माण नही कराया जा रहा हैं तों वहीं दूसरी तरफ उसी गाँव में सीसी रोड एवं समतली करण एवं कच्ची सड़क का निर्माण बेखौफ कराया जा रहा हैं जो सवालों के घेरे में हैं। ग्रामीणों की मानें तों भिसूर गाँव पूर्ण रूप से डूब क्षेत्र में शामिल हैं और वहां पर कोई भी विकास कार्य कराने पर रोक लगायी गई हैं, फिर भी जिम्मेदार अधिकारियो की मिलीभगत से गाँव में कार्य कराकर सरकारी धन का बंदरबाँट किया जाना चर्चाओं में हैं।

# दो लाख से अधिक श्रद्धालुओं ने किया गंगा स्नान व मां विंध्यवासिनी का दर्शन पूजन : डीएम



● जिलाधिकारी ने किया मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर में व्यवस्थाओं का निरीक्षण

**मीरजापुर** ।मां विंध्यवासिनी देवी मंदिर में व्यवस्थाओं का निरीक्षण करने के लिए जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने पुरानी वी आई पी से होते हुए इंट्रेस प्लाजा तथा विंध्य कॉरिडोर में किए गए व्यवस्थाओं का जायजा लिया।इस दौरान मंदिर के इर्द गिर्द लगे इलेक्ट्रिक पाटियों हीटरों विद्युत तापन मशीनों का निरीक्षण किया, जिसमें सभी एकदम दुरुस्त दिखाई पड़े और भी इसी तरह के विद्युत तापन मशीनों को लगाने के निर्देश दिए।विंध्य कॉरिडोर में कार्यदाई संस्था को गेट पर और विंध्य कॉरिडोर परिक्रमा पथ पर पत्थर से बने सुंदर और आकर्षित सीटों को लगवाने के लिए भी निर्देशित की। इसी दौरान उन्होंने कहा कि मंदिर के गेट और मुख्य स्थानों पर पत्थर से बने सुंदर बड़ा गमला लगवाएं और गमले में सुगंधित पौधों को भी लगवाएं। उन्होंने पुरानी वी आई पी प्रशासनिक भवन के कार्य को तेजी लाने के लिए भी निर्देश दी। मकर संक्रांति को देखते हुए श्रद्धालुओं के लिए गंगा घाटों पर और मंदिर की तरफ जाने वाली सभी गलियों की विशेष व्यवस्था की गई थी। जिसको लेकर पत्रकारों से वार्ता के दौरान जिलाधिकारी प्रियंका निरंजन ने मां विंध्यवासिनी धाम में आने वाले श्रद्धालुओं को मकर संक्रांति की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि प्रयागराज महाकुंभ को देखते हुए घाटों, गलियों और मां विंध्यवासिनी मंदिर में श्रद्धालुओं की सुविधा को देखते हुए जो व्यवस्थाएं की गई है। वह सुचारू रूप से संचालित रहेंगी निरीक्षण के दौरान अपर जिलाधिकारी शिव प्रताप शुक्ल, नगर मजिस्ट्रेट लाल बहादुर सिंह, अधिशाषी अधिकारी नगर पालिका मीरजापुर लाल, उप जिलाधिकारी सदर गुलाब चंद धाम सुरक्षा प्रभारी राजेश कुमार मिश्र, उपस्थित रहे ।

## एक को पीटकर, दूसरे को बाइक से रौंदकर किया अधमरा

**जौनपुर**। लाइन बाजार थाना क्षेत्र के शिवापर गांव में एक दर्जन बाइक से आये बदमाषों ने लाठी डंडे से लैस दो युवकों को बुरी तरह से पीट कर अधमरा कर दिया।जिसका वीडियो सीसीटीवी कैमरे में कैद है।वीडियो में एक दर्जन दबंग युवकों ने एक युवक को गांव के रास्ते में लाठी डंडे से बुरी तरह घायल किया और दबंगों ने घायल युवक को खेत में फेंकदिया और फरार हो गये। दबंग युवकों ने दूसरे युवक के ऊपर बाइक चढ़ाकर गंभीर रूप से किया घायल ।दोनों लोगों का जिला अस्पताल में इलाज चल रहा है । परिजनों ने थाने में नामजद तहरीर दिया जिसमें कुंदन यादव निवासी मोरिया मार्केट विराट ठाकुर निवासी हुसैनाबाद अमर प्रताप सिंह निवासी पंजाबी मार्केट एवं ऋषि चैहान सहित अज्ञात दर्जनों युवकों पर मारपीट करने का आरोप है।

## सहभागिता योजना के तहत दुधारू गाय वितरित



**जौनपुरर**। ग्राम सभा ताला माझवारा, विकासखंड सरकोनी में अत्यधिक कुपोषित बच्चों की सहायता के उद्देश्य से सरकारी योजना के तहत दुधारू गाय का वितरण किया गया।इस योजना के तहत गांव की 3 वर्षीया कुपोषित बच्ची उजाला, पुत्री जोगेंद्र प्रजापति को गौशाला से एक दुधारू गाय दान में दी गई।सीडीपीओ प्रभारी इंद्रापाल ने बताया कि इस पहल का उद्देश्य कुपोषण को समाप्त करना और बच्चों के पोषण स्तर में सुधार करना है। साथ ही, गाय के चारे और देखभाल के लिए लाभार्थी के खाते में हर महीने ?1500 की राशि सरकार द्वारा प्रदान की जाएगी। बीसी संतोष यादव, ग्राम प्रधान भैया लाल सरोज, आंगनबाड़ी कार्यकर्ती मीरा यादव, मंजुला, सीमा बिंदु, सहायिका कल्पना और अल्पना सहित गांव के नेहरू सरोज, साहबलाल यादव, मनु सरोज, बुझारत यादव, शिवम सिंह और कल्लू सिंह जैसे प्रमुख लोग उपस्थित रहे ।यह पहल गांव में कुपोषण को कम करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है। स्थानीय लोगों ने सरकार की इस पहल की सराहना की और कहा कि इससे गरीब परिवारों को बड़ा लाभ मिलेगा।

# पुलिस महानिरीक्षक विंध्याचल क्षेत्र व एसएसपी ने रात्रि भ्रमण कर सुरक्षा व्यवस्था का लिया जायजा



**मीरजापुर**। पुलिस महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र आर.पी.सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन बर्मा द्वारा प्रयागराज महाकुंभ-2025 को सकुशल सम्पन्न कराने तथा श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था के दृष्टिगत रात में माँ विन्ध्यवासिनी धाम,काली खोह मन्दिर व अष्टभुजा मन्दिर मे आये श्रद्धालुओ की सुरक्षा व यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा सम्बंधित को आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया ।इसी क्रम में पुलिस महानिरीक्षक विंध्याचल परिक्षेत्र मीरजापुर आर.पी.सिंह व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक मीरजापुर सोमेन बर्मा द्वारा रेलवे स्टेशन विंध्याचल व रेलवे स्टेशन विंध्याचल पर बने रैन बसेरा तथा काली खोह मन्दिर पर बने रैन बसेरा पर भ्रमण कर श्रद्धालुओ की सुरक्षा व यातायात व्यवस्था का जायजा लिया गया व संदिग्ध व्यक्तियों व वस्तुओं की चेकिंग भी करायी गई ।उक्त भ्रमण में अपर पुलिस अधीक्षक ऑपरेशन, क्षेत्राधिकारी नगर, थानाध्यक्ष विंध्याचल व जीआरपी प्रभारी विंध्याचल सहित पुलिस के अन्य अधिकारी व कर्मचारिगण मौजूद रहे।

## नीमा भवन न्यास की बैठक व खिचड़ी भोज संपन्न

**मीरजापुर**। नीमा भवन न्यास की बैठक नीमा भवन नीमा नगर सोहता मीरजापुर में न्यासी अध्यक्ष डॉ ए के सिंह की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई, साथ ही मकर संक्रन्ति पर खिचड़ी भोज सम्पन्न हुआ। बैठक में सर्व सम्मती से नई कार्यकारणी का गठन न्यास के संविधान के अनुसार हुआ जिसमे न्यासी अध्यक्ष डॉ लाल मनी मौर्या न्यासी सचिव डॉ अरविंद श्रीवास्तव कोषाध्यक्ष डॉ मनोज सिंह उपाध्यक्ष डॉ रवि दुबे संगठन मंत्री डॉ शिव दयाल कार्यकारणी सदस्य डॉ अफजाल अहमद, डॉ डी एल श्रीवास्तव डॉ भान प्रताप व उमा शंकर अवस्थी का मनोनयन हुआ। संस्था संरक्षक पूर्व राज्य मंत्री कैलाश चौरसिया व डॉ ए के सिंह नें सदस्यों को प्रमाण पत्र दिया।

## बेलहत्थी बौद्ध विहार पर जरूरतमंदों को बांटा गया कंबल, खाद्य सामग्री व दवा

**सोनभद्र**। बेलहत्थी बौद्ध विहार पर लाईफ केयर हॉस्पिटल एंड ट्रॉमा सेंटर के प्रबंधक डॉक्टर प्रमोद प्रजापति ने जरूरतमंदों को कंबल और खाद्य सामग्रियां बांटते हुए लोगों को आगे बढ़कर जरूरतमंदों की मदद करने की अपील की। डॉक्टर प्रमोद प्रजापति ने मकर संक्रांति के अवसर पर लाइफ केयर हॉस्पिटल एव ट्रॉमा सेंटर के दर्जन भर कर्मचारियों के साथ कंबल और खाद्य सामग्रियों से भरा वाहनों को लेकर बेलहत्थी बौद्ध विहार पहुंचे ,जहां पहले से ही स्थानीय आदिवासी जरूरतमंद महिलाध पुरुष मौजूद थे, सभी को कंबल और खाद्य सामग्री बाँटी गयी, साथ ही डॉक्टर प्रमोद प्रजापति ने सभी का फ्री हेल्थ चेकअप किया और आवश्यक मुफ्त दावों का वितरण भी किया।स्थानीय जरूरतमंद खाद्य सामग्री, दवा, कंबल पाकर काफी खुश हुए। इस अवसर पर विकाश शाक्य एडवोकेट, जितेंद्र, महेंद्र, मंगल मौर्य, जगदीश खरवार सहित दर्जन भर सहयोगी मौजूद रहे।

## सपा पूर्व जिलाध्यक्ष ने क्रिकेट मैच का किया शुभारंभ

**करमा(सोनभद्र)**। स्थानीय क्षेत्र अंतर्गत ग्राम घेवरी में शिव स्पोर्टिंग कैनवस क्रिकेट प्रतियोगिता का आयोजन बुधवार को मुख्य अतिथि सर्पा के पूर्व जिला अध्यक्ष संजय यादव एवं सुनील यादव एडीओ पंचायत करमा ने फीता काटकर किया। उद्घाटन मैच में पहले पटेहरा एवं मचलवा के बीच खेला गया मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन करते हुए सभी को मनोभाव एवं खेल भावना से खेलने की अपील की टीम के अध्यक्ष विजेंद्र नारायण ने बताया कि क्रिकेट मैच में अभी मैच जारी है ।बहुत सी टीमें प्रतिभाग करेंगी अंत मे फाइनल विजेता टीम उपविजेता को पुरस्कार से सम्माननित किया जाएगा।

## पीपा पुल टूट कर बहा, 12 गांवों का संपर्क टूटा

**मीरजापुर**। थाना जिगना क्षेत्र में मिश्रपुर-सीतामढ़ी घाट पर बने पीपा पुल गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण पीपा पुल का एक हिस्सा टूटकर रात बह गया। इस दौरान श्रद्धालु पुल से गुजर रहे थे लेकिन किसी को कोई हानि नहीं हुई। पुल टूटने से 24 से ज्यादा गांवों के बीच संपर्क टूट गया है। बताते हैं कि मिश्रपुर-सीतामढ़ी घाट पर गंगा नदी की धारा तेज होने के कारण पीपा पुल दो भागों में बनाया गया है। सोमवार की रात गंगा का जलस्तर बढ़ने के कारण सीतामढ़ी की तरफ से पीपा की जगह लगीं बालू की बोरियां और चकर प्लेट बह गईं। सीतामढ़ी की तरफ डेढ़ सौ मीटर बालू की बोरियां, लकड़ी और चकरप्लेट रख कर पुल तक रास्ता बनाया गया था। जबकि मिश्रपुर घाट से रेत तक करीब छह सौ मीटर पीपा से पुल बना है। पुल क्षतिग्रस्त होने के कारण आवागमन बंद कर दिया गया है। पीपा पुल क्षतिग्रस्त होने से 24 से ज्यादा गांव प्रभावित हुए हैं। वहीं, सीतामढ़ी जाने वाले श्रद्धालुओं और पर्यटकों की 50 किमी का चक्कर काटना पड़ेगा। पुल टूटने से मिश्रपुर, बसेवराकला, खैरा, गोगाव, नगवासी दुगौली, घुघुटी, डंगहर, कोलेपुर, सीतामढी, बारीपुर, कोईरौना, कटरा, बरौत, दीघ समेत 24 से ज्यादा गांव प्रभावित हुए हैं। चर्चा रही कि पीपा के अभाव में अधिकारियों ने बालू भरी बोरियां और उन पर चकरप्लेट रखवाकर आवागमन चालू करा दिया था। दिन में घटना होती तो बड़ी संख्या में लोग हताहत हो सकते थे। पुल की मरम्मत में अभी दो दिन का समय और लगेगा। अवर अभियंता बीसी राम ने बताया कि पुल के बीच में मिश्रपुर की तरफ के चकर प्लेट पर पानी आ गया है। मरम्मत करने में दो दिन का समय लगेगा। तब तक आवागमन बंद रहेगा। सीतामढ़ी स्थित जनपद भदोही जिले के धार्मिक एवं पर्यटन स्थल सीतामढ़ी और मीरजापुर के मिश्रपुर घाट पर पीपा पुल क्षतिग्रस्त हो गया। पुल को जोड़ने वाले गर्डर, चकर प्लेट, स्लीपर और सुरक्षा वॉल भरभराकर गंगा में गिर गई। इससे करीब 10 से 15 मीटर पीपा पुल टूट गया है। गंगा में बल्ली लगाकर पीपे तक सड़क का निर्माण किया गया था। गंगा का जलस्तर बढ़ने और प्रवाह तेज होने से पानी में गड़ी गईं बल्लियां धंसने लगीं। इससे चकर प्लेट, स्लीपर, गर्डर आदि भरभराकर पानी में गिर गए। पीडब्ल्यूडी ने दो नौकाओं का संचालन शुरू करा दिया है। लोक निर्माण विभाग मीरजापुर के अवर अभियंता बीसी राम ने कहा कि गंगा का जलस्तर में बढ़ने के कारण बहाव तेज हो गया है। इससे पानी में गड़ी गई बल्लियां धंस गईं, जिससे पुल को जोड़ने वाले गर्डर टूटकर पानी में गिर गए।

## असहायों की मदद जरूर करनी चाहिए



**जौनपुर** । विकास खण्ड के ग्राम पतहना में बुधवार को विनय कुमार के द्वारा इस साल भी ठंड को देखते हुए गरीब लोगों को कंबल वितरण किया गया।मुख्य अतिथि मालती देवी ने गौतम बुद्ध एवं बाबा साहब डॉक्टर भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा पर दीप प्रज्वलित व पुष्प अर्पित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। उन्होंने ने कहा कि ठंड में हर साल की तरह इस साल भी कंबल वितरण किया गया कहा कि समाज में गरीब असहाय लोगों को आगे बढ़कर हर जरूरी मदद करनी चाहिए।इस मौके स्वदेश कुमार, राजेश गौतम , सुरेश कुमार शर्मा, राकेश शर्मा गोरख सोनकर , संदीप यादव , संजीव गुप्ता , अरविंद कुमार राव , राकेश ,अनिल, सुनील अभय निगम, सोनू यादव, गायक अनुपम प्रियदर्शी, राजू, हरिमोहन,विपिन,अरुण आदि लोग उपस्थित रहे।

# महादेव वाटिका में हुआ कम्बल वितरण

**सोनभद्र**। विगत वर्ष की भांति इस वर्ष भी मकर संक्रांति के अवसर पर पंडित राम श्रृंगार सिंह संरक्षक महादेवी वर्मा साहित्य संस्थान भरहरी सोनभद्र व गायत्री देवी द्वारा सातवीं बार दर्जनों जरूरत मंदों को कम्बल वितरित किया गया। इस अवसर पर डॉक्टर बृजेश महादेव ने कहा कि वस्त्र दान को शास्त्रों में महादान बताया गया है। इंजीनियर अवधेश ने कहा कि वस्त्र दान से जरूरतमंदों को सहायता मिलती है, वहीं हृदेश कुमार सिंह ने कहा कि सर्दियों में गर्म कपड़ों का दान और भी शुभ माना जाता है। समारोह में डॉ बृजेश कुमार सिंह महादेव, ई अवधेश कुमार सिंह, हृदेश कुमार सिंह, बुद्धिमान सिंह, हनुमान सिंह व पवन कुमार सिंह उपस्थित रहे। फोन पर ई लोकेश कुमार सिंह ने भी सबको बधाई दी है। मकरसंक्रांति के अवसर पर तिल गुड़ के साथ बुनिया, तिलवा, ढुंढा, चावल, दाल आदि का भी दान किया गया।



## प्रदेश महामंत्री भाजयुमो ने कंबल बांटे

**करमा(सोनभद्र)**।स्थानीय विकास खण्ड अन्तर्गत ग्राम पंचायत शिवदत्त तीयरा मे काशी प्रान्त के भाजपा मिडिया प्रभारी विपिन तिवारी के आवास पर जरूरतमंदों को सर्द भरी हवा में देवेंद्र भाई पटेल प्रदेश महामंत्री भाजयुमो ने मुख्यअतिथि के रूप मे कंबल वितरण किया। जानकारी के अनुसार विकास खण्ड करमा के ग्राम शिवदत्त तीयरा मे बुधवार को काशीप्रान्त के भाजपा मिडिया प्रभारी विपिन तिवारी के आवास पर कड़ाके के सर्द भरी हवाओं व शीतलहर मे गरीब असहाय जरूरतमंदों को मुख्यतिथि देवेंद्र भाई पटेल ने 800 कंबल वितरण किया

इस अवसर पर कंबल पाकर जरूरतमंदों के चेहरे पर मुस्कान देखी गयी। मुख्य अतिथि पटेल ने उपस्थित लोगों को सम्बोधित करते हुए कहा की यह कंबल वितरण कार्यक्रम पुनीत का कार्य है इससे जरूरतमंदों की जरूरतें कुछ हदों तक सुकून प्रदान करेंगी मै मंच के माध्यम से श्री तिवारी का आभार प्रकट करता हूँ की आप के द्वारा ऐसा पुनीत कार्यक्रम किया गया। विशिष्टअतिथि के रूप मे भाजपा किसान मोर्चा के जिलाउपाध्यक्ष राजेश कुमार मिश्रा ने कहा की यह कंबल वितरण कार्यक्रम इस सर्द भरी हवा मे माघ कुम्भ मेला का पुण्यप्रदान करने वाला जैसा फल है। श्री तिवारी ने आये हुए मुख्य अतिथियों का आभार प्रकट करते हुए कहा की यह कार्यक्रम लगभग विगत दस वर्षो से किया जा रहा है। कार्यक्रम का संचालन पूर्व महामंत्री करमा मंडल मनीष मिश्रा ने किया इस असवर पर रबिंन्द्र बहादुर सिंह, गोपाल सिंह बैध, पूर्व प्रधान लल्लन मिश्रा, महबूब अली, प्रमोद सिंह, देवेंद्र सिंह, बृजेश सिंह, प्रभात सिंह संतोष त्रिपाठी, अजय, बालेन्दर पटेल सहित हजारों की संख्या मे लोग उपस्थित रहे।

संक्षेप

## संदिग्ध परिस्थिति में युवक का मिला शव

कुशीनगर। जिले के कसया कस्बे के फजीनगर रोड स्थित सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय परिसर के मकान में 16 वर्षीय युवक का शव संदिग्ध परिस्थितियों में मिला। सूचना के बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने घटना का जायजा लिया। बताया जाता है कि पिता द्वारा पोस्टमार्टम न कराने और पैतृक निवास शव ले जाने की बात पर अपनी कागजी कार्रवाई पूरी करते हुए पुलिस वापस चली गई। जानकारी के अनुसार मृतक शिवम प्रताप सिंह उर्फ गगन पुत्र रामजी सिंह उक्त विद्यायल के परिसर में बने आवास में अपने पिता के साथ रहकर पढ़ाई व संघ से जुड़े कार्यों को देखता था। युवक महर्षि अरविंद विद्या मंदिर में कक्षा 10 का छात्र था। युवक के पिता रामजी सिंह सरस्वती शिशु मंदिर के प्रधानाध्यापक है, जो मकर संक्रांति को लेकर विद्यालय में छूटी के चलते अपने पैतृक निवास महराजगंज जनपद के घुघली, गांव अहिरौली दुबे गए हुए थे। बुधवार को जब वह विद्यायल स्थित कमरे पर पहुंचे तो देखा कि कमरे में बेटे का शव है।

# मुआवजा को लेकर गोरखनाथ मंदिर मार्च करने की किसानों ने भरी हुंकार



देवरिया। आज देवरिया बाईपास से प्रभावित मुंडेरा बुजुर्ग के महिला पुरुष किसानों ने मुआवजा को लेकर गांवों में इकट्ठा होकर नारेबाजी की तथा गोरखनाथ मंदिर मार्च के लिए हुंकार भरी। महिलाओं के हाथों में गड़ासा,कुल्हाड़ी, एवं किसानों के हाथ में लाठियां थी। सभी किसानों ने एक स्वर में कहा हम अपने मुआवजा को लेकर भारतीय किसान यूनियन एवं भूमि बचाओ संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वाधान में लगातार आंदोलन कर रहे हैं मगर हमारी समस्याओं को कोई सुनने के लिए कोई भी विधायक सांसद मंत्री डीएम कमिश्नर शासन प्रशासन के लोग तैयार नहीं हैं।

किसानों ने कहा कल 16 जनवरी को डीएम कार्यालय पर होने वाली महापंचायत में हम सभी किसान भारी संख्या में शामिल होंगे। उधर मुंडेरा बुजुर्ग चौराहे पर भारतीय किसान यूनियन एवं भूमि बचाओ संघर्ष समिति से जुड़े आंदोलनकारी किसानों ने जनजागरण यात्रा की आज से पुनः शुरूआत की। भाकियू पूर्वी उ०प्र० उपाध्यक्ष किसान नेता विनय सिंह सैंथवार ने कहा कि किसानों का आंदोलन अब और तेज होगा। भारतीय किसान यूनियन एवं भूमि बचाओ संघर्ष समिति द्वारा आगामी जनवरी के अंतिम सप्ताह में या फरवरी के प्रथम सप्ताह में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी से मिलने हेतु गोरखनाथ मंदिर मार्च करने की पूरी तैयारी की जा रही है। भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अजीत त्रिपाठी ने कहा कि देवरिया बाईपास से प्रभावित प्रत्येक गांव में जन जागरण अभियान चलाकर आगामी दिनों में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ तक अपनी बातों को पहुंचाने के लिए गोरखनाथ मंदिर मार्च के लिए भारी संख्या में किसानों का जत्था गोरखपुर कूच करेगा।

पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद सिंह ने कहा कि जो किसान अभी आज तक अपना पेपर जमा नहीं किये है वो सभी किसान पूरी मजबूती के साथ लड़ाई लड़ेंगे और गोरखपुर मंदिर मार्च में शामिल होंगे। जन जागरण यात्रा में सुग्रीव मिश्रा शिवाजी चौहान राघवेन्द्र चौहान संजय सिंह वीरेन्द्र मद्धेशिया राजन चौहान दुर्गेश कुमार सिंह हरिलाल यादव राजनाथ यादव सुधीर चौहान नूर आलम खान राजन कुमार इत्यादि किसान शामिल रहे।

## औषधि केंद्र खोलकर बढ़ाया देवरिया का गौरव

देवरिया। विश्वभर के सनातनी लोगो के आस्था का बना केन्द्र कुम्भ मेला प्रयागराज ने देवरिया के गौरव में चार चाद लगा दिया है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अतिमहत्वाकांक्षी योजना प्रधानमंत्री भारतीय जन औषधि परियोजना ने देवरिया पर एक बार पुनः विश्वास जताया है।

इस परियोजना के तहत देवरिया सहित अन्य जगहों पर केन्द्र चलाने वाले प्रसन्न श्रीवास्तव पर पीएमबीआई ने एक बार पुनः भरोसा जताते हुए कुम्भ नगरी मे दो केन्द्र खोलने का निर्देश दिया, जिस पर श्री श्रीवास्तव ने दो केन्द्र खोलकर देवरिया का मान बढाया है।बता दें कि जनऔषधि परियोजना द्वारा प्रयागराज के महाकुंभ में चार जन औधषि केन्द्र खोलना था, जिसके लिये उन्होने पूरे देश में चलाने वाले जन औषधि केन्द्र के प्रोपराइटरों को खंगाला था, जिसमें' से जन औषधि केन्द्र संचालक प्रयागराज व देवरिया को उन्होंने पात्र पाया। पीएमबाईआई ने प्रयागराज को दो केन्द्र व देवरिया के प्रसन्न श्रीवास्तव को दो केन्द्र खोलने का आफर दिया।

## अन्न उत्पादक अब बनेंगे ऊर्जा उत्पादक



कुशीनगर। मुख्य विकास अधिकारी गुंजन द्विवेदी की अध्यक्षता में बुधवार को किसान दिवस माह जनवरी 2025 का आयोजन जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार आयोजित किया गया। यूपीनेडा के परियोजना अधिकारी गोविंद तिवारी ने किसानों के विद्युत चालित सिंचाई पंपों को सौर ऊर्जा चालित पंपों में बदलने की पीएम कुसुम सी. सोलर पम्प योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी। योजना के अंतर्गत मुसहर, बनटगिया एवं अनुसूचित जाति के कृषकों को 100 प्रतिशत एवं अन्य कृषक बन्धुओं को 90 प्रतिशत की सब्सिडी प्रदान की जाती है किसान बंधु पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन करके अपने पंप से संबंधित दस्तावेज अपने लेखपाल व विद्युत विभाग के अवर अभियन्ता से सत्यापित कराकर अपलोड करके कृषक अंश जमा करते हुए योजना का लाभ प्राप्त कर सकते है। तत्पश्चात पिछले किसान दिवस में प्राप्त प्रकरणों की निस्तारण आख्या उप कृषि निदेशक आशीष कुमार द्वारा पटल के सामने रखी गई। कृषक रामअधार कुशवाहा द्वारा बनरोज से फसलों के नुकसान की समस्या से समाधान हेतु अनुरोध किया गया। कृषक आनन्द तिवारी द्वारा तहसीलों के अभिलेखों में लिपिकीय त्रुटि के कारण किसानों को हो रही समस्या से अवगत कराया गया। राजेश कुशवाहा द्वारा प्रेसमड न मिलने एवं गन्ना पर्ची की समस्या बताई गयी जिसके क्रम में जिला गन्ना अधिकारी दिलीप कुमार सैनी द्वारा 30 जनवरी तक समस्याओं के समाधान के लिए आश्वस्त किया गया। किसान दिवस में मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी जिला कृषि अधिकारी डॉक्टर मेनका, यू०पी० नेडा परियोजना अधिकारी, सहायक अभियन्ता सिचाई खण्ड द्वितीय समेत अन्य विभागीय अधिकारी उपस्थित रहे।

## महायोजना के विरोध में उतरे ग्रामीण, कलेक्ट्रेट तक निकाला मार्च : डीएम को सौंपा ज्ञापन

देवरिया। देवरिया महायोजना 2031 के विरोध में ग्रामीणों ने विरोध प्रदर्शन किया। इस दौरान ग्रामीणों ने विरोध मार्च निकालकर डीएम को ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों ने कहा कि महायोजना में गांव की सभी जमीनें किसानों से छीन जाएंगी। गांव में जब जमीन नहीं रहेगी तब किसान कैसे जीवन यापन करेंगे। उनके परिजनों के आगे भुखमरी की स्थिति उत्पन्न हो जाएगी।बुधवार को देवरिया सदर ब्लॉक कार्यालय से एकत्रित होकर परसिया अहीर और चक रामचन्द्र के सैकड़ों की संख्या में इकट्ठा होकर भटवलिया चौराहा होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचे जहां उन्होंने जिलाधिकारी दिव्या मित्तल को मांग संबंधित ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना था कि महायोजना 2031 में उनके गांवों की खेती योग्य जमीनों को पार्क बनाने का प्रस्ताव है। जबकि गांव में मनरेगा से खेल मैदान और पार्क बना है। यहां पार्क की कोई जरूरत नहीं है। गांव की खेती की जमीन जब नहीं बचेगी तो किसानों के परिवारों के सामने भुखमरी की समस्या उत्पन्न हो जाएगी। इसके पूर्व भी सदर ब्लॉक, कुष्ठाश्रम के निर्माण के लिए गांव की जमीन अधिग्रहीत की जा चुकी है।

ज्ञापन देने वालों में फणीश्वर नाथ तिवारी, संदीप तिवारी, संचिता तिवारी, तरुणसेन गौतम, मानसेन गौतम, अमर नाथ तिवारी,आकाश कुमार, अंकित मिश्र, अमरनाथ तिवारी, बसंत तिवारी, धनेश्वर तिवारी समेत सैकड़ों ग्रामीण मौजूद रहे।

# फलाहारी बाबा हत्याकांड का दो आरोपी गिरफ्तार



कुशीनगर। जिले के बरवा पट्टी थाना क्षेत्र के अमवाखास टोला कपरधिक्का में सोमवार की रात एक मंदिर के पुजारी फलाहारी बाबा उर्फ त्यागी बाबा की हुई हत्या का पुलिस ने खुलासा कर दिया है। हत्या में शामिल उक्त गांव के ही दो अभियुक्तों को पुलिस ने आला कत्ल के साथ बुधवार को बरवा पट्टी से दबोच लिया। बुधवार को घटना का खुलासा करते हुए एसपी संतोष कुमार मिश्र ने

**● सोमवार की रात सोते वक्त पुजारी की गला रेतकर कर दी गई थी हत्या**

बताया कि तीन दिन पूर्व 13 जनवरी की रात बरवा पट्टी थाना क्षेत्र के ग्राम अमवाखास राम जानकी मन्दिर के पुजारी फलहारी बाबा पुत्र रामशरण दास उम्र लगभग 65 वर्ष की चाकू से गला रेतकर हत्या कर दिया गया था। इस हत्याकांड का खुलासा करने के लिए साइबर सेल, स्वाट टीम व सर्विलांस टीम के अलावा स्थानीय पुलिस लगी थी। पुलिस के विवेचना में जो नाम आए है उसमें राज करन महतो पुत्र गोपाल महतो निवासी अमवाखास टोला कपरधिक्का व मनोज शर्मा पुत्र गुल्ली शर्मा निवासी भुईधरवा थाना भितहा जनपद पश्चिमी चम्पारण (बिहार) को थाना बरवा पट्टी व स्वाट की संयुक्त टीम द्वारा गिरफ्तार कर लिया गया। अभियुक्तों के निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त एक नाजायज चाकू बरामद किया गया। गिरफ्तार करने वाली टीम प्र.नि. राजेश कुमार थाना बरवा पट्टी, संजय कुमार सिंह, आलोक यादव प्रभारी स्वाट, मोहन यादव, सुशील कुमार गौतम, राम किशुन यादव, रमेश यादव शामिल रहे। पुलिस अधीक्षक कुशीनगर द्वारा इस सराहनीय कार्य के लिए गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम को 25,000 रुपए से पुरस्कृत किया।

**बेटे का बदला लेने के लिए पुजारी की कर दी हत्या**

पूछताछ में अभियुक्त राज करन द्वारा बताया गया कि उसका सबसे छोटा पुत्र नन्दलाल था जिसको अमवाखास टोला कपरधिक्का स्थित राम जानकी मंदिर के पूजारी फलहारी बाबा ने नन्दलाल को करीब 09 वर्ष के उम्र में ही अपने पास रख लिया था तथा उसकी देखरेख करने लगे थे और नन्दलाल उसी मंदिर पर रहकर पूजा पाठ करने लगा था। किन्तु करीब 3-4 वर्ष पूर्व किसी बात को लेकर फलहारी बाबा ने नन्दलाल को मार पीट कर मन्दिर से भगा दिया था जिससे नन्दलाल क्षुब्द होकर नारायणी नदी में कूदकर जान दे दी थी। उसी का बदला लेने के लिए राज करन ने अपने साथी मनोज शर्मा के साथ मिलकर सोमवार की रात चाकू से वारकर मन्दिर के पूजारी फलहारी बाबा की हत्या कर दी थी।

# सेवानिवृत्त सैनिकों और शहीद परिजनों का सम्मान



कुशीनगर। सेना दिवस के अवसर पर नयी दिशा पर्यावरण सेवा संस्थान द्वारा बुधवार को कसया तहसील क्षेत्र के जूनियर हाईस्कूल भठही राजा के परिसर में सैनिक अभिनंदन समारोह एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जनपद के अमर शहीदों के परिजनों सेना से सेवानिवृत्त सैनिकों का सम्मान किया गया।

कार्यक्रम को सम्बोधित करते मुख्य अतिथि जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ.राम जियावन मौर्य ने कहा कि सैनिकों के अभिनंदन समारोह का आयोजन उनकी सेवा और समर्पण के प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करने जैसा है। हम निश्चिंत भाव से दुनियादारी या देश के विकास के अन्य कार्यों में लग पाते हैं, इसका कारण सैनिक हैं। वे हमें सीमाओं के ओर से निश्चिंत रखते हैं तभी हम अपनी ऊर्जा को अन्य क्षेत्रों में लगा पाते हैं। नयी दिशा परिवार द्वारा प्रति वर्ष सेना दिवस के अवसर पर यह जो अभिनंदन समारोह आयोजित किया जा रहा है यह युवाओं को प्रेरणा देने वाला भी है। इससे युवा सेना के माध्यम से देश सेवा के लिए प्रेरित होंगे। अध्यक्षता करते जिला सैनिक कल्याण अधिकारी विंग कमांडर आलोक सक्सेना ने कहा कि सैनिक सम्मान समारोह सैनिकों को यह अहसास कराता है कि देश हमारे समर्पण और सेवा को महसूस कर रहा है और हमने कुछ सार्थक कार्य किया है। नयी दिशा द्वारा पूरे जनपद के शहीदों के परिजनों और अवकाश प्राप्त सैनिकों को सम्मानित करने का कार्यक्रम बहुत पवित्र मंशा का परिणाम है। कार्यक्रम का शुभारम्भ भारत माँ एवं सरस्वती माँ की प्रतिमा के समक्ष पुष्पार्चन व दीप प्रज्ज्वलन से हुआ। कार्यक्रम का संचालन मजीबुल्लाह राही, अतिथियों का स्वागत संस्था सचिव डॉ0 हरिओम मिश्र व आभार प्रधान सुभाष कान्दू ने किया। कार्यक्रम में स्थानीय कलाकारों सहित विद्यालय की बच्चियों ने सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया।इस दौरान पूर्व विधायक कुशीनगर रजनीकांत मणि त्रिपाठी, भंते डॉ.नंदरतन थेरो, पूर्व प्राचार्य डॉ.दयाशंकर तिवारी, प्रो.अमृतांशु शुक्ल, प्रो. गौरव तिवारी, डॉ.निगम मौर्य, डॉ.सौरभ द्विवेदी, ब्लाक प्रमुख कसया प्रतिनिधि अमरजीत यादव, जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि सतवंत यादव, ब्रजेश त्रिपाठी, आलोक श्रीवास्तव, आचार्य चंद्रिका शर्मा, राजेश शुक्ल, नरेंद्र नाथ त्रिपाठी, देवानंद धर दुबे, शम्भू राव, प्रवीण राव, अमित सिंह, हरेंद्र चौरसिया, डॉ.वीना कुमारी, त्रिलोकी नाथ श्रीवास्तव, सुरेश गुप्त, विपिन बिहारी श्रीवास्तव आदि है।

## संवेदनशील मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर करायें



कुशीनगर। जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में अभियोजन/ई-प्रॉसिक्यूशन पोर्टल पर की गई फीडिंग कार्यों से संबंधित समीक्षा बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में संपन्न की गई।बैठक दौरान विगत माह के अंतर्गत विभिन्न न्यायालयों में निस्तारित होने वाले मामलों की समीक्षा एक-एक कर की गई, तथा खराब प्रगति वाले अधिवक्ताओं को अपेक्षित सुधार लाये जाने सहित शासन द्वारा दिये गए निर्देश के क्रम में तीव्र गति से लंबित पत्रावलियों में पैरवी करने के निर्देश दिए गए, इसके अतिरिक्त महिलाओं से संबंधित अपराध/गैंगस्टर सहित संवेदनशील मामलों का निस्तारण प्राथमिकता के आधार पर कराए जाने हेतु निर्देशित किया गया। समीक्षा दौरान विगत माह में कुल अधीनस्थ न्यायालयों विभिन्न अधिनियमों अंतर्गत 982 मामलों में निर्णय लिया गया, सत्र न्यायालय में 05 का, सत्र न्यायालय डीजीसी भादवि अंतर्गत 05 का निर्णय, अन्य अधिनियम में 07 का निर्णय, तथा एससीएसटी के 06 मामलों में निर्णय लिया गया है। इसी प्रकार सत्र न्यायालय में अभियोजकवार वादों के निस्तारण का विवरण दिया गया। तथा फौजदारी, गैंगस्टर एक्ट, पीएफ एक्ट, ईसी एक्ट, के मुकदमों की अद्यतन स्थिति से अभियोजन अधिकारी द्वारा अवगत कराया गया। बैठक दौरान पॉक्सो एक्ट के तहत हुए निर्णय के नकल की पुछताछ की गई, जिस पर संबंधित द्वारा अभी तक नकल नहीं मिलने की जानकारी दी गई, जिलाधिकारी द्वारा लगभग एक माह पूर्ण होने के पश्चात भी नकल नहीं मिलने पर नाराजगी व्यक्त की गई तथा मॉनिटरिंग सेल की बैठक के एजेंडे में शामिल किए जाने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी वैभव मिश्रा, जेडी वेद प्रकाश उमराव,जगदीश प्रसाद आर्य ज्येष्ठ अभियोजन अधिकारी, धर्मनाथ बिंद अभियोजन अधिकारी, सहित सभी सहायक अभियोजन अधिकारी, एडीजीसी के साथ विशेष लोक अभियोजक व अन्य सम्बन्धित विभागों के अधिकारी गण उपस्थित रहे।

# शहरी व ग्रामीणों क्षेत्रों तक हो सहकार का प्रसार: डीसीओ




कुशीनगर। सहकारिता का शहरी व ग्रामीण क्षेत्रों तक प्रसार हो इसके लिए सहकार भारती 40 साल से प्रयत्नशील है। सहकार भारती की देन है कि आज सहकारिता एक बार फिर मोदी सरकार में जीवंत हो उठा है। इसके लिए सहकार भारती ने अथक प्रयास कर सहकारिता को आर्थिक संबल दिलाने का काम किया है।

यह बाते नगर स्थित केन यूनियन परिसर में आयोजित सहकार भारती के 47 स्थापना दिवस पर आयोजित गोष्ठी को संबोधित करते हुए जिला गन्ना अधिकारी दिलीप कुमार सैनी ने कही। उन्होने कहा कि इस संस्था से करोड़ों किसन जुड़े हुये है। कहा कि सहकारिता की देन है कि आज गुजरात देश के सबसे तेजी से विकास करने वाला राज्य के रूप में उभरा है। क्योंकि वहां के किसानों ने सहकारिता के महत्व को समझा और उससे जुड़कर आर्थिक रूप से मतबूत हुये। हालांकि देश के अन्य राज्यों में भी सहकारिता काम कर रही है लेकिन इससे लोगों का जुड़ाव नही हो पा रहा है।

हमारा प्रयास होना चाहिए की सहकारिता से अधिक से अधिक लोगों को जोड़े। सहकार भारती इसी कार्य को पूरी ईमानदारी के साथ कर रही है। इसके पूर्व अतिथियों ने सहकार भारती के जनक लक्ष्मणराव इनामदार के चित्र के समक्ष पुष्पार्चन किया गया। इस दौरान क्रयविक्रय व सहकार भारती के विभाग संयोजक श्री निवास सिंह, सह संयोजक सतीश शुक्ला मण्डल गोरखपुर, कुशीनगर के अध्यक्ष मृत्युंजय मिश्र, विभाग संयोजक , राजेश पांडेय, अरूण चौधरी, बैजनाथ तिवारी, मारकंडेय चतुर्वेदी, देवेश मिश्र, गुड्डू, आलोक चौबे, ब्रजेश शर्मा, सत्यप्रकाश, राजू कुशवाहा, वैधनाथ गुप्ता, प्रमोद प्रजापति आदि उपस्थित रहे।

# हर-हर महादेव के साथ निकली कलश यात्रा



समरेश पति त्रिपाठी

लखनऊ/ देवरिया। पिण्डी गांव में भगवान शिव का प्राचीन मन्दिर का जीर्णोद्वार किया गया है। मन्दिर बनने के साथ ही श्री श्री 1008 रुद्रचण्डी महायज्ञ के पहले दिन हजारो की संख्या में भक्तों ने कलश यात्रा निकाली। कलश

**● यज्ञ में दान के लिए इस नम्बर पर फोन पे कर सकते है।9838480315, 7007074619, 9118449098**

यात्रा में पिण्डी सहित आस-पास के दर्जनों गांव की महिलाओं ने कलश लेकर सरयू मैया से जल भरा और भगवान शिव पर चढ़ाया। यज्ञ बुधवार से शुरु होकर 23 जनवरी को पूर्णाहुति के साथ समाप्त होगी। कलश यात्रा के दौरान हाथी, उँट, घोड़ा सहित पालकी भी शामिल हुई। यात्रा यज्ञ स्थल से शुरु होकर रामजानकी मन्दिर मार्ग से सरयू मैया घाट होते हुए हनुमान मन्दिर की तरफ से यज्ञ स्थल तक पहुंची। कलश यात्रा में सरैया, कौंसड़, खेमादेई, खरवनिया, धमौली, जमसड़ा सहित दर्जनों गांव के लोग शामिल रहे।

जिसमें मुख्यरुप से इस दौरान जितेन्द्र सिंह, मुन्ना मद्धेशिया, रामचन्द्र मद्धेशिया, राम नक्षत्र ठठेरा, श्री राम गोड़, उमाशंकर पटेल, कमलेश राम त्रिपाठी, राजीव राम त्रिपाठी, सत्य प्रकाश शर्मा, हरिशंकर शर्मा, गीतांजय पाठक, बृजेश धर दूबे, मजनू पति त्रिपाठी, त्रिपुरेश पति त्रिपाठी, पूर्व प्रधान ओमप्रकाश यादव,

## रोटरी क्लब ने पतंग दिवस मनाया




देवरिया। कार्यक्रम की शुरूआत बच्चों के बीच अध्यक्ष रो डॉ विपिन बिहारी शर्मा एवं कार्यक्रम संयोजक हिमांशु कुमार सिंह द्वारा बच्चों के बीच पतंग उड़ा कर जिसपर रोटरी का सामाजिक सन्देश अलग लिखा गया था, किया गया।उसके बाद फिर गुड के लाई और गुड़ के तिल का लड्डू, पतंग और घेवर का वितरण लगभग 500 से अधिक लोगों के बीच किया गया ' बच्चे आकर्षक पतंग पाकर बहुत खुश थे। अध्यक्ष डॉक्टर विपिन बिहारी शर्मा ने कहा कि भगवान भास्कर जब शीत ऋतु के पौष मास में उत्तरायण होकर मकर राशि में प्रवेश करते हैं तो सूर्य संक्रांति को मकर संक्रांति और पतंग दिवस के रूप में मनाते हैं ' इस दिन दान पुण्य का बहुत बड़ा महत्व होता है ' रोटरी क्लब के सभी सदस्य गुड की लाई और तिल का लड्डू न्यू कॉलोनी के बड़े पार्क के पास किया गया जिसका संयोजन रो हिमांशु सिंह ने किया था संयोजक हिमांशु सिंह ने कहा कि जिस प्रकार रोटरी पतंग आसमान की बुलंदियों को छू रहा है उसी प्रकार रोटरी डिस्ट्रिक्ट 3120 डिस्ट्रिक्ट गवर्नर रोटेरियन परितोष बजाज के सन्देश चारों ओर नेतृत्व फैल रहा है। इस अवसर पर जोनल सेक्रेटरी रोट अतुल बरनवाल, अध्यक्ष रोट डॉ विपिन बिहारी शर्मा उपाध्यक्ष रोट इमरान लारी ( ढल्रऋ), संयोजक रोटहिमांशु सिंह, रोट गोपाल कृष्ण सिंह, रोट एस एन चतुर्वेदी, रोट लालजी गुप्ता ,संयुक्त सचिव रोट डॉ मनोज मद्धेशिया, रोट अशोक कुमार सिंह एवं अन्य सदस्य और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

## बहराइच ने फाइनल का खिलाफ जीता

कुशीनगर। फुटबॉल एसोसिएशन कुशीनगर के तत्वावधान मे पडरौना नगर के उदित नारायण इंटर कॉलेज के खेल मैदान मे आयोजित स्टेट फुटबॉल टूनामेंट में बुधवार को बहराइच और लखीमपुर खिरी (सिंघाई) के बीच फाइनल मैच खेला गया। रोमांचक मुकाबले मे बहराइच ने लखीमपुर खिरी को एक गोल से पराजित कर फाइनल का खिताब पर कब्जा कर लिया। हाफ टाइम से पहने दोनो टीम एक-एक गोल करके बराबर पर थे मध्याह्न के बाद शुरू हुए खेल में लखीमपुर खिरी ने एक गोल कर बढत बनाया बढत बनाया। इसके बाद खेल समाप्ति से पूर्व बहराइच की टीम ने लगातार दो गोल कर तीन - दो की बढत बनाकर लखीमपुर खिरी को एक गोल से पराजित कर दिया।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि विशुनपुरा विकास खण्ड के प्रमुख विन्ध्यवासिनी श्रीवास्तव व मधुबनी के ब्लाक प्रमुख विजय सिंह चंदेल ने विजेता बहराइच एंव उपविजेता टीम लखीमपुर खिरी को ट्राई प्रदान किया। मुख्य अतिथि विशुनपुरा ब्लाक प्रमुख ने सभी खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए हौसलाअफजाई की। कार्यक्रम के अंत मे स्टेट फुटबॉल टूनार्मेंट के आयोजक एसएन शुक्ला ने विजेता उपविजेता टीम के खिलाड़ियों के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए सभी अतिथियों एंव सहयोगियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मैच मे कमेटेटर की भूमिका मे वरिष्ठ फुटबॉल खिलाडी प्रदीप वर्मा व टीप रहे। इस अवसर जिला फुटबॉल संघ अध्यक्ष अजय लोहिया, संजय रावत, संतोष सिंह आदि मौजूद रहे।

## तीन सवारी वालों का एमवी एक्ट में किया चालान

देवरिया। बिना हेलमेट वाहन चलाना, बिना हेलमेट वाहन चालकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करते हुए मोटर वाहन अधिनियम (एमवी एक्ट) के तहत चालान किया गया। मोटरसाइकिल व दोपहिया वाहनों पर तीन सवारियां बैठाने वालों के विरुद्ध भी चालान की कार्रवाई की गई।गलत दिशा में वाहन चलानाः सड़क पर गलत दिशा में वाहन चलाने वाले चालकों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करते हुए जुमार्ने लगाए गए।यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करना, सड़क दुर्घटनाओं को रोकना एवं सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देना। यह अभियान नागरिकों को यातायात के नियमों के महत्व को समझाने और उन्हें सुरक्षित यात्रा के लिए प्रेरित करने हेतु चलाया गया।

## तुर्कपट्टी को नगर पंचायत बनाने की मांग, सौंपा ज्ञापन

कुशीनगर। मंगलवार की देर शाम एक कार्यक्रम में भाग लेने आये देवरिया के सांसद शशांक मणि त्रिपाठी को भाजपा युवा मोर्चा के जिला संयोजक शैलेन्द्र कुमार तिवारी ने क्षेत्रीय विधायक सुरेन्द्र कुशवाहा, जिलाध्यक्ष दुर्गेश राय के नेतृत्व में तुर्कपट्टी को नगर पंचायत बनाने हेतु पत्रक सौंप कर इसे शीघ्र नगर पंचायत का दर्जा दिलाने की माँग की। उक्त पत्र के माध्यम से शैलेन्द्र कुमार तिवारी ने बताया है कि तुर्कपट्टी बाजार जनपद कुशीनगर का एक प्रमुख बाजार है, जहाँ पर्यटन की दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण ऐतिहासिक गुप्तकालीन सूर्यमन्दिर के अलावा दो पेट्रोलपम्प, आधा दर्जन इण्टरमीडिएट कालेज, एक दर्जन विद्यालय, बड़ौदा यूपी बैंक की एक शाखा, पुलिस स्टेशन, दो पहिया वाहनों के दो शोरूम सहित सैकड़ों थोक व फुटकर प्रतिष्ठान स्थित हैं। यहाँ प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोगों का आवागमन होता है। तुर्कपट्टी बाजार तमकुही विकासखण्ड अन्तर्गत ग्रामसभा महुअवाँ बुजुर्ग, छहूँ, पडरौना आदि है।

# डीएम की अध्यक्षता में किसान दिवस आयोजित



देवरिया। जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन गांधी सभागार, विकास भवन, देवरिया में किया गया।

सुभाष मौर्य, उप कृषि निदेशक, देवरिया ने उपस्थित कृषकों को गत माह में आयोजित किसान दिवस में प्राप्त शिकायतों की अनुपालन आख्या से अवगत कराया। इसके बाद उप कृषि निदेशक ने कृषि विभाग में संचालित लाभकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी दी। साथ ही बताया कि इस समय विभाग में महत्वपूर्ण योजना फार्मर रजिस्ट्री एवं एग्रीस्टैक की योजना चल रही है। इसमें प्रत्येक ग्राम में कैंप के माध्यम से कृषक रजिस्ट्री का कार्य चल रहा है। फार्मर रजिस्ट्री किसान कैंप, जन सेवा केंद्र के माध्यम से अथवा स्वयं कर सकते हैं।

जिला कृषि अधिकारी, देवरिया ने बताया कि यूरिया की उपलब्धता 52,000 मीट्रिक टन के सापेक्ष 48,000 मीट्रिक टन जनपद में उपलब्ध है। कृषि रक्षा अधिकारी, देवरिया ने किसानों को बताया कि यदि गेहूं की फसल पीली हो रही है तो सल्फर 3.00 किलोग्राम प्रति हेक्टेयर उपयोग कर फसल को स्वस्थ किया जा सकता है। जनपद के सभी विकास खंडों के कृषि रक्षा गोदामों पर पर्याप्त मात्रा में सल्फर उपलब्ध है, जिसका उपयोग किसान अपनी आवश्यकता अनुसार कर सकते हैं। साथ ही आलू की फसल में पाला/झुलसा रोग लगने की संभावना है, जिसके लिए पर्याप्त मात्रा में नमी बनाए रखने की सलाह दी गई।

मुख्य पशु चिकित्साधिकारी, देवरिया ने बताया कि विभाग द्वारा निशुल्क टीकाकरण अभियान चलाकर खुरपका एवं मुंहपका रोग का टीकाकरण फरवरी माह तक किया जाएगा।

जिला उद्यान अधिकारी ने बताया कि बागवानी मिशन योजना के अंतर्गत आम, लीची, केला, ड्रैगन फ्रूट, मखाना, कटहल, आंवला, अमरूद, लहसुन, प्याज, मिर्च आदि फसलों पर अलग-अलग धनराशि अनुदान के रूप में इच्छुक कृषकों को उपलब्ध कराई जाएगी।

किसान दिवस में कृषकों ने गन्ना के बकाया भुगतान एवं ढाडा स्थित चीनी मिल का कांटा देवरिया में लगाने और दुग्ध का बकाया भुगतान करने का अनुरोध किया। इस पर जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारी को समस्या का तत्काल समाधान करने का निर्देश दिया।

मत्स्य विभाग के कार्यकारी अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मत्स्य संपदा योजना के अंतर्गत जिन कृषकों को मत्स्य पालन करना हो, उनके लिए ऑनलाइन पंजीकरण का पोर्टल 20 जनवरी, 2025 तक खुल जाएगा।

संक्षेप

## काली माता मंदिर प्रांगण में खिचड़ी भोज का आयोजन

फतेहपुर चौरासी, उन्नाव।स्थानीय क्षेत्र मे बुधवार को मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष्य मे हर्षोल्लास के साथ खिचडी भोज कर मकर संक्रांति मनाई। प्रति वर्ष की भांति ऊगू के काली माता मंदिर पर खिचडी भोज का आयोजन हुआ। जिसमें सैकड़ो लोगो ने प्रसाद ग्रहण किया। काली माता मंदिर पर आयोजित खिचडी भोज में सार्वजनिक सहयोग से नगर वासियों को खिचड़ी खिलाई गई। जिसका आयोजन हर्ष शुक्ला, पप्पू कश्यप, सुशील कश्यप, अंशू कश्यप, विकास, सूरज, विशाल तिवारी आदि ने किया। इस अवसर पर रघुनाथ प्रसाद शास्त्री के द्वारा गरीब तथा दिब्यांगो और जरूरत मंद लोगों को भीषण सर्दी के मौसम में कंबल भी वितरित किये तथा डायरी और कलेंडर देकर सम्मानित किया।

# जनसुनवाई में 9 मामलों का मौके पर निस्तारण

## महिलाओं को जागरूक कर महिलाओं के विरुद्ध अपराधों को कम किया जा सकता : डॉ. प्रियंका मौर्य




सीतापुर। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्या डा0 प्रियंका मौर्य ने बुधवार को तहसील सभागार सदर में महिला उत्पीड़न के मामलों की जनसुनवाई की। उन्होंने पीड़ित महिलाओं को एक एक करके सुना और समस्याओं के प्रभावी निस्तारण के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। महिला जनसुनवाई के दौरान कुल 48 में 09 का निस्तारण मौके पर करते हुये अन्य प्रकरणों को जल्द ही निस्तारण के निर्देश संबंधित को दिये। जनसुनवाई करते हुए सदस्या डा0 प्रियंका मौर्य ने कहा कि महिलाओं को जागरूक करके महिलाओं के विरुद्ध अपराधों को कम किया जा सकता है। इसके लिये उन्होंने जागरूकता अभियान चलाए जाने के निर्देश संबंधित को दिये। साथ ही यह भी निर्देश दिये कि प्रोबेशन विभाग द्वारा संचालित योजनाओं का प्रचार-प्रसार करते हुये योजनाओं का लाभ आमजनमानस तक शतप्रतिशत पहुंचाया जाये तथा जो भी पीड़िताओं के साथ बच्चे आ रहे थे, उनको योजनाओं से लाभान्वित करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये कि महिला अपराधों से संबंधित घटनाओं में कड़ी कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। सदस्य महोदया ने महिला अपराधों पर कड़ी निगरानी रखने के निर्देश संबंधित को प्रदान किये। उन्होंने महिलाओं एवं बालिकाओं से भी अपील की कि वह स्वयं भी जागरूक हों एवं अन्य को भी जागरूक करें तथा उत्पीड़न की घटनाओं में चुप न रहें और तत्काल महिला हेल्पलाइन के टोल फ्री नंबर अथवा पुलिस में शिकायत दर्ज करा सकते है। उन्होंने जिला प्रोबेशन अधिकारी को निर्देश दिये कि जो भी शिकायतें आज प्राप्त हुयी हैं, उनके निस्तारण संबंधी समस्त सूचनाएं उन्हें उपलब्ध करायी जायें। महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित संचालित योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ लाभार्थियों को दिलाया जाये। महिला जन सुनवाई के दौरान एक पति-पत्नी के बीच घरेलू विवाद को सुलह समझौते के द्वारा हल कराया गया, जिससे वह विवाद को छोड़कर एक साथ रहने हेतु खुशी खुशी राजी हुये। जनसुनवाई के दौरान उपजिलाधिकारी सदर अभिनव कुमार, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर अमन सिंह सहित संबंधित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## जिला कारागार का निरीक्षण कर दिये निर्देश




जिला जेल सीतापुर का सदस्य महोदया द्वारा महिला बैरक में निरुद्ध समस्त महिला बन्दियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं के विषय में जानकारी ली तथा महिला बन्दियों उनके साथ रह रहे बच्चों को आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराने के संबंध में समुचित दिशा निर्देश भी दिये।

## महिला आयोग की सदस्या ने महिला निरीक्षण कर देखी व्यवस्थाएं



सीतापुर। जनपद के एक दिवसीय भ्रमण पर आयी राज्य महिला आयोग की सदस्या डॉ0 प्रियंका मौर्या ने जिला महिला चिकित्सालय का आकस्मिक निरीक्षण कर व्यवस्थाएं देखी। बेटी जन्मोत्सव के अंतर्गत उन्होंने नवजात कन्याओं को किट, कम्बल आदि का वितरण भी किया। उन्होंने महिलाओं से चिकित्सालय में मिल रही सुविधाओं के विषय में जानकारी भी ली। डॉ0 प्रियंका मौर्या ने निर्देश दिए शासन की महत्वाकांक्षी योजनाओं का पूरा लाभ महिलाओं को मिले, यह सुनिश्चित किया जाये। उन्होंने पात्रों को कन्या सुमंगला योजना से लाभान्वित किये जाने के निर्देश भी दिये। सदस्या ने वन स्टॉप सेंटर का भी निरीक्षण किया एवं आवश्यक निर्देश सभी संबंधित अधिकारियों को दिये। निरीक्षण के दौरान जिला कार्यक्रम अधिकारी मनोज कुमार, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका डा0 सुनीता कश्यप सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

## अध्यक्ष और मंत्री पद के लिए दाखिल हुए दो-दो नामांकन पत्र



गोला गोकर्णनाथ, खीरी।( वीओएल ) सेन्ट्रल बार एसोसिएशन चुनाव के लिए नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष, मंत्री, संयुक्त मंत्री और कोषाध्यक्ष पद के लिए नामांकन पत्र दाखिल हुये हैं। नामांकन के पहले दिन अध्यक्ष पद के लिए रामकुमार गौतम और प्रदीप कुमार सिंह ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। मंत्री पद के लिए संदीप कुमार अवस्थी और अनूप कुमार वर्मा ने नामांकन कराया है। संयुक्त मंत्री पद के लिए सुमित गिरि और कोषाध्यक्ष पद के लिए अमित कुमार ने अपना नामांकन दाखिल किया है। उपाध्यक्ष पद के लिए मोहम्मद तारिक ने नामांकन पत्र खरीदा है, पर अभी दाखिल नहीं किया है। आज गुरुवार को भी नामांकन पत्र दाखिल किए जाएंगे। नामांकन पत्रों की आपत्ति, जाँच एंव नामांकन 17 जनवरी को सुबह 11 से दोपहर 1 बजे तक नामांकन पर आपत्ति ली जाएगी।फिर उसी दिन दोपहर 1 से 1.30 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच होगी और उसी दिन दोपहर 1.30 बजे से 3 बजे तक नामांकन पत्र वापस लिए जा सकेंगे। 20 जनवरी को दोपहर 12 बजे से समाप्ति तक जनरल स्पीच कराई जाएगी। 21 जनवरी मंगलवार सुबह 10 बजे से 3 बजे तक मतदान कराया जाएगा उसके बाद 3.30 बजे से मतगणना कराई जाएगी।

## डिस्ट्रीब्यूटर वेलफेयर एसोसिएशन का हुआ विस्तार



गोला गोकर्णनाथ,खीरी। ( वीओएल ) छोटी काशी डिस्ट्रीब्यूटर वेलफेयर एसोसिएशन की मासिक बैठक संगठन के अध्यक्ष राजेश आनंद मिन्नी की अध्यक्षता में एक गेस्ट हाऊस में आयोजित हुई। जिसमे संगठन को और मजबूत बनाए जाने पर चर्चा की गई और कार्यकारिणी का विस्तार किया गया।

डिस्ट्रीब्यूटर वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक में पिछली कार्रवाई पढ़ कर सुनाई गई और एसोसिएशन का विस्तार किया गया। जिसमें दिनेश गुप्ता दिन्नू, सुमित आनंद, अमित भसीन, अजीत गुप्ता और दिनेश वर्मा सहित चार को उपाध्यक्ष बनाया गया है। अतुल अग्रवाल, विनय केडिया, नूर मोहम्मद और संतोष गुप्ता को संगठन मंत्री की जिम्मेदारी दी गई है। इसके अलावा अतहर खां, सौरभ शुक्ला, गौरव वर्मा और ऋषभ मिश्रा को मंत्री बनाया गया। सभी से पदों के अनुरूप कार्य करने का पाठ पढाया गया। राजेश आनंद मिन्नी ने बताया कि लखीमपुर, शाहजहांपुर, सीतापुर के सुपर स्टॉकिस्टों से वार्ता की जाएगी कि छोटी काशी के 30 किलोमीटर के दायरे में कोई भी दूसरा वितरक न बनाया जाए। जिससे कि छोटी काशी के वितरक को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके साथ पालिकाध्यक्ष से वार्ता कर पॉलिथीन संबंधित समस्या को लेकर बात की जाएगी जब व्यापारी नगर पालिका पहुंचे तो वहां पालिकाध्यक्ष और ईओ न मिलने पर एसआई संदीप वर्मा से वार्ता की गई। व्यापारियों का कहना है कि पॉलीथिन को लेकर छोटे व्यापारियों को परेशान ना किया जाए सबसे पहले जरूरी है कि जहां से पॉलिथीन का उत्पादन किया जा रहा है उसे पर रोक लगाई जानी चाहिए।

## कंटेनर ताला तोड़कर 202 मोबाइल चुराये, 6 गिरफ्तार



इटावा। डिजिटल लॉक तोड़कर कन्टेनर से मोबाइल की चोरी करने वाले गिरोह के 6 सदस्यों को पुलिस ने किया गिरफ्तार। कब्जे से चोरी किये गये कुल 202 मोबाइल, 01 ब्रेजा कार, दस लाख 50 हजार रुपए नकद ( मोबाइल बेचकर अर्जित किये गये एवं चोरी करने में प्रयुक्त उपकरण किये गये बरामद। कीमत 1 करोड़ रुपए बताई जा रही है। अपर पुलिस अधीक्षक नगर अभयनाथ त्रिपाठी व क्षेत्राधिकारी नगर रामगोपाल शर्मा के नेतृत्व में एसओजी, सर्विलान्स टीम एवं थाना इकदिल पुलिस द्वारा संयुक्त रूप से की गयी कार्यवाही। एसएसपी संजय कुमार वर्मा ने बताया कि 10 जनवरी को वादी ट्रान्सपोर्ट मैनेजर दुर्गेश मिश्रा पुत्र त्रिगुणानन्द निवासी मड़कड़ा देवरिया द्वारा थाना इकदिल पर सूचना दी गयी कि वह फर्म मेडालियन ट्रान्सलीन एलएलपी में ट्रान्सपोर्ट मैनेजर के पद पर कार्यरत है, मेरी फर्म की वाहन 28 दिसम्बर को दिल्ली स्थित डिपो से माल को लोड करके कोलकाता जाने के लिये निकला था। वाहन में 21 करोड़ रुपए का माल था 31 दिसम्बर को जब कोलकाता डिपो में वाहन पहुँचा तो उसमें माल का मिलान करने पर 1.75 करोड़ रूपयों का माल कम पाया गया जिस पर घटना की जानकारी करने के सम्बन्ध में गाड़ी पर लगे जीपीएस को चैक करने पर पाया गया कि ड्राइवरों द्वारा थाना इकदिल क्षेत्रान्तर्गत स्थित नारायण ढ़ाबा पर गाड़ी को काफी देर तक रोककर इलेक्ट्रानिक ताले के साथ छेड़छाड़ की गयी थी। सूचना पर थाना इकदिल पर मामला दर्ज किया गया। पुलिस टीम में जितेन्द्र प्रसाद शर्मा प्रभारी निरीक्षक एसओजी, उ.नि. नागेन्द्र चैधरी प्रभारी, विक्रम सिंह चैहान प्रभारी निरीक्षक थाना इकदिल, निरीक्षक तारिक खान, उ.नि. करनवीर, उ.नि. राजवीर, उ.नि. अजय कुमार रहे। पकड़े गए अभियुक्तों में रोहित पुत्र रामवाला गौतम निवासी गोटहिया थाना सफीपुर जनपद उन्नाव, राजवीर पुत्र बृह्मदेव सिसौदिया निवासी बृह्मवीर नगर थाना अतरौली जनपद अलीगढ़, मोहित पुत्र मखनलाल गौतम निवासी बड़ागांव थाना पिलुआ जनपद एटा, विजय कुमार पुत्र तुरसन पाल निवासी वीरनगर थाना अवागढ़ जनपद एटा, चांद पुत्र इकबाल खान निवासी जरसमी थाना कोतवाली एटा जनपद एटा, नागेन्द्र सिंह पुत्र लाल सिंह सिसौदिया निवासी बड़ागांव थाना पिलुआ जनपद एटा आदि शामिल है।

# मौला अली के जन्मदिन पर शानो शौकत से निकला जुलूस

## जुलूस में शामिल लोगों का शहर में हुआ जोशीला स्वागत



इटावा। जूलूसे मौला अली कमेटी के तत्वावधान में हजरत अली करम अल्लाह वजहुल करीम के जन्मदिन पर रामगंज इमामबाड़े से जुलूस मौला अली बहुत ही अदबो एहतराम व शानो-शौकत के साथ निकला। जुलूस में अकीदतमंदों ने या अली या अली की सदाये बुलंद की। जुलूसे मौला अली में शहर के विभिन्न मोहल्लों से अलम, जुल्फिकार, चैकियां, जरी, झंडे व झांकियां सम्मिलित हुई।

कमेटी के अध्यक्ष हाजी अजीम वारसी, सेक्रेट्री नदीम वारसी राजू के नेतृत्व में जुलूस मौला अली रामगंज इमामबाड़े से शुरू हुआ और कबीरगंज, झम्मल लाल करारी, रामगंज चैराहा, नेविल रोड, उर्दू मोहल्ला, इस्लामियां कालेज, नौरंगबाद चैराहा, पुल कहारान, तिकोनिया, नगर पालिका चैराहा, कोतवाली चैराहा, चैखर कुआं, बल्देव चैराहा, तहसील चैराहा, साबितगंज, नया शहर तिराहा, रामगंज रोड होकर अपने मुकाम रामगंज इमामबाड़े पर समाप्त हुआ। इसी क्रम में समाजवादी अल्पसंख्यक सभा के जिलाध्यक्ष फरहान शकील ने अपने साथियों के साथ तिकोनिया पर जुलूस का गर्मजोशी से स्वागत किया। उन्होंने सभी के साथ मिलकर तबर्रूक मिठाइयां व प्रसाद बांटकर इस खास दिन को और भी यादगार बनाया। उनके साथ कासिम फारूखी, हाशिम कुरैशी, रईस फारूखी, आसिफ खान, हाशिम मिर्जा, जावेद अख्तर, हाजी अजीम वारसी, अहमद अली आदि शामिल थे। जुलूस को सकुशल सम्पन्न कराने में पुलिस प्रशासन का सराहनीय योगदान रहा। जुलूस में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम रहे। जूलूस में मुन्ना वारसी, आले मोहम्मद बिट्ठू, शकील वारसी, जीशान वारसी, वसीम वारसी, फैजान वारसी, कलीम वारसी, शकील वारसी, निजामुद्दीन वारसी, मुशीर वारसी, शानू वारसी, गुलाम वारिस, सलमान मेवाती, जमील वारसी, सलीम वारसी, हनी वारसी, मुमताज चैधरी, तनवीर हसन, वाके शफी, अहमद अली वारसी, आदि काफी संख्या में लोग उपस्थित रहे।

## युवक की अज्ञात वाहन की टक्कर से मौत

सीतापुर। कोतवाली क्षेत्र के अंतर्गत रिछाई ओवर ब्रिज के पास बुधवार सुबह एक एक तेज रफ्तार वाहन ने युवक को टक्कर मार दी जिससे युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बताया जाता है कि युवक के अपने भाई को इलाज हेतु महोली के निजी अस्पताल में भर्ती कराया था इसके बाद युवक वापस घर जा रहा था इसी बीच दुर्घटना का शिकार हो गया। मालूम हो कि महोली कोतवाली क्षेत्र के ग्राम भुड़कुड़ी निवासी अंकुल मिश्रा पुत्र राजेश मिश्रा उम्र लगभग 35 वर्ष अपने बीमार भाई को महोली के एक निजी अस्पताल में भर्ती करने के बाद आज सुबह अपने घर वापस जा रहा था। इसी बीच रिछाई ओवर ब्रिज के पास एक तेज रफ्तार वाहन की चपेट में आ गया जिसके उसकी मौके पर ही मौत हो गई।

# राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष ने की जनसुनवाई

उन्नाव। राज्य महिला आयोग की उपाध्यक्ष अपर्णा यादव द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र नवाबगंज का औचक निरीक्षण किया गया। तदोपरान्त उपाध्यक्ष की अध्यक्षता में निरीक्षण भवन पी0डब्ल्यू0डी0 गेस्ट हाउस में महिला उत्पीड़न की रोकथाम एवं पीड़ित महिलाओं को त्वरित न्याय दिलाये जाने तथा आवेदक, आवेदिकाओं की सुगमता की दृष्टि से जनपद के उच्चाधिकारियों (प्रशासनिक एवं पुलिस विभाग) के साथ महिला उत्पीड़न की घटनाओं की समीक्षा/महिला जनसुनवाई की गयी। जिसमें महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओ एवं बच्चो के कल्याणार्थ संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओ से जनसाधारण को जागरूक किया गया। उक्त कार्यक्रम में 33 प्रकरण उपाध्यक्ष के समक्ष प्राप्त हुए, जिनके त्वरित निस्तारण हेतु द्वारा सम्बन्धित को निर्देशित किया गया। तदोपरान्त द्वारा वन स्टॉप सेन्टर एवं जिला महिला चिकित्सालय का औचक निरीक्षण किया गया, जहाँ उपाध्यक्ष द्वारा केक काटकर कन्या जन्मोत्सव मनाया गया एवं लगभग 70 नवजात बालिकाओं को बेबी केयर किट एवं मिष्ठान का वितरण किया गया एवं जिला कारागार उन्नाव का भ्रमण किया गया व निरूद्ध महिला बन्दियों से उनको उपलब्ध करायी जा रहा सुविधाओं एवं खान-पान आदि की जानकारी ली गयी एवं उनके साथ रह रहे बच्चों को ऊनी वस्त्र प्रदान किये गये। तत्पश्चात उपाध्यक्ष द्वारा विकास खण्ड नवाबगंज में तीन दिवसीय पोषण सम्बन्धी प्रशिक्षण कार्यक्रम का दीप प्रज्जवलित कर शुभारम्भ किया गया। उपरोक्त जनसुनवाई अपर जिलाधिकारी (वि0/रा0) सुशील कुमार गौड़, अपर जिलाधिकारी (न्यायिक) विकास सिंह, उपजिलाधिकारी सदर, अपर मुख्य चिकित्साधिकारी नरेन्द्र सिंह, जिला समाज कल्याण अधिकारी नीलम सिंह अपर पुलिस अधीक्षक, मुख्य चिकित्सा अधीक्षिका जिला महिला चिकित्सालय, सहायक श्रमायुक्त, जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी संगीता सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी, जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी, जिला दिव्यांगजन सशक्तिकरण अधिकारी, नगर क्षेत्राधिकारी सोनम सिंह, प्रभारी जिला विद्यालय निरीक्षक, अवधेश कुमार विधि-सह परिवीक्षा अधिकारी, प्रभारी महिला थाना, प्रभारी ए0एच0टी0यू0, जिला समन्वयक चाइल्ड लाइन, वन स्टॉप सेन्टर एवं जिला बाल संरक्षण इकाई के कर्मचारी आदि उपस्थित रहें।

## अस्पताल निदेशक ने खिचड़ी प्रसाद वितरण किया



इटावा। श्री शंकर धर्मार्थ नेत्र चिकित्सालय राहतपुर एवं भारत विकास परिषद धर्मार्थ सेवा शाखा के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार को गत वर्षों की भांति राहतपुर स्थित राधा कृष्ण मंदिर तथा कचहरी परिसर में खिचड़ी प्रसाद का वितरण किया गया। चिकित्सालय के निदेशक राजेंद्र कुमार दीक्षित एवं धर्मार्थ सेवा शाखा के सचिव सुधीर मिश्र ने बताया कि मकर संक्रांति पर्व के उपलक्ष में प्रतिवर्ष उक्त दोनों स्थानों पर संस्था की तरफ से खिचड़ी का वितरण होता आया है, उसी क्रम में बुधवार को प्रातः 11 बजे से जनमानस को खिचड़ी वितरण किया गया। कचहरी परिसर में अधिवक्ताओं और वादकारियों ने भारी संख्या में खिचड़ी प्रसाद ग्रहण किया। खिचड़ी के साथ सभी को पर्व के भोग से जुड़ीं रेवड़ियों का वितरण भी किया गया।

## एसओजी और पुलिस टीम चोरी के माल के साथ 4 शातिर आरोपी गिरफ्तार

सीतापुर। एसओजी पुलिस टीम और पिसावा थाना पुलिस ने संयुक्त रूप से छापेमारी करके 4 शातिर चोरों को गिरफ्तार किया है। थाना पिसावां व एसओजी की संयुक्त पुलिस टीम ने के जल्लापुर चैराहे के निकट छापेमारी की। वहां पर पुलिस ने ट्रक ड्राइवर को बेहोश कर ट्रक से माल चोरी की घटना में संलिप्त प्रकाश में आये 4 आरोपियों अरमान पुत्र इसरार निवासी ग्राम जंगबहादुरगंज थाना पसिगवां जनपद लखीमपुर खीरी, रामसिंह पुत्र रामनाथ निवासी ग्राम जंगबहादुरगंज थाना पसिगवां जनपद लखीमपुर खीरी, अमित कुमार पुत्र रामस्वरुप निवासी कुवरपुर बघेला थाना पिहानी जनपद हरदोई , रवि पुत्र रामप्रसाद उनिवासी ग्राम बिचपरी थाना मोहम्मदी जनपद लखीमपुर खीरी को जल्लापुर चैराहे के पास से गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की गई है। मौके से चोरी 324 गत्ते बिस्कुट व नमकीन व 7 बोरी नमकीन व घटना में प्रयुक्त डीसीएम गाड़ी यूपी 27 टी 0669 बरामद हुए हैं। पुलिस का कहना है कि दिनांक 6.1.2025 को इन लोगो ने जहानीखेड़ा के पास पकौड़ी खरीदकर उसमें नशीला पदार्थ मिलाकर एक बन्द ट्रक नं0 डीएलआईएलएइ 8145 को रुकवाया। उस ट्रक ड्राइवर से आगे चलने का हवाला देते हुए गाड़ी में बैठने के लिये आग्रह किया तो ट्रक ड्राइवर ने हम लोगो में से दिव्यांशु उर्फ छोटू तथा अरमान को बैठा लिया। जिसपर शेष तीनो राम सिंह, अमित कुमार, रवी, मोटरसाइकिल से ट्रक के पीछे पीछे चलते रहे। आरोपी दिव्यांशु गुप्ता उर्फ छोटू और अरमान ने ट्रक ड्राइवर को बहाने से पकौड़ी खिलाकर ड्राइवर के बेहोश होने पर ट्रक को ड्राइवर सहित लाकर सुरक्षित स्थान पर खड़ा किया। एक दूसरी गाड़ी डीसीएम गाड़ी यूपी 27 टी 0669 का इन्तजाम कर ट्रक में लदे माल को डीसीएम में लाद लिया।

# सुनहरे कल के लिए क्षत्रिय समाज एकजुट हो : अमर सिंह

- अखिल क्षत्रिय महासभा मासिक बैठक संपन्न



बलरामपुर। जब चमन वीरान था तब लहू हमने दिया अब चमन आबाद है तो कहते हैं तेरा काम नहीं। अर्थात जब अंग्रेजो नें भारत माता के पैरों में गुलामी की बेडि यां डाल रखी थीं । भारत भूमि की आजादी के दीवाने क्षत्रिय रणबांकुरे वतन के लिए लहू का एक-एक कतरा बहाया। अंग्रेजों से लोहा लेने का संग्राम इतिहास के गौरव गाथा में शुमार है। महाराणा प्रताप स्वाधीनता के लिए जंगलों में घास की रोटियां तक खाई। हल्दीघाटी की सोंधी माटी महाराणा प्रताप की जोहर का बखान करती है वीरांगना लक्ष्मीबाई स्वाधीनता के विशात पर रण मरण को चुना। आज इस क्षत्रिय समाज को छिछली राजनीति के कहर पर दरकिनार कर दिया गया है। अब वक्त पुकार रहा है कि क्षत्रिय समाज एकजुट होकर आपसी राग द्वेष को विराम देकर सुनहरे कल को अंजाम दें। यह बातसदवा पुर देवांश ढाबे पर अखिल क्षत्रिय महासभा द्वारा आयोजित मासिक बैठक में जिला अध्यक्ष अमर सिंह ने कही।

जिला अध्यक्ष अमर सिंह ने बैठक में उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए आगे कहा कि समय समाज और वर्तमान परिवेश एक जुटता के लिए हमारे समाज को पुकार रहा है। हमें अपने समाज और गौरवशाली वजूद के लिए एक जुटता का पूरे मनो योग से संकल्प लेना ही होगा अन्यथा हमारे उदासीनता आपसी द्वेष, फूट, विखराव के लिए हमारी भावी पीढ़ियां हमें माफ नहीं करेंगीं। हमें अपने क्षत्रिय समाज के उत्थान के लिए हर हाल में एक जुटता की कमर कसनी ही होगी। श्री सिंह आगे कहा कि हमारे क्षत्रिय समाज में भी लोग विपन्नता का जीवन जीते हैं उनके पाल्यों के लिए शिक्षा, बेटियों के ब्याह में आर्थिक कमजोरी बाधक बनती है। हालात गरीबी में पालने पढ़ने वाले बेटे बेटियों की भविष्य में अपार संभावनाएं होती हैं लेकिन आर्थिक मजबूरी में उनके सुनहरे सपने सुखद सोपान का परवान नहीं चढ़ा पाते।ऐसे ही दूसरी विकट समस्या गरीबी और दहेज लोभी की गहरी खाई है। इस खाई के चलते गरीब क्षत्रिय परिवार की बेटियों के हाथ पीले होने में अधिक समय लग जाते है। बिरादरी में पनपी इस दहेज की खाई को हम आपको मिल जुल कर पाटनी ही होगी। ऐसे परिवारों को आर्थिक मदद देनी होगी। जिसका सभी उपस्थित सदस्यों ने ध्वनि मत से जोरदार समर्थन किया। संगठन के मंडल अध्यक्ष शिवजीत सिंह शिवा इतिहास के झरोखे को झाँकते हुए कहा कि सन 1857 में जब अंग्रेज का सेनापति होप ग्रांड अपनी विशाल वर्तनिया सेना लेकर उत्तर भारत की ओर अपना आधिपत्य विस्तार करते हुए बढ़ रहा था तो ओवरी की जंगल में 18 वर्षीय चहलारी सम्राट बलभद्र सिंह के नेतृत्व में राजा बेनी माधव सिंह दान बहादुर सिंह तात्या हीरा काका आदि क्षत्रिय रण बांकुरो नें देश के लिए जो बलिदान दिया उनका युग युगांतर ऋणी रहेगा। स्वाधीनता संग्राम में सिरमौर की भूमिका निभाने वाले क्षत्रिय के वंशज को जिस कदर आज हांसिये पर ला खड़ा कर दिया गया है उसकी वीरशहीद सपूतों नें कल्पना भी नहीं की होगी। हमें समय पुकार रहा है कि एकजुट होकर आर्थिक लाचारी को दरकिनार कर उन सजातीय युवक युवतियाँ के आर्थिक बाधा को ध्वस्त कर उनके शिक्षा दीक्षा को उस मुकाम तक पहुंचाना है ताकि वह प्रतिभा को शिखर पर ध्वज फहराकर अपने समाज का नाम मेधावी रोशन कर सकें। छात्र-छात्राओं के सहयोग के साथ-साथ रोजगार बढ़ावा देने के हर संभव उपाय किए जाएं। हमें राजनीतिक छल कपट के विभाजन से बचना होगा। आपसी मनमुटाव का स्थाई पटा छेप आपसी सौहार्द से करना होगा । बैठक में मौजूद दर्जनों पदाधिकारी सदस्यों ने अपने-अपने विचार रखे। संगठन को तीव्र गति विस्तार देने का संकल्प लिया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष आनंद कुमार सिंह गुड्डू सुधीर सिंह उदय प्रताप सिंह संतोष कुमार सिंह राकेश सिंह अजय सिंह किशन सिंह वीरेंद्र सिंह राजेंद्र सिंह बेनी माधव सिंह सुजीत सिंह अखिलेश सिंह सहित कई दर्जन क्षत्रिय लोग शामिल रहे।

## वॉलीबाल प्रतियोगिता में खिलाड़ियों ने बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन किया



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर क्षेत्र के ग्राम बिहार में बाबा गौरीशंकर वॉलीबॉल प्रतियोगिता का आयोजन प्रांतीय स्तर पर धूमधाम से किया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ थाना प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी और पूर्व ब्लॉक प्रमुख पति राजकुमार उर्फ रज्जन सिंह ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। प्रतियोगिता के उद्घाटन मैच में महाराणा प्रताप एकेडमी लखनऊ और आरपीएफ लखनऊ की टीमों के बीच बेस्ट ऑफ थ्री का रोमांचक मुकाबला हुआ। आरपीएफ लखनऊ की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए दो सेट जीतकर मुकाबला अपने नाम किया। दोनों टीमों के खिलाड़ियों ने अपनी खेल भावना और कौशल से दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इस प्रतियोगिता में कुल 12 टीमों ने भाग लिया और अपने उत्कृष्ट खेल का प्रदर्शन किया। अतिथियों ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त किया। तथा आयोजकों द्वारा पूर्व खिलाड़ियों व अतिथियों का माल्यार्पण व प्रतीक चिह्न भेंटकर सम्मानित किया। थाना प्रभारी सुब्रत नारायण त्रिपाठी और राजकुमार उर्फ रज्जन सिंह ने खिलाड़ियों को संबोधित करते हुए कहा कि खेल युवाओं के शारीरिक और मानसिक विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उन्होंने आयोजकों को ऐसे सफल आयोजन के लिए बधाई दी और कहा कि यह ग्रामीण क्षेत्रों में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने का एक बेहतरीन मंच है। प्रतियोगिता में क्षेत्रीय ग्रामीणों और खेल प्रेमियों की भारी भीड़ उमड़ी, जिन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन किया। बाबा गौरीशंकर वॉलीबॉल प्रतियोगिता ने न केवल खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का मौका दिया, बल्कि ग्रामीणों के लिए मनोरंजन और सामाजिकता का अवसर भी प्रदान किया।इस मौके पर राजकुमार मिश्र, शिवम मिश्र, दिनेश बाजपेई, शानू बाजपेई, संदीप मिश्रा, बड़े बउआ, कान्हा मिश्रा, राजेंद्र बहादुर सिंह, ओमप्रकाश पासवान, अशोक सिंह, सुरेंद्र शुक्ला, हिमांशु कुमार मिश्रा, मोनू तिवारी, चंद्रेश सिंह, अजय मिश्रा, अर्पित सिंह, सुरेश मिश्रा सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे। आयोजकों ने कार्यक्रम की सफलता पर सभी का आभार व्यक्त किया।

## प्राचीन हनुमान मंदिर में 27वां वार्षिकोत्सव धूमधाम से मनाया



पाटन, उन्नाव। तहसील बीघापुर के ग्राम देवारा स्थित प्राचीन हनुमान मंदिर में मकर संक्रांति के अवसर पर 27वां वार्षिक उत्सव धूमधाम से मनाया गया। परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। कार्यक्रम में रायबरेली के कथिक अयोध्या प्रसाद ने मानस पर आधारित प्रसंग सुनाकर श्रद्धालुओं को भाव-विभोर किया। शाम को सुनील सरगम जागरण पार्टी रायबरेली द्वारा भजन संध्या और जागरण कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। सुंदर भजनों और देवी-देवताओं की झांकियों ने श्रद्धालुओं का मन मोह लिया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित समाजसेवी सूरज सिंह और शिववीर सिंह ( वीरू ) ने कहा कि हनुमान मंदिर में आयोजित यह कार्यक्रम भक्ति और सामूहिकता का प्रतीक है। उन्होंने पुजारी बाबा घनश्याम तिवारी की सराहना करते हुए कहा कि इस प्रकार के आयोजनों से समाज में भक्ति भावना जागृत होती है। श्रद्धालुओं ने खिचड़ी भोज का आनंद लिया और कार्यक्रम की भूरि-भूरि प्रशंसा की। यह उत्सव गांव में भक्ति और सामाजिक एकता का संदेश लेकर आया।

संक्षेप

## 18 तक बंद रहेंगी जनपद की आंगनबाड़ियां

**ललितपुर।** बच्चों को शीतलहर व कड़ाके की ठण्ड से बचाव हेतु जनपद के समस्त ऑगनबाड़ी केन्द्रों को जिलाधिकारी द्वारा 14 जनवरी 2025 तक अवकाष घोषित किया गया था। वर्तमान में अत्यधिक ठण्ड एवं शीतलहर की स्थिति बनी हुयी है। उपरोक्त के दृष्टिगत जिलाधिकारी द्वारा निर्गत निर्देष के अनुपालन में जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह ने जनपद के समस्त ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर 18 जनवरी तक अवकाष घोषित किया है। इस अवधि में 03 से 06 वर्ष आयु के बच्चों की उपस्थिति ऑगनबाड़ी केन्द्रों पर नही होगी, परन्तु समस्त ऑगनबाड़ी कार्यकत्री एवं मिनी ऑगनबाड़ी कार्यकत्री अपने केन्द्रों पर उपस्थित रहते हुए पोषण टैज्कर एप पर नियमित रूप से कार्य करेंगी तथा ऑगनबाड़ी कार्यकत्री, मिनी ऑगनबाड़ी कार्यकत्री एवं सहायिकाओं के द्वारा लाभार्थियों का पोषण टैज्कर एप पर रजिस्टेज्ञन, ड्राई राषन वितरण, वजन तथा गृह भ्रमण सहित समुदाय आधारित गतिविधियों एवं अन्य शासकीय कार्यो का निष्पादन पूर्व की भॉति किया जायेगा।

## भदैंयापुरा में खुलेआम बिक रही अवैध शराब

ललितपुर। खुलेआम बेची जा रही शराब से पीड़ित एक व्यक्ति ने क्षेत्राधिकारी सदर को एक शिकायती पत्र सौंपा है। शिकायती पत्र में सदर चैकी अंतर्गत मोहल्ला भदैंयापुरा में रहने वाले बलराम कुशवाहा पुत्र स्व.शिवदयाल कुशवाहा ने सीओ को तहरीर देकर बताया कि मोहल्ले में लम्बे समय से अवैध शराब की बिक्री जोरों पर है। आरोप लगाया कि कई लोग वहां बैठकर आये दिन शराब पीते हैं और जुआ खेलते हैं। विरोध करने पर उक्त लोगों द्वारा गालियां देकर मारपीट कर दी जाती है। आरोप है कि शराब की अवैध बिक्री होने और मारपीट से महिलाओं में भी असुरक्षा का माहौल बन जाता है, जिससे यहां के लोग डरे-सहमें हुये हैं। बलराम कुशवाहा ने पुलिस से मामले में जांच कर कार्यवाही किये जाने की गुहार लगायी है।

## तमंचा समेत अभियुक्त पकड़ा

**ललितपुर।** पुलिस अधीक्षक मो.मुश्ताक के निर्देशन में एएसपी अनिल कुमार एवं सीओ सदर अभयनारायण राय के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में थाना जखौरा पुलिस ने मुखबिर खास की सूचना पर ग्राम सिरसी थाना जखौरा से बिरौरा निवासी बालकराम राजपूत पुत्र ओमकार राजपूत को हिरासत में लिया है। बालकराम के पास से एक अदद नाजायज तमन्चा 12 बोर व 02 अदद जिन्दा कारतूस 12 बोर बरामद किया गया है। अभियुक्त को पकड? वाली पुलिस टीम में उ.नि. ब्रजेश कुमार सिंह, हे.का. वीरेन्द्र दुबे, हे.का. अरविन्द कुमार आदि शामिल रहे।

## व्यापारी 19 को एकत्रित होंगे

**बरेली।** व्यापारियों को अपने कारोबार करने में आ रही दिक्कतों को लेकर 19 जनवरी को प्रदेश कार्यसमिति की बैठक बरेली मेंहोगी। यह जानकारी उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला अध्यक्ष देवेंद्र जोशी ने दी। महानगर अध्यक्ष शोभित सक्सैना ने बताया कि प्रदेश कार्यसमिति की बैठक में जीएसटी से संबंधित समस्याओं के विषय में विस्तार से चर्चा की जाएगी। देर से रिटर्न जमा करने पर 18% ब्याज दिया जा रहा है।

# मुख्य सरगना विजय अग्रवाल, करोड़ों हड़पे, पुलिस ने की बड़ी कार्रवाई



**बरेली।** बरेली पुलिस ने करोड़ों रुपये की जमीनों पर कब्जा करने, धोखाधड़ी और जालसाजी के मामले में बड़ी कार्यवाही की है। निलंबित लेखपाल सावन जायसवाल और उनके गैंग का मुख्य सरगना विजय अग्रवाल के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। थाना कैंट में दर्ज एक मामले में लेखपाल सावन कुमार और अमित राठौर के साथ विजय अग्रवाल समेत 22 लोगों के खिलाफ नामजद एफआईआर दर्ज की गई है। विजय अग्रवाल के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट समेत कई गंभीर धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। पुलिस के मुताबिक विजय अग्रवाल फिलहाल फरार हैं और उसकी लोकेशन दिल्ली में मिली है। आरोप है कि इस गैंग ने 1500 रुपये लेकर एक बुजुर्ग से फर्जी गवाही करवाई थी। शिकायत करने पर बुजुर्ग को धमकियां दी गईं।

**● लेखपाल गैंग मामला**

### बुजुर्ग से फर्जी गवाही करवाईः

बारादरी थाना क्षेत्र के हरूनगला निवासी बुजुर्ग हरिओम ने कोतवाली में शिकायत दर्ज कराई है कि उन्हें गवाही के लिए लालच देकर रजिस्ट्री ऑफिस बुलाया गया, जहां उन्हें 1500 रुपये दिए गए। बाद में पता चला कि इस जमीन के दस्तावेजों में फजीर्वाड़ा किया गया था। पुलिस ने इस मामले में शामिल आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है, जिनमें लेखपाल सावन जायसवाल और अमित राठौर उर्फ तिलकधारी का नाम प्रमुख है।

### गैंग के अन्य सदस्य भी हो सकते हैं शामिलः

हरिओम की शिकायत के बाद पुलिस ने सोनिया बैटरी के मालिक का नाम भी लिया है, जिसे गैंग का सदस्य बताया जा रहा है। पुलिस अब सोनिया बैटरी के मालिक के खिलाफ भी कार्यवाही की तैयारी कर रही है।

### अब तक नौ केस दर्ज, कई आरोपी गिरफ्तार

सावन जायसवाल गैंग पर अब तक नौ मुकदमे दर्ज हो चुके हैं, जिनमें से तीन मुकदमे बारादरी और तीन मुकदमे कैंट थाने में दर्ज हैं। पुलिस ने अब तक तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जबकि अन्य आरोपियों पर शिकंजा कसने की प्रक्रिया जारी है।एसपी सिटी मानुष पारीक ने बताया कि गिरोह के खिलाफ लगातार शिकायतें मिल रही हैं। हमने तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है और विजय अग्रवाल समेत अन्य आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए टीम गठित की गई है।

**धोखाधड़ी के मामलों पर पुलिस की पैनी नजर**

पुलिस के मुताबिक इस गैंग ने बुजुर्गों और कमजोर वर्ग को निशाना बनाकर फर्जी गवाहियां करवाईं और बड़ी साजिश के तहत जमीनों के दस्तावेजों में हेरफेर किया। पुलिस अब इन मामलों में और भी गहराई से जांच कर रही है।

# सर्दी में बच्चों एवं वृद्धों का रखें विशेष ध्यानः सीएमओ

**ललितपुर।** बदलते मौसम में ठण्ड से बचने के लिये स्वास्थ्य विभाग ने एडवाईजरी जारी की हैं। राष्ट्रीय परिवर्तन एवं मानव स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत शीतलहर के संदर्भ में जारी मौसम संबंधी स्वास्थ्य परामर्ष के बारे में जानकारी देते हुये सीएमओ ने बताया कि शीतलहर का प्रभाव प्रत्येक वर्ष दिसम्बर-जनवरी माह में होता हैं।

**● ठण्ड के मौसम में हो सकता है अस्थमा, खांसी, निमोनिया एवं हाइपोथर्मिया**

शीतलहर का 5 वर्ष से कम आयु के बच्चों एवं वृद्धजनों के स्वास्थ्य पर अधिक प्रभाव पड़ता हैं। इस दौरान पृथ्वी की सतह की निकटवर्ती हवा के तापमान में तेजी से गिरावट होने के कारण शरीर पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ता हैं। ऐसी परिस्थिति में शरीर को हानि हो सकती हैं। ठण्ड व शीतलहर से नाक बहना, नाक बंद होना, कपकपी, मांसपेशियों में अकड?, सांस लेने में तकलीफ जैसे लक्षण हो सकते हैं। इस तरह के लक्षण पाये जाने पर तत्काल निकटतम स्वास्थ्य केन्द्र में उपचार लेना चाहिये। ठण्ड से बचाव के लिये यथा संभव घर के अंदर रहे, ठण्डी हवा से बचने और षरीर की गर्मी को बचाने के लिये कम से कम यात्रा करें, गर्म कपड़े पहने एवं आवश्यकता पड? पर निराश्रृत व्यक्ति रैन बसेरा में आश्रय ले सकता हैं। नोडल अधिकारी डा.रामनरेश सोनी ने बताया कि ठण्ड के मौसम में अस्थमा, खांसी, निमोनिया, आदि बीमारियों का खतरा बढ़ जाता है अधिक ठण्ड लगने से हाइपोथर्मिया भी हो सकता हैं। अतरू सभी को इस मौसम में विशेष ध्यान रखने की आवश्कता होती हैं। पब्लिक हैल्थ स्पेशलिस्ट डा.सौरभ सक्सैना ने कहा कि ठण्ड के मौसम में शरीर के मौसम का तापमान बनाये रखने के स्वस्थ्य भोजन करे, गर्म तरल पदार्थ का सेवन करे। शीतलहर के निरंतर संपर्क से हाइपोथर्मिया की स्थिति विकसित हो सकती हैं जिसके कारण कपकपी, बोलने मे कठिनाई, नींद आना, मांसपेशियों में अकड?, भारी सांस लेना, कमजोरी और या चेतना का ह्रास हो सकता हैं। हाइपोथर्मिया एक चिकित्सकीय आपात स्थिति है, जिसमें तत्काल चिकित्सकीय सहायता लेनी चाहिये। महामारी रोग विषेशज्ञ डा.देशराज सिंह दोहरे ने बताया कि शीतलहर के दौरान कंपकंपी आने की स्थिति को नजर अंदाज न करे यह शरीर की गर्मी के ह्रास का पहला संकेत हो सकता हैं। ऐसी स्थिति में तत्काल घर के अंदर आ जाये।

## अखबार वितरकों को बांटी जैकेट



**बांदा।** भीषण ठंड के दौरान भी शहर में घर.घर जाकर अखबार पहुंचाने वाले हाकरों को चेयरमैन नगर पालिका मालती बासू गुप्ता व सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ ने जैकेट बांटी। ठंड से बचाव के लिए नगर पालिका चेयरमैन ने शहर के स्वराज कालोनी स्थित कार्यालय में कर्मयोगी अखबार वितरकों को जैकेट देते हुए इनके कठिन परिश्रम की सराहना की। उन्होने कहा कि भयानक ठंड हो अथवा बरसात यह सभी मौसम में प्रतिदिन सवेरे ही पाठकों के घर अखबार पहुंचाते हैं। इस कठिन कार्य के लिए इनकी जितनी तारीफ की जाए कम है। इस अवसर पर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठए नगर पालिका अध्यक्ष प्रतिनिधि अंकित बासूए सभासद राकेश गुप्ता दद्दूए मनीष रैकवारए योगेन्द्र कुमारए अंशू वर्माए राममिलन तिवारीए विश्व प्रकाश श्रीवास्तवए अन्य सभासदए पार्टी कार्यकर्ता एवं बड़ी संख्या में अखबार वितरक मौजूद रहे।

## कम मिली छात्र उपस्थितिए बीएसए ने जताई नाराजगी

**बांदा।** मंडलीय समीक्षा बैठकों में सीएम डैशबोर्ड पर जिले में छात्र उपस्थिति बेहद कम मिली है। इसे लेकर जिला बेसिक शिक्षाधिकारी अव्यक्त राम तिवारी ने सभी खंड शिक्षाधिकारियों को पत्र भेजा है। उन्होने कहा है कि छात्र उपस्थिति बहुत कम मिलने पर उच्चाधिकारियों ने रोष जताया है। उन्होने विद्यालयों में छात्रों की उपस्थिति बढ़ाए जाने एवं जिले की ग्रेडिंग में सुधार करने के कड़े निर्देश दिए हैं। उन्होने कहा है कि बीते दिसंबर माह में सीएम डैशबोर्ड पर जिले की रैंक सी प्रदर्शित हो रही है। इससे दिखाई दे रहा है कि छात्रों की उपस्थिति बढ़ाए जाने का प्रयास नही किया जा रहा है। उन्होने कम छात्र उपस्थिति वाले विद्यालयों को चिन्हित कर निरीक्षण करने के बाद प्रधानाध्यापकों के विरूद्ध कार्रवाई की आख्या संस्तुति सहित भेजने के निर्देश दिए हैं। बेसिक शिक्षाधिकारी ने खंड शिक्षाधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि वह प्रधानाध्यापकों को निर्देश दें कि इस पर तत्काल सुधार किया जाए।

## युवा दिवस में दिए प्रमाण पत्र



**बांदा।** राष्ट्रीय युवा दिवस का आयोजन महुआ ब्लाक के जनता इंटर कालेज खुरहंड में हुआ। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि रामयश द्विवेदी की अध्यक्षता में हुआ। इसमें युवा मंडल जखनीए बरसंडा खुर्द आदि ने भाग लिया। प्रधानाचार्य दादू राम ने स्वामी विवेकानंद के जीवन पर प्रकाश डालते हुए युवाओं को उनके बारे में विस्तार से जानकारी दी। नेहरू युवा केन्द्र ने अतिथियों को साल भेंटकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में नेहरू युवा समिति अध्यक्ष विवेक कुमार त्रिपाठीए शैलेन्द्र सिंहए मालती कुशवाहाए स्वेता दीक्षितए गुरूकृपा द्विवेदीए रमाकांत चौरसियाए राजेश कुमारए कृष्णदत्तए ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंहए प्रदीप कुमार सिंहए पूर्व प्रधानाध्यापक के अलावा 120 युवा मौजूद रहे। नेहरू युवा केन्द्र व युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार ने प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया। संचालन रवि अवस्थी ने किया।

# सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना परिसर में होटल स्वामियों की बैठक का आयोजन



**नगीना, बिजनौर।** सुरक्षा व्यवस्था को लेकर थाना प्रभारी तेजपाल सिंह नगर के होटल स्वामियों की बैठक ली। थाना प्रभारी ने बेठक में क्षेत्र के सभी होटल स्वामियों को अपने अपने होटलों के बाहर व अंदर, सीसीटीवी कैमरे लगाने व उन्हे हर समय चालू रखने के निर्देश दिए। नगीना थाना प्रांगण में बीते दिन नगर के समस्त होटल संचालको की एक आवश्यक बैठक आयोजित की गई। बैठक में थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने कहा कि पुलिस के साथ-साथ सुरक्षा की जिम्मेदारी क्षेत्र के हर नागरिक की बनती है और क्षेत्र को और अधिक सुरक्षित बनाने में होटल स्वामियों व व्यापारियों का साथ भी बेहद जरूरी है, इसलिए सभी होटल संचालको को चाहिए कि वह अपने-अपने होटल को सीसीटीवी कैमरे से लैस रखे और सड़क किनारे होटलों के बाहर सीसीटीवी कैमरे 24 घंटे सुचारू रूप से चालू रहें। उन्होंने होटल स्वामियों से कहा कि जिन होटलों पर सीसीटीवी कैमरे तो लगे हैं लेकिन जयादातर वह खराब पड़े हुए हुए हैं उन्हें तत्काल ठीक करालें और जिन होटलों पर कैमरे ही नहीं है वह जल्द से जल्द लगाएं, जिससे यदि कोई वारदात हो तो पुलिस को लोगों की सुरक्षा के लिए मदद मिल सके। थाना प्रभारी तेजपाल सिंह ने होटल स्वामियों को समय से होटल खोलने व बंद करने पर जोर दिया। होटल स्वामियों ने आश्वासन दिया कि वह अपनी जिम्मेदारी को समझते हुए पुलिस का हर स्तर पर सहयोग करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि सीसीटीवी कैमरे से होटल भी पूर्ण रूप से सुरक्षित हो जाएंगा। इस मौके पर थाना प्रभारी तेजपाल सिंह के अलावा कस्बा इंचार्ज उदयवीर सिंह, वरिष्ठ उप निरीक्षक दीपक कुमार आदि है।

# किसान दिवस में दीं गईं जानकारियां



**ललितपुर।** सीडीओ के.के.पाण्डेय की अध्यक्षता में कृषि विज्ञान केन्द्र खिरिया मिश्र में किसान दिवस का आयोजन किया गया। किसान दिवस में उपस्थित किसानों द्वारा प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के तहत खरीफ में प्राप्त क्षतिपूर्ति का आंकलन राही कराकर किसानों को उचित क्षतिपूर्ति दिलाई जाने मांग की गयी। किसान कृष्णकान्त कांकर ग्राम बुढ़वार द्वारा बिद्याप्ती से सम्बन्धित समस्या में गांव की डी.पी. से सिंचाई हेतु उपलब्ध डी.पी. को अलग किये जाने की मांग की तथा ग्राम सतगता में खराब डी.पी. को सही कराने हेतु भी आग्रह किया। भारतीय किसान संघ ने प्रधानमंत्री फसल बीमा का सही आंकलन कर शीघ्र ही किसानों के खाते में क्षतिपूर्ति दिये जाने हेतु प्रार्थना पत्र दिया गया। भारतीय किसान कृषि पर्यावरण बन संरक्षण संस्थान द्वारा केन बेतवा जोडो परियोजना की जांच सम्बन्धित प्रार्थना पत्र दिया गया। किसान दिवस में जनपद के विभिन्न किसानों द्वारा समस्यों के निराकरण हेतु 13 प्रार्थना पत्र दिये गये जिसमें कुछ सगस्यों का सम्बन्धित विभाग द्वारा मौके पर ही निस्तारण किया गया तथा शेष प्रार्थना पत्र उप कृषि निदेशक द्वारा सम्बन्धित विभाग को कार्यवाही हेतु प्रेषित किये गये ताकि जांच कर उचित कार्यवाही की जाये।

किसान दिवस में उप कृषि निदेशक वसन्त कुमार दुबे, लघु सिंचाई से नैयर आलम, अध्यक्ष डा.मुकेश चन्द्र, सीवीओ डा.देवेन्द्र पाल सिंह, अपर जिला कृषि अधिकारी प्रदीप कुमार, सहायक उपायुक्त एवं सहायक निबन्धक अरविन्द्र मेहर, जिला उद्यान अधिकारी परवेज खान, जिला खाद्य विपणन अधिकारी सी.पी. पाण्डेय, सहायक निदेशक महस्य आर.पी. भारती एवं उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी, तालबेहट आर.के. स्वर्णकार आदि अधिकारीगण एवं लाखन सिंह पटेल, राजपाल यादव, जगदीश तिवारी, यथ प्रताप, आशीष कौशिक एवं आनन्द देवलिया आदि उपस्थित रहे।

### अतिक्रमण हटाने के निर्देश

**बहेड़ी, बरेली।** एसपी ग्रामीण ने बहेड़ी पहुंचकर कोतवाली का निरीक्षण किया। इस मौके पर उन्होंने फरियादियों की शिकायते भी सुनी और उनका तत्काल समाधान कराने का आश्वासन दिया। एसपी ने बहेड़ी में मेन रोड पर फैले अतिक्रमण की बात पता लगने पर एसएसपी ने स्थानीय

## स्कूलों में अवकाशए समय बदलने की मांग

**बांदा।** यूनाइटेड टीचर्स एसोसिएशन ने जिलाधिकारी को ज्ञापन देकर अत्यधिक शीतलहर को देखते हुए परिषदीय विद्यालयों में अवकाश अथवा समय में परिवर्तन करने की मांग की है। जिलाध्यक्ष निरंजन चक्रवर्ती ने मांग की है कि ऐसे मौसम में शिक्षक.शिक्षणेत्तर कर्मचारियों को विद्यालय पहुंचने में कठिनाईयों का सामना करना पड़ रहा है। विद्यालय आने वाले बच्चे भी सारा दिन ठंड में सिकुड़ते देखे जा रहे हैं। कभी भी उनकी हालत बिगड़ने का अंदेशा बना रहता है। उन्होने छात्रों व शिक्षकों के हित को ध्यान में रखकर विद्यालयों का समय परिवर्तन अथवा अवकाश घोषित करने की मांग की है।

## किसान बंधु की बैठक, दिन में न हो विद्युत कटौती

**बांदा।** सिंचाई बंधु समिति के लिए शासन से नामित उपाध्यक्ष बलवान सिंह की अध्यक्षता में बैठक हुई। मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य की मौजूदगी में हुई बैठक में जिला स्तरीय अधिकारी एवं किसान मौजूद रहे। इसमें नलकूपए विद्युत एवं नहर के बारे में किसानों से मिले आवेदनों का मौके पर निस्तारण किया गया। उपाध्यक्ष बलवान सिंह ने विद्युत विभाग से अपेक्षा जताई कि विद्युत कटौतीए रोस्टिंग दिन में न की जाए बल्कि यह कटौती रात के समय की जाए ताकि किसान दिन में फसलों की सिंचाई कर सकें और रात में भीषण ठंड के प्रकोप से किसानों का बचाव हो सके। बीते दिसंबर माह में आयोजित बैठक में मिली शिकायतों के बारे में अधिशाषी अभियंता नलकूप खंड ने बताया कि नलकूप संख्या 280 को विद्युत दोष तथा नलकूप संख्या 84 को यांत्रिक दोष से मुक्त कर दिया गया है। मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य ने अधिकारियों को उनके विभाग व खंड से संबंधित बिंदुओं पर आगामी बैठक के पहले अनुपालन आख्या उपलब्ध कराए जाने के लिए जरूरी दिशा निर्देश दिए।

# चेयरमैन संघ के जिलाध्यक्ष शाहनवाज खलील ने फुटबाल टीम को विजेता ट्रॉफी दी



**नगीना, बिजनौर।** ऑल इंडिया फुटबॉल टूनामेंट के फाइनल मुकाबला ट्राई होने पर दोनों टीमों के कप्तानों को विजेता ट्रॉफी देने का समाजसेवी व चेयरमैन संघ के जिला अध्यक्ष शेख शाहनवाज खलील द्वारा किया गया वायदा आज पूरा हो गया। नगीना के मोहल्ला काजी सराय निकट एवन धर्मकांटे के पास बीते दिन दिलशाद अहमद के कारखाने मे आयोजित कार्यक्रम में नगीना चेयरपर्सन पुत्र चेयरमैन सघं के जिलाध्यक्ष समाजसेवी शेख शाहनवाज खलील ने नगीना की टीम के कप्तान को भी चमचमाती हुई ट्रॉफी भेंट की। फाइनल मुकाबले के दिन विजेता टीम के लिए एक बड़ी ट्रॉफी लाई गई थी। लेकिन फाइनल मुकाबला ट्राई होने पर शेख शाहनवाज खलील ने दर्शकों के आपार समूह के सामने दोनों टीमों को बराबर ट्रॉफी देने का ऐलान किया था। बाहरी टीम के कप्तान को उस समय बड़ी ट्रॉफी दे दी गई थी तथा नगीना के मेजबान होने के चलते इस टीम को बाद में ट्रॉफी देने का निर्णय लिया गया था।

समय समय पर अपने सभी वायदों को पूरा करने वाले हरदिल अजीज शेख शाहनवाज खलील ने नगर के जिम्मेदार लोगों की मौजूद में अपने किए गए वायदे को पूरा करते हुए नगीना टीम के कप्तान को भी विजेता जैसी ट्रॉफी भेंट की। नगीना टीम के कप्तान दिलशाद मुल्तानी और टीम के सभी खिलाडी ट्रॉफी पाकर बेहद खुश नजर आए। इस मौके पर काष्ठकला उद्यमी जुल्फिकार आलम, नगीना क्राफ्ट डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष इरशाद अली मुल्तानी, सलीम मुल्तानी व्हील वाले, फुटबॉल कमेटी के सीनियर सुभाष कपूर उर्फ पप्पी भाई, शेख जमशेद, निसार अहमद, दिलशाद, शिबली निसार, हैदर मुल्तानी, बाहर आलम, आरिफ मुल्तानी, शमशाद मुल्तानीमुल्तानी, शेख नौशाद, सिद्दीक मुल्तानी, नासिर मुल्तानी, रईस दादा, मास्टर शहजाद आदि मौजूद रहे।

## एसपी ने शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश




**महोबा।** पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल द्वारा जनपदवासियों को उनकी समस्याओं के निस्तारण व उनको त्वरित न्याय दिलाये जाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक कार्यालय महोबा में जनसुनवाई की गयी। पुलिस अधीक्षक द्वारा जनसुनवाई को अधिक प्रभावी एवं पारदर्शी बनाते हुये पीड़ितों से एक-एक करके उनकी समस्याओं को गम्भीरता पूर्वक सुना गया है। जनसुनवाई के दौरान जो भी फरियादी अपनी समस्याओं के समाधान की उम्मीद के साथ पुलिस अधीक्षक के समक्ष आये थे। उन सभी की समस्याओं को सुनकर उनका गुणवत्तापूर्ण निस्तारण कराये जाने का आश्वासन दिया गया।

## अमर शहीदों को दी श्रद्धांजलि



**बांदा।** भूतपूर्व सैनिक संघ जिला इकाई ने वर्ष 1857 के अमर शहीदों को भूरागढ़ दुर्ग में श्रद्धांजलि दी और समाधि स्थल में दो मिनट का मौन रखा। कार्यक्रम का शुभारंभ नगर पालिका अध्यक्ष मालती बासू गुप्ता और सदर विधायक प्रतिनिधि रजत सेठ ने किया। पूर्व सैनिकों ने शहीद स्थल पर भारत.चीनए भारत.पाक तथा ऑपरेशन विजय के अमर शहीदों को भी याद कर श्रद्धा सुमन अर्पित किए। पूर्व कैप्टन बीएस राठौड़ए दयाशंकर तिवारीए आर पी तिवारीए बिंदु कुमार गौतमए क्षत्रपाल सिंहए रामनरेशए इंद्रपालए कृष्ण कुमार प्रजापतिए कैप्टन विश्राम सिंहए कैप्टन एल एस यादवए जयपाल प्रजापतिए सूबेदार मानसिंहए डिप्टी जेलर शिवशरणए सूबेदार अवध नारायण मिश्राए हवल्दार तेज बहादुर मिश्राए सुरेश द्विवेदीए रामलखन सिंहए अवधेश दीक्षितए सुरेन्द्र सिंह परिहारए नायक चंद्रपाल प्रजापति आदि दर्जनों पूर्व सैनिक व समाजसेवी मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन दीन दयाल सोनी ने किया। बताते चलें कि अमर शहीदों की समाधि स्थल में प्रतिवर्ष शहीदों को पूर्व सैनिक व गण्यमान्य लोग श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

## छात्राओं की जांच के लिए लगा हेल्थ कैंप




**महोबा।** शिक्षा मंत्रालय भारत सरकार नई दिल्ली के निदेशांनुसार अपर राज्य परियोजना के तहत पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज महोबा में स्वास्थ्य कैंप का आयोजन किया गया। लगभग एक हफ्ते तक चले स्वास्थ्य कैंप में विद्यालय में अध्यनरत छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। उक्त कैंप में महिला रोग विशेषज्ञ, मानसिक रोग विशेषज्ञ एवं नेत्र रोग विशेषज्ञों द्वारा परीक्षण किया गया तथा दवाइयां एवं सेनेटरी पैड वितरित किये गए। पीएम श्री राजकीय बालिका इंटर कॉलेज की प्रधानाचार्या सरगम खरे ने सभी चिकित्सकों का आभार व्यक्त किया। उक्त कैंप में शिक्षिका रोहिणी पटेल एवं प्रियंका गुप्ता ने विशेष सहयोग प्रदान किया।

# जज की कुर्सी छोड़ शुरू की पीडीए जनसुनवाई

शहजाद अंसारी



**बिजनौर।** जहां आज के दौर में आदमी अपनो के लिए एक दिन की छुट्टी तक नही करता वहीं एक शख्स ऐसा भी है जिसने जज की कुर्सी छोड़ दबे कुचले व आम आदमी करे इंसाफ दिलाने के लिए के उनके दर्द को अपना दर्द मान लिया। पीडीए जनसुनवई के माध्यम से गरीब व असहाय लोगो को इंसाफ दिलाने की मुहिम छेड दी है।। ऐसी ही एक शख्सियत हैं पूर्व अपर जिला जज बिजनौर मनोज कुमार जिनके जज्बे और जोश का यह आलम है कि उन्होने जज की कुर्सी छोडकर आम लोगो को लिए जनसुनवाई शुरू की है। अपने लिए तो हर कोई जीता लेकिन जो समाज के लिए कुबार्नी दे ऐसे शख्स के जज्बे को बार-बार सलाम। कहावत है अगर इंसान में कुछ कर गुजरने का जुनून हो तो इंसान क्या नहीं कर सकता। ऐसी ही एक शख्सियत का नाम है पूर्व अपर जिला जज बिजनौर मनोज कुमार है। आज के दौर में जहां लाखें का युवाओं का सपना भले ही जज बनने का हो लेकिन पूर्व अपर जिला जज मनोज कुमार समाज के दबे कुचले और पीड़ित की आवाज बनने के लिये वर्ष 2024 में अपर जिला जज बिजनौर जैसी प्रतिष्ठित पद को छोड़कर समाज के दबे कुचले और पीड़ित वर्ग की सेवा के लिये निकल पड़े है।

**● सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने पूर्व जज मनोज कुमार की विषेशता को परखते हुए वर्ष 2024 में उन्हे नगीना लोकसभा सीट से समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी बनाया था**

जनपद बिजनौर में उनका जनसुनवाई का मंच धीरे धीरे बड़ी कामयाबी हासिल करने लगा है। पूर्व जज मनोज कुमार नगीना क्षेत्र के पीडीए कार्यालय में शुक्रवार, शनिवार व रविवार को सुबह आठ बजे से अपने जनसुनवाई मंच के माध्यम से क्षेत्र के दूरदराज से आये ऐसे ऐसे लोगों की सुनवाई करते हैं जिनकी कहीं सुनवाई नही होती। अधिकारियों के यहां से निराश होकर आये पीड़ित जब अपना दर्द बयान करते हैं तो उनकी तकलीफ से पसीजता उनका चेहरा अलग दिखता है और पीड़ित की समस्या को अपना मानते हुए पूरे मनोयोग से जुट जाते है। खास बात यह है कि उनकी इस विशेषता को परखते हुए सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने 2024 में नगीना लोकसभा सीट से उन्हें समाजचादी पार्टी का प्रत्याशी बनाया और पूर्व जज मनोज कुमार ने कम समय में ही क्षेत्र के लोगों का मन अपने व्यवहार कार्यकुशलता और योग्यता से जीत लिया। कम समय की वजह से चुनाव में सफलता न मिलने के बावजूद लोगों की अपेक्षाओं पर आज भी खरा उतर रहे है। पूर्व जज मनोज कुमार की कार्यशैली ने विरोधियों की नींद हराम कर दी है। पूर्व जज मनोज कुमार ने हमारे संववादाता शहजाद अंसारी से बातचीत में कहा कि उन्होंने वकालत और उसके बाद जज के पद पर रहते हुए हजारों पीड़ितों का आवाज को सुना और निराकरण भी किया लेकिन एक टीस रहती थी कि जज के पद के दायरे में वह पूरी तरह पीड़ित की परेशानी को दूर नही कर पाते थे। पीड़ितों का वही दर्द और दबे कुचलों की आवाज ने जज के पद को छोड़कर आम आदमी के पास बैठकर उसकी समस्याओं को सूनने और दूर करने के जज्बे ने उन्हें इस मुकाम पर ला दिया है।

## जिला जज ने किया बालगृह का निरीक्षण



**ललितपुर।** जिला जज/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण आलोक कुमार पाराशर ने ग्राम दैलवारा स्थित राजकीय बाल गृह बालक में औचक निरीक्षण किया। जिला जज की विजिट में बालक कक्ष, पाठशाला कक्ष, भोजन-शाला का निरीक्षण किया। भोजनशाला में साफ-सफाई की व्यवस्था सामान्य पायी गयी। सुबह के भोजन प्रदर्शित सूची के अनुसार बना हुआ पाया गया, जो बालकों को दिया गया। विजिट के दौरान एडीजे/सचिव यशवन्त कुमार सरोज, सीजेएम विभान्शु सुधीर, प्रभारी अधीक्षक बालगृह रामप्रताप प्रभारी के अलावा न्यायालय से रोहित राठौर, अरविन्द उपस्थित रहे।

## राज्य महिला आयोग की सदस्या ने की जनसुनवाई

**महोबा।** सदस्या राज्य महिला आयोग अर्चना पटेल के जनपद आगमन पर अपर जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार द्वारा पुष्प भेंट कर सम्मान किया गया। तत्पश्चातमहोदया द्वारा कलेक्ट्रेट सभागार में जनसुनवाई एवं समीक्षा बैठक की गई, जिसमें पीडित महिलाओं एवं बलिकाओं द्वारा 21 प्रार्थना पत्र प्रस्तुत किये गये। सदस्या द्वारा प्राप्त शिकायती प्रार्थना पत्रों को गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु सम्बन्धित अधिकारियों को निर्देश दिये गये एवं शासन द्वारा संचालित लाभार्थीपरक योजनाओं का प्रचार प्रसार करते हुये पात्रता के आधार पर लाभान्वित किये जाने के निर्देश दिये गये। तत्पश्चात उन्होंने ऑगनबाडी केन्द्र एवं महिला बंदीगृह का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान सम्बन्धित अधिकारियों को शीतलहर से बचाव हेतु उचित प्रबंध किये जाने के निर्देश दिये गये। इस दौरान अपर जिला जिलाधिकारी न्यायिक शिशिर कुमार, क्षेत्राधिकारी कुलपहाड हर्षिता गंगवार, क्षेत्राधिकारी चरखारी, जिला प्रोबेशन अधिकारी रन बहादुर वर्मा, जिला दिव्यांगजन अधिकारी, जिला कार्यकम अधिकारी, जिला पूर्ति अधिकारी, महिला थाना अध्यक्ष कै साथ अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

# सतही आलोचना ठीक नहीं

राहुल गांधी लंबे अरसे से मुखर हैं। सरकार को घेरने का एक भी अवसर वे अपने हाथ से जाने नहीं देते। प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी , भारतीय जनता पार्टी और राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ व कुछ उद्योगपतियों की आलोचना तो जैसे उनके स्वभाव में ही आ गया है। इसके लिए वे बड़े से बड़ा जोखिम लेने को हमेशा तैयार रहते हैं। ऐसानहीं कि वे बर्र के छत्त में हाथ डालने के खतरों से अपरिचित हैं लेकिन विरोधी से प्रशंसा की उम्मीद बेमानी है,वाली बात को वे अक्षरशः चरितार्थ करते रहते हैं। विरोधी को झुकनानहीं चाहिए। डरना नहीं चाहिए लेकिन इसयह मतलब भी नहीं कि आलोचना को बेवजह हौव्वा बनादियाजाए। राहुल गांधी को देर सबेर यह बात समझनी ही होगी। अन्यथा उनकी राजनीतिक परिपक्वता पर अक्सर सवाल उठते रहेंगे। आलोचना बेहद गंभीर विषय है। सतही आलोचना खुद को भी दुखी करती है और दूसरोंको भी जबकि आलोचना मार्गदर्शक की भूमिका अदा करती है। ऐसा न रहा होता तो हमारे मनीषियों ने निंदक को नजदीक रखने की परिकल्पना नहीं की होती। निंदक नियरे राखिए आंगन कुटी छवाय की अवधारणा यूं ही ऋषि चिंतन का विषय नहीं बनी होगी। औषधि कड़वी होने के बाद भी अपने प्रभाव में हितकर होती है। राहुल गांधी और कांग्रेसअध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे संप्रति राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रमुख मोहन भागवत के उस बयान को लेकर हमलावर हैं जिसमें उन्होंने कहा है कि देश को असल आजादी अयोध्या में राम मंदिर बनने के बाद मिली। इस आधार पर उनकाविरोध एक हद तक उचित हो सकता है लेकिन यह बात किस संदर्भ में कही गई, इस पर भी विचार किया जाना चाहिए। खरगे ने तो कांग्रेस मुख्यालय को लोकतंत्र की पाठशाला करार दिया है । कांग्रेस अध्यक्ष के नाते उनके यह विचार स्वागत योग्य हैं लेकिन दूसरे दलों के मुख्यालय लोकतंत्र की पाठशाला नहीं है, यह बात भी ध्वनित नहीं होनी चाहिए। संसार में चार तरह के संयम की बात की जाती है। समय संयम, अर्थ संयम, विचार संयमऔर इंद्रिय संयम। इसमें विचार संयम ज्यादा महत्वपूर्ण है। राजनेताओं को कोई भी बात बोलते वक्त उसके प्रभावों पर भी गौर करनाचाहिए। राजनीति में आलोचनाऔर प्रत्यालोचना होती रहती है लेकिन किसी भी नेता का बयान ऐसा नहीं होनाचाहिए जो अवाम को आहतकरने वाला हो। तर्कहीन बातों से भला तो किसी कानहीं होता अलबत्ते विकास कार्यों को ग्रहण अवश्य लग जाता है। घड़ी की सुई पीछे नहीं चलती। नदी पीछे मुड़कर नहीं देखती फिर राजनेता बार-बार अतीत के गड़े मुर्दों को उखाड़ने में अपनी बहादुरी मानते हैं, यह सोच का विषय है। बेहतरहोताकि इस दिशा में ठोस-रणनीति बनती औरपक्षव्विपक्ष दोनों ही केवल देशकेविकासकी बात करते। बीति ताहि बिसार दे आगे की सुध लेहु। कौन किसके साथहै। कौन राष्ट्रवादी है, कौन नहीं, इस पर इस देश में पहले भी बहुत बहस हो चुकी है। संविधान की प्रति लेकर घूमने से ही बात नहीं बनने वाली है, उसके अनुपालन की दिशा मेंकाम कियाजानाचाहिए। यही मौजूदा युगधर्म का तकाजा भी है। राजनीति में एक दूसरे कोजनताकी दृष्टि में गिराते रहने का तो जैसे सिलसिला सा चल पड़ है लेकिन राजनीतिक दलोंको यह हरगिज नहीं विस्मृतकरनाचाहिए कि प्रशांसा करने वाला बड़ा बन जाताहै औरनिंदा करने वालाअपनी ही नजरों में गिरने लगता है। नकारात्मक सोच के साथ बढ़ाहुआ इंसान प्रगति के सोपान चढ़ नहीं पाता । इसलिए भी जरूरी है कि देश के विकासकी सम्यक रूपरेखा बनाई जाए। चुनावों में मुफ्तकी रेवड़ी बांटकर सत्ताकेकरीब पहुंचाजासकताहै लेकिन जनता के करीब पहुंचनेका यह मार्ग बिल्कुल भी नहीं है। अतएव राजनीति दलोंको जनसेवक तो होनाही पड़ेगा। जो सेवा करता है, वह दूसरों में मीन-मेखतलाशने की बजायअपने कार्य की गुणवत्ता सुधारता है। प्रगति की असल राह भी यही है।



**जनसेवक का काम मीन मेख तलाशना नहीं है, उसे जनता के हित में विकास कार्यों को अंजाम तक पहुंचाना ही होगा।**

# आग तो बुझ जायेगी मगर साख का क्या

संजय श्रीवास्तव



**कैलिफोर्निया में आग**

> कैलिफोर्निया में लगी आग की अगर पिछले साल की आग से तुलना करें तो यह पांच गुना अधिक विकराल है। निकट भविष्य में अमेरिका ऐसी आग बुझाने के लिए पर्यावरणप्रिय तकनीक अनायेगा , लेकिन वह आग बुझाने के लिए समुद्री पानी और रसायन का प्रयोग कर रहा है, इससे यह संभावना धूमिल ही है।

अमेरिका आग से जूझ रहा है। जमीन से समुद्र तट की ओर बहने वाली सेंटा एना हवाएं जंगल की इस आग को और भड़का रही हैं। यह आग तो बुझ जायेगी पर कई सुलगते सवाल अपने पीछे छोड़ जायेगी, क्या मेक अमेरिका ग्रेट अगेन के नारे लगाने वाले इन प्रश्नों का यथोचित उत्तर दे पायेंगे ? अंतरिक्ष से देखा जा सकने वाला कैलिफोर्निया का दावानल दस दिन से धधक रहा है। अमेरिका के जंगलों में पहले भी भीषण आग लगती रही है, पर इस बार इसने जिस इलाके को चपेट में लिया है, वह इतना खास है कि अमेरिका को इसकी बहुत भारी कीमत चुकानी पड़ रही है।

व्यापक स्तर पर की जा रही अग्नि शमन की कोशिशें देर सवेर कामयाब होंगी और आग बुझेगी, रह जायेंगी तो बस राख हुई वनस्पतियां, उजड़े हुए मकान, पिघले एटीएम,जली दीगर संपत्तियां, भस्मीभूत मवेशी, पालतू जानवर वगैरह। साथ ही इस कथित प्राकृतिक आपदा, उसके कारणों, सरकारी, प्रशासनिक प्रयासों तथा तकनीकी और संसाधनों वाली अमेरिकी श्रेष्ठता की विफलता से जुड़े तमाम सवाल लंबे अरसे तक अमरीकियों को परेशान करेंगे। सबसे बड़ा सवाल यह है कि अपनी तकनीकी दक्षता, तत्परता तथा संसाधनों की प्रचुरता की डींग हांकता अमेरिका हर ऐसे मौकों पर बुरी तरह विफल क्यों रहता है, जब इसकी सबसे ज्यादा जरूरत होती है ? वह चाहे वियतनाम और अफगानिस्तान जैसे सैन्य मामले हों, कोरोना से होने वाली मौतें हों अथवा कैलीफोर्निया या दूसरे इलाकों के जंगलों में लगी भीषण आग। इस आग के बुझ जाने के बाद कोई गारंटी नहीं कि कहीं और ऐसी आग नहीं लगेगी। लगी तो इस घटना से सबक सीखा अमेरिकी इतना सतर्क होगा कि वह आग इस कदर नहीं फैलेगी, इतनी बड़ी बर्बादी नहीं होगी।

यहीं लॉस एंजिल्स के ग्रिफिथ पार्क में 1933 में लगी आग ने कैलिफोर्निया के करीब 83 हजार एकड़ के इलाके को अपनी चपेट में ले लिया था, जिससे 3 लाख लोगों को अपना घर छोड़ना पड़ा था। यही नहीं इससे पहले कैलिफोर्निया में पिछले 50 सालों में 78 से ज्यादा बार आग लग चुकी है, पर अमेरिका ने इससे कितना सबक लिया, उसकी क्या तैयारी थी, यह आज सबके सामने है। इस बार कैलिफोर्निया में लगी आग की पिछले साल की आग से तुलना करें तो यह पांच गुना अधिक विकराल है। निकट भविष्य में अमेरिका ऐसी आग बुझाने के लिये पर्यावरण प्रिय तरीकों का इस्तेमाल करेगा, आग बुझाने के क्रम में और लगी हुई आग से होने वाले पर्यावरणीय नुकसानों की वह पर्याप्त भरपाई कम से कम समय में कर सकेगा, यह उम्मीद भी तब संदेह के घेरे में आती है, जब यह देख जा रहा हो कि वह समुद्री पानी और गुलाबी रसायन से आग को बुझाने तथा नियंत्रित करने का प्रयास कर रहा है जो घोषित तौरपर एक पर्यावरण विरोधी प्रयास हैं। अमेरिकी दावा कि वह उसकी तकनीक कुशलता सर्वश्रेष्ठ है, पर यह खामख्याली ही है क्योंकि अमेरिका में इससे पहले भी कई बार जंगलों में आग लगने की घटनाएं हुई है और उसने पिछली बार से अधिक नुकसान उठाया है।

सवाल यह कि यदि धरती के महाशक्ति महाबली अमेरिका का इस मामले में यह हाल है, तो पूर्वी ऑस्ट्रेलिया जैसे अग्नि प्रवण क्षेत्रों अथवा बाकी विकसित और भारत जैसे विकासशील देशों का हाल क्या होगा और क्या वे एक अगुआ के बतौर संसार के देश अमेरिका से सीख लेकर भविष्य में इस जैसी परिस्थिति से निबटने के लिये पूरी तरह तैयार हो सकेंगे ? बड़ी बात यह है कि तमाम तकनीक और विशेषज्ञों के साथ साथ समुचित निगरानी व्यवस्थाओं के होते हुए भी अमेरिका अब तक तय नहीं कर पाया है कि आग लगी कैसे ? उसके पास इस बात का कोई साफ जवाब नहीं है। एक व्यक्ति को इस आरोप में गिरफ्तार किया गया कि उसने ही जंगल में आग लगाना शुरू किया।

बताते हैं कि यह एक अवैध अश्वेत घुसपैठिया है। हालांकि पुलिस मानती है कि उसके खिलाफ कोई पुख्ता सबूत नहीं है, जांच जारी है। एक कंपनी बता रही है कि उसके सेंसर जो बिजली आपूर्ति के दौरान पेड़ की शाखाओं के तारों को छूने या हवा के चलते तारों के टकराने से उड़ने वाली चिंगारी की वजह से हुई खराबी का पता देते हैं, बताते हैं कि पैलिसेड्स में आग लगने से कुछ ही घंटे पहले 63 ऐसी खामियां थीं, और पूरे इलाके में 317 मामले दिखे जो सामान्य से बहुत ज्यादा हैं। सबब यह कि बिजली के शार्ट सर्किट के चलते यह आग लगी। स्थानीय अधिकारियों ने लॉस एंजिल्स में आग लगने के पीछे सूखे मौसम की तरफ इशारा किया तो यहां के लोग इसके लिए तेज हवाओं को दोष दे रहे हैं, जिसकी रफ्तार कई बार 80 से 100 मील प्रति घंटा तक पहुंच जाती है। उधर अमेरिकी सरकार के रिसर्च में स्पष्ट रूप से कहा गया है कि पश्चिमी अमेरिका में बड़े पैमाने पर जंगलों में लगी भीषण आग का संबंध ग्लोबल वार्मिंग तथा जलवायु परिवर्तन से है। उधर, दूसरे विशेषज्ञों का कहना है कि जलवायु परिवर्तन सीधे दोषी नहीं, उसकी वजह से अमूमन अतिशय वर्षा भी होती है, असल बात यह कि जलवायु परिवर्तन हालात को बदल रहे हैं। इसकी वजह से आग लगी। आज भी अमेरिका इस समस्या और घटना के कारणों के प्रति स्पष्ट नहीं है तो स्थायी समाधान का क्या ही कहा जाए। विमानों से घरों और पहाड़ियों पर चमकीले गुलाबी रंग के अग्निरोधी रसायनों का छिड़काव किया जाना जो पानी की तरह तुरंत वाष्पित न होकर सतह पर बने रहकर आग लगने या जलने की प्रक्रिया को मंद कर देता है, इसमें अमोनियम पॉलीफास्फेट, कुछ दूसरे रसायनों के साथ उर्वरक मिला होता है। यह रसायन बाद में इंसानों और पर्यावरण पर बुरा असर डालेगा यह तय है। दूसरी तरफ आग बुझाने के लिये समुद्री खारे पानी का अतिशय इस्तेमाल सरल, सुलभ उपाय भले लगे लेकिन यह कालांतर में जंगल की जमीन को इतना नमकीन बना देगा कि वहां की रोगाणुरोधी जमीन में फिर कुछ और उगना मुश्किल होगा।

सबब यह कि अपने संसाधनों और उन्नतशील सुविचारित वैज्ञानिक उपायों का ढिंढोरा पीटने वाला अमेरिका पर्यावरण की गड़बड़ी से उपजे संकट को दूर करने के नाम पर हताशा में प्रकृति को ही नष्ट करने वाले अदूरदर्शी फैसले ले रहा है। ऐसे में बाकी देश उससे क्या सीख ले सकते हैं ? फिलहाल भारत में जहां तकरीबन 55 फीसद जंगल आग की चपेट में आते रहते हैं, अमेरिका जैसे दावानल की कोई आशंका नहीं है क्योंकि यहां शहर मैदानी इलाके में और अमूमन जंगलों से दूर बसे हुए हैं। पहाड़ों पर बसे शहर भी जंगल की आग की जद से किंचित सुरक्षित हैं क्योंकि आसपास के जंगल तेजी से साफ हुए हैं। घने वन क्षेत्रों पर जिस तरह कॉरपोरेट की नजर है, एक न एक दिन उनमें से अधिकांश को साफ हो जाना है। पर यह तथ्य गौरतलब है, स्टेट ऑफ फॉरेस्ट की 2021 में आयी रिपोर्ट बताती है कि 2013 और 2021 के बीच देश में कुल वन क्षेत्र में बेहद मामूली वृद्धि हुई, जबकि इस दौरान जंगल की आग की घटनाओं में 186 प्रतिशत की बढ़त दर्ज की गई। हर साल जंगलों के बड़े क्षेत्र आग से प्रभावित होते ही हैं।

## सोशल मीडिया



राहुल गांधी और उनके परिवेशी तंत्र के शहरी नक्सलियों और डीप स्टेट के साथ गहरे संबंध हैं जो भारत को बदनाम, अपमानित और खारिज करना चाहते हैं। जेपी नड्डा.



कांग्रेस ने संविधान की बुनियाद पर भारत की सफलता का निर्माण किया है। संविधान की रचना से लेकर रक्षा तक का दायित्व निभाया है। राहुल गांधी.



दिल्ली में होगा परिवर्तन, बनेगी भाजपा की सरकार। भ्रष्टाचार को मिलेगाविराम। बनेगी डबल इंजन की सरकार। दिल्ली के दिल में मोदी। केशव प्रसाद मौर्य

# जीवन का सांगमिक बोध और प्रयागराज महाकुंभ



धर्म/अध्यात्म

**– डॉ. शिव भूषण त्रिपाठी**

संगम शब्द सुनते ही हमारे मन मस्तिष्क में प्रयाग राज संगम का दृश्य सामने आ जाता है। संगम में स्नान, पुण्य प्राप्त कर मोक्ष की कल्पना साकार होने लगती है। क्यों न हो ? मोक्षदायिनी संगम में विशेषकर कुम्भ आदि पर्वों पर स्नान करने की धार्मिक आस्था तथा पुण्यार्जित कर मोक्ष प्राप्ति में दृढ़ विश्वास का भाव तो हमें युगों-युगों की परम्परा से विरासत में प्राप्त है।

आज भले ही जन मानस में संगम का अर्थ प्रयागराज स्थित गंगा यमुना और सरस्वती, इन तीनों पवित्र नदियों के पावन संगम तक रूढ़ हो गया है तथापि संगम के व्यापक अर्थबोध में कोई कमी नहीं आई है और न ही संगम की महत्ता में ही कोई न्यूनता आई है। आवश्यकता है जीवन के सांगमिक बोध पर विचार करने की।

सम उपसर्ग के साथ गम जोड़ कर संगम बनता है जिसका अर्थ होता है मेल, मिलाप,संयोग, सम्मेलन तथा नदियों का मिलन स्थान। संगम शब्द में ठक प्रत्यय जोड़कर ( संगम ठक ) सांगमिक शब्द बनता है, जिसका अर्थ है संगम विषयक अथवा संगम सम्बन्धी। संगम का भाव सृष्टि के मूल में ही विद्यमान है। सृष्टिकर्ता ब्रह्मा ने ह्यएकोऽहं बहुस्यामः अर्थात एक से अनेक होने इच्छा की और पृथ्वी, अग्नि,जल,वायु एवं आकाशादि पंच तत्वों के संगम अर्थात मेल से मानव की रचना की,उसमें सत, रज, तम, आदि गुणों का समागम कर मानव को भली प्रकार सामर्थ्यवान बनाया। जीवन को सफल और सुन्दर बनाने, विकासार्थ आगे बढ़ने,चिन्तन-मनन द्वारा उचित-अनुचित का निर्णय कर क्रियाशील-गतिशील रहने के लिए स्वतन्त्रता प्रदान की।

मनुष्य अव्यक्त ब्रह्म का ही व्यक्त स्वरूप है। इसलिए उसमें वह सब कुछ विद्यमान है जो ब्रह्माण्ड में उपस्थित है। यथा पिण्डे तथा ब्रह्माण्डे अर्थात दृश्यमान जगत में जो भी विविधता,भेद-अभेद विद्यमान है वह सब सूक्ष्म रूप से पिण्ड में भी है। ब्रह्माण्ड में सब एक ही जैसे तत्व हों ऐसा नहीं है,इसलिए मनुष्य में भी अनुकूल-प्रतिकूल तत्व विद्यमान हैं। समस्त प्राणियों में एक ही परमात्मा का तत्व विद्यमान है तो भी सभी के कार्य एवं व्यवहार एक जैसे नहीं हैं। उनमें भिन्नता दिखाई देती है। विभिन्न परिस्थितियों में सफलतापूर्वक आचरण करने के लिए पथ प्रदर्शक रूपमें वेदादि शास्त्रों का प्रादुर्भाव अथवा सृजन हुआ। जो शास्त्रानुकूल आचरण करते हैं, वही सिद्धि प्राप्त करते हैं, उन्हीं का जीवन सफल होता है:- स सिद्धिमवाप्नोति। गीता 16.23 सकारात्मक दृष्टि से विचार करने पर भिन्नताएं, भेद अथवा प्रतिकूलताएं मानव जीवन के उत्तरोत्तर विकास में प्रेरक तत्व के रूप में काम करती हैं जैसेः-यदि असुर न होते तो समुद्र मंथन कर अमृत प्राप्त करने की आवश्यकता ही न होती, इसी तरह जीवन में एक ही प्रकार के सुस्वादुयुक्त भोजन से अरुचि हो जाती है। अस्तु स्वादयुक्त षडरस भोजन की विविधता ही आनन्द का सृजन करती है। अनेकत्व में एकत्व का भाव गुलदस्ते के फूल की भांति सुन्दर और मनमोहक लगता है। इसी तरह गंगा की श्वेत और यमुना की कृष्ण वर्ण वाली एवं अदृश्य सरस्वती,ज्ञान, भक्ति तथा कर्म रूप इन तीनों नदियों का संगम एकाकार होकर भांति-भांति की औषधियों से युक्त अमृत सदृश बनकर मानव को सुख-शान्ति और आनन्द प्रदान करती हैं। अमरता का वरदान देती हैं। परन्तु ये सब लाभ तभी प्राप्त होते हैं जब हम संगम में स्नान-दान करें, उसमें अपने को सराबोर कर दें क्योंकि उद्यम अथवा प्रयास के बिना किसी को कुछ भी उपलब्ध न हुआ है और न भविष्य में उपलब्ध होगा। शास्त्र का वचन प्रमाण है:-उद्यमेन हि सिध्यन्ति कार्याणि न मनोरथैः।

ऋग्वेद का ऋषि कहता हैः-आनो भद्राः क्रतवो यन्तु विश्वतः अर्थात-कल्याणकारी विविध विचारों को चारों ओर से आने दो। इस तत्व ज्ञान को ध्यान में रखकर हम अपने जीवन को सदाचार, शक्ति-भक्ति,श्रद्धा-सबुरी, वात्सल्य, चेतना, प्रेम, करुणा-क्षमा, विनम्रता, मैत्रीभाव, सेवा,त्याग-समर्पण, धैर्य और संतोष, अपने गौरवशाली इतिहास के प्रति सम्मान, परम्पराओं और सद्संस्कारों, राष्ट्र-भक्ति, स्वाभिमान, सामाजिक नैतिक, धार्मिक, आध्यात्मिक, सांस्कृतिक, नैतिक मूल्यों, आधुनिक ज्ञान-विज्ञान, कला-कौशल आदि का संगम बनाएं। अपनी संस्कृति की रचनाओं को न खोते हुए, अपने आदर्शों को न विस्मृत करते हुए अन्य लोगों के प्रति सद्भावना रखते हुए जीवन को श्रेष्ठ-उत्तम बनाने की दिशा में हम निरन्तर बढ़ते रहें, विचारों की निर्मल गंगा में स्नान-दान कर अपने दोषों को दूर कर मोक्ष की प्राप्ति करें।

# आदर्श निर्मित विराट छवि

अंतर्दृष्टि

जो छवि तुम्हारे पास है, वह तुम्हें बदलाव की अनुमति नहीं दे रही है। छवि को बाहर फेंक देना है जिससे तुम्हें विकसित होने को प्रर्याप्त स्थान मिल सके। छवि बहुत अधिक विराट और शक्तिशाली बन गई है। उसने तुम्हारा पूरा घर अपने अधिकार में ले लिया है और तुम बरसाती में रह रहे हो, वह तुम्हें अंदर आने की अनुमति नहीं दे रही है। और जो छवि तुमने अपने आदर्शों से बनाई है, वह तुम्हें तिरस्कृत किये चले जाती है, सृष्टि ही सृष्टा का तिरस्कार किये चले जा रही है। तुम एक बहुत सुंदर छवि निर्मित करते हो, स्वाभाविक है कि जब तुम सृजित कर रहे हो तो तुम एक सुंदर छवि का ही सृजन करते हो और उस छवि के कारण ही तुम तुलना करने पर कुरूप दिखने लगते हो। तुम अपनी एक बहुत-बहुत महान छवि निर्मित करते हो कि तुम एक संत हो, तब तुम स्वयं को ऐसे कार्य करते हुए पाते हो जो बहुत सात्विक नहीं है। अब तुम तिरस्कृत होने का अनुभव करते हो। छवि तुम्हारी ही है और उस छवि के विरुद्ध तुम्हारे कार्य दुर्गंध से भरे प्रतीत होते हैं। यहां जो मैं कह रहा हूं, वही सरहा भी राजा से कह रहा है कि छवि को पूरी तरह से छोड़ देना है। जिस क्षण तुम छवि को गिरा देते हो और तुम छवि के बारे में भूल जाते हो तब ज्ञात होता है कि क्या ठीक है और क्या गलत है ? तब ज्ञात होता है कि कौन पापी है और कौन संत है ? तब तुम्हारे पास उसके साथ तुलना करने को कोई भी चीज नहीं होती है। तब अचानक तुम विश्राम में होते हो। तुलना विलुप्त हो जाती है और तिरस्कार भी मिट जाता है। तुलना विलुप्त होती है और अहंकार भी विलुप्त हो जाता है, पापी होने का अहंकार और संत होने का अहंकार मिट जाता है। बिना आदर्श के वहां किसी भी तरह का कोई अहंकार रही नहीं सकता है। वह आदर्श द्वारा, आदर्श के माध्यम से ही अस्तित्व में बना रहता है। अहंकार के लिए आदर्श अनिवार्य है। या तो तुम सोचो कि तुम एक पापी या अपराधी हो। तुम एक पहचान और एक अहंकार सृजित करते हो, अथवा तुम सोचते हो की तुम एक संत हो। तब भी तुम एक अहंकार सृजित करते हो, लेकिन दोनों ही केवल आदर्श के द्वारा ही अस्तित्व में आ सकते हैं। यदि वहां आदर्श ही नहीं है, तो तुम हो कौन ? संत हो या पापी हो ? अच्छे हो अथवा बुरे हो ? कुरूप हो अथवा सुंदर हो ? बिना किसी निर्णय के, बिना किसी न्याय पक्ष के, बिना समर्थन के, बिना किसी तिरस्कार के, पूर्णरूप से स्वयं तुम हो। तुम अपनी पूरी वास्तविकता में वहां हो। अब तुम्हें बार-बार जो चीज सुंदर लगी थी वह तुम्हें निराश करेगी, क्योंकि छवि पर से तुम्हारी पकड़ थोड़ी सी ही शिथिल होती है। **– ओशो**

# राधेलाल का डोलता सिंहासन

व्यंग्यलोक

आजकल राधेलाल जी का सिंहासन डोल रहा है। पिछले रविवार उनके घर गया तो दरवाजा खोलते ही किसी आतंकवादी की तरह उन्होंने प्रश्न दाग दिया-तुम। तुम ही बताओ आजकल के जमाने में पत्नी का क्या फर्ज है ? मैं आम आदमी-सा चकित ही था कि उन्होंने स्वयं उत्तर दे डाला, उसका यही फर्ज है न कि अपनी गृहस्थी ठीक-ठाक संभाले। घर के मोटे-मोटे काम... नाश्ता तैयार करना, खाना बनाना, बच्चों को स्कूल भेजना, झाड़ू-पोंछा करना, बर्तन साफ करना, थोड़ी-बहुत सिलाई करना और घर की देखभाल करना। अब यह काम गृहिणी नहीं करेगी तो क्या गृहणा करेगा ? आदमी शादी क्यों करता है ? उसे सुख मिले इसलिए न ? मैं समझ गया कि उनके घरेलू हालत ठीक नहीं हैं। परंतु एक अच्छे पड़ोसी की तरह उनके घरेलू मामलों में हस्तक्षेप न करते हुए अनजान होकर मैंने पूछा-पर हुआ क्या, राधेलाल जी ? होना क्या है ? मैं दफ्तर से थककर आया और इन महारानी जी से बोला कि कुछ चाय- नाश्ता दे दो, तो जानते हैं महारानी जी ने क्या कहा ? बोली, मैं भी थकी हुई हूं, आज चाय तुम पिला दो। शिव ! शिव ! शिव ! इतना घोर अनर्थ घर का स्वामी चूल्हा-चौका करे ? बाहर जाकर थोड़ा-बहुत कमा क्या लाती है, हम पर हुक्म चलाने लगी। अपने पति पर। पहले की औरतें कितना काम करती थीं और आजकल, थोड़ा बहुत पढ़-लिख गयीं... कमाने लगीं... तो सारी गृहस्थी भूल गयीं... चाय बनने को कहो तो सिर में दर्द होने लगता है। राधेलाल जी रक्तचाप महंगाई की तरह बढ़ता जा रहा था और मैं वित्त मंत्री-सा विवश खड़ा था। राधेलाल जी की मूंछ को नारी जाति ने ललकारा था, आज उन्होंने अपने तरकस के सारे तीर खोल लिये थे। वह सत्संग माला उठा जाए और कांपते हाथों से उसे खोलते हुए जैसे किसी महामंत्र का जाप करने लगे। जानते हैं कि इस किताब में महापुरुषों ने क्या लिखा है। पति की आज्ञानुसार चलने का व्रत रखने वाली स्त्री कभी दुखी नहीं होती। पति की आज्ञा का पालन करना स्त्री का परम धर्म है। वह इतना ही कर ले तो स्वर्ग जाती है और यह स्त्री। यह तो नरक का कीड़ा बनेगी। मुझे उस दिन राधेलाल के रूप में महान पुरुष के दर्शन हुए। हे राधेलाल, तू महा-है। तू नारी को आज्ञा देता है जिससे तेरी आज्ञा का पालन करके वह पतिव्रत धर्म का पालन कर सके। तू अपने कोमल हाथों से नारी की देह को पीटता है, जलाता है, जिससे उसे स्वर्ग मिले। तूने ही नारी को बलिदान का मार्ग दिखाया। तूने नारी को महान बनाने के लिए उसे वनवास दिया, सती बनाया, शिला बनाया, क्या-क्या नहीं बनाया। कितना निर्माण किया है तूने भारतीय नारी का। तू त्याग के इस पथ पर खुद नहीं चला, इसे नारी के लिए त्यागा, तेरा त्याग महान है। हे पुरुष जाति ! तू भी राधेलाल की तरह जाग। देख, जमाना कितना बदल गया है। एक वह जमाना था कि पति नारी से कह दे कि तुझे अग्निपरीक्षा देनी है तो वह हंसते-हंसते चिता पर चढ़ जाती थी और आजकल चाय का पानी चढ़ाने को कहकर तो देखें। **–प्रेम जन्मेजय**

## विचार

मनुष्य के आचरणसे उसके कुल का अनुमान लगता है। उसकी भाषा से उसके मूल देश का परिचय मिलता है। उसके द्वारा किए गए आदर-सम्मान से उसके हृदय की उदारता और कृपणताका पता चलता है। –चाणक्य.

यदि मनुष्य को यह पता लग जाए कि ईर्ष्या का फल कैसा होता है तो वह निश्चय ही राजा शिवि के समान अपने अंग काट कर दे देगा।
–गौतम बुद्ध.

अज्ञानी होने से भिखारी होनाअच्छा है क्योंकिभिखारी को तो केवल धन चाहिए लेकिन अज्ञानी को इंसानियत चाहिए।
–एरिस्टिपस.

न तुम्हारी दौलत तुम्हें अल्लाह के नजदीक लासकती हऔर न तुम्हारे बाल बच्चे। अल्लाह के नजदीक वही जासकता है जो नेक काम करे।
–कुरान शरीफ.

तप के बल से ब्रह्मासृष्टि करते हैं। तपोबल से विष्णु रक्षा करते हैं और तपोबल से ही शिव संहार करते हैं। जप से संसार मेंकोई भी वस्तु दुर्लभ नहीं है।
– गोस्वामी तुलसीदास

## आपकी बात

### गरीबों के उत्थान की योजनाएं

सरकारी योजनाएं गरीबी को कम करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही हैं। इसलिए सरकार को अधिक से अधिक गरीबों को कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करना चाहिए। प्रदेश सरकार जन कल्याण के अनेक कार्यक्रम चला रही है, लेकिन जनता को उससे विशेष लाभ नहीं हो रहा है। प्रदेश सरकार अनेक योजनाएं चला रही है लेकिन प्रायः जिनको जरूरत है उनको योजना का लाभ नहीं मिलता है।

सरकार एक करोड़ से अधिक स्मार्ट फोन व टैबलेट बांट नहीं है लेकिन जहां कालेज छात्रों को सबको दिया जा रहा है वहीं गरीबों के बच्चे स्कूलों में इससे वंचित रहेंगे जबकि कोरोना काल में सबकी हालत खस्ता हो गयी है। इसलिए जिन लोगों की आय कम है उनके बच्चों को भी स्मार्टफोन या टेबलेट देना चाहिए। प्रधानमंत्री जनआरोग्य अभियान अर्थात आयुष्मान भारत योजना को लागू हुए कई साल हो गये हैं। लेकिन इसका लाभ अभी बहुत सीमित लोगों को ही मिला है। पीएम-जय से आच्छादित परिवार गंभीर बीमारियों में सरकारी या सूचीबद्ध निजी अस्पताल में पांच लाख रुपये तक का निःशुल्क इलाज करा सकेंगे। कैंसर सहित 1350 बीमारियों में चिकित्सा सुविधा मुहैया कराने वाली आयुष्मान भारत योजना दुनिया की सबसे बड़ी स्वास्थ्य सुरक्षा योजना है। योजना में तमाम तैयारियों के बावजूद इस बात से इनकार नहीं किया जा सकता।

**सुनील कुमार वर्मा, लखनऊ.**

### कृषि उत्पादों की सरकारी खरीद

एमएसपी का दायरा बढ़ाकर सभी किसानों को उससे आच्छादित करना चाहिए। हालांकि केन्द्र सरकार ने खरीफ का न्यूनतम समर्थन मूल्य बढ़ा दिया है। यह जरूरी भी है कि क्योंकि किसानों को बहुत सी चुनौतियों के साथ आगे बढ़ना पड़ता है। भारत सरकार फिलहाल डॉ. स्वामीनाथन समिति के फॉर्मूले के अनुसार लागत पर पचास प्रतिशत मुनाफा जोड़कर एमएसपी तय करती है। लेकिन रबी और खरीफ सीजन से पूर्व न्यूनतम समर्थन मूल्य घोषित करने से पहले कृषि लागत और मूल्य आयोग कृषि इन्पुट्स की लागत को लेकर जो गणना करता है, उसकी दरअसल वास्तविक लागत से कोई बहुत साम्यता नहीं है। एक तरह से कह सकते हैं कि कृषि लागत और मूल्य आयोग फसली सीजन से पहले सरकार को एक रिपोर्ट सौंपता है जिसमें फसलों की लागत का जिक्र होता है और इसी आधार पर सरकार पचास प्रतिशत मुनाफा जोड़कर एमएसपी तय कर देती है। एमएसपी सभी किसानों को मिलती है, ऐसा भी नहीं कहा जा सकता है। इसके लाभार्थी किसानों की संख्या बहुत सीमित है। हरियाणा, पंजाब और पश्चिमी उत्तर प्रदेश के किसानों को इसका सबसे अधिक लाभ मिलता है और यही कारण है कि जब सरकार ने तीन नये कृषि कानूनों के जरिए कृषि विपणन व्यवस्था में आमूल चूल बदलाव के लिए ऐतिहासिक कदम उठाये, तो इसका सबसे अधिक विरोध पंजाब, हरियाणा और पश्चिमी यूपी के किसानों ने किया। दरअसल इन किसानों को यह समझाकर भड़काया गया था कि इससे परम्परागत मंडियां खत्म हो जायेंगी और किसान पूरी तरह बाजार के हवाले हो जायेगा। वैसे अगर कृषि को लाभकारी व्यवसाय से जोड़ना है तो खेती को बाजार से जोड़ना ही होगा। जब कृषि और किसान सीधे बाजार से जुड़ेंगे, बाजार की जरूरतों के अनुसार खेती करेंगे, तो उनको अधिक से अधिक फायदा होगा। एक तरह से तीनों कृषि कानून खेती को न्यूनतम समर्थन मूल्य अर्थात एमएसपी से आगे बढ़ाते हुए अधिकतम खुदरा मूल्य अर्थात एमआरपी की तरफ ले जाने का ऐतिहासिक प्रयास था लेकिन 'नकारात्मक राजनीति और टू-मच डेमोक्रेसी' ने सरकार के प्रयास को सफल नहीं होने दिया। बहरहाल यह सब एक अलग मुद्दा है और जहां तक एमएसपी की बात है तो भले यह न्यूनतम समर्थन मूल्य हो लेकिन वास्तव में जब फसल तैयार होती है।

**योगेश चन्द्र उपाध्याय, लखनऊ.**

संक्षेप

## सेमेस्टर परीक्षा में 71905 के सापेक्ष 2091 अनुपस्थित

**अयोध्या।** डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की एनईपी स्नातक, परास्नातक व अन्य पाठ्यक्रमों की सेमेस्टर परीक्षा में बुधवार को 71905 परीक्षार्थियों के सापेक्ष 2091 अनुपस्थित रहे। प्रथम पाली में 38848, द्वितीय पाली में 32348, तृतीय पाली में 709 परीक्षार्थियों में से क्रमशः 1627, 454 व 10 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। तीन पालियों की परीक्षा में 21322 छात्र व 50583 छात्राओं के सापेक्ष 1057 छात्र एवं 1034 छात्राएं अनुपस्थित रही। मीडिया प्रभारी डॉ0 विजयेन्दु चतुर्वेदी ने बताया कि विश्वविद्यालय द्वारा पारदर्शीपूर्ण परीक्षा सम्पन्न कराने के लिए सचलदल ने विभिन्न केन्द्रों पर औचक निरीक्षण किया। इस दिन की परीक्षा शांतिपूर्ण ढ़ग से सम्पन्न हुई। वही दूसरी ओर विश्वविद्यालय प्रशासन ने बीएससी एवं एमएससी एजी तथा एलएलबी विषम सेमेस्टर का परीक्षा कार्यक्रम जारी किया। उक्त परीक्षाएं 24 जनवरी से शुरू होकर 07 फरवरी तक चलेगी। परीक्षा कार्यक्रम विश्वविद्यालय की अधिकारिक वेबसाइट पर अपलोड करने के साथ सम्बद्ध महाविद्यालयों के प्राचार्यों को सूचित किया जा चुका है।

# प्रयागराज से रामनगरी अयोध्या पहुंचा श्रद्धालुओं का जन सैलाब



**अयोध्या।** रामनगरी में बुधवार को प्रयागराज के महाकुंभ मेले का रेला उमड़ पड़ा। मुख्य मार्ग ही नहीं अयोध्या धाम की गालियां तक जाम हो गईं। जय श्रीराम के जयकारों के अयोध्या पहुंचे श्रद्धालुओं की आस्था से पूरी नगरी राममय हो गई। मंगलवार शाम से शुरू हुआ श्रद्धालुओ का क्रम बुधवार शाम तक नहीं टूटा था। जिला प्रशासन ने सूझ-बूझ दिखाते हुए सभी की स्नान से लेकर दर्शन तक कि व्यवस्थाएं कराई।

**● रामलला व हनुमान गढ़ी में दर्शन को उमड़े श्रद्धालु**

एक अनुमान के मुताबिक 10 लाख श्रद्धालु अयोध्या पहुंचे हैं। प्रयागराज के महाकुंभ में 12 वर्ष बाद लगने वाले महाकुंभ में मकर संक्रांति पर लगभग साढ़े तीन करोड श्रद्धालुओं ने संगम में आस्था की डुबकी लगाई है। पहले से ही तय था कि प्रयागराज से स्नानार्थी अयोध्या पहुंचेंगे। इस बार दिव्य और भव्य मंदिर में रामलला भी विराजमान है। इसलिए अनुमान लाखों की संख्या के श्रद्धालुओं के अयोध्या पहुंचने का अनुमान लगाया गया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने पहले ही चेता दिया था कि अयोध्या पहुंचने वाले श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की तकलीफ न हो। उनके प्राप्त निदेर्शों के तहत जिला प्रशासन ने सूझ-बूझ का परिचय देते हुए न सिर्फ भीड़ को कंट्रोल कराया बल्कि उनके स्नान व दर्शन को भी सुनिश्चित कराया। अयोध्या में प्रयागराज से बड़ी संख्या में श्रद्धालु ट्रेन, बस व अपने निजी वाहनों से पहुंचे। निजी वाहनों से आने वाले श्रद्धालुओं के लिए अयोध्या धाम के प्रवेश मार्गो के पास आस्थायी पार्किंग के भी इंतजाम किए गए थे। इसके अलावा स्थायी पार्किंग वाहनों से फुल दिखी। राम मंदिर और हनुमान गढ़ी के बाहर दर्शन को लंबी लाइन दिखी। बड़ी संख्या में अयोध्या पहुंच रहे श्रद्धालुओं का रेला देखते हुए जिला प्रशासन रात में ही सड़क पर उतर पड़ा। मण्डलायुक्त गौरव दयाल, आईजी प्रवीण कुमार, जिलाधिकारी चंद्र विजय सिंह और एसएसपी राजकरण नय्यर, नगर आयुक्त संतोष शर्मा व अन्य अधिकारी अयोध्या के धर्मपथ, रामपथ व भक्तिपथ पर भ्रमण करते रहे। इसके साथ ही लोगों को आश्रय स्थल भी भेजवाया। एसएसपी राजकरण नय्यर ने बताया कि 26 फरवरी तक के लिए सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए गए हैं। अयोध्याधाम को 5 जोन व 12 सेक्टर में विभाजित कर दो पालियों में पुलिस बल की ड्यूटी लगायी गयी है। महाकुम्भ मेला के अवसर पर मेला क्षेत्र में वाह्य जनपद से प्राप्त व जनपद से पुलिस बल की डियुटी लगायी गयी है। मुख्य पर्व व स्नान पर राजपत्रित अधिकारी/थाना प्रभारी की ड्यूटी अलग से लगायी जायेगी। इसके अतिरिक्त पीएसी बल, बाढ़ राहत दल पीएसी की ड्यूटी लगायी गयी है। यलोजोन यूटी प्वाइंट पर तीन पालियों में पुलिस, पीएसी की ड्यूटी लगाकर यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करायी जा रही है। इसके अतिरिक्त सीसीटीवी कंट्रोल रूम द्वारा निरन्तर मेला क्षेत्र की निगरानी की जा रही है।

## चुनाव आयोग से तैनात तीनों चुनाव प्रेक्षकों के साथ नियुक्त किए गये सहायक

**अयोध्या।** जिला अधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बुधवार को बताया कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी उप्र ने 273-मिल्कीपुर (अ.जा.) विधानसभा का उप निर्वाचन-2025 के लिए प्रेक्षकों की नियुक्ति की है।

प्रेक्षकों की सहायता को उनके साथ लाइजनिंग ऑफिसर, आशुलिपिक एवं कम्प्यूटर सहायक की ड्यूटी लगाई गई है। प्रेक्षक नवीन (एसएल. आईएएस) के साथ राघवेन्द्र सिंह खनन अधिकारी को लाईजनिंग आफिसर व आशुलिपिक/कम्प्यूटर सहायक सौरभ श्रीवास्तव व दिनेश कुमार सिंह को तैनात किया गया है।

इसी क्रम में प्रेक्षक चैतन्य रवीन्द्र मांडलिक (आईपीएस) के साथ प्रकाश यादव उपायुक्त राज्य कर (वि.अनु.शा.) को लाईजनिंग आफिसर व आशुलिपिक/कम्प्यूटर सहायक मनोज कुमार व आदित्य प्रकाश सिंह को तैनात किया गया है। इसी प्रकार प्रेक्षक चान बाशा एम के साथ नरेन्द्र प्रताप सिंह लेखाधिकारी नगर निगम को लाईजनिंग आफिसर व आशुलिपिक/कम्प्यूटर सहायक गणेश शंकर व संतोष कुमार मौर्या को तैनात किया गया है।

## शहर को सुंदर और समृद्धि की ओर ले जा रहे कदम : टेकड़ीवाल



**बहराइच।** अपनी खूबसूरती और आकर्षण के साथ ही शहर का हृदय कहा जाने वाला प्रसिद्ध घण्टाघर चौक अब समृद्धि का केन्द्र होने के साथ ही बाजार आने वाले नागरिकों के लिए हलचल भरा रहेगा। यह बात आज यहाँ रोटरी क्लब द्वारा पुनः निर्मित मुख्य चौराहे घण्टाघर का लोकार्पण अवसर पर विधान परिषद सदस्य श्रीमती प्रज्ञा त्रिपाठी व नगर पालिका परिषद अध्यक्ष श्रीमती सुधा टेकड़ीवाल ने कही। उन्होंने कहा कि 1984 में रोटरी क्लब के तत्कालीन अध्यक्ष श्यामकरन टेकड़ीवाल ने इस चौक बाजार के ऐतिहासिक स्थल की आधारशिला रखकर जो पुनीत कार्य किया था उसे आज हम नवीनतम स्वरूप देकर अपार खुशी हो रही है। लोकार्पण समारोह के अवसर पर दूरदराज से आए गरीब लोंगो को शीत लहर से बचने के लिए बृहद कम्बल वितरण में क्लब अध्यक्ष आशीष कंसल, सचिव दिनेश मण्डोलीवाल, रवि कोठारी, गल्ला व्यापार मण्डल अध्यक्ष गौरीशंकर भानीरामका, व्यापारी नेता कुलभूषण अरोड़ा, दीपक सोनी दाऊ जी, भाजपा नेता राहुल रॉय सहित वरिष्ठ समाज सेवी मौजूद रहे। यहाँ रोटरी क्लब द्वारा अतिथियों का आभार प्रकट कर स्मृति चिन्ह और बुके देकर सम्मानित किया गया। मकर सक्रांति पर्व अमृत काल के अवसर पर निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष शयमकरन टेकड़ीवाल ने रोटरी क्लब के पदाधिकारियों का आभार प्रकट कर कहा कि 1984 में उनके द्वारा शहर को सुंदर और समृद्धि भरा नगर बनाने का जो कदम उठाए थे उसे पुनः निर्माण कराकर एक अमिट छाप छोड़ी गई है। उस स्वप्न को पंख दिया गया है। इसे युगों युगों तक शहर वासी याद रखेंगे।

## असहायों को बांटे कम्बल



**अयोध्या।** मकर संक्रांति के दूसरे दिन अयोध्या के निर्मली कुंड, गुप्तार घाट,जमथरा घाट पर कंबल वितरण का कार्यक्रम संपन्न हुआ। यह कंबल वितरण का कार्यक्रम वरिष्ठ समाजसेवी व निषाद समाज के अध्यक्ष श्याम लाल निषाद के नेतृत्व में किया गया। जिसमे करीब 200 गरीब असहाय लोगों को कंबल वितरित किया गया। वही कंबल वितरण कार्यक्रम से पहले निषाद समुदाय के लोगों ने नव निर्वाचित अध्यक्ष बनाये जाने पर श्यामलाल का फूल मालाओं के साथ स्वागत किया। और निषाद समुदाय के लोगो ने शुभकामनाए एवं बधाई दी। वही निषाद समाज के अध्यक्ष श्याम लाल निषाद ने बताया कि मकर संक्रांति के शुभ अवसर पर आज निर्मली कुंड निषाद समुदाय के लोगों कंबल वितरित किया गया। हम अपने साथियों के सहयोग से कंबल वितरण किया गया है। जिसमे निर्मली कुंड, गुप्तार घाट, रेतिया,जमथरा घाट पर भी कंबल वितरित किया गया। उन्होंने कहा कि हम सभी ने कैंटोनमेंट बोर्ड के अध्यक्ष राममिलन का स्वागत किया गया है। श्याम लाल निषाद ने कहा कि हमारा उद्देश्य यही है कि हम निरंतर गरीबों के लिए सेवा भाव में लगे रहते हैं। हमको अच्छा लगता है।

# सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने किया नामांकन



**अयोध्या मिल्कीपुर।** उपचुनाव में समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी व सांसद पुत्र अजीत प्रसाद ने नामांकन के पहले गुप्तारघाट पंचमुखी हनुमान मंदिर और सहादतगंज हनुमान मंदिर पर माथा टेका। जिसके बाद बुधवार को ही दो सेटों में अपना नामांकन पत्र दाखिल किया है। नामांकन पत्र दाखिल करने के बाद अजीत प्रसाद ने जीत का दावा करते हुए कहा कि मिल्कीपुर की जनता ने तय कर लिया है मुझे विधायक बनाएगी। यहां लड़ाई घर और बाहर वाले की हैं। कहा कि मैं मिल्कीपुर का रहने वाला हूं और भाजपा प्रत्याशी चंद्रभानु पासवान रुदौली विधानसभा क्षेत्र के रहने वाले हैं।

मिल्कीपुर विरासत संभालने के लिए बेटे व सपा प्रत्याशी अजीत प्रसाद का नामांकन पत्र दाखिल कराने के बाद अयोध्या-फैजाबाद सांसद अवधेश प्रसाद ने मीडिया के बीच कहा कि मिल्कीपुर की जनता मेरे पुत्र को ही विधायक बनाएगी। दावे के साथ सांसद ने कहा कि जनता ने जिस तरह से अयोध्या फैजाबाद सीट से मुझे सांसद बनाया उसी तरह से मेरे पुत्र को मिल्कीपुरी की जनता विधायक बनाएगी। सांसद ने दोहराया कि मिल्कीपुर में एकबार फिर इतिहास बनेगा। यहां से अजीत प्रसाद की ऐतिहासिक जीत होगी। कहा कि मिल्कीपुर से ही निकलेगा संदेश कि 2027 में सपा की सरकार बनेगी। नामांकन के पहले पिता पुत्र ने गुप्तार घाट के पंचमुखी हनुमान मंदिर व सहादतगंज हनुमान मंदिर में दर्शन पूजन कर आशीर्वाद लिया। समाजवादी पार्टी कार्यकताओं और पदाधिकारियों के साथ नामांकन करने पहुंचे अजीत प्रसाद में लोगों को पिता अवधेश प्रसाद की छवि दिखी। शांति माहौल में नामांकन किया। यह बात अलग थी कि उत्साही समर्थकों के बीच जिंदाबाद के नारे बुलन्द होते रहे। नामांकन के दौरान भी सुरक्षा व्यवस्था चाक चैबंद रही। नामांकन के दौरान समाजवादी पार्टी के जिला अध्यक्ष पारसनाथ यादव, पूर्व मंत्री पवन पांडे, पूर्व मंत्री आनंदसेन यादव, पूर्व विधायक जयशंकर पांडे, सपा नेता अनूप सिंह व लीलावती कुशवाहा मौजूद रहीं।

## दो निर्दल प्रत्याशियों ने किया नामांकन

जिला अधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी चन्द्र विजय सिंह ने बुधवार को बताया कि रिर्टनिंग आफिसर/उप जिलाधिकारी मिल्कीपुर की सूचना के मुताबिक विधानसभा उप निर्वाचन 2025 के अन्तर्गत 273-मिल्कीपुर (अजा) विधानसभा में नामांकन प्रक्रिया 10 जनवरी 2025 से प्रारम्भ हुई है। इसी क्रम में बुधवार को 15 जनवरी को 03 प्रत्याशियों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। दोनों निर्दलीय प्रत्याशियों ने एक-एक सेट में 02 नामांकन पत्र लिया। नामांकन दाखिल करने वालों में समाजवादी पार्टी प्रत्याशी अजीत प्रसाद ने दो सेट में व मौलिक अधिकार पार्टी के प्रत्याशी ने एक सेट में नामांकन पत्र दाखिल किया। नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 17 जनवरी 2025 है।

## जमीन पर जबरन कब्जे की दलित परिवार ने की शिकायत



**रामसनेहीघाट, बाराबंकी।** टिकैतनगर कोतवाली के सुखीपुर चैकी अंतर्गत चिर्रा ग्राम पंचायत में दलित परिवार के साथ विशेष समुदाय के असलम पुत्र सुईया द्वारा उनकी जमीन पर जबरन गेट लगाने, रास्ता निकालने एंव जाति सूचक शब्दो का प्रयोग किये जाने को लेकर ग्राम चिर्रा निवासी पीड़ित रामलली पत्नी पांचू ने सुखीपुर चैकी पुलिस को शिकायती प्रार्थना पत्र सौपा। इस सम्बन्ध मे चैकी प्रभारी देवेंद्र प्रताप सिंह ने शिकायती प्रार्थना पत्र मिलने पर मौके पर जाकर अवैध रूप से लगाए गए गेट को हटवा दिया गया है। और यथा स्थिति बनी हुई है।

## चौक -चौराहों पर अलाव के साथ ही कम्बल वितरण अभियान



**बहराइच।** नगर पालिका परिषद बहराइच में बुधवार को कंबल वितरण कार्यक्रम का अयोजन किया गया। अध्यक्ष श्रीमती सुधा टेकड़ीवाल ने आर्थिक रूप से कमजोर, असहाय व निराश्रितों को ठंड से बचाव के लिए कंबल वितरित किया। इस अवसर पर श्रीमती टेकड़ीवाल ने कहा कि भाजपा सरकार गरीबों के हित में कार्य करती है। जिले का विकास भी तेजी से हो रहा है। क्षेत्र की सभी सड़कों का निर्माण हो रहा है। कहा कि जाड़े के मौसम में गरीब व असहाय लोग ठंड में कांपते रहते हैं। उन्होंने कहा कि इसके अलाव जिले में कई स्थानों पर अलाव की व्यवस्था की गई है। खुले में रात बिताने वालों के लिए रैन बसेरा खोल दिया गया है। ठंड से बचाव के लिए वहां रजाई व गद्दे का इंतजाम भी किया गया है। जिससे लोग ठंड से बच सकें। इस दौरान परिसर में कंबल लेने वालों की भीड़ जमा रही। इस अवसर पर ठंड से ठिठुरते लोगों को शीत से बचाने के लिए कंबल वितरण करना एक पुनीत कार्य है। नगर पालिका द्वारा गरीबों को वितरित किया जा रहा कंबल वितरण एक सराहनीय कार्य है। यह बातें निवर्तमान भाजपा जिलाध्यक्ष शयमकरन टेकड़ीवाल ने नगर पालिका परिसर में कंबल वितरण के दौरान कहीं। नगर पालिका परिषद अधिशासी अधिकारी श्रीमती प्रमिता सिंह ने कहा कि 4500 कंबल खरीदे गए हैं जिनमें से 300 कम्बल का वितरण आज किया गया है शेष नगर पालिका की सभी वार्डों में सभासदों की संस्तुति पर वितरित किया जाएगा। उनका प्रयास है कि केंद्र तथा राज्य सरकार की सभी कल्याणकारी योजनाएं गरीबों तक पहुंचती रहें। इस दौरान भाजपा नेत्री उर्मिला शुक्ला सहित सभासद पुष्पनाथ तिवारी, हर्षित श्रीवास्तव, धनंजय सिंह, अकील खरादी पुनीत कुमार, शकील मिर्जा, सीताराम यज्ञसैनी, विनोद श्रीवास्तव, अवधेश, शादाब, राजीव सिंह, चाँद बाबू, सनी, आशीष सिंह सभासद प्रतिनिधि सलार गंज सुरेश गुप्ता ने कहा कि पालिका प्रशासन अपने अथक प्रयासों से नागरिकों को इस ठंड से निजात दिलाने का जो कार्य कर रही है वह सराहनीय है।

# एआरटीओ ने ओवरस्पीडिग करने वाले 40 वाहनों के किये चालान

**बाराबंकी।** रोड़ सेफ्टी नियमो के प्रति लोगो को जागरुक बनाने को लेकर परिवहन विभाग ह्यनो हेलमेट, नो फ्यूल अभियान के तहत लगातार कार्यवाही कर रहा है। आज सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन/प्रवर्तन अंकिता शुक्ला व जिला पूर्ति

**● पेट्रोप पम्प पर ईधन भरवाने आये बाइक चालको को हेलमेट का बताया महत्व**
**● पम्प संचालको को होर्डिग्स लगवाने एंव बिना हेलमेट ईधन न दिये जाने के निर्देश**

अधिकारी राकेश तिवारी की संयुक्त टीम ने बस स्टेशन के पास स्थित पेट्रोल पम्प समेत अन्य स्थानो पर संघन चेकिंग अभियान चलाया। जंहा पेट्रोल पम्प पर ईधन भरवाने आये बाइक-स्कूटी चालको को हेलमेट लगाने हेतु



जागरुक किया गया। इस दौरान कई वाहनो के चालान भी काटे गये।

बाइक सवारो को एआरटीओ श्रीमती शुक्ला ने जागरुक करते हुये बताया कि हेलमेट सड़क दुर्घटनाओं में सिर की चोट से बचाव का सबसे बड़ा साधन है।

इसीलिये हेलमेट पहने तथा सड़क सुरक्षा नियमों का पालन करने की आदत भी डाले। एआरटीओ ने पेट्रोल पम्प संचालको को नो हेलमेट-नो फ्यूलह्व नीति से संबंधित होर्डिंग्स लगवाने एंव बिना हेलमेट वाले बाइक-स्कूटी चालको को ईंधन नही दिये जाने को लेकर निर्देशित किया। इसके साथ ही एआरटीओ ने सड़को पर ओवरस्पीड़िग करने वाले 40 वाहनो के चालान भी किये। इस मौके पर यातायात प्रभारी रामयतन यादव समेत अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## डीएम मोनिका रानी को 21 अप्रैल को मिलेगा पीएम पुरस्कार

जिला संवाददाता(vol)

**बहराइच।** प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी की सर्वोच्च प्राथमिकता जनसमस्याओं का समयबद्ध निस्तारण, केन्द्र व राज्य सरकार द्वारा संचालित जनकल्याणकारी एवं विकासपरक योजनाओं से असंतृप्त व्यक्तियों को संतृप्तिकरण, महिला सशक्तिकरण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से समुदाय की सहभागिता के साथ अभिनव पहल के तौर पर जिले में संचालित किये गये

**वर्ष 2023 में पीएम पुरस्कार के लिए प्रदेश का अकेला जनपद है बहराइच**

ह्यसेवा से संतृप्तिकरण अभियानह्व के उत्कृष्ट कार्यान्वयन, विकसित भारत संकल्प यात्रा तथा आकांक्षी जनपद बहराइच के चतुर्मुखी विकास के लिए निर्धारित सूचकांकों में उत्कृष्ट उपलब्धि अर्जित करने के लिए कार्मिक, लोक शिकायत तथा पेंशन मंत्रालय, प्रशासनिक सुधार, भारत सरकार द्वारा वर्ष 2023 के लिए जिलाधिकारी मोनिका रानी को ह्यजिले का सम्पूर्ण विकासह्व की श्रेणी हेतु प्रधानमंत्री पुरस्कार हेतु चयनित किया गया है। उल्लेखनीय है कि रचनात्मक प्रतिस्पर्धा, नवाचार, प्रतिकृति और सर्वोत्तम प्रथाओं के संस्थागतकरण को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से देश भर में सिविल सेवकों द्वारा किए गए अनुकरणीय कार्यों को मान्यता देने तथा पुरस्कृत करने के लिए भारत सरकार द्वारा लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार की स्थापना की गई है। अवार्ड की विशेषता यह है कि देश के 700 से अधिक जनपदों में से ह्यह्यजिले का सम्पूर्ण विकासह्वह्व की श्रेणी के लिए 10 जनपद चयनित किये गये हैं। प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चयनित किये गये देश के 10 जनपदों में प्रदेश का अकेला जनपद बहराइच है जिसे वर्ष 2023 हेतु प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चुना गया है। प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चयन की बात की जाए तो यह सोने से कुंदन बनाने जैसी 04 जटिल प्रक्रियाओं स्क्रीनिंग कमेटी, एक्सपर्ट कमेटी, सिटीजन फीडबैक, एम्वाईड कमेटी की पारखी नजरों से गुजरने के उपरान्त एक उच्च स्तरीय समिति के द्वारा सम्बन्धित जनपद का भ्रमण कर जमीनी हकीकत को परखा जाता है, फिर उसके बाद देश के मा. प्रधानमंत्री जी के अनुमोदनोपरान्त चयनित जिलों की सूची को अन्तिम रूप दिया जाता है। जिलाधिकारी मोनिका रानी ने जनपद में ह्यसेवा से संतृप्तिकरण अभियानह्व की सफलता के लिए जिले के जनप्रतिनिधिगण द्वारा प्रदान किये गये मार्गदर्शन, अधीनस्थ अधिकारियों के भागीरथ प्रयासों, जनपदवासियों के सहयोग तथा मीडिया प्रतिनिधियों के उत्साहवर्धन के लिए सभी के प्रति कृतज्ञता व्यक्त करते हुए ह्यप्रधानमंत्री पुरस्कार 2023ह्व आकांक्षी जनपदवासियों को समर्पित किया है।

## फेक न्यूज और साइबर अपराध के विरुद्ध सीओ नगर की अध्यक्षता में हुई कार्यशाला



**बराबंकी।** फर्जी न्यूज एंव साइबर अपराधो के खिलाफ क्षेत्राधिकारी नगर/साइबर क्राइम नोड्ल अधिकारी सुमित त्रिपाठी की अध्यक्षता मे मेयो मेडिकल कॉलेज परिसर मे डिजिटल वॉरियरह्व की पहल विषय पर जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला मे सीओ श्री

**● डिजिटल वॉरियर के रूप में युवाओं की भागीदारी की दी गई जानकारी**

त्रिपाठी ने फेक न्यूज के खण्डन, साइबर अपराध के प्रति जागरूकता, युवा पीढ़ी के सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर्स एवं कॉलेज/डिग्री कॉलेज के छात्रों को उ0प्र0 पुलिस का डिजिटल वॉरियर बनाए जाने के सम्बन्ध में जागरुक किया गया। कार्यशाला मे साइबर एक्सपर्ट आरक्षी राजन यादव ने जागरुक करते हुये कहा कि डिजिटल वॉरियर को प्रशिक्षित कर आलोचनात्मक सोच को विकसित कर किसी भी जानकारी का विश्लेषण और सत्यापन करके साइबर क्राइम एवं फेक न्यूज को रिपोर्ट करने, साथ ही सामाजिक दायरे में फेक न्यूज एवं साइबर अपराध के प्रति अपने परिवार एवं मित्रों को भी जागरूक करने के लिए प्रेरित करेंगे।

कार्यशाला मे साइबर क्लब स्थापित कर एक शिक्षक को नोडल अधिकारी नामित किया गया। इस अवसर पर प्रभारी निरीक्षक साइबर थाना संजीव कुमार यादव, प्रभारी निरीक्षक साइबर सेल विनय राय, मुख्य आरक्षी नीरज यादव, प्रभारी मीडिया सेल अंकित त्रिपाठी, थानाध्यक्ष महिला थाना मुन्नी देवी आदि मौजूद रहे।

# आबादी के अनुपात में पसमांदा समाज को अपना सियासी,माली व तालीमी हक चाहिए :वसीम

जिला संवाददाता(vol)

**बाराबंकी।** पसमांदा मुहिम का असर अब दिखना शुरू हो चुका है। क्योंकि देश के 85 प्रतिशत वाले अधिकांश पसमांदा मुसलमानों ने, अब 10-15 प्रतिशत वाले अशराफ (सवर्ण) मुसलमानों (मुस्लिम पंडों) से कहना शुरू कर दिया है कि दुआ तुम अपने पास रखो, हमें दावा अर्थात अपने आबादी के अनुपात में अपना सियासी, समाजी, माली, तालीमी

**● सत्ता के करीब रहने के कारण अशराफ मुसलमानों ने राजनीति, शिक्षा, साहित्य और धर्म पर अपना आधिपत्य किया स्थापित**

अधिकार चाहिए। उक्त बात ऑल इण्डिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही।

उन्होंने आगे कहा कि भारत का मुस्लिम समाज केवल मुसलमान नहीं है बल्कि देश के हिन्दू समाज की तरह, हजारों जातियों में विभाजित एक अलग वर्ग (समूह) है। जिसकी लगाम मुट्ठी भर अशराफ (मुस्लिम ब्राह्मणों) यानी मदनी, बुखारी, फिरंगी, नदवी, बरेलवी जैसे फिरकापरस्त, सय्यदवादी, जातिवादी मुस्लिम शंकराचार्यों के हाथों में है। जिसका इलाज किया जाना अब बहुत जरूरी हो गया है। पसमांदा महाज राष्ट्रीय उपाध्यक्ष श्री राईन ने आगे कहा कि ज्यादातर अशराफ मुसलमान मध्यकाल के जागीरदार, मनसबदार, जमींदार, सेनापति, सूबेदार और मुल्ला, मौलवी के कुल खानदान के हैं। इन लोगों ने मुस्लिम शासकों से लेकर स्थानीय क्षत्रिय राजाओं और ब्रिटिश साम्राज्यवाद की खूब सेवा, दलाली, और कईयों ने गद्दारी भी की है। जैसे मीर जाफर, जिसने प्लासी युद्ध में राबर्ट क्लाइव का साथ दिया और ब्रिटिश शासन को भारत में नींव रखने में मदद की। सत्ता के करीब रहने के कारण अशराफ मुसलमानों ने राजनीति, शिक्षा, साहित्य और धर्म पर अपना आधिपत्य स्थापित कर लिया है।

संख्या में कम होने के बावजूद इस्लामिक संगठनों, राजनीति और सामाजिक क्षेत्रों में इनकी आबादी के अनुपात से बहुत ज्यादा, इनका प्रतिनिधित्व हैं। जमात उलेमा हिन्द,



आल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड जैसे सामाजिक संगठनों और जामिया मिल्लिया अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, देवबंद, नदवा सहित सभी बड़े-बडे मदरसों और जामा मस्जिद सहित तमाम बड़े-बडे अन्य ऐतिहासिक मस्जिदों में ये लोग खुद को स्यवंभू शाही इमाम व अहम भूमिका में रखकर, खुद को मुसलमानों का अगुवा खुद ही घोषित किए हुए हैं। इन्हीं संगठनों को आधार बनाकर ये बहुसंख्यक अजलाफ और अरजाल समुदाय पर अपने नेतृत्व का दावा करते हैं उर्दू अकादमी, फखरुद्दीन अहमद मेमोरियल कमेटी आदि को अपनी जागीर बनाकर उर्दू साहित्य जगत पर भी इन्हीं की वर्चस्वता हैं।

## रेल पटरी पर मिला मजदूर का शव

**सोहावल-अयोध्या।** रौनाही थाना क्षेत्र की पुलिस चैकी सत्तीचैरा क्षेत्र के हरिदास का पुरवा के पास रेलवे ट्रेक पर ट्रेन की चपेट मे आने वाले 35 वर्षीय युवक का शव मिला। घटना की सूचना पर पहुची रेलवे एव स्थानीय पुलिस की छानबीन में मृतक की पहचान रुदौली कोतवाली क्षेत्र गौहन्ना निवासी दैनिक मजदूर रविंद्र रावत पुत्र हरी राम के रूप में हुई। मृतक पत्नी संगीता ने बताया कि मृतक फैजाबाद मे दैनिक मजदूरी करता था।

मंगलवार को सुबह काम के लिए घर से निकला। देर रात तक घर नहीं पहुंचने के कारण तलाश की जा रही थी। बुधवार की सुबह पुलिस द्वारा ट्रेन की चपेट मे आने से पति की मौत होने की सूचना मिली। इस सम्बन्ध में चैकी प्रभारी एस पी सिंह ने बताया कि शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है।

## खिचड़ी भोज आयोजित

**अयोध्या।** मकर संक्रांति के पावन पर्व पर प्राचीन शिव हनुमान मंदिर रामपथ के समीप खिचड़ी भोज का आयोजन किया गया। इस दौरान सैकड़ों की संख्या में श्रद्धालुओं ने प्रसाद के रूप में खिचड़ी ग्रहण किया।

## सुरक्षा के लिए जांच में सहयोग करने की उप कमांडेंट ने की अपील

बहराइच 15 जनवरी। विभिन्न समाचार पत्रों में एसएसबी द्वारा जांच के नाम पर पत्रकार से अभद्रता विषयक प्रकाशित समाचार के सम्बन्ध में 42 वीं वाहिनी एस.एस.बी. बहराइच के उप कमांडेंट (प्रचालन) दिलीप कुमार ने बताया कि मुख्यालय के निदेर्शानुसार सीमा पर चैकसी बढ़ा दी गई है एवं किसी भी प्रकार की अप्रत्याशित घटना से निपटने हेतु भारत-नेपाल अंतराष्ट्रीय सीमा पर सशस्त्र सीमा बल द्वारा सघन तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में बीते सोमवार को लगभग रात्रि 09:00 बजे व्यापार एवं पारगमन मार्ग रुपैडिहा पर जाँच के दौरान पत्रकार अमित मद्देशिया द्वारा कथित तौर पर एसएसबी कार्मिक पर अभद्रता सम्बंधित आरोप लगाया गया।

श्री कुमार ने बताया कि प्राथमिक जाँच के दौरान यह पाया गया कार्मिक द्वारा उक्त पत्रकार से जाँच हेतु दस्तावेजों की मांग की गई एवं जाँच में सहयोग करने हेतु कहा गया। उप कमांडेंट श्री कुमार ने बताया कि सभी पक्षों एवं अभिलेखों की जाँच में एसएसबी कार्मिक पर लगाया गये आरोप बेबुनियाद पाये गये हैं। वर्तमान परिस्थितियों, भारत-नेपाल अंतराष्ट्रीय सीमा की सवेदनशीलता एवं दोनों देशों के आपसी संबंधों को मधुर बनाने हेतु सशस्त्र सीमा बल द्वारा राउण्ड-द-क्लाक सीमा पर सेवा सुरक्षा व बंधुत्वा की भावना के साथ कार्यरत है। श्री कुमार द्वारा सभी सम्मानित पत्रकार बंधुओ एवं आम जनता से राष्ट्र की सुरक्षा हेतु जाँच में सहयोग की अपील की गई है।

## आर्म्ड फोर्सेस डे पर सम्मानित हुए पूर्व सैनिक

**बहराइच।** नवम आर्मड फोर्सेस डे के अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी अवकाश प्राप्त कर्नल एम.सी. ध्यानी की अध्यक्षता में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस अवसर पर कर्नल श्री ध्यानी ने आमर्ड फोर्सेस वेटर्न डे के महत्व पर प्रकाश डालते हुए जनपद के वीर नारियों, वीरता व विशिष्ट पदक विजेताओं तथा भूतपूर्व सैनिकों को शाल व स्मृति चिन्ह तथा द्वितीय विश्व युद्ध के 5 पूर्व सैनिकों की पत्नियों को कम्बल भेंट कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर वरिष्ठ सहायक भानु प्रताप गुप्ता, नरेन्द्र कुमार, जगदम्बा प्रसाद व भूतपूर्व सैनिक तथा सैनिक परिवारों के सदस्य उपस्थित रहे।

संक्षेप

## कुएं में तैरता मिला अधेड़ का शव

**जगदीशपुर, अमेठी।** सुबह शौच के लिए बाहर निकले ग्रामीणों ने संदिग्ध परिस्थितियो मे कुए के अंदर तैरता शव देख कर क्षेत्र मे सनसनी फैल गई। थानाक्षेत्र के तहत सिरियारी गांव निवासी अधेड रामकुमार जो कुछ माह पूर्व शहर से गांव आया था जिसकी मानसिक स्थिति खराब चल रही थी और भोर से ही घर से गायब था जिसका शव सुबह कुए मे पडा देख गांव के तमाम लोग इकट्ठा हो गए घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कुए से बाहर निकलवाने के बाद शव का पंचनामा भरने के उपरांत परिजनो को सौंप दिया जिसका अंतिम संस्कार कर दिया गया। पुलिस ने बताया कि मामला संज्ञान मे है मृतक की मानसिक हालत ठीक नहीं थी फिलहाल परिजन पीएम कराने के लिए रजामंद नहीं थे जिसके चलते पंचनामा के उपरांत शव परिजनो को सौंप दिया गया।

## पतंग उतारने में पेड़ से गिरकर किशोर घायल

**बछरावां, रायबरेली।** कोतवाली क्षेत्र के मैंनहार कटरा गांव का रहने वाला किशोर आसिफ पुत्र नौशाद अली बुधवार शाम 3 बजे बजे करीब पतंग उड़ा रहा था तभी उसकी पतंग एक पेड़ में फस गई। जिसको वह लग्घी से उतारने का प्रयाश करने लगा, लग्घी छोटी पड़ने पर वह स्वयं पेड़ पर चढ़ने लगा लेकिन थोड़ा चढ़ने पर वह लग्घी सहित नीचे जमीन पर गिर पड़ा जिसके चलते लग्घी में आगे लगे लोहे से उसके पेट मे गहरा घाव हो गया।

## ई रिक्शा से बैटरियां चोरी, शिकायत दर्ज

**बछरावां, रायबरेली।** घर के बाहर खड़े ई रिक्शा से 4 बैटरियां चोरी हो गयी सुबह इसकी जानकारी होने पर पीड़िता ने बछरावां थाने में इसकी शिकायत दर्ज करायी है। कस्बे के सेंट्रल बैंक के निकट मकान के बाहर खड़े ई रिक्शा से बीती रात 4 बैटरियां चोरी हो गयी पीड़िता रामादेवी पत्नी अजय को इसकी जानकारी तब हुई जब वह सुबह रिक्शे के पास पहुँची। फिलहाल पीड़िता ने बछरावां थाने इसकी शिकायत दर्ज करा दी है कोतवाल ओमप्रकाश तिवारी ने बताया घटना की जाँच की जा रही है।

## हत्यारोपी को 7 साल की कैद

**सुल्तानपुर (वीओएल)।** गला दबाकर पत्नी की हत्या करने वाले को एडीजे जलाल मोहम्मद अकबर ने सात साल कैद की सजा सुनाई है। घटना अखंड नगर थाना क्षेत्र के टिकरी गांव की है। अशोक कुमार निषाद पर 6 साल पहले पत्नी सोना देवी को दहेज के लिए प्रताड़ित कर हत्या कर देने के आरोप लगा एफआईआर लिखाई गई थी। सहायक शासकीय अधिवक्ता कमलेश दान बहादुर वर्मा ने बताया कि दोस्तपुर थाना क्षेत्र के पहाड़पुर बस्ती निवासी दूधनाथ की पुत्री सोना देवी का विवाह अशोक कुमार के साथ हुआ था। दहेज की मांग कर वह बराबर सोना देवी का उत्पीड़न करता रहा और 26 सितंबर 2019 को गला दबाकर उसकी हत्या कर दी।

## जिप की बैठक आज

**सुलतानपुर।** जिला पंचायत सुलतानपुर की सामान्य बैठक का आयोजन 16 जनवरी को किया जाएगा। अपर मुख्य अधिकारी जिला पंचायत ने जानकारी दी कि यह बैठक अपराह्न 12:30 बजे जिला पंचायत के सभाकक्ष में होगी। बैठक में जिला पंचायत से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की जाएगी। जनहित के प्रस्तावों, विकास योजनाओं और अन्य प्रशासनिक कार्यों पर विचार-विमर्श किया जाएगा।

# राष्ट्रीय गौरक्षा वाहिनी ने मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

**'गोकशी, रोहिंग्या, धर्मांतरण को लेकर सनातन पर हो रहे प्रहार के खिलाफ फूंका बिगुल**



**सुलतानपुर (वीओएल)।** जिले में गोकशी, रोहिंग्या, धर्मांतरण को लेकर लगातार सनातन पर हो रहे प्रहार के खिलाफ राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ ने बिगुल फूंक दिया है। गौ रक्षा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी सर्वेश सिंह ने सिटी मजिस्ट्रेट विदुशी सिंह को एक ज्ञापन सौंपा।

जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन में बेजुबान जीवों की राष्ट्रीय गौ रक्षा वाहिनी गौ सेवा संघ के जिला संयोजक कुशभवनपुर राकेश सिंह दद्दू ने कहा कि जिले में गोकशी, धर्मां जेहाद, लव जिहाद, लैंड जिहाद, धर्म जिहाद, वोट जिहाद, बच्चोंद्वारा भिक्षावृत्ति करवाना एक नई शाखा को जन्म दिया जा रहा है। निर्भीकता पूर्वक लगातार आवाज उठाने वाले प्रदेश प्रभारी शासन व प्रशासन, जनप्रतिनिधियों को अवगत कराते रहे हैं। बिना भय व डर के जनपद में लगातार यह गोरखधंधा चल रहा है। वही इसके खिलाफ आवाज उठाने वालों पर जान-माल का खतरा भी बना हुआ है। संगठन के प्रवक्ता रवि दुबे ने कहा कि सनातन धर्म को अगर बचाना है तो हम सबको जाति धर्म का भेदभाव भुलाकर आगे आना ही होगा और इसे अब रोकने की जरूरत है। रोहिंग्या, बंग्लादेशी मुस्लिम अपना नाम बदलकर जिले में पूरी तरह आमद कर चुके हैं, और हिंदू देवी देवताओं के नाम पर भोली भाली जनता को बेवकूफ बनाकर उनका मानसिक व धन का प्रलोभन कर रहे हैं।

प्रदेश महामंत्री जयशंकर दुबे ने कहा कि यह लोग कट्टर होते जा रहे हैं फुटपाथ पर नाम बदलकर अपनी दुकान चला रहे हैं, यही लोग खास कर अपना आधार कार्ड भी इसी जनपद से बनवा रखे हैं, जिले में कुछ नामचीन लोग हैं जो बच्चों को पैसे का प्रलोभन देकर उनसे भिक्षावृत्ति भी करवा रहे हैं। प्रशासन उन्हें चिन्हित कराकर देश से बाहर करने का काम करें, अन्यथा हम सभी अहिंसा परमो धर्म पर विश्वास रखने वाले गौ रक्षक व सनातनी लोग हिंसा तथोपि च पे मजबूर होंगे। इस मौके पर प्रदीप सिंह, उदय शंकर मिश्र, अनिल अग्रहरि, प्रदीप कसौधन, अनुज प्रताप सिंह, मनीष गुप्ता, राणा प्रताप सिंह, गया वक्श दुबे, सूर्य प्रकाश तिवारी, राजीव द्विवेदी, बृजेश श्रीवास्तव उर्फ बंटू आदि मौजूद रहे।

# महिला आयोग की सदस्य ने महिला उत्पीड़न से संबंधित सुनी शिकायतें

- महिला आयोग की सदस्य ने महिलाओं से जुड़ी विभिन्न योजनाओं को जन-जन तक पहुचाने के लिए दिये निर्देश

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य एकता सिंह ने पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में महिलाओं के उत्पीड़न व उनकी समस्याओं से जुड़े मुद्दो के बारे में अधिकारियों से समीक्षा की।

बैठक के दौरान उन्होंने जन सुनवाई करते हुए घरेलू हिंसा, यौन उत्पीड़न, वैवाहिक समस्या, लैंगिक भेदभाव, शिक्षा व रोजगार संबंधी शिकायत सुनी। उन्होंने महिला थाना अध्यक्ष, जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा को निर्देश दिये कि सभी प्रकरण को संज्ञान में लेते हुए पीड़ित महिलाओ को शीघ्र न्याय दिलाया जाए। निर्देश दिये कि महिलाओं के उत्पीड़न व महिला से जुड़ी शिकायतों का निस्तारण गुणवत्तापूर्वक एवं समयबद्ध तरीके से किया जाये तथा महिलाओं से सम्बन्धित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं का प्रचार-प्रसार ग्राम पंचायत व ग्रामीण स्तर पर कराया जाये। जिन प्रकरणों में अभी कार्यवाही लंबित है उन्हें भी आयोग के संज्ञान में लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि मा० मुख्यमंत्री जी का



निर्देश है कि महिलाओं और बच्चों से संबंधित प्रकरणों में शीघ्र कार्रवाई की जाए। इस मौके पर जिला प्रोबेशन अधिकारी जयपाल वर्मा, जिला कार्यक्रम अधिकारी विनय सिंह, जिला दिव्यांग कल्याण अधिकारी मोहन त्रिपाठी, जिला समाज कल्याण अधिकारी सृष्टि अवस्थी, जिला विधिक सेवा प्राधिकारण के अधिकारियों सहित अन्य अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# विशाल भंडारा आयोजित



**गौरीगंज, अमेठी।** श्री गया जगन्नाथ जी व चारो धाम के दर्शनोपरांत गोपालापुर निवासी भोला नाथ अग्रहरि ने बुधवार को श्री गया जगन्नाथ का विशाल भोज आयोजित किया। इस श्री गया जगन्नाथ के भण्डारे सौ किलोमीटर के दूर दराज से लगभग दस हजार लोगो ने महा प्रसाद ग्रहण किया। इस भंडारे मे जिला पंचायत अधक्ष्य व अमेठीउद्योग पति राजेश मसाला भी उपस्थित रहे। इन्होने समाज के इस कार्य की सराहना की। इस कार्यक्रम मे प्रसाद वितरण के सात बूथ बनाएं गये थे। टिकरी गांव स्थित महाराजा अग्रसेन समिति के सोनू अग्रहरि, महेश चन्द्र, रमेश कुमार नन्हे, विंध्यप्रसाद, राम लाल शुभम, रघुनंदन उर्फ पुन्नू, जगन्नाथ, अजय कुमार दिलीप कुमार आदि तीन दर्जन से अधिक कार्यकर्ताओ ने प्रसाद वितरण मे विशेष योगदान किया।

## धुंध व कुहरे के चलते दो बाइकों में हुई टक्कर

**भेटुआ, अमेठी।** बीती रात दो बाइको के आपसी भिड़न्त मे तीन गंभीर रूप से घायल हुए। तीनो घायलों को प्राथमिक उपचार के बाद सुल्तानपुर किया गया रेफर हालत नाजुक बनी हुई है। बुधवार की देर रात कड़ाके की ठंड व कुहरे के प्रभाव से टिकरी चौराहे से 200 मीटर धम्मौर रोड पर मिली जानकारी के अनुसार ब्रम्हादीन (35) पुत्र अयोध्या प्रसाद निवासी धारूपुर धम्मौर व राम बहादुर यादव (22) पुत्र राजू यादव निवासी अलीगंज अपनी बाइक से अमेठी की ओर जा रहे थे। अमेठी की ओर से अपने घर सरूवावा जा रहे जगमोहन (50) पुत्र बरसाती घने कुहरे के चलते सामने न दिखाई देने से दोंनो बाइको मे जोरदार टककर हो गयी जिससे बाइक के परखच्चे उड़ गये। शोर सुनकर स्थानीय पहुँचे स्थानीय लोगो एम्बुलेस से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र नौगिरवा ले गये जहाँ डॉक्टर पुष्पेंद्र कुमार ने तीनो की हालत गंभीर देख सुल्तानपुर जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

## गोलीकांड आरोपी की निशानदेही पर असलहा बरामद

**जगदीशपुर, अमेठी।** लगभग तीन सप्ताह पूर्व हुए गोलीकांड के आरोपी की निशानदेही पर अवैध असलहा बरामद कर पुलिस द्वारा विधिक कार्रवाई जारी है। थानाक्षेत्र के अंतर्गत महमदपुर गांव मे तीन सप्ताह पूर्व हुए अनीत सिंह गोलीकांड के संबंध मे चल रही छानबीन के क्रम मे धीरेन्द्र कुमार यादव एसएचओ जगदीशपुर सहित पुलिस टीम द्वारा मु0अ0सं0 299/24 धारा 109, 190, 191(2), 191(3), 61(2) बीएनएस थाना जगदीशपुर जनपद अमेठी से संबंधित अभियुक्त लखन पण्डित उर्फ केशव निवासी किठौली जलालपुर थाना पट्टी जनपद प्रतापगढ़ को पुलिस अभिरक्षा रिमाण्ड में लेकर की गई पूछताछ में अभियुक्त ने बताया कि मैने सूरज मिश्रा, युवराज सिंह, गगन मिश्रा, सर्वेश सिंह, रवि पासी और मो0 कैफ के साथ मिलकर 22 दिसंबर 2024 को अनीत सिंह पर जान से मारने के इरादे से गोलियां चलाई थी जहां अभियुक्त की निशानदेही पर ग्राम सलावतगढ़ के पास झाड़ियो से घटना में इस्तेमाल एक पिस्टल (.23 बोर) बरामद की गई।

# कटका महोत्सव में हुआ सांस्कृतिक व सम्मान समारोह कार्यक्रम

**गोसाईगंज, सुलतानपुर (वीओएल)।** एके शिक्षा निकेतन अंगनाकोल में कटका क्लब सामाजिक संस्था व देवा पब्लिकेशन के संयुक्त तत्वावधान में बुधवार सांस्कृतिक कार्यक्रम एवं सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का आरम्भ विद्या की देवी मां सरस्वती के पूजन अर्चन से हुआ।

कार्यक्रम में मुख्याथिति जिला पंचायत सदस्य अजय चतुर्वेदी नंदन ने बताया कि कटका क्लब सामाजिक संस्था अपने सामाजिक कार्यों के चलते जिला में निरंतर चर्चा का विषय बनी रहती है आने वाली पीढियां और समाज के प्रति प्रेरणा की स्तोत्र है। पढ़ाई के साथ-साथ खेल एवं सांस्कृतिक कार्यक्रमों की आयोजनों से बच्चों के अंदर प्रतिभा का निखार होता है। जिसके फलस्वरूप उनकी प्रतिभा निखर कर बाहर आती है। शिक्षा प्रकोष्ठ अध्यक्ष शीतला प्रसाद पांडेय ने बताया कि युवा साथी अपना लक्ष्य बनाकर आगे बढ़ें। सफलता उनके कदम चूमेगी। सांस्कृतिक कार्यक्रम बच्चों को आत्मविश्वास बढ़ाने में मदद कर सकते हैं। इस मौके पर संस्था के अध्यक्ष सौरभ मिश्रा विनम्र ने बच्चों को उन्नत शिक्षा मिले, बिना शिक्षा के वह कुछ नहीं कर पायेंगे। इसलिए समाज के हर सम्पन्न व्यक्ति को शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए आगे आना होगा। तभी इस देश का भविष्य शिक्षित समाज के हाथों में सुरक्षित रहेगा। कार्यक्रम का संचालन और प्रस्तुतीकरण रविदीप म्यूजिकल ग्रुप ने किया।

देव पब्लिकेशन के डायरेक्टर डीएस जायसवाल ने आए अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त किया। अवधनामा रत्न सम्मान 2025 से 21 लोगों को सम्मानित किया गया। इस मौके पर सुलतानपुर विधायक प्रतिनिधि पवन सिंह, इंजी. रूपेश सिंह, प्रधान शैलेंद्र सिंह, प्रधान राम अचल यादव, रमेश दुबे विभाग मंत्री विहिप, बृजेंद्र मिश्रा, संदीप मिश्रा, रवि प्रजापति, लाल जी तिवारी, डॉ. अनुप मिश्र, नरेंद्र कुमार मिश्र, अर्जुन पाल, हरी गोविंद पांडेय आदि मौजूद रहे।

# सदर विधायक ने बारात घर जनता को किया समर्पित



जिला संवाददाता (vol)

- सर्दी से बचने के लिए गरीबों को बांटे कंबल

**रायबरेली।** सदर विधायक अदिति सिंह ने गरीब जनता की बेटियों की शादी समारोह के लिए नव निर्मित बारात घर जनता को समर्पित किया। उन्होंने बारात घर के लोकार्पण पर कहा कि जहाँ महंगाई के दौर में गाँव के लोगों को अपनी बेटियों की शादी करने में काफी समस्याओं का सामना करना पड़ता है और बेटियों की शादी में बड़े इंतजाम करने पड़ते हैं जिसमें स्थल का चुनाव काफी महँगा होता है की सहूलियत को देखते हुए गाँव में बारात घर का होना अनिवार्य था। बारात घर का निर्माण कार्यदायी संस्था ग्रामीण अभियन्ता विभाग प्रखण्ड रायबरेली द्वारा कराया गया है। ग्राम सभा जैतूपुर में एक बारात घर के लोकार्पण के साथ ही पुरुष और महिला शौचालय का भी लोकार्पण किया गया। गाँव के असहाय निराश्रित एवं वृद्धजनों को ठंड के मौसम के दृष्टिगत कंबल वितरण किया है।

सदर विधायक ने ग्राम सभा मौहारी का पुरवा, किसुन का पुरवा में पहुंच कर गाँव के लोगों को सैकड़ो कंबल वितरित किए। उन्होंने कहा कि एक-एक रात की ठंड असहाय लोगों को भारी पड़ रही है जिसके मद्देनजर लगातार गाँवों में कंबल वितरण का कार्यक्रम किया जा रहा है और गाँव के लोगों को किसी प्रकार की समस्या का सामना न करना पड़े इसलिए उनसे सीधे तौर पर संपर्क स्थापित करते हुए वार्ता की जा रही है।

गाँव के लोगों में इस भीषण ठंड से निपटने के लिए प्रशासन को मुस्तैद रहने के निर्देश भी सदर विधायक द्वारा दिए गए हैं। उन्होंने कहा कि गाँव के मुखिया इस बात का ध्यान रखें कि उनके गाँव में आम जनता को किसी प्रकार की परेशानी न हो और किसी भी समस्या को लेकर पूर्व की तरह आमजनता की मदद के लिए उनके दरवाजे सदैव खुले हैं। कंबल वितरण के दौरान गाँव के लोगों में मुकेश श्रीवास्तव, केशवराम, तेज बहादुर, तिलक राम, उदयराज, अश्वनी शर्मा, अमान सिंह, खुशीराम समेत सैकड़ों लोग उपस्थित रहे।

## ऑर्गेनिक खेती कर आय बढ़ा रहे किसान

**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** ऑर्गेनिक खेती कर किसान अपनी आय बढ़ा रहे हैं। खेत में पैदा छह सौ ग्राम का गोल बैगन लोगों के लिए कौतूहल का विषय बना हुआ है। इससे पूर्व 6.9 फिट की लौकी पैदा करके किसान प्रदर्शनी में किसान ने प्रथम स्थान प्राप्त किया था। लंभुआ नगर पंचायत क्षेत्र के तुलसी नगर पठखौली निवासी किसान प्रवीण कुमार पाठक ऑर्गेनिक खेती पर नवीन प्रयोग करते हुए बैगन, पालक, पत्ता गोभी, फूल गोभी, टमाटर, मेथी, सोवा आदि सब्जियों का उत्पादन कर रहे हैं। खास बात यह है कि उन्होंने अपने खेत में छह सौ ग्राम का गोल बैगन पैदा किया है जो ग्रामीणों के कौतूहल का विषय बना हुआ है। इससे पहले वह लगभग सात फीट की लौकी पैदा कर किसान प्रदर्शनी में प्रथम स्थान प्राप्त कर चुके हैं। स्थान प्राप्त कर चुके हैं। किसान श्री पाठक ने कहा कि स्वस्थ रहने के लिए सभी किसान भाइयों को रासायनिक खादों से बचना चाहिए। उन्होंने बताया कि नीम की गुठलियां इकट्ठा कर उसे पत्ते व घरेलू अपशिष्टों के साथ सड़ाकर खाद बनाते हैं और पेड़ पेड़ के पास गुड़ाई कर रखते हैं, तो पैदावार ज्यादा होती है और यह मानव जीवन के लिए हानिकारक भी नहीं है बल्कि लाभप्रद है। ऑर्गेनिक जैविक खेती ही स्वास्थ्य का अंतिम विकल्प है। हम गोबर और प्राकृतिक खाद से अपने आप को बीमारियों से बचा सकते हैं। यह मिट्टी की उर्वरता और केचुओं की प्रचुरता को भी बढाता है, साथ ही इसके उत्पादन में शुद्धता वह पौष्टिकता भी बनी रहती है। उन्होंने तीन किस्म के बैगन अपने खेत में पैदा किए हैं। किसान श्री पाठक ने बताया कि यह अभी प्रयोग कर दो बीघे के आसपास सब्जी की खेती की जा रही है और इससे किसानों की आय बढ़ रही है।



# अधेड़ की हत्या के मामले में दो गिरफ्तार



**महराजगंज, रायबरेली।** बीती सोमवार की रात कोतवाली क्षेत्र के नाथगंज मजरे हलोर गांव में दबंगों द्वारा एक अधेड़ की पीट-पीटकर की गई हत्या के मामले में एक तरफ पुलिस को जहां दो आरोपियों को पकड़ने में सफलता हाथ लगी है। दूसरी ओर क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारतीय ने आज बुधवार को पीड़ित परिवार के घर पहुंच कर शोक संवेदना व्यक्त करते हुए हर संभव मदद दिलाने का आश्वासन दिया है। वहीं आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की मांग की है। महराजगंज कोतवाली क्षेत्र के नाथगंज मजरे हलोर गांव में विगत सोमवार की रात्रि शौच के लिए घर से निकले अधेड़ रामधनी पुत्र सत्यनारायण को रास्ते में घेर कर दबंगों ने पीट-पीट कर मार डाला था। घटना की जानकारी होते ही मौके पर पहुंचे मृतक के परिजनों ने घायल को सीएचसी महराजगंज पहुंचाया था। जहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया था। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम कराया था, किंतु पोस्टमार्टम होने के बाद जब शव गांव पहुंचा तो ग्रामीण और परिजनों ने अंतिम संस्कार करने से मना कर दिया था, लेकिन उप जिलाधिकारी सचिन यादव महराजगंज व क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल की सूझबूझ के चलते काफी मान मनौव्वल के बाद परिजन और ग्रामीण अंतिम संस्कार करने को मान गए थे। पुलिस बल की भारी मौजूदगी में शव का अंतिम संस्कार कराया गया था, तब जाकर पुलिस ने राहत की सांस ली। घटना में नामजद चार आरोपियों में से मंगलवार को मदनिया नैय्या नाला पुल के पास कहीं भागने की योजना बना रहे राम अचल पुत्र कन्हैया व रोहित पुत्र राम अचल को मौके पर ही धर दबोचा और जेल भेज दिया। उधर हत्या के खबर फैलते ही क्षेत्रीय विधायक श्याम सुंदर भारती मृतक के घर पहुंच कर परिजनों से मुलाकात की ढांढस बंधाया और हर संभव पीड़ित परिवार को मदद दिलाने का आश्वासन दिया। उन्होंने उप जिलाधिकारी महराजगंज को फोन कर के जमीन, प्रधानमंत्री आवास तथा अंतोदय राशन कार्ड एवं आयुष्मान कार्ड का लाभ दिलाने की बात कही। मामले में क्षेत्राधिकारी यादवेंद्र बहादुर पाल का कहना है कि दो आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया है, शेष बचे आरोपी पुलिस से बच नहीं पाएंगे और उनको जल्द ही गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# पेट्रोल पंप संचालक नो हेल्मेट, नो फ्यूल की रणनीति करें लागू : डीएम

**रायबरेली।** जिलाधिकारी हर्षिता माथुर ने बताया कि जनपद रायबरेली में सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करने तथा हेल्मेट न पहनने के कारण सड़क दुर्घटनाओं में होने वाली मृत्यु पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से परिवहन आयुक्त के पत्र द्वारा नो हेल्मेट, नो फ्यूल की रणनीति लागू करने की अपेक्षा की गयी है। जिलाधिकारी ने बताया कि केन्द्रीय मोटरयान अधिनियम 1988 की धारा-129 एवं उ०प्र० मोटरयान नियमावली-1988 के नियम-201 के अनुसार सभी मोटर साइकिल चालकों एवं सवारियों के लिए भारतीय मानक ब्यूरो (बी०आई०एस०) द्वारा निर्धारित मानकों के अनुरूप प्रोटेक्टिव हेड गियर (हेल्मेट) पहनना अनिवार्य है। इस प्राविधानों का उल्लघंन केन्द्रीय यान अधिनियम-1988 की धारा-177 के तहत दण्डनीय है, जिसमें जुमार्ने का प्राविधान है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए आयी जन आरोग्य किट का वितरण

**महराजगंज, रायबरेली।** ब्लाक सभागार में बीडीओ वर्षा सिंह द्वारा प्रभारी सीडीपीओ आशा यादव की मौजूदगी में 17 आंगनबाड़ी केंद्रों के लिए आई जन आरोग्य किट आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों को वितरित किया गया। बीडीओ वर्षा सिंह ने बताया कि जन आरोग्य किट में पर्दा दरी, कुर्सी, बीपी मशीन, थमार्मीटर के आलावा कई सामग्री शामिल हैं, जिन्हें आंगनबाड़ी केंद्र मऊ गर्वी, बरहुआं, ज्योना, सलेथू, कैड़ावा, पारा कला, कड़रिया, अलीपुर, हलोर कुशढी सागरपुर, कोटवा मोहम्मदाबाद, मोन सहित 17 आंगनबाड़ी केंद्रो की कार्यकत्रियों को वितरित किया गया है।

# मंडलायुक्त ने किया एनआईसी भवन और वीसी रूम का लोकार्पण



**सुलतानपुर (वीओएल)।** मंडलायुक्त अयोध्या मंडल गौरव दयाल ने कलेक्ट्रेट परिसर स्थित नवनिर्मित एनआईसी भवन और वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग (वीसी) रूम का लोकार्पण किया। इस मौके पर जिलाधिकारी कृत्तिका ज्योत्स्ना, पुलिस अधीक्षक कुंवर अनुपम सिंह, मुख्य विकास अधिकारी अंकुर कौशिक, ज्वाइंट मजिस्ट्रेट गामिनी सिगला और वैशाली चैपड़ा आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में मंडलायुक्त को गार्ड ऑफ ऑनर दिया गया। इसके बाद उन्होंने फीता काटकर एनआईसी भवन और वीसी रूम का उद्घाटन किया। मंडलायुक्त ने कहा कि इस अत्याधुनिक भवन और वीसी रूम के माध्यम से सुलतानपुर प्रशासन को अधिक कुशलता से कार्य करने में मदद मिलेगी। उन्होंने इस कार्य के लिए जिलाधिकारी की सराहना करते हुए कहा कि उनके कार्यकाल में कलेक्ट्रेट परिसर का सौंदर्यीकरण और बुनियादी ढांचा पहले से बेहतर हुआ है। मंडलायुक्त ने भवन निर्माण कार्य में उत्कृष्ट योगदान के लिए ग्रामीण अभियंत्रण विभाग के अधिशासी अभियंता के.के. मिश्रा और सहायक अभियंता आलोक कुमार की भी प्रशंसा की। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी एस. सुधाकरन, अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह, उप जिलाधिकारी सदर विपिन द्विवेदी, सिटी मजिस्ट्रेट विदुषी सिंह और सीओ सिटी प्रशांत सिंह सहित कई अधिकारी मौजूद रहे। यह नवनिर्मित भवन प्रशासनिक कार्यों को डिजिटल युग में सुगम और प्रभावी बनाने में मील का पत्थर साबित होगा।

# साइबर अपराध जागरूकता संगोष्ठी में लोगों को किया गया जागरूक

जिला संवाददाता (vol)

**सुलतानपुर।** उत्तर प्रदेश महोत्सव- 2025 के अंतर्गत मानवाधिकार एक्शन फोरम और नेशनल एनजीओ क्लब के संयुक्त तत्वावधान में साइबर अपराध जागरूकता संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस संगोष्ठी में साइबर अपराध की रोकथाम और जागरूकता बढ़ाने के लिए 15 वक्ताओं को आमंत्रित किया गया।

संगोष्ठी में तुषार वर्मा ने हैकिंग, फिशिंग, मैलवेयर, रैंसमवेयर, साइबर स्टॉकिंग, आईडी चोरी, ऑनलाइन धोखाधड़ी, साइबर आतंकवाद, डेटा चोरी और वेबसाइट हैकिंग जैसे ज्वलंत विषयों पर विचार प्रस्तुत किए। उन्होंने आम जनता को साइबर अपराधों से सतर्क रहने और अपने अधिकारों के प्रति जागरूक होने का आह्वान किया। कार्यक्रम के आयोजक एडवोकेट शुभम द्विवेदी और आशीष शुक्ला ने कहा कि वर्तमान समय में सबसे तेजी से बढ़ता अपराध साइबर अपराध है। इसे रोकने के लिए प्रत्येक व्यक्ति को जागरूक होना जरूरी है, क्योंकि डिजिटल दुनिया की लापरवाही विनाशकारी साबित हो सकती है। इस कार्यक्रम में प्रदेश के छह विशेष साथियों को उनके योगदान के लिए सम्मानित किया गया। टिहरा गांव के निवासी तुषार वर्मा को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए अवधनामा रत्न सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम ने साइबर अपराधों के प्रति जन-जागरूकता फैलाने और समाज को डिजिटल सुरक्षा के महत्व से अवगत कराने में अहम भूमिका निभाई। आयोजकों ने भविष्य में इस तरह की पहल जारी रखने का संकल्प व्यक्त किया।

# दिल्ली के श्रीकृष्णा ने जीता दंगल केसरी खिताब



**नसीराबाद, रायबरेली।** बुधवार को मकर संक्रांति के पावन पर्व पर हमेशा की तरह इस वर्ष भी विकास खंड छतोह के बभनपुर में एक ऐतिहासिक मेला लगा जिसमें क्षेत्र के हजारों लोग एकत्र हुए। मेले के बगल में ही बंधवा तालाब पर राष्ट्रीय दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें कानपुर, गोरखपुर, मथुरा,, रोखा, मुस्तफाबाद, आजमगढ़, रायबरेली, जौनपुर, छपरा, जायस, दिल्ली, चंडीगढ़, पनीपत, पल्टीखेडा, गुडगांव हरदोई, भदोखर, कन्नौज, दौलतपुर, प्रयागराज, करनाल, रसतीपुर, बनारस, हरियाणा, सोनीपत, पंजाब, के साथ-साथ नामी-गिरामी पहलवानों ने कुश्ती के दांव पर दिखाएं और खूब पुरस्कार बटोरे। दंगल केसरी का फाइनल मुकाबला दिल्ली के पहलवान श्री कृष्णा और करनाल के पहलवान कार्तिक के बीच हुआ जिसमें दिल्ली के पहलवान ने श्री कृष्णा 20 मिनट के कडी मशक्कत के बाद करनाल के पहलवान कार्तिक को चित कर 41 हजार का इनामी मुकाबला अपने नाम कर लिया। इसके अलावा सभी पहलवानों को भी ढेरों इनाम दिए गए। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए अखिलेष राम विशाल पान्डेय ने कहा गांव में तमाम प्रतिभाएं छिपी है बस उन्हें निखारने की जरूरत है। हर गांव में अखाड़ा हो तो पहलवान निश्चित तैयार होंगे। मुख्य अतिथि अखिलेश आर पांडे ने कहा कि अब गांव में क्रिकेट का प्रचलन अधिक हो गया है जिससे गांव में होने वाले अखाड़े व कुश्ती कला विलुप्त होती जा रही हैं। श्री पांडे ने कहा खेल को खेल की भावना से खेलना चाहिए। हार होने से भी सीख मिलती है। उन्होंने कहा कि कुश्ती कला से शरीर स्वस्थ होने के साथ-साथ मानसिक विकास भी होता है। कार्यक्रम के आयोजक भूपेंद्र सिंह व मुख्य अतिथि शिवपति शिव दर्शन पांडे सेवा समिति के संस्थापक अखिलेश आर पाण्डेय, ने अखाड़ा पर आमंत्रित पहलवानों के हाथ मिलवाये। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री पाण्डेय ने विजेता दिल्ली पहलवान श्री कृष्णा को 41 हजार का नगद पुरस्कार दिया। उपविजेता पहलवान को कार्तिक 6 हजार का नगद पुरस्कार दिया। दंगल में रेफरी की भूमिका राजेश कुमार सिंह व कंमेट्री की भूमिका कामतानाथ सिंह ने निभाई। मेला प्रबंधक भूपेन्द्र विक्रम सिंह ने अतिथियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया। दंगल में महिला पहलवानो ने भी अपने कला का प्रदर्शन किया जिसमें कानपुर की आंकाक्षा और गोरखपुर नर्मता के बीच मुकाबला हुआ। इस अवसर पर मुख्य रूप से गौरीगंज विधायक राकेश प्रताप सिंह, भूपेंद्र सिंह, मनोज द्विवेदी, आदित्य नारायण पान्डेय, ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि विशाल सिंह, दिवाकर पाण्डेय, अभय तिवारी, गिरजेद्र सिंह, राधेश्याम यादव, सहित सैकडो लोग मौजूद थे।

संक्षेप

### चोरी की ई रिक्शा बैटरी सहित दो गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा चोरी करने वाले व चोरी के माल को खरीदने वाले दोनों अभियुक्तो को गिरफ्तार कर कब्जे से चोरी की एक ई-रिक्शा एवं चोरी की आठ बैटरी बरामद की गई। बुधवार को थाना दक्षिण पुलिस टीम द्वारा चोरी के पंजीकृत मुकदमें में वांछित अभियुक्त दीपू पुत्र फेरू सिंह निवासी नट वाली गली हिमाँयूपुर थाना दक्षिण फिरोजाबाद को मुखबिर खास की सूचना पर चोरी की एक ई-रिक्शा सहित राम सिंह के भट्टे के पास थाना क्षेत्र दक्षिण से गिरफ्तार किया गया। पूछताछ के दौरान गिरफ्तारशुदा अभियुक्त दीपू की निशानदेही से अभियुक्त शाहिद पुत्र आशिक निवासी कोहिनूर रोड़ थाना रामगढ़ फिरोजाबाद को 08 खरीदी हुई चोरी की हुई बैटरी के साथ सैलई रोड से गिरफ्तार किया गया। थाना पुलिस ने गिरफ्तारशुदा अभियुक्तों के विरुद्ध बरामदगी के आधार पर आवश्यक विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया है।

### कैंटर में 66 पशु ठूंस-ठूंस कर भर रखे थे, पुलिस ने मुक्त कराये

**आगरा।** थाना शमशाबाद क्षेत्र में पुलिस ने एक बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध कटान को जा रही पशुओं से लदी एक कैंटर गाड़ी को पकड़ लिया। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि एक कैंटर गाड़ी में बड़ी संख्या में पशु अवैध रूप से ले जाए जा रहे हैं। हैरानी की बात यह थी कि एक कैंटर गाड़ी में 66 पशु ठूंस-ठूंस कर भरे हुए थे। पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आगरा रोड पर घेराबंदी की और कैंटर गाड़ी को रोक लिया। जब पुलिस ने गाड़ी की जांच की, तो पता चला कि इसमें भूसे की तरह 66 पशु भरे हुए थे। पुलिस ने कैंटर गाड़ी के साथ दो पशु तस्करों को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने पशु क्रूरता अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया है और आगे की जांच शुरू कर दी है। पुलिस ने गाड़ी से सभी 66 पशुओं को मुक्त करा दिया है।

### बाइक पर ठंड से युवक का शरीर अकड़ा दुर्घटनाग्रस्त

**आगरा।** यह खबर सभी को सावधान कर देने वाली है। सर्दी से शरीर इतना अकड़ गया कि एक युवक बाइक पर नियंत्रण खो बैठा और वह हादसे का शिकार हो गया। युवक को गंभीर चोटें आई हैं। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसा बाह थाना क्षेत्र के कस्बा जरार में कृष्णा होटल के पास हुआ। हरिओम नामक युवक सुबह-सुबह बाइक से अपने खेतों पर गया हुआ था। सुबह के वक्त घना कोहरा था। कड़ाके की ठंड थी। युवक कुछ समय खेतों पर रुका और फिर घर लौटने लगा। लौटते समय ठंड के कारण इस युवक का शरीर ठंड से अकड़ने लगा। कस्बा जरार में अचानक इस युवक का अपनी बाइक पर कंट्रोल नहीं रहा। बाइक गिरी और वह चुटैल हो गया। पास के लोगों ने युवक के परिजनों को सूचना दी तो वे मौके पर पहुंचे और युवक को सीएचसी पर ले गए। प्राथमिक उपचार के बाद उसे हायर सेंटर रैफर कर दिया गया। बताया गया है कि ठंड के कारण युवक का शरीर इस कदर अकड़ गया था कि बाइक पर उसका नियंत्रण नहीं रहा और उसके साथ यह हादसा हो गया। यह घटना औरों को सावधान करने वाली है। भीषण ठंड में शरीर के अकड़ने पर किसी के साथ भी ऐसा हादसा हो सकता है, इसलिए दोपहिया पर चलते समय अपने पूरे शरीर को गर्म कपड़ों से ढंककर ही चलें।

# नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल ने की श्रद्धालुओं की मदद

## तेलंगाना से आये श्रद्धालुओं की बस में आग लगने से हुआ था हादसा





**वृंदावन।** बीते मंगलवार मकर संक्रांति के पावन पर्व पर पानी गांव संपर्क मार्ग स्थित टूरिस्ट फैसिलिटी सेंटर में तेलंगाना से आए हुए श्रद्धालुओं की बस में आग लग जाने के कारण श्रद्धालु का काफी नुकसान हो गया। जिसके बाद वृंदावन के सामाजिक और प्रशासनिक अधिकारियों के द्वारा कई रूप से उनकी सहायता की गई। इसी क्रम में वृंदावन नगर के नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के पदाधिकारी के द्वारा सभी श्रद्धालुओं को आर्थिक और खाद्यान्न सामग्री वितरित कर सहायता की गई। आपको बता दें कि सोशल मीडिया के माध्यम से उन लोगों की सहायता करने के लिए समाजसेवियों से गुहार लगाई गई थी। वहीं इस मौके पर बोलते हुए व्यापार मंडल के अध्यक्ष आलोक बंसल और चेयरमैन धनेंद्र अग्रवाल बॉबी ने बताया कि सोशल मीडिया के माध्यम से जैसे ही नगर उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल को अवगत हुआ कि बाहर से आए श्रद्धालुओं को सहायता की आवश्यकता है, तो व्यापार मंडल ने तुरंत सभी श्रद्धालुओं को आर्थिक और खाद्यान्न सामग्री वितरित कर सहायता की। हमारा यही लक्ष्य है कि वह सभी श्रद्धालु अपने घरों तक सकुशल पहुंच सके। वहीं प्रशासन के द्वारा भी उनकी मदद की जा रही है। साथ ही हमारी सभी से यही अपील है, कि वृंदावन में आने वाले श्रद्धालुओं की हर संभव सहायता करनी चाहिए। इस मौके पर आशीष ठाकुर, बाबू दास यादव, अंकित ठाकुर, महेश गौतम, अंकित वार्ष्णेय, बृजेश गुप्ता बंटी, प्रहलाद गुप्ता, बंशी तिवारी, सुजीत वार्ष्णेय, अनिल गोतम, अशोक पापडिया पवन अग्रवाल, बाबूलाल निषाद, दीपक अग्रवाल आदि मौजूद रहे।

**बड़े भाई को पेपर दिलाने जा रहे छोटे भाई की हादसे में मौत**

**मथुरा।** थाना कोसीकलां क्षेत्र में बड़े भाई को पेपर दिलवाने ले जा रहा बाइक सवार छोटे भाई की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। थाना सादाबाद क्षेत्र के गढ़ी भगाता का रहने वाला होशियार अपने छोटे भाई करण (20 वर्ष) के साथ कोसीकला क्षेत्र में डी फार्मा का पेपर देने स्प्लेंडर बाइक से सुबह करीब 5 बजे लेकर निकला था। बुधवार सुबह करीब 6:45 बजे कोटवन चैकी के नजदीक हादसा हो गया। इस हादसे में बाइक चला रहे छोटे भाई करण की घटना स्थल पर मौत हो गई। वहीं होशियार गंभीर रूप से घायल हो गया।

## फर्नीचर के गोदाम में लगी आग, लाखों का नुकसान

**मथुरा।** कस्बा राया के सुल्तानगंज में बुधवार की दोपहर विद्युत शार्ट सर्किट से फर्नीचर के गोदाम में आग लगने से उसमे रखा लाखों रुपए का सामान जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घटना की जानकारी दमकल विभाग को दी। सूचना पर पहुंची दमकल कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया तब तक लाखों रुपये का सामान जलकर खाक हो गया। शोएब पुत्र मजीद खान निवासी मोहल्ला पठानपाड़ा का मोहल्ला सुल्तान गंज (भट्टा) पर फर्नीचर का गोदाम है जहाँ पर सोफा बेड आदि बनाने का कार्य होता है।विद्युत शार्ट होने से वहा रखी फोम की सीट ने आग पकड़ ली आग लगते ही पास रखे स्प्रीट व थिनर के डूमो ने आग पकड़ ली इस दौरान आग लगने से गोदाम में रखा लाखो रुपये का समान जलकर खाक हो गया। सूचना पर पहुंचे थाना प्रभारी निरीक्षक अजय कौशल ने घटना की जानकारी दमकल विभाग को दी। सूचना पर मांट मथुरा से दमकल की गाड़ी घटनास्थल पर पहुंच गयी। उससे पूर्व लाखो रुपये का सामान जलकर खाक हो गया।

**सभासद ने की दमकल गाड़ी को राया में खड़ी करवाने की मांग**

कस्बा में विद्युत शार्ट सर्किट से गोदाम में रखे फर्नीचर समान जलकर खाक होने पर सभासद सरवन अहमद ने डीएम से एक दमकल की गाड़ी राया में खड़ी करवाने की मांग की है। बताते चलें आठ माह पूर्व कस्वे के रामलीला मैदान सब्जी मंडी में भीषण अग्निकांड को देखते हुए लोगो व समाजसेवी भूपेश अग्रवाल के अथक प्रयास से एक छोटी दमकल की गाड़ी थाना राया पर खड़ी कर दी गयी थी। तीन माह बाद उक्त गाड़ी को अग्निशमन विभाग ने वापस मंगा लिया। अगर गाड़ी राया में मौजूद होती तो तत्काल आग पर काबू पा लिया होता।

## सर्दी ने लोगों का किया बुरा हाल

**मथुरा।** दो दिन निकली धूप के बाद देर रात से आये अचानक कोहरे ने बुधवार सुबह से गलन भरी सर्दी बनी रही। दिनभर बादल छाए रहे। बफीर्ली पछुआ हवा से लोग ठिठुरते नजर आए। जगह-जगह अलाव जलाए गए, बावजूद इसके ठिठुरन से निजात नहीं मिली। मौसम विभाग द्वारा हल्की से मध्यम बारिश वाला मौसम बना रहने की बात कही जा रही है। बुधवार को दिनभर आसमान में बादल छाए रहे। सर्दी से राहत पाने के लिए शहर व ग्रामीण इलाके में लोग अलाव तापते नजर आए।

# राष्ट्र सेवा ही सर्वोत्तम सेवा : ब्रजेश उपाध्याय



**टूंडला।** कृषक इंटर कॉलेज पचोखरा फिरोजाबाद की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा संचालित चयनित ग्राम बुर्ज नत्थू में सात दिवसीय विशेष शिविर के सप्तम दिवस पर समापन समारोह का आयोजन किया गया। समाजसेवी उमाशंकर बाबा एवं मुख्य अतिथि जयाशर्मा प्रबंधक ब्रजेश उपाध्याय प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय के द्वारा सरस्वती मां और स्वामी विवेकानंद जी के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। विशिष्ट अतिथि तथा मुख्य अतिथि का स्वागत एनएसएस स्वयं सेवको ने बुके और प्रतीक चिन्ह देकर किया। प्रबंधक ब्रजेश उपाध्याय ने स्वयंसेवकों को राष्ट्रीय सेवा योजना की शपथ दिलाई। सभी के द्वारा लक्ष्य गीत'व 'होंगे कामयाब गीत'गाकर राष्ट्रीय सेवा योजना के लक्ष्य को पूरा करने के लिए देश व समाज की सेवा करने का संकल्प लिया। स्वयं सेविको द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के इतिहास के बारे में बताया गया साथ ही भाषण गीत कविता, नाटक विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों को भी प्रस्तुति किया गया। इस अवसर पर अतिथियों ने सात दिवसीय विशेष शिविर द्वारा किए गए सामाजिक कार्यों की सराहना करते हुए राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य को पूरा करते रहने के लिए प्रोत्साहित किया और युवाओं के प्रेरणा स्रोत स्वामी विवेकानंद के जीवन से प्रेरणा लेकर निरंतर देश सेवा में लगे रहने की बात कही, कार्यक्रम के अंत में कार्यक्रम अधिकारी सुनील कुमार जैन ने विशेष शिविर के सात दिनों में हुए कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुति की जिसमें विशेष शिविर को सफल बनाने में विद्यालय के प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय का विशेष सहयोग रहा। प्रबंधक ब्रजेश उपाध्याय ने कहा कि राष्ट्र प्रेम ही सबसे बड़ा धर्म है। हमें राष्ट्र हित में कार्य करना चाहिए। प्रधानाचार्य रंगेश कुमार उपाध्याय ने आए हुए अतिथियों का आभार व्यक्त किया। स्वयंसेविका इक्षिता जैन ने मंच का संचालन किया। इज अवसर पर गोकुल चन्द्र गौतम अश्वनी जैन, अमित उपाध्याय, डॉ महेंद्र प्रताप सिंह, दौलत शर्मा देवी राम तिवारी एवं सभी शिक्षक मौजूद रहे।

## जनपद के समस्त किसानों की फार्मर रजिस्ट्री शीघ्र करायी जायेगी : डीएम

**फिरोजाबाद।** जिलाधिकारी के मार्गदर्शन में अन्नदाता किसानों को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु फार्मर रजिस्ट्री का कार्य मुख्यालय तहसील ब्लाक और ग्राम स्तर पर अनवरत जारी है, इस महत्वपूर्ण कार्य में जिले के कोटेदारों सभ्रांत व्यक्तियों और मीडियाजनों का भी सहयोग लिया जा रहा है, जिससे जनपद के समस्त किसानों का फार्मर रजिस्ट्री पंजीयन हो सके और किसानों को सरकार द्वारा प्रदत समस्त योजनाओं का लाभ मिल सके, यह प्रक्रिया सरल तेज और सुरक्षित है, इस योजना के तहत प्रत्येक पंजीकृत किसान को एक यूनिक आईडी दी जाएगी, यह आईडी सरकारी योजनाओं और सेवाओं का लाभ उठाने के लिए किसानों के पहचान के रूप में कार्य करेगी। इस योजना से सब्सिडी, मुआवजा और अन्य वित्तीय सहायता सीधे किसानों के बैंक खातों में जमा होगी। किसान प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि, फसल बीमा और कृषि ऋण जैसी योजनाओं का लाभ आसानी से ले सकेंगे, यह प्रणाली भ्रष्टाचार को कम करती है और लाभ पात्र किसानों तक पहुंचाने का कार्य करती है, इस योजना का लाभ उत्तर प्रदेश का किसान जो भूमि का मालिक है उसका लाभ ले सकते हैं।जनपद में अभी तक कुल 71618 किसानों की फार्मर रजिस्ट्री हुई है और इस मामले में जनपद पूरे प्रदेश में 19वीं रैंक धारित करता है, जिलाधिकारी ने यह भरोसा दिलाया है कि जनपद के समस्त किसानों को फार्मर रजिस्ट्रीकरण शीघ्र करा लिया जाएगा।

## सांसद चाहर ने जन चौपाल में अफसरों को दिखाये पुराने तेवर

**आगरा।** फतेहपुरसीकरी के सांसद राज कुमार चाहर द्वारा दक्षिणांचल विद्युत वितरण निगम कार्यालय पर लगाई गई जन चौपाल थी तो 24 घंटे के लिए, लेकिन यह इससे भी ज्यादा समय चली। जन चौपाल के दूसरे दिन सांसद ने जिलाधिकारी समेत राजस्व और गांवों से संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही बुलाया। दक्षिणांचल सभागार में अधिकारियों के साथ बैठक में सांसद के वही पुराने वाले तेवर देखने को मिले जो उनके सांसद बनने से पहले लोग देखा करते थे। सांसद चाहर ने आज जिले के सभी अधिकारियों से साफ तौर पर कह दिया कि जनता की समस्याओं को हल्के में न लें। उन्होंने कहा कि लोग हमारे पास तभी आते हैं जब अधिकारी उन्हें परेशान करते हैं। उन्होंने कहा कि सरकार ने आप लोगों को जनता की सेवा के लिए भेजा है। जनता के जायज काम निपटाने के बजाय उन्हें उत्पीड़ित करने की प्रवृत्ति अधिकारी त्याग दें, अन्यथा उन्हें मेरे विरोध का सामना करना पड़ेगा। सांसद ने बिजली विभाग के अधिकारियों से कहा कि आप लोग विधायकों की भी बात नहीं सुनते। यह प्रवृत्ति बदल लें। अब यह नहीं चलेगा। सांसद ने जिलाधिकारी के अलावा डीवीवीएनल के एमडी नीतिश कुमार को भी चौपाल स्थल पर ही बुला रखा था। सांसद ने एमडी के सामने जनता द्वारा चौपाल में दी गई शिकायतों का पुलिंदा रखा और कहा कि इनका शीघ्रतिशीघ्र निपटारा किया जाए। उन्होंने एमडी से यह भी कहा कि आगे से पूरे गांव की बिजली न काटें, जैसा कि हाल में दर्जन भर गांवों की बिजली काटी गई थी। उन्होंने कहा है कि कोई बकायेदार है तो उसकी भी सुनें. अगर वह एक साथ बिल जमा नहीं कर पा रहा है तो किश्तें बांध दें, पर बिजली किसी की न काटें। उन्हें यह भी सवाल किया कि लोगों ओटीएस का लाभ क्यों नहीं दिया जा रहा। चाहर ने जिलाधिकारी से कहा कि गांव-गांव भूमि संबंधी विवाद बढ़ रहे हैं और इन्हें बढ़ाने में लेखपाल भी भूमिका अदा कर रहे हैं। लेखपाल गलत नापतोल करते हैं। अगर लेखपाल द्वारा पहले की गई नापतोल में गड़बड़ी मिलती है तो उस लेखपाल पर कार्यवाही की जानी चाहिए, ताकि गांव-गांव हो रहे विवाद पैदा न हों।

# राज्य मंत्री ने आर्थिक रूप से कमजोर व्यक्तियों को किया कम्बल वितरण



**आगरा।** राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) होमगाड्र्स विभाग और नागरिक सुरक्षा श्री धर्मवीर प्रजापति जी द्वारा अपने नगर भ्रमण के दौरान विकास खण्ड सैंया के इरादत नगर में आर्थिक रूप से कमजोर व झुग्गी-झोपड़ियों में निवासरत लौह काष्टकारों को कम्बल वितरण किया गया।

उक्त अवसर पर मंत्री जी ने कहा कि हमारे सनातन धर्म में कहा गया है कि दूसरे का हित करना सबसे बड़ा धर्म है और अहित करना सबसे बड़ा अधर्म है मतलब जो लोग सक्षम हैं, वह कमजोरों की सहायता करें, इसी में परमार्थ छुपा हुआ है। उन्होंने कहा कि जो व्यक्ति धन से सक्षम हैं, वह धन से, जो लोग तन से सक्षम हैं वह तन से कमजोरों की सहायता करें, जिससे उनके जीवन में भी हर्षोल्लास हो और जो लोग मन से सक्षम हैं वह अपने मन से दूसरों के कल्याण की कामना करें। उक्त अवसर पर मा0 मंत्री जी ने पत्रकार बन्धुओं से वार्ता करते हुए कहा कि मा0 योगी जी के नेतृत्व में महाकुम्भ का आयोजन किया जा रहा है, जो कि अद्वतीय व अतुल्यनीय है, इसके लिए मा0 योगी जी द्वारा सर्वा धर्म संभाव की भावना रखते हुए सभी वर्गों को महाकुम्भ में शामिल होने के लिए आवाहन किया है। इसके अलावां मेरे द्वारा भी महाकुम्भ क्षेत्र का भ्रमण किया गया है, जिसमें लगभग 12 हजार होमगार्ड के जवान तथा भारी संख्या में नागरिक पुलिस के जवान पूरी तत्पर्ता से अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं। महाकुम्भ को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु यात्रियों के ठहरने, सुरक्षा व्यवस्था, स्वास्थ्य, पेयजल व्यवस्था आदि का समुचित प्रबंध किया गया है। उक्त अवसर पर मंत्री जी द्वारा आर्थिक रूप से कमजोर व झुग्गी-झोपड़ियों में निवासरत लौह काष्टकारों को कम्बल वितरण किया गया। उक्त के पूर्व कार्यकताओं व गणमान्य नागरिकों ने मंत्री जी का पगड़ी पहनाकर व माला पहनाकर स्वागत किया गया। उक्त कार्यक्रम के पूर्व में मंत्री ने सुल्तानगंज की पुलिया के पास आर्थिक रूप से कमजोर व झुग्गी-झोपड़ियों में निवासरत लौह काष्टकारों को कम्बल वितरण किया गया।

## पुलिस ने साइबर क्राइम के बारे में किया जागरूक



**फिरोजाबाद।** आमजन में साइबर क्राईम जागरूकता तथा युवाओं व सोशल मीडिया इन्फलूएंसर की डिजीटल वॉरियर के रूप में भागीदारी हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर जागरूक करने के क्रम में जनपद में थाना सिरसागंज के गिरधारी इंटर कॉलेज व थाना एका के ग्रामोदय इटंर कॉलेज में साइबर क्राइम जागरुकता कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला में पुलिस टीम द्वारा उपस्थित लोगों को साइबर अपराध के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी तथा साइबर अपराध अपराधियों से बचने के उपायों के बारे में जानकारी देते हुए बताया गया कि अपने मोबाईल, लैपटॉप आदि में बिना जानकारी के कोई भी एप्लीकेशन इन्सटॉल न करें क्योंकि वह आपकी निजी जानकारी को चोरी कर सकते हैं, इसके साथ ही अपनी निजी जानकारी को सोशल मीडिया अथवा किसी अनभिज्ञ व्यक्ति के साथ शेयर न करें तथा प्रलोभन में आकर किसी भी अनजान लिंक पर क्लिक न करें। अपना बैंक खाता संख्या पिन ओटीपी, सीवीवी नम्बर आदि किसी के साथ साझा न करें। इसके साथ ही पुलिस टीम द्वारा लोगों को डिजिटल अरेस्ट के बारे में जागरूक करते हुए बताया गया कि पुलिस कभी-भी लोगों को डिजिटल अरेस्ट नही करती है। साइबर फ्रॉड धोखाधडी होने पर तत्काल राष्ट्रीय साइबर हेल्पलाईन नंबर 1930 पर कॉल करें अथवा अपने निकटतम थाने की साइबर हेल्प डेस्क से सम्पर्क करें। इसके साथ ही उपस्थित लोगों से सोशल मीडिया पर फेक न्यूज और साइबर अपराध के विरूद्ध उत्तर प्रदेश पुलिस द्वारा चलाये जा रहे अभियान में डिजिटल वारियर के रूप में भागीदारी करने के संबंध में जानकारी देकर जागरूक किया गया।

# फर्जी मार्कशीट व प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह के पांच सदस्य गिरफ्तार



- 5 हजार से 45 हजार रुपये में बनाते थे यूनिवर्सिटी के कागजात

**मथुरा।** कोतवाली पुलिस ने विभिन्न राज्यों के शैक्षणिक बोर्ड की फर्जी मार्कशीट/टीसी और अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र बनाने वाले गिरोह का भंडाफोड़ किया है। पुलिस ने गैंग का मुखिया सहित पांच लोगों को गिरफ्तार कर इनके कब्जे से कई फर्जी मार्कशीट टीसी अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र एवं प्रयुक्त इलैक्ट्रानिक उपकरण बरामद किये है। बुधवार को पुलिस लाइन सभागार में आयोजित पत्रकार वार्ता में डीआईजी/एसएसपी शैलेश कुमार पांड़ेय ने बताया कि कोतवाली पुलिस टीम ने चैकिंग के दौरान विभिन्न राज्यों के शैक्षणिक बोर्ड की फर्जी मार्कशीट बनाने वाले गिरोह का सरगना मनीष प्रताप सिंह उर्फ माँगेराम पुत्र रामकिशन लखनऊ मुकेश पुत्र देवी सिंह निवासी ग्राम चुरमुरा थाना परह सुरेश चन्द्र पुत्र बिजेन्द्र सिंह निवासी बसई थाना शेरगढ़ ऋषि पुत्र हरिओम निवासी ग्राम दलौता थाना शेरगढ़ रामप्रकाश गौतम पुत्र सत्यप्रकाश गौतम निवासी पुष्प बिहार कालोनी थाना गोविन्दनगर को बजरंग धर्मकांटा के पास बने मकान से गिरफ्तार किया गया जबकि मौके से इनका एक अन्य साथी विक्रम सिंह पुत्र नवल सिंह निवासी बसई शेरगढ़ भागने में सफल रहा।

डीआईजी ने बताया गैंग सरगना मनीष प्रताप सिंह द्वारा अलग अलग राज्यों के शिक्षा बोर्डों व विश्व विद्यालयों के नाम से फर्जी मार्कशीट व टीसी व अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र बनाने का कार्य कर रहा था। मंगलवार को कोतवाली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली की शहर में फर्जी मार्कशीट बनाने वाले गिरोह का एक सदस्य गोवर्धन चैराहे पर किसी ग्राहक की तलाश में खड़ा है इस सूचना पर कोतवाली पुलिस द्वारा गोवर्धन चैराहे से शातिर मुकेश को गिरफ्तार किया जिसके कब्जे से 02 फर्जी मार्कशीट व 01 मोबाइल फोन बरामद हुआ। जब पुलिस ने मुकेश से कड़ाई से पूछताछ की तो उसने बताया कि हमारा फर्जी मार्कशीट बनाने का गिरोह है हम लोगों ने बजरंग धर्मकांटा के पास एक निजी मकान किराये पर ले रखा है जिसमें पूरा फर्जी मार्कशीट बनाने का सैटअप लगा रखा है तत्पश्चात कोतवाली पुलिस द्वारा बजरंग धर्मकांटा के पास बने मकान में छापा मारा और मौके से सभी को पकड़ लिया। गैंग का सरगना द्वारा अलग अलग राज्यों के शिक्षा बोर्डों व विश्वविद्यालयों के नाम से फर्जी मार्कशीट व टीसी व अन्य शैक्षिक प्रमाण पत्र कम्प्यूटर पर साफ्टवेयर के माध्यम से बनाने का कार्य कर मोटी रकम वसूलता है। बताया गया कि कुछ दिन पूर्व में यही काम अपने साथियों के साथ लखनऊ में कर रहा था लेकिन पुलिस द्वारा साथियों को पकड़ लिया गया था और गैंग सरगना में मौके से फरार हो गया था। ये गैंग भोले भाले युवाओं की तलाश कर संपर्क स्थापित करके सम्बन्धित विश्वविद्यालयों और शिक्षा बोर्डों से अलग अलग रेट तय कर वार्षिक दर से फर्जी शिक्षा प्रमाण पत्र अंकतालिका टीसी तैयार करते थे। इस कार्य के लिए प्रत्येक युवा से 01 फर्जी मार्कशीट अंकपत्र के लिए के लिए 5,000 से 45,000 तक की रकम बसूलते थे। जिसका आधा हिस्सा ये लोग यूनिवर्सिटी को भी देते थे। वार्ता में सीओ सिटी भूषण वर्मा प्रभारी निरीक्षक देवपाल पुंडीर मौजूद रहे।

## ट्रक चोरी के मामला दबाने की कोशिश तो बहुत हुई पर दब न सका

**आगरा।** जगनेर थाने की सरैंधी पुलिस चौकी से एक ट्रक के चोरी होने के मामले में दो कांस्टेबलों के निलंबन के बाद खेरागढ़ सर्किल के एसीपी हंसी के पात्र बन गए हैं क्योंकि उन्होंने ट्रक के चोरी होने की बात को ही नकार दिया था। डीसीपी द्वारा दो सिपाहियों के निलंबन के बाद एसीपी को कुछ कहते नहीं बन रहा। खनन अधिकारी सुशील वर्मा ने विगत सात जनवरी को राजस्थान नंबर के एक ट्रक को खनन परिवहन करते हुए पकड़ा था। इसे पकड़कर सरैंधी पुलिस चौकी पर खड़ा करा दिया था। इसी दिन रात को पुलिस चौकी से यह ट्रक चोरी हो गया था। चौकी से ट्रक चोरी पर पुलिस की खिल्ली उड़ती, इसलिए इस खबर को दबा दिया गया था। ट्रक चोरी होने के मामले में जगनेर थाने में तैनात हेड कांस्टेबल सुनील कुमार की ओर से ट्रक चोरी का मुकदमा दर्ज करा दिया गया था। ट्रक चोरी का मामला थाने की जीडी में भी दाखिल है। हालांकि पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए चोरी हुए ट्रक को बरामद कर लिया था, लेकिन पुलिस ने अपना गुड वर्क भी इसलिए उजागर नहीं किया था क्योंकि ऐसा करने से पुलिस की ही किरकिरी होती क्योंकि तब पता चल जाता कि ट्रक पुलिस चौकी से चोरी हुआ था। यह मामला मीडिया में सुर्खियों में आने के बाद खेरागढ़ के एसीपी ने ट्रक चोरी की खबर को ही भ्रामक बता दिया था। इसके बाद एसीपी के बयान को लेकर सवाल खड़े हो रहे थे कि एसीपी सही बोल रहे हैं तो जगनेर थाने के हेड कांस्टेबल ने ट्रक चोरी का मुकदमा क्यों लिखाया था? इस मामले में लीपापोती की बात वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों तक पहुंची तो उन्होंने इसे गंभीरता से लिया और डीसीपी सोनम कुमार ने दो कांस्टेबल आरक्षी पुष्पेंद्र कुमार, आरक्षी रोहित कुमार को कार्य में लापरवाही पर निलंबित कर दिया है।

## गोलीकांड : वृंदावन पुलिस ने पिता की तहरीर पर दर्ज किया मुकदमा

- बीती रात्रि दबंग के दो घुट में हुए झगड़े के बीच राहगीर बच्चों को लगी थी गोली

**वृंदावन।** कोतवाली की मथुरा दरवाजा चैकी क्षेत्र में देर रात्रि हुई गोलीबारी की घटना में पुलिस ने गोली लगने से घायल हुए किशोर के पिता की तहरीर पर एक नामजद सहित अज्ञातों के विरुद्ध मुकदमा दर्ज कर लिया है। वही अधिकारियों के आदेश पर घटना को अंजाम देने वालों के खिलाफ दो टीम भी गठित कर दी गई है। ऐसा मानना है कि जल्द अपराधी पुलिस की गिरफ्त में होंगे। यहां बताते चले कि देर रात्रि मथुरा दरवाजा चैकी क्षेत्र की गौरानगर कालौनी स्थित गोविंद कुंड टीले की पुलिया पर देर रात्रि दो गुटों के बीच हुई ताबड़तोड़ फायरिंग से क्षेत्र में दहशत फैल गई थी। गोली बारी की घटना में गौरानगर कालौनी स्थित मदीना मस्जिद की गली में रहने वाले इमरान का 13 वर्षीय बच्चा फैजल पेट में गोली लगने से घायल हो गया था। जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जिसे लेकर देर रात्रि एसपीसीटी अरविंद कुमार व सीओ सदर संदीप कुमार सहित कोतवाली प्रभारी रवि त्यागी ने पुलिस बल के साथ घटना स्थल पर पहुंचकर आसपास के लोगों से जानकारी भी हासिल की थी। बुधवार की सुबह कोतवाली पुलिस ने घायल किशोर के पिता इमरान की तहरीर के आधार पर एक नामजद कपिल पुत्र विष्णु सहित अज्ञातों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। वही कोतवाली प्रभारी रवि त्यागी ने अपराधियों की धरपकड़ के लिए दो टीम भी गठित रवाना कर दी गई है। जल्द ही अपराधी सलाखों के पीछे होंगे।

# कृषकों की समस्याएं एक सप्ताह में निपटायें : सीडीओ

- सीडीओ की अध्यक्षता में किसान समाधान दिवस आयोजित




**फिरोजाबाद।** सीडीओ की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में किसान समाधान दिवस कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला कृषि रक्षा अधिकारी सहायक आयुक्त एवं सहायक निबंन्धक सहकारिता प्रतिनिधि, सहायक निदेशक मत्स्य प्रबन्धक जिला अग्रणी बैंक सचिव मण्डी समिति जिला सहकारी बैंक वैज्ञानिक उद्यान केवीके आदि उपस्थिति रहे। सीडीओ ने कृषकों द्वारा उठायी गयी समस्याओं को सम्बन्धित अधिकारियों को एक सप्ताह के अन्दर समाधान करने के दिशा-निर्देश दिये गये। साथ ही फार्मर रजिस्ट्री के सम्बन्ध बताया गया कि जिन कृषकों के द्वारा फार्मर रजिस्ट्री नही करायी जायेगी उन कृषकों को पीएम किसान सम्मान निधि योजना का लाभ नही दिया जायेगा। सभी कृषक भाईयों को शासन द्वारा संचालित योजनाओं का लाभ उठाने के सम्बन्ध में विस्तृत रूप से बताया गया। उप कृषि निदेशक सत्येन्द्र प्रताप सिंह ने अवगत कराया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना में जिन कृषकों का भूमि अकंन नही हुआ वह कृषक मुख्यालय स्तर हैल्पडैस्क पर अपने अभिलेख जमा कर सकते है। जिन कृषकों की ईकेवाईसी नही हुई है वह कृषक जनसेवा केन्द्र कृषि विभाग के फील्ड कर्मचारियों के माध्यम से भी ईकेवाईसी करा सकते है, एवं जिन कृषकों का खाता एनपीसीआई से लिंक नही है, वह अपने खाते को एनपीसीआई आधार से लिंक कराये अथवा डाकघर में खाता खुलवाये। साथ ही यह भी बताया गया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना की 20 वी किस्त की धनराशि किसानों के बैंक खाते में तभी भेजी जाएगी जब वह फार्मर रजिस्ट्री करा लेंगे। इसके लिऐ प्रत्येक ग्राम पंचायत स्तर पर विभिन्न तिथियों में कैम्प का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें लेखपाल तथा कृषि विभाग पंचायत विभाग ग्राम्य विकास आदि के कर्मचारी की दो सदस्यीय टीम द्वारा ग्राम वार कैम्प लगाकर फार्मर रजिस्ट्री का कार्य किया जाएगा। जिला कृषि रक्षा अधिकारी राजेश कुमार द्वारा कृषकों को कीटनाशकों की रोकथाम व जैविक खेती को बढावा देने के वारे में विस्तृत जानकारी दी गयी। वैज्ञानिक उद्यान केवीके सुभाष चन्द्र शर्मा द्वारा बताया गया कि प्रगतिशील कृषक एवं प्रगतिशील कृषक महिलाओं को आलू, शिमला मिर्च, गेहूँ, सरसों एवं सब्जियों में पोषक तत्व प्रबन्धन एवं आलू में झुलसा रोग नियन्त्रण, पाला एवं शिमला मिर्च जडगलन तना गलन, पत्ती सिकुडा लीफकर्ल बीमारी के विषय में तकनीकी जानकारी दी गयी।कार्यक्रम के अन्त में उप कृषि निदेशक द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

voiceoflucknow@gmail.com

# सेंसेक्स में 224 अंकों की उछाल



मंबई। स्थानीय शेयर बाजार में तेजी का सिलसिला बुधवार को लगातार दूसरे दिन जारी रहा और बीएसई सेंसेक्स 224 अंक की बढ़त के साथ बंद हुआ। वैश्विक बाजारों में कमजोरी के रुख के बीच रिलायंस इंडस्ट्रीज, जोमैटो और कोटक बैंक में लिवाली से बाजार बढ़त में रहा।

कारोबारियों के अनुसार, अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल के दाम में तेजी और विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से बाजार धारणा पर असर पड़ा। तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 224.45 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 76,724.08 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान, एक समय यह 491.42 अंक तक चढ़ गया था। बीएसई में सूचीबद्ध कुल शेयरों में से 2,150 शेयर लाभ में रहे, जबकि l,806 में गिरावट रही। 108 शेयरों के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 37.15 अंक यानी 0.16 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,213.20 अंक पर बंद हुआ। बॉन्ड प्रतिफल उंचा होने और विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) की निकासी जारी रहने से घरेलू बाजार में उतार-चढ़ाव बना हुआ है। वैश्विक बाजार अमेरिका में दिसंबर माह के खुदरा मुद्रास्फीति के आंकड़े जारी होने से पहले सतर्क हैं। अनुमान लगाया जा रहा है कि अल्पकाल में यह उंची रहेगी। इससे अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व के लिए नीतिगत दर में कटौती की गुंजाइश कम होगी। उन्होंने कहा, साथ कच्चे तेल के दाम में तेजी और डॉलर के मूल्य में बढ़त से भी निकट भविष्य में घरेलू स्तर पर महंगाई पर असर पड़ सकता है। सेंसेक्स के शेयरों में जोमैटो में चार प्रतिशत से अधिक की तेजी आई। इसके अलावा एनटीपीसी, पावरग्रिड, कोटक महिंद्रा बैंक, मारुति, टेक महिंद्रा, लार्सन एंड टुब्रो, रिलायंस इंडस्ट्रीज और अदाणी पोर्ट्स के शेयर भी लाभ में रहे। दूसरी तरफ, नुकसान में रहने वाले शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, बजाज फिनसर्व, एक्सिस बैंक और टाटा मोटर्स शामिल हैं। छोटी कंपनियों से जुड़ा बीएसई स्मॉलकैप सूचकांक 0.34 प्रतिशत चढ़ा, जबकि मझोली कंपनियों से जुड़ा बीएसई मिडकैप 0.11 प्रतिशत मजबूत हुआ।

# निर्यात दिसंबर में एक प्रतिशत घटकर 38.01 अरब डॉलर पर

नयी दिल्ली। वैश्विक अनिश्चितताओं के बीच भारत का वस्तु निर्यात दिसंबर, 2024 में सालाना आधार पर करीब एक प्रतिशत घटकर 38.01 अरब डॉलर रह गया, जबकि व्यापार घाटा कम होकर 21.94 अरब डॉलर रह गया। यह लगातार दूसरा महीना है जबकि निर्यात में गिरावट आई है। वाणिज्य मंत्रालय के आंकड़ों के अनुसार, दिसंबर, 2024 में आयात सालाना आधार पर पांच प्रतिशत बढ़कर 59.95 अरब डॉलर हो गया।



चालू वित्त वर्ष (2024-25) के पहले नौ माह (अप्रैल-दिसंबर) के दौरान निर्यात 1.6 प्रतिशत बढ़कर 321.71 अरब डॉलर और आयात 5.15 प्रतिशत बढ़कर 532.48 अरब डॉलर हो गया है। अप्रैल-दिसंबर के दौरान व्यापार घाटा यानी आयात व निर्यात के बीच का अंतर बढ़कर 210.77 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया, जो गत वित्त वर्ष 2023-24 की इसी अवधि में 189.74 अरब अमेरिकी डॉलर था। वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने नवीनतम आंकड़ों के बारे में मीडिया को जानकारी देते हुए कहा कि वस्तुओं तथा सेवाओं दोनों में भारत का निर्यात अन्य देशों की तुलना में बेहतर चल रहा है। उन्होंने यहां पत्रकारों से कहा, यह हमारे निर्यात की जुझारू क्षमता को दर्शाता है। चालू वित्त वर्ष की सभी तीन तिमाहियों (अप्रैल-दिसंबर) में भी हमने बेहतर प्रदर्शन किया है। हम पेट्रोलियम के अलावा निर्यात में काफी बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं। मंत्रालय ने हाल ही में 20 देशों में भारतीय दूतावासों की वाणिज्यिक शाखाओं के साथ बैठक की। इसमें निर्यात को प्रभावित करने वाले मुद्दों तथा उन्हें हल करने के तरीकों पर विचार-विमर्श किया गया। इन 20 देशों का भारत के निर्यात में करीब 60 प्रतिशत हिस्सा है। बर्थवाल ने कहा कि पिछले साल दिसंबर में जिन क्षेत्रों ने निर्यात में अच्छी वृद्धि दर्ज की है उनमें इलेक्ट्रॉनिक्स, इंजीनियरिंग और औषधि शामिल हैं। नवंबर, 2024 के लिए सोने तथा चांदी के आयात के आंकड़ों में संशोधन के बारे में पूछे जाने पर सचिव ने कहा कि सुसंगत आंकड़े प्रकाशित करने के लिए एक मजबूत तंत्र बनाने को समिति का गठन किया गया है।

## संक्षेप

### ओकटो वॉलेट और चेनकोड की साझेदारी

प्रयागराज। महाकुंभ मेला तीर्थयात्रियों को प्रयागराज लाने के लिए इस वर्ष यह एनएफटी-आधारित टिकट लाने के लिए ओकटो वॉलेट और चेनकोड पार्टनर के रूप में एक महत्वपूर्ण तकनीकी सफलता का भी प्रतीक है, जो नवाचार के साथ परंपरा का सहज मिश्रण है। अपनी तरह की यह पहली पहल लाखों भारतीय रेलवे यात्रियों को टेंट सिटी बुकिंग और ट्रेन यात्रा के लिए अपने टिकटों के वैयक्तिकृत एनएफटी संस्करण प्राप्त करने में सक्षम बनाती है, जो ओक्टो वॉलेट में सुरक्षित रूप से संग्रहीत होते हैं। ये एनएफटी न केवल यात्रा के अद्वितीय डिजिटल स्मृति चिन्ह के रूप में काम करते हैं। प्रयागराज में एक समय में 20 लाख से अधिक भक्तों के इकट्ठा होने की उम्मीद है।

### डिजिटल भुगतान को आसान बना रहा है एयरटेल पेमेंट्स बैंक

नई दिल्ली। महाकुंभ मेले में भाग लेने के लिए श्रद्धालु आ रहे हैं, ऐसे में एयरटेल पेमेंट्स बैंक श्रद्धालुओं और व्यापारियों दोनों को सरल और सुरक्षित डिजिटल भुगतान और बैंकिंग अनुभव प्रदान करने के लिए काम कर रहा है।एयरटेल पेमेंट्स बैंक ने विशाल मेला ग्राउंड में 10 महत्वपूर्ण स्थानों पर अपने कियोस्क लगाए हैं। इन कियोस्क द्वारा आवश्यक बैंकिंग सेवाएं प्रदान की जा रही हैं। यहाँ पर श्रद्धालु अपने बैंक खातों से पैसे निकाल सकते हैं और किसी भी बैंक खाते में पैसे ट्रांसफर कर सकते हैं। किसी भी बैंक में आधार-लिंक्ड बैंक खातों वाले ग्राहक भी इस सेवा का लाभ ले सकते हैं।

### विश्व समुद्र ग्रुप के प्रबन्ध निदेशक बने शिवदत्त दास

बंगलुरू। विश्व समुद्र ग्रुप ने अपने प्रमोटर चेयरमैन चिंता शशिधर के नेतृत्व में शिवदत्त दास को मैनेजिंग डायरेक्टर (प्रबंध निदेशक) और लक्ष्मी प्रियदर्शिनी चिंता को अपनी होल्डिंग कंपनी के वाईस चेयरपर्सन (उपाध्यक्ष) के रूप में घोषित किया है, जो समूह के संचालन की देखरेख करेंगे। होल्डिंग कंपनी वर्तमान में इंजीनियरिंग, मरीन, एवियेशन, विनिर्माण और निवेश में रुचि रखती है। इसकी इंजीनियरिंग शाखा विश्व समुद्र इंजीनियरिंग पिछले 2 वर्षों में भारत में इंफ्रास्ट्रक्चर के क्षेत्र में कई प्रतिस्पर्धियों को पीछे छोड़ते हुए अभूतपूर्व विकास का प्रदर्शन करने वाली उद्योग की अग्रणी कंपनी रही है। वाराणसी में शहरी रोपवे के निर्माण में अग्रणी इस कंपनी को एबीपी इंफ्रास्ट्रक्चर कॉन्क्लेव में सबसे नवीन इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी का पुरस्कार भी मिला है। शिवदत्त पिछले कुछ सालों से ग्रुप के कार्यकारी निदेशक के रूप में काम कर रहे हैं।

### टोयोटा ने अपना 67वां टी-टीईपी और स्टार छात्रवृत्ति पहल शुरू की

आईजोल। टोयोटा किर्लोस्कर मोटर (टीकेएम) ने आज अपने 67वें टोयोटा तकनीकी शिक्षा कार्यक्रम (टी-टीईपी) और इसके तहत स्कॉलरशिप प्रोग्राम फॉर टेक्निकल एजुकेशन एंड रेकगनिशन (स्टार) पहल की घोषणा की। देश के 'स्किल इंडिया' और 'मेक इन इंडिया' मिशन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता को जारी रखते हुए टीकेएम ने मिजोरम के आईजोल में यह शुरूआत की है जो गवर्नमेंट इंडस्ट्रीयल ट्रेनिंग इंस्टीट्यूट में है। इस तरह, टीकेएम ने इस पूरे क्षेत्र में कौशल विकास को बढ़ावा देने और रोजगार के मौकों के विस्तार के लिए अपनी अटूट प्रतिबद्धता की पुनर्पुष्टि की है। यह पहल टीकेएम, मिजोरम सरकार और डीलरशिप पार्टनर जोटे टोयोटा के बीच एक सहयोग है, जो युवाओं की रोजगार क्षमता को बेहतर बनाने और कौशल विकास को बढ़ावा देने के लिए उनकी साझा प्रतिबद्धता को रेखांकित करता है। शुभारंभ कार्यक्रम में मुख्य अतिथि मिजोरम के राज्य मंत्री - श्रम, रोजगार, कौशल विकास और उद्यमिता विभाग लालनघिंग्लोवा हमार थे।

### रिलायंस ज्वेल्स की हीरे के गहनों की एक विस्तृत रेंज लॉन्च

कानपुर। रिलायंस ज्वेल्स, अपनी बहुप्रतीक्षित वार्षिक ड्रीम डायमंड सेल के साथ वापस आ गया है। यह खास ऑफर ग्राहकों को हीरों की कालातीत चमक का जश्न मनाने का मौका दे रहा है। यह सेल 16 फरवरी तक चलेगी। यह अपने ज्वेलरी कलेक्शन में चमचमाते हीरे जोड़ने का एक बेहतरीन अवसर है। इस साल की ड्रीम डायमंड सेल में हीरे के गहनों की एक विस्तृत रेंज उपलब्ध है, जो हर मौके के लिए उपयुक्त है। चाहे आप अपनी रोजमर्रा की शैली को निखारना चाहते हों या जीवन के अनमोल पलों को यादगार बनाना चाहते हों। स्टेटमेंट ब्राइडल सेट्स, आकर्षक रिंग्स, नाजुक इयररिंग्स, बहुमुखी कंगन और भव्य नेकलेस तक, रिलायंस ज्वेल्स के पास हर शैली और मौके के लिए कुछ खास है।

# दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनेगा भारतः गोयल

चेन्नई। केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि 2027 तक जापान और जर्मनी से आगे निकलकर भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

गोयल ने मंगलवार को यहां तमिल पत्रिका तुगलक की वार्षिक बैठक को संबोधित करते हुए कहा, (प्रधानमंत्री नरेन्द्र) मोदी ने 10 साल में क्या किया? वह भारत को 11वें सबसे बड़े जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) से पांचवें सबसे बड़े जीडीपी पर ले गए। उन्होंने कहा कि (कांग्रेस नेता पी.) चिदंबरम ने 2014 में अनुमान लगाया था कि 30 वर्ष में भारत तीसरी सबसे बड़ी जीडीपी वाला देश बन जाएगा। गोयल ने कहा, मोदी ने क्या किया? उन्होंने कहा था कि मैं इसे आधे से भी कम समय में कर दूंगा और मैं आपको विश्वास दिलाता हूं मित्रों, 2027 तक भारत दुनिया की तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होगा...जापान और जर्मनी से आगे...केवल 13 वर्षों में न कि 30 वर्षों में ... यह प्रधानमंत्री मोदी की प्रतिबद्धता तथा दृढ़ विश्वास है...। साथ ही उन्होंने कहा कि 19 देशों ने प्रधानमंत्री मोदी को अपने देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान दिया है। इनमें से आठ मुस्लिम बहुल, 10 ईसाई बहुल और एक बौद्ध बहुल देश है। उन्होने कहा कुछ लोग जो भारत और प्रधानमंत्री मोदी के खिलाफ झूठी कहानी गढ़ने की कोशिश कर रहे हैं।

# वैश्विक स्तर पर सशस्त्र संघर्ष 2025 में सबसे बड़ा तात्कालिक जोखिम : डब्ल्यूईएफ

नयी दिल्ली। विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) ने बुधवार को कहा कि सरकारों के बीच सशस्त्र संघर्ष 2025 के लिए शीर्ष तात्कालिक जोखिम के रूप में उभरा है। यह वैश्विक स्तर पर बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और विखंडन को दर्शाता है।

विश्व आर्थिक मंच ने अपनी हालिया वैश्विक जोखिम रिपोर्ट में कहा है कि गलत सूचना और भ्रामक जानकारियां अल्पकालिक जोखिमों को जन्म देती हैं, जबकि पर्यावरणीय जोखिम 10 वर्ष की अवधि में हावी रहते हैं, जिनमें मौसम संबंधी चरम घटनाएं, जैव विविधता की हानि और पारिस्थितिकी तंत्र का पतन प्रमुख हैं। अगले दशक में वैश्विक राजनीतिक परिदृश्य के बारे में रिपोर्ट में कहा गया है कि अधिकांश वैश्विक नेता बहुध्रुवीय या खंडित व्यवस्था की अपेक्षा करते हैं, जहां पश्चिमी नेतृत्व वाली वैश्विक व्यवस्था में गिरावट जारी रहने की आशंका है और चीन, भारत तथा खाड़ी देशों के वैकल्पिक शक्ति केंद्रों के रूप में मजबूत होने की उम्मीद है।

रिपोर्ट का यह 20वां संस्करण जारी किया गया है। यह रिपोर्ट व्यवसाय, सरकार, शिक्षा और नागरिक समाज के 900 से अधिक वैश्विक दिग्गजों से बातचीत पर आधारित है। रिपोर्ट में तात्कालिक, अल्पकालिक और दीर्घकालिक परिप्रेक्ष्य में सबसे अधिक दबाव वाले जोखिमों की पहचान और विश्लेषण किया गया है, जिसका उद्देश्य नेताओं को उभरती चुनौतियों से निपटने के लिए तैयार करना है। रिपोर्ट में तेजी से खंडित होते वैश्विक परिदृश्य का खुलासा किया गया है, जहां बढ़ती भू-राजनीतिक, पर्यावरणीय, सामाजिक और तकनीकी चुनौतियां स्थिरता और प्रगति के लिए खतरा बन रही हैं। यद्यपि इस वर्ष के सर्वेक्षण परिणामों में आर्थिक जोखिमों को तत्काल महत्व नहीं दिया गया है, फिर भी वे चिंता का विषय बने हुए हैं, तथा सामाजिक और भू-राजनीतिक तनावों से जुड़े हुए हैं।सरकारों के बीच सशस्त्र संघर्ष को 2025 के लिए सबसे बड़ा तात्कालिक वैश्विक जोखिम माना गया है।

# इंडियन बैंक की किसानों के लिए साझेदारी

लखनऊ। इंडियन बैंक और श्वेतधारा दुग्ध उत्पादन कंपनी ने आज अयोध्या में एक समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किया। इस समझौते के तहत, इंडियन बैंक श्वेतधारा डेयरी से दूध बेचने वाले किसानों को डिजिटल माध्यम से 2 लाख रुपये तक का कृषि ऋण (किसान क्रेडिट कार्ड) बिना किसी संपार्श्विक (कोलेटरल) के प्रदान करेगा। इस कार्यक्रम में इंडियन बैंक के लखनऊ अंचल प्रबंधक प्राणेश कुमार और श्वेतधारा अयोध्या के मुख्य कार्यकारी रोहित कुमार ने इंडियन बैंक के मुख्य महाप्रबंधक लखनऊ सुधीर कुमार गुप्ता की गरिमामयी उपस्थिति में एमओयू पर हस्ताक्षर किए।

## बॉब लिक्विड सावधि जमा पेश किया

लखनऊ। बचतकताओं की बढ़ती जरूरतों को पूरा करने के लिए, बैंक ऑफ बड़ौदा ने पारंपरिक सावधि जमा (एफडी) के लिए एक अनूठा विकल्प- बॉब लिक्विड सावधि जमा पेश किया है।यह जमाकर्ताओं को पूरी एफडी बंद किए बिना आंशिक आहरण की सुविधा प्रदान करता है, जो यह सुनिश्चित करता है कि जमाकर्ता अपनी आकस्मिक वित्तीय जरूरतों को आवश्यकता पड़ने पर पूरा कर सकते हैं, जबकि शेष राशि में उसी एफडी में अनुबंधित दर पर ब्याज प्राप्त होती रहती है। यह जमाकताओं को अधिक रिटर्न, पूर्व भुगतान कम जुमार्ना और आवश्यकता पड़ने पर धनराशि प्रदान करता है।

## अदाणी संबंधी अभियोजन के सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखने की मांग

वाशिंगटन। अमेरिका में सदन की न्यायिक समिति के सदस्य रीप लांस गुडेन ने अमेरिकी न्याय मंत्रालय से उद्योगपति गौतम अदाणी और उनके समूह की कंपनियों के खिलाफ बाइडन प्रशासन में चलाए गए चुनिंदा अभियोजन के संबंध में सभी रिकॉर्ड सुरक्षित रखने का अनुरोध किया है।

अमेरिका के निवर्तमान राष्ट्रपति जो बाइडन की सरकार के सत्ता से जाने और डोनाल्ड ट्रंप के राष्ट्रपति पद का कार्यभार संभालने से कुछ दिन पहले यह मांग की गई है। गुडेन ने अटॉर्नी जनरल मेरिक गारलैंड को मंगलवार को लिखे एक पत्र में मांग की कि मंत्रालय अदाणी समूह पर कार्वाई करने के अपने निर्णय से संबंधित सभी रिकॉर्ड व दस्तावेज सुरक्षित रखे तथा प्रस्तुत करे। गारलैंड को सात जनवरी को लिखे एक अन्य पत्र में गुडेन ने मंत्रालय द्वारा समूह पर हाल ही में लगाए गए अभियोग पर गंभीर चिंता जाहिर की थी।

## सोशल ने भारत के पहले को वर्किंग स्पेस को आगे बढ़ाया

बंगलूरू। भारत के पसंदीदा नेबरहुड कैफे सोशल ने अपने को-वर्किंग मॉडल - सोशल वर्क्स को 10 शहरों में 50 से ज्यादा स्थानों पर विस्तारित करने की घोषणा की है। 10 साल पहले देश के पहले को-वर्किंग स्पेस के रूप में पेश किए गए सोशल वर्क्स को पारंपरिक दफ़्तरों के विकल्प की तलाश कर रहे फ्रीलांसरों और पेशेवरों की जरूरतों को पूरा करने के लिए डिजाइन किया गया था। अब सोशल वर्क्स के साथ सोशल अपनी पहुँच नए इलाकों और पिनकोड तक बढ़ा रहा है, जहाँ मुंबई, दिल्ली एनसीआर, बैंगलोर, पुणे, लखनऊ, हैदराबाद, इंदौर, चंडीगढ़, देहरादून और कोलकाता जैसे शहरों में पेशेवर लोग सहयोग कर सकते हैं, कुछ बना सकते हैं और कामयाब हो सकते हैं।

## कोका-कोला इंडिया ने की पीएचडीआरडीएफ और पीएमए से साझेदारी

नई दिल्ली। कोका-कोला इंडिया और इसके फाउंडेशन आनंदन ने महा कुम्भ 2025 के दौरान पर्यावरण के अनुकूल कदमों को बढ़ावा देने के लिए पीएचडी रूरल डेवलपमेंट फाउंडेशन (पीएचडीआरडीएफ) और प्रयागराज मेला प्रशासन (पीएमए) के साथ गठजोड़ किया है। इस साझेदारी के तहत कचरा प्रबंधन एवं रीसाइकिलिंग के लिए इनोवेटिव सॉल्यूशंस को बढ़ावा देते हुए सामाजिक एवं पर्यावरणीय प्रभाव सृजित करने पर फोकस किया गया है। मैदान साफ कैंपेन के तहत कोका-कोला इंडिया ने सफाई कर्मियों, नाविकों और कचरा प्रबंधन में लगे वॉलंटियर्स के बीच 21,500 रीसाइकिल्ड पीईटी जैकेट्स वितरित की हैं।

## मीशो ने ज्यादा निष्पक्षता के लिए अपनी सप्लाई चेन प्रक्रियाओं को मजबूत किया

नई दिल्ली। मीशो ने अपने दावे की प्रक्रियाओं में परिवर्तन किया है, जिससे विक्रेताओं को सशक्त बनाने और पारदर्शिता लाने के की इसकी प्रतिबद्धता स्पष्ट होती है। इन परिवर्तनों द्वारा तेजी से शिकायत निवारण, विकसित जाँच, और सक्रिय उपाय संभव हो सकेंगे, जिससे विक्रेता समुदाय में विश्वास स्थापित होगा। मीशो ने मई, 2024 से अपनी क्लेम अनुमोदन प्रक्रिया में काफी सुधार किया है जिससे ज्यादातर मामलों में शिकायत निवारण में लगने वाला समय 70प्रतिशत कम हो गया है। इस सुधार से विक्रेताओं को ज्यादा तेजी से समाधान मिले हैं और 3.4मिलियन वास्तविक दावों को मंजूरी मिल गई है।

# भारत दो माह में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लेगाः नितिन गडकरी

नयी दिल्ली। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बुधवार को कहा कि भारत अगले दो माह में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का लक्ष्य हासिल कर लेगा।

पेट्रोल के साथ एथनॉल मिश्रण का चलन 2001 में एक प्रायोगिक परियोजना (पायलट प्रोजेक्ट) के रूप में शुरू हुआ था। गडकरी ने एक कार्यक्रम में कहा, हम अगले दो महीनों में 20 प्रतिशत एथनॉल मिश्रण का यह लक्ष्य हासिल कर लेंगे। ई20 (20 प्रतिशत एथनॉल वाला पेट्रोल) के इस्तेमाल से प्रदूषण कम करने में मदद मिलेगी। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि टाटा मोटर्स, महिंद्रा एंड महिंद्रा, मारुति सुजुकी और हुंदै मोटर्स ने 100 प्रतिशत जैव-एथनॉल पर चलने वाले वाहनों का विनिर्माण शुरू कर दिया है। गडकरी ने कहा कि देश में प्रदूषण एक गंभीर समस्या है क्योंकि दुनिया के 50 सबसे प्रदूषित शहरों में 42 भारत में हैं।उन्होंने कहा, हम 22 लाख करोड़ रुपये का जीवाश्म ईंधन आयात करते हैं। इससे भी प्रदूषण हो रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 2023 में 20 प्रतिशत एथनॉल-मिश्रित पेट्रोल पेश किया था। इसमें पहले चरण में 15 शहरों को शामिल किया गया था। गन्ने के साथ-साथ टूटे चावल और अन्य कृषि उत्पादों से निकाले गए एथनॉल के इस्तेमाल से दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल उपभोक्ता भारत आयात पर अपनी निर्भरता कम कर सकेगा।

## श्रद्धालुओं के लिए एसरी इंडिया ने पेश किया कुंभ वेबऐप

नई दिल्ली। महाकुंभ मेले में स्थान खोजने में श्रद्धालुओं की मदद और उन्हें समृद्धशाली अनुभव प्रदान करने के लिए एसरी इंडिया ने kumbhlocator.esri.in नाम से एक वेबऐप लांच किया है। यह वेबऐप हिंदी और अंग्रेजी में उपलब्ध है। जीआईएस आधारित यह वेबऐप मेला में ठहरने, स्नान घाटों, पार्किंग, सड़कों (लाइव ट्रैफिक के साथ), मौसम अपडेट, प्रवेश और निकासी बिंदुओं, खोया पाया केंद्रों, ई रिक्शा स्टैंड, पुलिस थानों, अग्निशमन केंद्रों, अस्पतालों आदि के बारे में सूचना उपलब्ध कराता है। महाकुंभ मेला उत्तर प्रदेश के प्रयागराज में 13 जनवरी से 26 फरवरी तक आयोजित किया जा रहा है।

# पेज एक का शेष

## उप्र के दो

एक समारोह के दौरान पुरस्कार प्राप्त करेंगे। श्रीवास्तव के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश को जल आपूर्ति प्रणालियों के साथ सौर ऊर्जा को एकीकृत करने में एक राष्ट्रीय पहचान मिली है। राज्य की जल जीवन मिशन परियोजनाओं में से 80 प्रतिशत से अधिक - 41,539 में से 33,157 - सौर ऊर्जा से संचालित हैं, जो प्रतिदिन 900 मेगावाट बिजली पैदा करती हैं। उप्र सरकार के बयान के अनुसार, इस नवाचार ने ग्रामीण क्षेत्रों में जल आपूर्ति लागत को काफी कम कर दिया है, परिचालन व्यय में 50 प्रतिशत से अधिक की कटौती की है, जबकि 30 वर्षों की अवधि में स्थिरता और न्यूनतम रखरखाव सुनिश्चित किया है। श्रीवास्तव ने कहा कि सौर ऊर्जा क्षेत्र में की गयी इस पहल के दीर्घकालिक पर्यावरणीय लाभ भी हैं, जो वार्षिक कॉर्बन डाइऑक्साइड उत्सर्जन को लगभग 13 लाख मीट्रिक टन कम करते हैं। इसके अतिरिक्त, इस पहल के माध्यम से अनुमानित एक लाख करोड़ रुपये की बचत होने का अनुमान है। इस कार्यक्रम ने ग्रामीण क्षेत्रों में 12.50 लाख व्यक्तियों को सौर ऊर्जा संचालित जल प्रणालियों को संचालित करने और बनाए रखने, सामुदायिक जुड़ाव को बढ़ावा देने और परियोजनाओं की सफलता सुनिश्चित करने के लिए प्रशिक्षित किया गया है।

सिविल इंजीनियरिंग में बीटेक और एमटेक की डिग्री के साथ आईआईटी के एक पूर्व छात्र, श्रीवास्तव ने अपने 23 साल के करियर के दौरान कई प्रमुख पदों पर काम किया है, जिसमें 10 जिलों में जिलाधिकारी की भूमिका समेत मेरठ, अलीगढ़ और बस्ती में प्रशासनिक नेतृत्व शामिल है। बयान के अनुसार, उनकी केंद्रीय भूमिकाओं में सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और आयुष मंत्रालय में संयुक्त सचिव के रूप में कार्यकाल शामिल हैं। लोक प्रशासन में उत्कृष्टता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार प्रमुख राष्ट्रीय पहलों में असाधारण कार्य को मान्यता देता है।

## निराश्रितों का

नहीं है तो उसे भोजन भी उपलब्ध कराया जाए। बुधवार रात कड़ाके की ठंड के बीच मुख्यमंत्री अचानक राजधानी लखनऊ के रैन बसेरों में ठहरे निराश्रितों का हाल जानने पहुंचे। मुख्यमंत्री का काफिला पहले मिल कॉलोनी पहुंचा, जहां उन्होंने प्रवासरत लोगों से कुशलक्षेम जानने के साथ उनसे आत्मीय संवाद भी किया और फिर लक्ष्मण मेला रोड की ओर भी गए।

अलग-अलग रैन बसेरों में प्रदेश के विभिन्न जिलों से आये लोग ठहरे हुए थे। कोई डॉक्टर को दिखाने के लिए तो कोई किसी अन्य कार्य से लखनऊ आया था। मुख्यमंत्री ने उनसे पूछा कि यहां रैन बसेरों में कोई परेशानी तो नहीं। सबने व्यवस्था को लेकर संतोषजनक जवाब दिया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कुशलक्षेम और जरूरतों के बारे में पूछे जाने पर रैन बसेरों में ठहरे लोग भावविभोर हो गए। उन्हें सहसा यकीन नहीं हो रहा था कि उनके ठहरने और भोजन की जानकारी लेने खुद मुख्यमंत्री उनके पास आए हैं। रैन बसेरों में ठहरे लोगों का कहना था कि जब योगी जी खुद उनकी सुधि ले रहे हैं तो उन्हें किस बात की दिक्कत होगी। सभी रैन बसेरों में मुख्यमंत्री ने अपने हाथों से जरूरतमंदों में कंबल व भोजन का वितरण भी किया। मुख्यमंत्री ने रैन बसेरों के बाहर भी जरूरतमंद लोगों में कंबल व भोजन का वितरण कर उन्हें आश्वस्त किया कि सरकार उनकी सेवा को प्रतिबद्ध है।

## महाकुंभ में

के साथ संवाद बनाकर महाकुंभ विशेष ट्रेनों का समयबद्ध आवागमन सुनिश्चित कराया जाए। श्रद्धालुओं की संख्या को देखते हुए ट्रेनों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए। मुख्यमंत्री ने मेला क्षेत्र में मोबाइल नेटवर्क को और बेहतर करने की भी जरूरत बताई और साथ ही बसों, शटल बसों और इलेक्ट्रिक बसों का संचालन लगातार कराए जाने पर बल दिया। उन्होंने कहा कि शौचालयों की नियमित सफाई की जाए, घाटों पर आवश्यक अवरोधक लगाए जाएं और सभी सेक्टरों में 24 घंटे और सातों दिन बिजली तथा पेयजल आपूर्ति की जानी चाहिए। बैठक में मुख्य सचिव, अपर मुख्य सचिव, पुलिस महानिदेशक, प्रमुख सचिव (गृह व सूचना), प्रमुख सचिव (नगर विकास), चेयरमैन पॉवर कॉर्पोरेशन और निदेशक सूचना सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

## आत्मनिर्भर भारत

कुछ अलग ही होता है। उन्होंने कहा हमें मादक पदार्थों, हथियारों और आतंकवाद से समुद्र की सुरक्षा करने के लिए एक वैश्विक साझेदार बनना चाहिए तथा इसे सुरक्षित और समृद्ध बनाना चाहिए। भारत एक बड़ी नौवहन शक्ति बन रहा है और उसे एक विश्वसनीय और जिम्मेदार साझेदार के रूप में पहचाना जा रहा है। मोदी ने कहा कि भारत वैश्विक सुरक्षा, अर्थव्यवस्था और भू-राजनीतिक गतिशीलता को दिशा देने में प्रमुख भूमिका निभाने जा रहा है। उन्होंने कहा, क्षेत्रीय जल की रक्षा करना, नौवहन की स्वतंत्रता और व्यापार आपूर्ति लाइनों और समुद्री मार्गों को सुरक्षित करना महत्वपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पिछले 10 वर्षों में 33 जहाज और सात पनडुब्बियां नौसेना में शामिल की गई हैं और भारत का रक्षा उत्पादन 1.25 लाख करोड़ रुपये को पार कर गया है तथा 100 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात किए गए हैं। भविष्य में असीम अंतरिक्ष और गहरे समुद्र के महत्व को रेखांकित करते हुए मोदी ने कहा कि भारत दोनों जगह अपनी क्षमताओं को बढ़ा रहा है। उन्होंने कहा हमारी समुद्रयान परियोजना वैज्ञानिकों को समंदर में 6,000 मीटर की उस गहराई तक ले जाने वाली है, जहां कुछ ही देश पहुंच पाए हैं। यानि भविष्य की किसी भी संभावना पर काम करने में हमारी सरकार कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रही है। आईएनएस नीलगिरि परियोजना 17ए स्टील्थ फ्रिगेट श्रेणी का शीर्ष जहाज है जो शिवालिक श्रेणी के युद्धपोतों में महत्वपूर्ण उन्नयन को दर्शाता है।

## मथुरा ईदगाह

शाही ईदगाह के धार्मिक चरित्र को निर्धारित करने की आवश्यकता है। शीर्ष अदालत ने पिछले साल नौ दिसंबर को इस मामले में अंतिम सुनवाई शुरू की थी। हिंदू पक्षों में से एक ने दलील दी थी कि मस्जिद समिति इस मामले में एकल न्यायाधीश के आदेश को इलाहाबाद उच्च न्यायालय की खंडपीठ में चुनौती दे सकती थी। संबंधित पक्षकार के वकील बरुण सिन्हा ने कहा कि मस्जिद समिति की याचिका वर्तमान चरण में शीर्ष अदालत में सुनवाई योज्ञ नहीं है। वकील ने इलाहाबाद उच्च न्यायालय के नियमों का उल्लेख करते हुए दलील दी, इलाहाबाद उच्च न्यायालय नियमावली के अध्याय-आठ के मद्देनजर, उच्च न्यायालय की खंडपीठ के समक्ष एक विशेष अपील सुनवाई योज्ञ होगी।

## गलवान की

उसकी पुनरावृत्ति नहीं हो। सेना प्रमुख ने कहा चाहे कूटनीतिक प्रयास हो या सैन्य प्रयास या यहां तक कि गृह मंत्रालय, सीएपीएफ (केन्द्रीय सशस्त्र पुलिस बल) प्रयास के संदर्भ में हम सभी को इस मुद्दे पर एकजुट होना चाहिए तथा यह सुनिश्चित करना चाहिए कि भविष्य में हमारे सामने अचानक इस तरह की स्थिति नहीं आए। भारत और चीन के बीच पूर्वी लद्दाख में सैन्य गतिरोध मई 2020 में शुरू हुआ था और उस वर्ष जून में गलवान घाटी में हुई हिंसक झड़प के परिणामस्वरूप दोनों पड़ोसियों के बीच संबंधों में गंभीर तनाव पैदा हो गया था।

## दिल्ली चुनाव

स्टार प्रचारकों की सूची में केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी, शिवराज सिंह चौहान, मनोहर लाल खट्टर, पीयूष गोयल, धर्मेंद्र प्रधान, हरदीप सिंह पुरी और गिरिराज सिंह के नाम शामिल हैं। भाजपा के स्टार प्रचारकों के रूप में दिल्ली में प्रचार करने के लिए सात मुख्यमंत्रियों में देवेंद्र फडणवीस, हिमंत विश्व शर्मा, पुष्कर सिंह धामी, योगी आदित्यनाथ, भजनलाल शर्मा, नायब सिंह सैनी और मोहन यादव शामिल हैं। दिल्ली के सभी सात सांसद भी सूची में शामिल हैं। दिल्ली भाजपा प्रभारी बैजयंत पांडा, सह-प्रभारी अलका गुर्जर और पार्टी की राज्य इकाई के प्रमुख वीरेंद्र सचदेवा भी चुनाव के लिए स्टार प्रचारक होंगे। साल 1998 से दिल्ली की सत्ता से बाहर भाजपा, अरविंद केजरीवाल के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) को सत्ता से उखाड़ फेंकने के लिए पुरजोर प्रयास कर रही है। दिल्ली में 2015 से आप शासन कर रही है।

## धामी ने जारी

जो शहरी इलाकों में वास करने वाले नागरिकों को प्रभावित करती हैं। धामी ने अपनी सरकार की उपलब्धियों को भी साझा किया और कहा कि भाजपा सरकार ने सैनिकों के लिए बहुप्रतीक्षित वन रैंक वन पेंशन (ओआरओपी) योजना को लागू किया है। इसके अलावा शहीद सैनिकों के परिवारों को अनुदान राशि में वृद्धि की गई है, जो अब 50 लाख रुपये तक पहुंच गयी है।

मुख्यमंत्री ने बताया कि भाजपा सरकार ने दीनदयाल उपाध्याय होमस्टे योजना के तहत पर्वतीय क्षेत्रों में होमस्टे के विकास के लिए सब्सिडी दी है। इसके साथ ही स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए पीएम मुद्रा योजना के तहत 27.08 लाख लाभार्थियों को 23,350 करोड़ रुपये का ऋण दिया गया है। उन्होंने बताया कि उत्तराखंड सरकार इस माह के अंत तक यूसीसी (यूनिफॉर्म सिविल कोड) लागू करने की योजना बना रही है। यूसीसी लागू होने से राज्य के नागरिकों के बीच समानता बढ़ेगी और सामाजिक न्याय को बढ़ावा मिलेगा। उन्होंने कहा कि राज्य में विभिन्न योजनाओं के तहत लाभ हर नागरिक तक पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है ताकि राज्य की सामाजिक-आर्थिक स्थिति में सुधार हो।

## डॉ.अखिलेश

डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन सदैव पुनीत कार्यो के लिए अव्वल रहा है। फाउंडेशन द्वारा इस भीषण ठंड में आम जनता को निजात दिलाने के लिए लगातार राजधानी लखनऊ में 40 स्थानों पर अलाव जलाये जा रहे हैं। बता दें कि डॉ. अखिलेश दास गुप्ता फाउंडेशन द्वारा चाहे गर्मियों के दिनों में प्याऊ की बात हो, चाहे मरीजों के स्वास्थ्य सम्बन्धी निःशुल्क मेडिकल वैन हो और समय-समय पर सिविल हॉस्पिटल में निःशुल्क जलपान एवं चाय का वितरण हो, अनवरत गर्मियों में प्याऊ लगवाये जाते हैं और निःशुल्क मेडिकल वैन सुचारू रूप से संचालित हो रही है और सिविल हास्पिटल में समय-समय पर जलपान एवं चाय आदि की व्यवस्था निःशुल्क उपलब्ध करायी जाती रही है। एक टीम को ट्रामा सेंटर केजीएमयू, क्वीन मेरी अस्पताल, लारी कॉर्डियोलॉजी, बलरामपुर अस्पताल, बेगम हजरत महल पार्क स्थित रैन बसेरा, टाइम्स आफ इंडिया चौराहा, सिविल अस्पताल, वीवीआईपी गेस्ट हाउस के बाहर, योजना भवन, उदयगंज चौराहा, महाराणा प्रताप चौराहा स्टेशन रोड, राजेंद्र नगर, टीबी अस्पताल के पास, हनुमान मंदिर गणेशगंज, कैंट पुराना किला तथा चारबाग में कुली अड्डा पर अलाव जलाने की जिम्मेदारी सौंपी गयी है।

दूसरी टीम को राजाजीपुरम, चौक स्टेडियम, घंटाघर, छोटा इमामबाड़ा, नीरा नर्सिंग होम, वाल्मीकि बस्ती मोहन मीकिंस डालीगंज, हनुमान मंदिर बाबूगंज चौराहा, कपूरथला, विकास नगर, सब्जी मंडी सीतापुर रोड, फल मंडी निशातगंज, पेपर मिल, हनुमान सेतु मंदिर, खदरा चौराहा, विक्रमादित्य मार्ग, लोहिया पार्क के सामने, अलीगंज हनुमान मंदिर, पुरनिया रेलवे क्रॉसिंग, मेदांता अस्पताल, लोहिया अस्पताल आदि स्थानों पर अलाव जलाने का जिम्मा सौंपा गया है।

## पृथ्वी व अंतरिक्ष

कक्षाएं कृत्रिम उपग्रहों के साथ-साथ अंतरिक्ष मलबे से भरी हैं। पिक्सल के तीन फायरफ्लाई उपग्रह 30 मीटर मानक से छह गुना अधिक दक्ष हैं। फायरफ्लाई इस समय दुनिया का सर्वाधिक रिजॉल्यूशन वाला व्यावसायिक स्तर का हाइपरस्पेक्ट्रल उपग्रह समूह है।




## संक्षेप

### महिला प्रो गोल्फ टूर के दूसरे चरण में वाणी को बढ़त

कोलकाता। लंबे समय बाद घरेलू महिला प्रो गोल्फ टूर पर लौटी वाणी कपूर ने दो अंडर 68 के स्कोर के साथ हीरो महिला प्रो गोल्फ टूर के दूसरे चरण में बढत बना ली। वाणी ने आखिरी बार भारत में 2024 सत्र के 12वें चरण में जीत दर्ज की थी। उन्होंने बोगी के साथ शुरूआत की लेकिन फिर तीन बर्डी लगाये। वाणी ने 2023 हीरो प्रो महिला गोल्फ टूर की आर्डर आफ मेरिट में शीर्ष पर रही स्नेहा सिंह पर तीन शॉट की बढत बना ली। स्नेहा दूसरे और रवजोत के दोसांझ तीसरे स्थान पर है।

### पीसीबी को रोहित के आने की उम्मीद

लाहौर। चैम्पियंस ट्रॉफी का उद्घाटन समारोह 16 या 17 फरवरी को आयोजित किया जायेगा और पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड को उम्मीद है कि भारतीय कप्तान रोहित शर्मा इसमें शिरकत करेंगे। पीसीबी सूत्र ने बताया कि उसे कप्तानों के फोटो शूट और टूर्नामेंट से पहले प्रेस कांफ्रेंस के शेड्यूल के लिये आईसीसी से सूचना का इंतजार है। आठ टीमों का टूर्नामेंट 19 फरवरी से कराची में शुरू होगा। सुरक्षा कारणों से पाकिस्तान नहीं जा रही भारतीय टीम अपने मैच दुबई में खेलेगी। भारत को 20 फरवरी को बांग्लादेश से पहला मैच खेलना है। सूत्र ने कहा कि पीसीबी को सभी कप्तानों, खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के वीजा के लिये सरकार से मंजूरी मिल गई है। उन्होंने कहा, इसमें रोहित या अन्य कोई भी भारतीय खिलाड़ी या अधिकारी शामिल है। एक अन्य सूत्र ने कहा कि पीसीबी ने आईसीसी से साफ तौर पर कहा है कि उद्घाटन समारोह पाकिस्तान में होगा। सूत्र ने कहा, यह आम प्रोटोकॉल है कि पहला मैच 19 फरवरी को है तो उद्घाटन समारोह 16 या 17 को होगा।

### कोनेरू हम्पी नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में भाग लेगी

स्टवान्गर (नॉर्वे)। मौजूदा विश्व रैपिड शतरंज चैंपियन और भारतीय ग्रैंडमास्टर कोनेरू हम्पी मई में नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में भाग लेगी। वर्तमान में महिलाओं के क्लासिकल शतरंज में विश्व में छठे नंबर की खिलाड़ी हम्पी का लक्ष्य इस प्रतिष्ठित शतरंज टूर्नामेंट में अपनी छाप छोड़ना है। हम्पी 2002 में ग्रैंडमास्टर बनने वाली भारत की पहली महिला खिलाड़ी बनी थी। दो बार 2019 और 2024 में विश्व रैपिड चैम्पियनशिप का खिताब जीतने वाली हम्पी नॉर्वे शतरंज टूर्नामेंट में वापसी करने को लेकर उत्साहित हैं। हम्पी ने यहां जारी एक मीडिया विज्ञप्ति में कहा, प्रतिष्ठित नॉर्वे शतरंज महिला टूर्नामेंट में खेलना सम्मान की बात है। नॉर्वे शतरंज के संस्थापक और टूर्नामेंट निदेशक केजेल मैडलैंड ने कहा, हम्पी की उपलब्धियां काफी कुछ बयां करती हैं और हम नॉर्वे शतरंज महिला 2025 में उनकी वापसी का स्वागत करते हुए खुश हैं।

### लगान के आमिर की याद दिलाती है ब्राजील कोच

नयी दिल्ली। उनकी कहानी आमिर खान की आस्कर नामांकित फिल्म लगान की याद दिलाती है जिसमें नायक भुवन अंग्रेजों के बनाये गए एक नये खेल क्रिकेट को सीखकर गांव के लोगों के साथ तीन महीने के भीतर एक टीम खड़ी कर देता है। भुवन यानी आमिर खान के लिये वह क्रिकेट का खेल था तो ब्राजील पुरूष खोखो टीम की कोच लौरा डोरिंग के लिये वह खेल है खोखो।

महज चार महीने में एक पूरी तरह से अनजान खेल सीखकर लौरा ने टीम तैयार की जिसने यहां चल रहे विश्व कप में इस खेल के जनम भारत के खिलाफ पदार्पण किया। ब्राजील के पोर्तो अलेग्रे की रहने वाली फ्लैग फुटबॉल कोच लौरा ने यूट्यूब पर खेल सीखा, खिलाड़ियों को चुना और थोड़े से समय में उन्हें इस खेल का ककहरा सिखाया।

उनके पास कुल जमा चार महीने का समय ही था। लौरा ने भाषा को दिये इंटरव्यू में कहा, मुझे पता है कि ब्राजील को यहां लोग फुटबॉल के लिये ही जानते हैं और खोखो के बारे में हमने कभी सुना नहीं था लेकिन आज हम ऐसे खेल में देश का प्रतिनिधित्व कर रहे हैं जो हमने चार महीने पहले ही सीखा।

# भारत ने 3-0 से जीती शृंखला

## भारत ने पांच विकेट पर 435 रन बनाए जिससे टीम 50 ओवर के प्रारूप में अब तक के अपने सर्वोच्च स्कोर

एजेंसी




राजकोट। भारतीय महिला टीम ने बुधवार को यहां स्मृति मंधाना के 70 गेंद में सबसे तेज शतक और प्रतिका रावल के पहले सैकड़े के दम पर कई रिकॉर्ड बनाते हुए आयरलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में 304 रन की अपनी सबसे बड़ी जीत से श्रृंखला 3-0 से अपने नाम की। स्मृति 135 रन (80 गेंद, 12 चौके, सात छक्के) बनाकर सबसे तेज शतक जड़ने वाली पहली भारतीय महिला क्रिकेटर बनीं। उनकी और प्रतिका की 129 गेंद में 154 रन (20 चौके, एक छक्का) की पारी से भारत ने पांच विकेट पर 435 रन बनाए जिससे टीम 50 ओवर के प्रारूप में अब तक के अपने सर्वोच्च स्कोर तक पहुंची।

यह किसी भी (पुरुष और महिला) भारतीय टीम का वनडे में सर्वोच्च स्कोर है। वनडे में भारतीय पुरुष टीम का सबसे बड़ा स्कोर पांच विकेट पर 418 रन है जो उसने 2011 में इंदौर में वेस्टइंडीज के खिलाफ बनाया था। मैच का नतीजा महज औपचारिकता रह गया था। भारत ने आयरलैंड को 31.4 ओवरों में सिर्फ 131 रन पर ढेर कर दिया। कार्यवाहक कप्तान स्मृति और प्रतिका ने पहले विकेट के लिए 26.4 ओवर में 233 रन की साझेदारी निभाई। फिर भारतीय गेंदबाजों में स्पिनर तनुजा कंवर (31 रन देकर दो विकेट) और दीप्ति शर्मा (27 रन देकर तीन विकेट) ने मिलकर आयरलैंड की कम अनुभवी टीम के पांच विकेट झटककर उसे आउट करने में अहम भूमिका निभाई।

आयरलैंड की टीम की शुरूआत काफी खराब रही जिसने 24 रन तक दो विकेट गंवा दिये थे लेकिन ओर्ला प्रेंडरगास्ट (36 रन) और सारा फोर्ब्स (41 रन) के तीसरे विकेट के लिए 64 रन से टीम 88 रन तक पहुंची। पर तनुजा के प्रेंडरगास्ट को आउट करने के बाद भारतीयों ने आयरलैंड के बल्लेबाजी क्रम की सात खिलाड़ियों को महज 33 रन के अंदर समेट दिया। इससे भारतीय टीम रनों के लिहाज से अपनी सबसे बड़ी जीत दर्ज करने में कामयाब रही। इससे पहले टीम ने 2017 में दक्षिण अफ्रीका में इसी प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ 249 रन से जीत दर्ज की थी।

इससे पहले स्मृति ने सिर्फ 70 गेंद पर अपना 10वां वनडे शतक जड़ा। अपनी इस शानदारी पारी की मदद से स्मृति ने हरमनप्रीत कौर के पिछले साल दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 87 गेंद पर बनाए गए शतक को भी पीछे छोड़ दिया। इस तरह भारतीय महिला टीम पहली बार 400 रन के आंकड़े तक पहुंची। इससे टीम ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड के साथ एलीट सूची में शामिल होने में कामयाब रही। यह महिला एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में चौथा सर्वोच्च स्कोर भी है। स्मृति ने 39 गेंद में अपना 31वां वनडे अर्धशतक पूरा किया और बाएं हाथ की इस बल्लेबाज ने हवाई शॉट लगाने से भी गुरेज नहीं किया।

उनकी पारी में सात छक्के और 12 चौके जड़े थे। वहीं रेलवे का प्रतिनिधित्व करने वाली दिल्ली की क्रिकेटर प्रतिका ने अपनी कप्तान का पूरा साथ निभाते हुए शानदार पारी खेली। उन्होंने अपनी छठी ही पारी में अपना पहला अंतरराष्ट्रीय शतक जड़कर इस मैच को और भी खास बना दिया। उन्होंने 129 गेंद में 154 रन बनाए। वेस्टइंडीज के खिलाफ पिछली श्रृंखला में पदार्पण करने वाली 24 वर्षीय खिलाड़ी ने चार पारियों में तीन अर्धशतक जड़े थे।

# स्मृति मंधाना बनी सबसे तेज शतक बनाने वाली पहली भारतीय महिला

एजेंसी



राजकोट। कप्तान स्मृति मंधाना बुधवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ तीसरे और अंतिम एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय मैच में केवल 70 गेंद पर शतक पूरा करके खेल के इस प्रारूप में सबसे तेज सैकड़ा जड़ने वाली भारतीय महिला क्रिकेटर बनी। नियमित कप्तान हरमनप्रीत कौर की अनुपस्थिति में टीम का नेतृत्व कर रही इस सलामी बल्लेबाज ने ओर्ला प्रेंडरगैस्ट की गेंद पर शॉर्ट फाइन लेग पर कैच थमाने से पहले 80 गेंद पर 135 रन बनाए जिसमें 12 चौके और सात छक्के शामिल हैं। मंधाना ने सबसे तेज शतक लगाने का हरमनप्रीत का पिछला भारतीय रिकॉर्ड तोड़ा।

हरमनप्रीत ने पिछले साल बेंगलुरु में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ 87 गेंदों में शतक बनाया था। मंधाना का शतक इस प्रारूप में संयुक्त सातवां सबसे तेज शतक है। उन्होंने इंग्लैंड की पूर्व क्रिकेटर चार्लोट एडवर्ड्स की बराबरी की जिन्होंने 2012 में 70 गेंद पर शतक बनाया था। यही नहीं मंधाना का एकदिवसीय अंतराष्ट्रीय क्रिकेट में यह 10वां शतक है और इस तरह से वह महिला वनडे में सर्वाधिक शतक लगाने वाले बल्लेबाजों की सूची में इंग्लैंड की टैमी ब्यूमोंट के साथ संयुक्त रूप से तीसरे स्थान पर पहुंच गईं। इस सूची में ऑस्ट्रेलिया की पूर्व कप्तान मेग लैनिंग (15) और न्यूजीलैंड की सूजी बेट्स (13) शीर्ष पर हैं।

**मुंबई रणजी टीम के शिविर से जुड़े जायसवाल**

मुंबई। भारतीय सलामी बल्लेबाज यशस्वी जायसवाल रणजी ट्रॉफी के अगले दौर के लिए अपनी उपलब्धता की पुष्टि करने के बाद बुधवार को यहां मुंबई की टीम के शिविर में शामिल हो गए, लेकिन पहले दिन दो अभ्यास सत्र में भाग लेने वाले कप्तान रोहित शर्मा दूसरे दिन नजर नहीं आए। मंगलवार को यहां वानखेड़े स्टेडियम में मुंबई के कप्तान अजिंक्य रहाणे के साथ बल्लेबाजी का अभ्यास करने वाले रोहित के एक या दो दिन में फिर से अभ्यास सत्र में भाग लेने की उम्मीद है। रोहित ने हालांकि अभी तक मुंबई के जम्मू-कश्मीर के खिलाफ 23 जनवरी से शुरू होने वाले रणजी ट्रॉफी मैच में खेलने के लिए उपलब्ध रहने की पुष्टि नहीं की है और इस विषय में अभी तक कोई औपचारिक चर्चा भी नहीं हुई है। मुंबई क्रिकेट संघ (एमसीए) के एक अधिकारी ने पीटीआई से कहा, चयनकर्ता 20 जनवरी को टीम की घोषणा कर सकते हैं। इस दौरान प्रत्येक खिलाड़ी की उपलब्धता का पता करने के लिए उचित प्रक्रिया अपनाई जाएगी। चयन के लिए रोहित से भी संपर्क किया जाएगा। रोहित ऑस्ट्रेलिया के दौर में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे।

# अनुपमा, तनीषा, अश्विनी इंडिया ओपन के दूसरे दौर में

एजेंसी



नयी दिल्ली। एच एस प्रणय और प्रियांशु राजावत जुझारू प्रदर्शन के बावजूद हार गए लेकिन पूर्व राष्ट्रीय चैम्पियन अनुपमा उपाध्याय इंडिया ओपन सुपर 750 बैडमिंटन टूर्नामेंट के दूसरे दौर में पहुंच गई। प्रियांशु को दुनिया के सातवें नंबर के खिलाड़ी जापान के कोडाइ नराओका ने 21 . 16, 20 . 22, 21 . 13 से हराया। वहीं प्रणय को चीनी ताइपै के सू लि यांग ने 16 . 21, 21 . 18, 21 . 12 से मात दी। महिला वर्ग में अनुपमा ने हमवतन रक्षिता श्री को 21 . 17, 21 . 18 से हराया। गोपीचंद अकादमी की दोनों प्रशिक्षु कोर्ट के बाहर घनिष्ठ मित्र हैं। तनीषा क्रास्टो और अश्विनी पोनप्पा की जोड़ी ने काव्या गुप्ता और राधिका शर्मा को 21 . 11, 21 . 12 से हराकर दूसरे दौर में प्रवेश किया। वहीं रूतुपर्णा और स्वेतापर्णा पांडा ने थाईलैंड की पी ऐमवारीस्रीसाकुल और सरिसा जानपेंग को 7 . 21, 21 . 19, 21 . 14 से हराकर दूसरे दौर में जगह बनाई। सुबह आकर्षि कश्यप को थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग ने 21 . 17, 21 . 13 से हराया।

मालविका बंसोड को दुनिया की चौथे नंबर की खिलाड़ी चीन की हान युइ ने 21 . 16, 21 . 11 से हराया। दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी और ओलंपिक चैम्पियन कोरिया की अन सि यंग ने चीनी ताइपै की चियू पिन चियान को 22 . 20, 21 . 15 से शिकस्त दी।

### जॉबर्ग सुपर किंग्स और प्रिटोरिया कैपिटल्स ने जीत दर्ज की

डरबन। जॉबर्ग सुपर किंग्स और प्रिटोरिया कैपिटल्स ने एसए20 क्रिकेट टूर्नामेंट में क्रमशः डरबन सुपर जाइंट्स और सनराइजर्स ईस्टर्न केप पर महत्वपूर्ण जीत हासिल की। सुपर किंग्स ने सुपर जॉइंट्स के खिलाफ 28 रन से जीत हासिल की। सुपर किंग्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुए चार विकेट पर 169 रन बनाए और इसके बाद सुपर जॉइंट्स को क्विंटन डिकॉक की 55 रन की पारी के बावजूद 18 ओवर में 141 रन पर आउट कर दिया। तबरेज शम्सी, डोनोवन फरेरा और इमरान ताहिर की स्पिन तिकड़ी ने पांच विकेट लेकर सुपर किंग्स की जीत में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सेंचुरियन में खेले गए मैच में कैपिटल्स ने सनराइजर्स को छह विकेट से हराया। सनराइजर्स की टीम ने पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद अपने पांच विकेट 26 रन पर गंवा दिए थे। मार्को यानसन की 35 गेंद पर 51 रन की पारी के बावजूद उसकी टीम 113 रन पर आउट हो गई। कैपिटल्स ने 16 ओवर में चार विकेट पर 115 रन बनाकर आसान जीत दर्ज की। छोटे लक्ष्य का पीछा करते हुए कैपिटल्स ने चार विकेट 61 रन पर गंवा दिए थे। इसके बाद मार्केस एकरमैन (नाबाद 39) और लियाम लिविंगस्टोन (नाबाद 14) ने पांचवें विकेट के लिए अटूट साझेदारी करके टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया।

# आस्ट्रेलियाई ओपन : नाओमी ओसामा तीसरे दौर में, जोकोविच भी जीते

एजेंसी



मेलबर्न। नोवाक जोकोविच ने बुधवार को यहां ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर के मैच में कोर्ट पर उतरते ही ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में सर्वाधिक मैच खेलने का रिकॉर्ड बनाया जबकि नाओमी ओसाका पिछले तीन साल में पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंची। जोकोविच चारों ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट में 430 मैच खेल चुके हैं जो नया रिकॉर्ड है। उन्होंने ऑस्ट्रेलियाई ओपन के पहले दौर में रोजर फेडरर (429) की बराबरी की थी।

जोकोविच ने दूसरे दौर में पुर्तगाल के क्वालीफायर जेमी फरिया को 6-1, 6-7 (4), 6-3, 6-2 से हराया। जोकोविच अब ग्रैंडस्लैम प्रतियोगिताओं में 379 मैच जीत चुके हैं जबकि 51 मैच में उन्हें हार का सामना करना पड़ा। जोकोविच ने मैच के बाद कहा, ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट हमारे खेल के मजबूत स्तंभ हैं। इस खेल के इतिहास में वह बहुत मायने रखते हैं। मैं भाग्यशाली हूं कि आज एक और रिकॉर्ड बनाने में सफल रहा। पुरुष वर्ग में ही तीसरी वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज़ ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए योशिहितो निशिओका पर 6-0, 6-1, 6-4 से जीत हासिल की। महिला एकल में दो बार की ऑस्ट्रेलियाई ओपन चैंपियन ओसाका 2022 के बाद पहली बार किसी ग्रैंडस्लैम टूर्नामेंट के तीसरे दौर में पहुंचीं। उन्होंने अमेरिकी ओपन की सेमीफाइनलिस्ट करोलिना मुचोवा के खिलाफ पहला सेट गंवाने के बाद शानदार वापसी करके 1-6, 6-1, 6-3 से जीत हासिल की।

ओसाका ने इस तरह से पिछले साल अमेरिकी ओपन में मुचोवा से मिली हार का बदला भी चुकता कर दिया। अब उनका सामना तोक्यो ओलंपिक स्वर्ण पदक विजेता बेलिंडा बेंचिच से होगा। इस बीच विश्व रैंकिंग में 97वें नंबर की खिलाड़ी लौरा सीगमंड ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए ओलंपिक चैंपियन और पिछले साल की उप विजेता झेंग किनवेन को सीधे सेटों में पराजित करके बड़ा उलटफेर किया। झेंग पिछले साल फाइनल में आर्यना सबालेंका से हार गई थी लेकिन इसके बाद उन्होंने पेरिस ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था तथा वह सत्र के अंतिम टूर्नामेंट डब्ल्यूटीए फाइनल्स में उपविजेता रही थी।

लेकिन साल के पहले ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट के दूसरे दौर में उन्हें 36 वर्षीय सीगमंड से 7-6 (3), 6-3 से हार का सामना करना पड़ा। इस दौरान चेयर अंपायर ने समय बर्बाद करने को लेकर झेंग को चेतावनी भी दी। झेंग ने मैच के बाद कहा, मुझे लगता है कि आज मेरा दिन नहीं था। मैं महत्वपूर्ण मौकों पर अंक हासिल करने में नाकाम रही। टाइम कंट्रोल को लेकर चेतावनी मिलने से भी मेरी एकाग्रता भंग हुई।

पिछले दो बार की चैंपियन सबालेंका ने आखिरी पांच गेम जीतकर विश्व में 54वें नंबर की खिलाड़ी जेसिका बौजास मनेइरो को 6-3, 7-5 से हराकर लगातार तीसरा खिताब जीतने की तरफ कदम बढ़ाए। वह इस टूर्नामेंट में लगातार 16 मैच जीत चुकी हैं। सातवीं वरीयता प्राप्त जेसिका पेगुला भी तीसरे दौर में पहुंच गई हैं। उन्होंने एलिस मर्टेंस पर 6-4, 6-2 से जीत दर्ज की। एक अन्य मैच में 14वीं वरीयता प्राप्त 17 वर्षीय मीरा एंड्रीवा ने मोयुका उचिजिमा को 6-4, 3-6, 7-6(8) से हराया।

**सीजमंड ने झेंग को हराकर उलटफेर किया, सबालेंका और ओसाका अगले दौर में**

मेलबर्न। विश्व रैंकिंग में 97वें नंबर की खिलाड़ी लौरा सीगमंड ने आक्रामक खेल का प्रदर्शन करते हुए बुधवार को यहां ओलंपिक चैंपियन और पिछले साल की उप विजेता झेंग किनवेन को सीधे सेटों में पराजित करके ऑस्ट्रेलियाई ओपन टेनिस टूर्नामेंट के महिला एकल में बड़ा उलटफेर किया जबकि आर्यना सबालेंका और नाओमी ओसाका अगले दौर में जगह बनाने में सफल रही।

# फुटबॉल : फॉरेस्ट ने लिवरपूल को फिर चौंकाया

एजेंसी



लंदन। नॉटिंघम फॉरेस्ट ने लिवरपूल के खिलाफ अपना अच्छा प्रदर्शन जारी रखते हुए इंग्लिश प्रीमियर लीग फुटबॉल टूर्नामेंट में शीर्ष पर चल रही इस टीम के खिलाफ मैच 1-1 से ड्रॉ खेला। लिवरपूल को प्रीमियर लीग के वर्तमान सत्र में 20 मैच में केवल एक बार हार का सामना करना पड़ा है। वह सितंबर में फॉरेस्ट के घरेलू मैदान पर 1-0 से हारा था। चार महीने बाद उसकी टीम पर फिर हार का खतरा मंडरा रहा था जब क्रिस वुड के आठवें मिनट में गोल करके फॉरेस्ट को बढ़त दिला दी थी।

डिओगो जोटा ने 66वें मिनट में गोल किया जिससे लिवरपूल इस मैच से एक अंक हासिल करने में सफल रहा। मैनचेस्टर सिटी ने फिल फोडेन के दो गोल की बदौलत दो बार बढ़त बनाने के बावजूद ब्रेंटफ़ोर्ड के खिलाफ मैच 2-2 से ड्रॉ खेला। सिटी ने 82वें मिनट में और फिर स्टॉपेज टाइम के दूसरे मिनट में गोल खाया। ब्रेंटफोर्ड के लिए योएन विसा और क्रिस्चियन नॉर्गार्ड ने गोल किए। एक अन्य मैच में चेल्सी ने स्टॉपेज टाइम के पांचवें मिनट में रीस जेम्स के गोल की बदौलत बोर्नमाउथ के खिलाफ अपने घरेलू मैदान पर 2-2 से ड्रॉ खेल कर एक अंक हासिल किया।

**ईस्ट बंगाल ने आईएसएल में सौतेले बर्ताव का आरोप लगाया, खेलमंत्री से दखल की मांग**

कोलकाता। इंडियन सुपर लीग के आयोजकों पर सौतेले बर्ताव का आरोप लगाते हुए ईस्ट बंगाल क्लब ने खेलमंत्री मनसुख मांडविया से दखल देने की मांग की है। क्लब ने यह भी कहा कि पक्षपात, रिफ्यूजी क्लब के ठप्पे और रैफरिंग विवादों से भारत की इस शीर्ष फुटबॉल प्रतियोगिता में उनकी प्रगति बाधित हुई है। यह घटना गुवाहाटी में शनिवार को हुए मैच के दौरान की है जब ईस्ट बंगाल को चिर प्रतिद्वंद्वी मोहन बागान ने एक गोल से हरा दिया। क्लब ने दावा किया कि मैच में पक्षपातपूर्ण रैफरिंग की गई और उन्हें एक पेनल्टी नहीं दी गई जबकि मिडफील्डर सौविक चक्रवर्ती को विवादास्पद पीला कार्ड दिया गया जो बाद में लालकार्ड में बदल गया और टीम को दस खिलाड़ियों के साथ खेलना पड़ा।

खेलमंत्री मांडविया को की गई भावनात्मक अपील में ईस्ट बंगाल ने कहा, लड़ो, लड़ो और लड़ो। यह पिछले 150 साल से ईस्ट बंगाल क्लब का मोटो हो गया है। इस क्लब और इसके समर्थकों ने विभाजन से पहले और बाद के उथल-पुथल भरे दौर को अपनी जुझारू भावना के बल पर ही झेला है। ईस्ट बंगाल के महासचिव रूपक साहा ने एक बयान में कहा, जबकि विस्थापित लोगों ने अपनी संपत्ति के लिए जी-जान से लड़ाई लड़ी, वहीं क्लब को देश के अग्रणी फुटबॉल क्लब के रूप में खुद को स्थापित करने के लिए शरणार्थी क्लब के कलंक और टैग से लड़ना पड़ा। इसमें कहा गया, हमें आश्चर्य है कि आजादी के 75 साल बाद भी हम ऐसी स्थिति में हैं जहां ईस्ट बंगाल क्लब को आईएसएल के लगभग हर मैच में प्रताड़ित किया जाता है। हम सोचने पर मजबूर हैं कि हमारे साथ ये सब क्यों हो रहा है, क्या इसलिए क्योंकि हमें अभी भी शरणार्थियों का क्लब माना जाता है।

# ओलंपिक में मुक्केबाजी शामिल हुई तो हिस्सा लूंगा : निशांत

एजेंसी




नयी दिल्ली। पेशेवर सर्किट में प्रतिस्पर्धा करने के अपने बचपन के सपने को पूरा करने के लिए तैयार भारतीय मुक्केबाज निशांत देव ने कहा कि इस कदम का मतलब यह नहीं है कि ओलंपिक पदक के लिए उनकी कोशिश खत्म हो जायेगी इसलिये अगर यह खेल 2028 लॉस एंजिलिस में बना रहता है तो वह इसमें शिरकत करेंगे। निशांत ने पेरिस ओलंपिक के क्वार्टर फाइनल में मिली करीबी हार और ओलंपिक में मुक्केबाजी के भविष्य को लेकर अनिश्चितता के कारण पेशेवर बनने का फैसला किया।

हालांकि वह लॉस एंजिलिस ओलंपिक में प्रतिस्पर्धा करना चाहते हैं। 2023 विश्व चैंपियनशिप में लाइट मिडिलवेट (71 किग्रा) में कांस्य पदक जीतने वाले इस मुक्केबाज ने एडी हर्न की मैचरूम बॉक्सिंग से करार किया है। उनकी पहली पेशेवर बाउट 25 जनवरी को लॉस एंजिलिस में होगी। देव लॉस एंजिलिस में पेशेवर मुक्केबाज रोनाल्ड सिम्स की देखरेख में अपना मुक्केबाजी कौशल निखार रहे हैं। उन्होंने लॉस एंजिलिस से पीटीआई से कहा, मैं ओलंपिक में खेलने का अपना सपना पूरा करना चाहता था जो मैं कर चुका हूं। लेकिन अब मैं पेशेवर मुक्केबाजी में खेलने के अपने दूसरे सपने को पूरा करना चाहता हूं। देव को अब भी पेरिस ओलंपिक में मिली करीबी हार सालती है जिसमें वह मेक्सिको के मार्को वर्डे से विवादास्पद क्वार्टरफाइनल हार गये थे। उन्होंने कहा, मैं टूट गया था। इतने बड़े मंच पर इस तरह का झटका चुनौतीपूर्ण था। ओलंपिक में मुक्केबाजी के भविष्य की अनिश्चितता इस निराशा को और भी बढ़ा रही है।

उन्होंने कहा, अभी तक मुक्केबाजी की ओलंपिक के लिए पुष्टि नहीं की गई है। मैं यह जानने के लिए तीन साल तक इंतजार नहीं करना चाहता कि यह ओलंपिक में शामिल नहीं है। इसलिये इस समय का उपयोग मेरे पेशेवर मुक्केबाजी के सपने को पूरा करने में किया जा सकता है। उन्होंने कहा, मैं अभी 24 साल का हूं और मुझे कहा गया है कि मैं इसके लिए बड़ा हूं।

अगर मैंने विजेंदर सिंह या विकास कृष्ण की तरह देर से शुरुआत की होती तो मुझे इसका पछतावा होता क्योंकि इनके पेशेवर करियर का अंत इतना अच्छा नहीं रहा। देव ने कहा, मैं बड़े सपने देखता हूं। मैं भारत का पहला पेशेवर विश्व चैंपियन बनना चाहता हूँ और सभी मुख्य बेल्ट जीतना चाहता हूं।

# राहुल भारत को तोड़ने की दिशा में आगे : नड्डा

## वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा, भारतीय संविधान की प्रति लेकर घूमने पर जताया आश्चर्य

एजेंसी

नयी दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के अध्यक्ष जे पी नड्डा ने बुधवार को कहा कि नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी की इस टिप्पणी से कांग्रेस का घिनौना सच सामने आ गया है, जिसमें उन्होंने दावा किया है कि हम अब भाजपा, आरएसएस और इंडियन स्टेट (भारतीय राज व्यवस्था) से लड़ रहे हैं। उन्होंने दावा किया कि राहुल गांधी ने जो कुछ भी किया या कहा है, वह भारत को तोड़ने और समाज को विभाजित करने की दिशा में होता है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने भी राहुल गांधी पर निशाना साधा और आश्चर्य जताया कि फिर वह अक्सर भारतीय संविधान की प्रति अपने हाथ में लेकर क्यों घूमते हैं।



राहुल ने राष्ट्रीय राजधानी के कोटला रोड पर 9ए स्थित कांग्रेस के नए मुख्यालय के उद्घाटन के बाद पार्टी नेताओं को संबोधित करते हुए कहा, यह मत सोचिए कि हम निष्पक्ष लड़ाई लड़ रहे हैं। इसमें कोई निष्पक्षता नहीं है। यदि आप मानते हैं कि हम भाजपा नामक एक राजनीतिक संगठन से लड़ रहे हैं या हम आरएसएस नामक एक राजनीतिक संगठन से लड़ रहे हैं तो आप नहीं समझ पाए हैं कि क्या हो रहा है। उन्होंने कहा, भाजपा और आरएसएस ने हमारे देश के प्रत्येक संस्थान पर कब्जा कर लिया है। अब हम सिर्फ भाजपा नामक राजनीतिक संगठन और आरएसएस से नहीं, बल्कि इंडियन स्टेट से भी लड़ रहे हैं। राहुल गांधी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए नड्डा ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर आरोप लगाया कि यह कोई रहस्य नहीं है कि राहुल गांधी और उनके परिवेशी तंत्र के शहरी नक्सलियों और डीप स्टेट के साथ गहरे संबंध हैं जो भारत को बदनाम, अपमानित और खारिज करना चाहते हैं। डीप स्टेट ऐसे समूह को कहा जाता है जो गोपनीय तरीके से अपने विशेष हितों को पूरा करने के लिए, खासकर लोकतांत्रिक तरीके से चुनी गई सरकारों को अस्थिर करने के लिए काम करते हैं।

नड्डा ने दावा किया कि राहुल गांधी ने जो कुछ भी किया या कहा है वह भारत को तोड़ने और हमारे समाज को विभाजित करने की दिशा में होता है। उन्होंने पलटवार करते हुए कहा, अब और कुछ छिपा नहीं है, कांग्रेस का घिनौना सच अब उनके अपने ही नेता द्वारा उजागर कर दिया गया है। उन्होंने कहा, मैं राहुल गांधी को बधाई देता हूं कि उन्होंने साफ तौर पर वह कह दिया, जो देश जानता है- कि वह भारत के खिलाफ लड़ रहे हैं। भाजपा अध्यक्ष ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का उन सभी ताकतों को प्रोत्साहित करने का इतिहास रहा है जो कमजोर भारत चाहते हैं। नड्डा ने कहा, सत्ता के लालच का मतलब देश की अखंडता से समझौता करना और लोगों के भरोसे को धोखा देना है। उन्होंने कहा कि भारत के लोग बुद्धिमान हैं और उन्होंने फैसला किया है कि वे राहुल गांधी और उनकी सड़ी विचारधारा को हमेशा खारिज करेंगे। राहुल गांधी की टिप्पणी पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए सीतारमण ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, संविधान की शपथ लेने वाले नेता प्रतिपक्ष अब कह रहे हैं कि अब हम भाजपा, आरएसएस और इंडियन स्टेट से लड़ रहे हैं।

# मोदी ने सूखे से जूझ रहे उत्तर गुजरात में पानी पहुंचाया : शाह




गांधीनगर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बुधवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए विभिन्न योजनाओं को लागू किया, जिससे राज्य के सूखाग्रस्त क्षेत्रों में पानी पहुंचा। शाह ने गांधीनगर जिले के मनसा तालुका के अंबोद गांव में 241 करोड़ रुपये की विभिन्न परियोजनाओं का उद्घाटन एवं शिलान्यास करने के बाद यह टिप्पणी की।

इन परियोजनाओं में अंबोद में महाकाली माता मंदिर में एक कृत्रिम झील, एक चेक बांध और एक बैराज शामिल है। शाह ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने गुजरात के मुख्यमंत्री के रूप में अपने कार्यकाल के दौरान जो योजनाएं शुरू कीं, उनसे उत्तरी गुजरात में भूजल स्तर बढ़ाने और पीने के पानी की गुणवत्ता में सुधार लाने में मदद मिली। उन्होंने कहा, गुजरात का मुख्यमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र भाई ने राज्य की प्यास बुझाने का काम किया।

जब मैं 1997 में पहली बार विधायक बना, तो उत्तर गुजरात के सभी विधायक बोरवेल के लिए अनुमति मांगते थे, लेकिन यह अनुमति नहीं मिलती थी, क्योंकि यह क्षेत्र एक डार्क जोन था। यहां भूजल स्तर।,200 फीट से नीचे चला गया था। गृह मंत्री ने दावा किया कि मोदी ने नर्मदा बांध परियोजना में कांग्रेस की ओर से पैदा की गई अड़चनों से निपटते हुए इसे सफलतापूर्वक पूरा किया। उन्होंने कहा, मोदी ने नर्मदा योजना को पूरा करने के लिए संघर्ष किया और कांग्रेस द्वारा पैदा की गई अड़चनों पर पार पाया।

## संक्षेप

### लॉस एंजिलिस में भीषण आग की चेतावनी ली गई वापस

लॉस एंजिलिस। हवा के मंद पड़ने से मंगलवार को लॉस एंजिलिस क्षेत्र में लगी दो बड़ी आग पर काबू पाने में जुटे अग्निशमन कर्मियों के लिए थोड़ी राहत रही। वहीं, राष्ट्रीय मौसम सेवा ने आग से संबंधित गंभीर मौसम संबंधी चेतावनी को अगले दिन की सुबह तक के लिए वापस ले लिया। मौसम का पूर्वानुमान जारी करने वाले अधिकारियों ने कहा कि शाम को हवाएं खतरे के स्तर से नीचे थीं, लेकिन रात में उनके तेज होने की और आग भड़कने की आशंका है। बुधवार दोपहर तक मध्य कैलिफोर्निया से लेकर मैक्सिको की सीमा तक उच्च स्तर की चेतावनियां प्रभावी रहीं। मंगलवार को हवाएं तेज हो गईं, लेकिन अनुमान के मुताबिक हवाएं तूफान के स्तर तक नहीं पहुंचीं। हालांकि अधिकारियों ने कहा कि खतरा अभी टला नहीं है। लॉस एंजिलिस में राष्ट्रीय मौसम सेवा ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट में कहा, मुख्य संदेशः हम अब भी खतरे से बाहर नहीं हैं। हवाएं आज मंद रहीं, लेकिन आज रात और कल का दिन महत्वपूर्ण है क्योंकि हवाओं के तेज होने की संभावना है। सांता एना हवाओं के पिछले सप्ताह की तरह शक्तिशाली होने की उम्मीद नहीं है, लेकिन ये हवाएं मीलों दूर चिंगारी अपने साथ उड़ा कर ले जा सकती हैं और उस क्षेत्र में नयी आग भड़का सकती हैं। आग लगने की घटनाओं में क्षेत्र में अब तक 25 लोग मारे जा चुके हैं।

# भारत से रिश्ते मजबूत, आईसीईटी संवाद शुरू : बाइडन

एजेंसी

वाशिंगटन। व्हाइट हाउस ने बुधवार को कहा कि निर्वतमान राष्ट्रपति जो बाइडन के चार साल के प्रभावशाली कार्यकाल के दौरान अमेरिका ने भारत के साथ अपने संबंध मजबूत किए और आईसीईटी संवाद एवं क्वाड जैसी महत्वपूर्ण पहल शुरू कीं। बाइडन प्रशासन की कुछ प्रमुख उपलब्धियों पर प्रकाश डालने वाले विवरण दस्तावेज में व्हाइट हाउस ने कहा कि बाइडन की कूटनीति ने हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका की आर्थिक एवं सुरक्षा साझेदारी को द्विपक्षीय और बहुपक्षीय दोनों रूप से मजबूत करके उसे और अधिक सुरक्षित स्थिति में पहुंचा दिया। अमेरिका के 46वें राष्ट्रपति के तौर पर बाइडन (82) का चार साल का कार्यकाल 20 जनवरी को समाप्त होगा, जब डोनाल्ड ट्रंप (78) देश के 47वें राष्ट्रपति के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। विवरण दस्तावेज में कहा गया है कि पिछले चार वर्षों में बाइडन ने अमेरिका-जापान-दक्षिण कोरिया, अमेरिका-जापान-फिलिपीन और ऑस्ट्रेलिया-ब्रिटेन-अमेरिका त्रिपक्षीय साझेदारी तथा क्वाड एवं आईपीईएफ के जरिये हिंद-प्रशांत में अमेरिका के गठबंधन और साझेदारी नेटवर्क में फिर से जान फूंकी तथा भारत, इंडोनेशिया, वियतनाम, आसियान और प्रशांत द्वीप के देशों के साथ वाशिंगटन के रिश्ते मजबूत किए।

# चंद्रमा की यात्रा पर निकले दो निजी चंद्र यान

एजेंसी

केप कैनावेरल (अमेरिका)। निजी अमेरिकी अंतरिक्ष परिवहन सेवा कंपनी स्पेसएक्स ने बुधवार को अमेरिका और जापान की कंपनियों के लिए दो चंद्रयानों का प्रक्षेपण किया। दोनों चंद्रयानों को नेशनल एरोनॉटिक्स एंड स्पेस एडमिनिस्ट्रेशन (नासा) के कैनेडी स्पेस सेंटर से मध्यरात्रि में रॉकेट से रवाना किया गया, जो चंद्रमा पर जाने वाले निजी अंतरिक्ष यान की श्रृंखला में ऐसे नए यान हैं। तोक्यो स्थित आईस्पेस का यह दूसरा प्रयास है, जिसका पहला यान दो साल पहले चंद्रमा पर दुर्घटनाग्रस्त हो गया था। इस बार, अध्ययन के लिए यान में चंद्रमा की मिट्टी को इकट्ठा करने के वास्ते एक स्कूप के साथ एक रोवर है तथा भविष्य के अनुसंधानकर्ताओं के लिए संभावित भोजन एवं पानी के स्रोतों का परीक्षण करने की योजना है। चंद्रमा पर अनुसंधान के लिए नवोदित टेक्सास स्थित फायरफ्लाई एयरोस्पेस नासा के लिए 10 प्रयोग कर रहा है।

फायरफ्लाई का नाम अमेरिका के दक्षिणपूर्वी फायरफ्लाइज की एक प्रजाति के नाम पर रखा गया है, उसका यान ब्लू घोस्ट सबसे पहले चांद पर पहुंचेगा। आईस्पेस के यान का नाम रेजिलिएंस है जो फायरफ्लाई के यान से थोड़ा बड़ा है। रेजिलिएंस को चांद पर पहुंचने में चार से पांच महीने लगेंगे और उसका लक्ष्य मई के अंत या जून की शुरुआत में चांद के नजदीकी हिस्से में और भी सुदूरवर्ती उत्तर में स्थित मारे फ्रिगोरिस में उतरना है।

# स्पेन के राष्ट्रपति सांचेत से मिले जयशंकर

एजेंसी



मैड्रिड। विदेश मंत्री एस. जयशंकर ने मंगलवार को स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज से मुलाकात कर भारत-स्पेन के बीच दीर्घकालिक साझेदारी को मजबूत बनाने को लेकर प्रतिबद्धता दोहराई और द्विपक्षीय सहयोग में हुई प्रगति के बारे में उन्हें जानकारी दी। जयशंकर दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर सोमवार को स्पेन पहुंचे थे।

उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, आज मैड्रिड में स्पेन के राष्ट्रपति पेड्रो सांचेज से मुलाकात की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से उन्हें शुभकामनाएं दीं। जयशंकर ने स्पेन की रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स के साथ दोनों देशों के बीच द्विपक्षीय रक्षा सहयोग बढ़ाने के साथ क्षेत्रीय एवं वैश्विक मुद्दों पर भी सार्थक चर्चा की। उन्होंने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, मैड्रिड में रक्षा मंत्री मार्गरीटा रोबल्स के साथ सार्थक चर्चा हुई। उन्होंने कहा, रक्षा क्षेत्र में द्विपक्षीय सहयोग को मजबूत करने के साथ-साथ क्षेत्रीय और वैश्विक मुद्दों पर भी चर्चा हुई।

इससे पहले, जयशंकर ने स्पेन-इंडिया काउंसिल फाउंडेशन द्वारा आयोजित एक सत्र में भाग लिया, जहां उनके साथ स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बेरेस भी शामिल हुए। बदलती दुनिया के लिए रणनीतिक गठबंधनः 21वीं सदी में स्पेन और भारत विषय पर आयोजित सत्र में उन्होंने भारत-स्पेन सहयोग को उथल-पुथल वाली दुनिया में प्रासंगिक बताया। जयशंकर ने एक्स पर एक अलग पोस्ट में कहा, भारत-स्पेन सहयोग उथल-पुथल वाले विश्व में प्रासंगिक है, जिससे वैश्विक अर्थव्यवस्था मजबूत होगी और गतिशीलता सुनिश्चित होगी।

# भाजपा, संघ के साथ ही इंडियन स्टेट से भी लड़ रहे : राहुल गांधी

एजेंसी

नयी दिल्ली। लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष और कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने हालिया विधानसभा चुनावों का हवाला देते हुए बुधवार को चुनावी प्रक्रिया में पारदर्शिता को लेकर सवाल खड़े किए और कहा कि उनकी लड़ाई सिर्फ भारतीय जनता पार्टी तथा राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) से नहीं, बल्कि इंडियन स्टेट (भारतीय राज व्यवस्था) से भी है।

कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने पार्टी के नए मुख्यालय के उद्घाटन के बाद यह दावा भी किया कि भारत की चुनाव प्रणाली में गंभीर समस्या है। राहुल गांधी ने पार्टी के नए मुख्यालय इंदिरा भवन में कांग्रेस नेताओं को संबोधित करते हुए कहा, यह मत सोचिए कि हम निष्पक्ष स्थिति वाली लड़ाई लड़ रहे हैं। यदि आप मानते हैं कि हम सिर्फ भाजपा नामक राजनीतिक संगठन और आरएसएस के खिलाफ लड़ रहे हैं, तो ऐसा नहीं है। क्योंकि उन्होंने हमारे देश की लगभग हर संस्था पर कब्जा कर लिया है। उन्होंने कहा, हम सिर्फ भाजपा नामक राजनीतिक संगठन और आरएसएस से नहीं, बल्कि इंडियन स्टेट से भी लड़ रहे हैं।

उन्होंने दावा किया, मैंने स्पष्ट रूप से कहा है कि महाराष्ट्र चुनाव में कुछ गलत हुआ है। हम चुनाव आयोग के काम करने के तरीके से असहज हैं। महाराष्ट्र में लोकसभा और विधानसभा चुनाव के बीच अचानक करीब एक करोड़ नये मतदाताओं का सामने आना समस्या की बात है। राहुल गांधी ने कहा कि महाराष्ट्र और हरियाणा विधानसभा चुनाव में मतदान करने वालों के नाम और पते के साथ मतदाता सूची उपलब्ध कराना चुनाव आयोग का कर्तव्य है, लेकिन उसने यह जानकारी देने से इनकार कर दिया है।

## अमेरिकी प्रतिभूति व विनिमय आयोग ने एलन मस्क पर मुकदमा किया दायर

न्यूयॉर्क। अमेरिकी प्रतिभूति और विनिमय आयोग (एसईसी) ने अरबपति उद्योगपति एलन मस्क पर मुकदमा दायर किया है और कहा है कि उन्होंने सोशल मीडिया साइट ट्विटर खरीदने से पहले 2022 की शुरुआत में इसके शेयर के बारे में अपने स्वामित्व का समय पर खुलासा नहीं किया। एसईसी का आरोप है कि इसके परिणामस्वरूप मस्क ने जो शेयर खरीदे थे, उनके लिए कम से कम 15 करोड़ अमेरिकी डॉलर कम भुगतान किया गया, जबकि उन्हें ट्विटर के पांच प्रतिशत से अधिक शेयरों पर अपने स्वामित्व का खुलासा करना चाहिए था। मस्क ने अक्टूबर 2022 में ट्विटर को खरीदा था और बाद में इसका नाम बदलकर एक्स कर दिया। मस्क ने 2022 की शुरुआत में ट्विटर के शेयर को जमा करना शुरू किया और उस साल मार्च तक उनके पास पांच प्रतिशत से ज्यादा शेयर हो गए। शिकायत में कहा गया है कि उस समय उनके लिए कानून के तहत अपने स्वामित्व का खुलासा करना जरूरी था, लेकिन रिपोर्ट आने के 11 दिन बाद यानी चार अप्रैल तक उन्होंने ऐसा नहीं किया। एक्स और मस्क के प्रतिनिधियों ने इस पर तत्काल कोई प्रतिक्रिया नहीं दी।

## दक्षिण अफ्रीका की खदान से कई जीवित, सैकड़ों लोग अब भी फंसे

स्टिलफोन्टेन। दक्षिण अफ्रीका में सोने की खदान में अवैध रूप से काम कर रहे खनिकों के महीनों तक फंसे रहने के बाद बचाव दल ने मंगलवार को कई खनिकों को जीवित बाहर निकाला लेकिन भूख-प्यास के कारण वे काफी कमजोर हालत में थे। इसके अलावा कई शव भी निकाले गए हैं। माना जा रहा है सैकड़ों लोग अब भी फंसे हैं जिनमें से कई की मौत हो चुकी है और अन्य इतने कमजोर हैं कि वे खुद बाहर आने में सक्षम नहीं हैं। पुलिस ने बताया कि दक्षिण अफ्रीका की सबसे गहरी खदानों में से एक बफेल्सफोन्टेन सोने की खदान में सोमवार से पिंजरे जैसी संरचना भेजकर खनिकों को बाहर निकालने की कवायद की जा रही है जिसके तहत कम से कम 60 शव और 92 जीवित लोगों को निकाला जा चुका है। पुलिस के पास इसकी सटीक जानकारी नहीं है कि कितने खनिक और फंसे हैं, लेकिन उसने कहा कि इनका आंकड़ा सैकड़ों में हो सकता है।







Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com